मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि किसानों की बेहतर सुविधा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर बीमा कंपनी द्वारा सहायता कक्ष एवं कार्यालय स्थापित किये जाने हेतु देश के सभी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टरों को तत्काल रुप से दिशा-निर्देश देने की कृपा करें।

(iii) Need to introduce Mobile Soil Testing Centres in the Country

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): बहुत ही हर्ष की बात है कि आज भारत सरकार किसानों की आमदनी को 2022 तक दोगुना करने की दिशा में हर स्तर से गंभीरतापूर्वक प्रयास कर रही है। ऐसे में कृषि उत्पाद को अधिक से अधिक बढ़ावा देने की भी आवश्यकता होगी। कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए ही भारत सरकार ने एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजना "किसान स्वायल हैल्थ कार्ड" की शुरुआत की। इसका लाभ भी हमारे देश के किसानों को मिल रहा है।

अब इसी कड़ी में एक ऐसी योजना की शुरुआत करने की आवश्यकता है जिससे कि किसानों को पंचायत स्तर पर पहुंच कर मिट्टी जांच की सुविधा प्राप्त हो सके । इसके लिए चलायमान मिट्टी जांच केंद्र जो आधुनिकता से सुसज्जित हो, को चलाये जाने की जरुरत है। इसके शुरु होने से देश तथा बिहार सहित अन्य प्रदेशों के क्षेत्रों में मिट्टी की गुणवत्तापूर्वक जांच की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी जिससे किसान अपनी फसल का उत्पादन अधिक से अधिक बढ़ाकर अपनी आमदनी को दोगुना करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

अतः मैं भारत सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि उक्त योजना की शुरुआत करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिहार राज्यान्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण प्रमंडल के सारण, सीवान एवं गोपालगंज से इसकी शुरुआत की जाए।

(iv) Need to release prisoners who have served their prison terms and still languishing in jails in the country

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों के कारागार तथा केन्द्रीय कारागारों में कैदी सजा पूर्ण होने के उपरान्त भी जेलों में बंद हैं। ऐसे कैदी जो असाध्य रोगों से पीड़ित हैं, जिनकी उम्र 55 वर्ष से अधिक है एवं जो देशद्रोह के मामले में वांछित न हो, ऐसे कैदियों की प्रत्येक राज्यों के कारागारों तथा केन्द्रीय कारागारों में परीक्षण कराकर भारत सरकार द्वारा एक विशेष योजना बनाकर रिहा करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। क्योंकि बहुत से कैदी ऐसे हैं जिनकी सजा पूरी होने के बाद जानकारी के अभाव में या लावारिस होने के कारण जेलों में बंद हैं तथा अधिक उम्र के कैदियों को असाध्य बीमारी होने के कारण देखभाल व इलाज के अभाव में मृत्यु हो जाती है। सभी जेलों में क्षमता से अधिक कैदी होने के कारण मानवीय आधार पर गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्य सरकारों तथा केन्द्रीय कारागारों को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश जारी करने की मांग करता हूं।

(v) Need to renovate heritage buildings of Chaudhary Charan Singh University in Meerut, Uttar Pradesh

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरे संसदीय क्षेत्र में मेरठ कॉलेज है जो कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध है। लगभग सौ एकड़ में फैले इस ऐतिहासिक कॉलेज की स्थापना 125 वर्ष पहलू सन् 1892 में हुई। अपने स्वर्ण काल में यह भारत के उच्च महाविद्यालयों में से एक था जिसने देश को कई बड़े व्यक्तित्व प्रदान किए जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी व बिहार के वर्तमान राज्यपाल श्री सतपाल मलिक शामिल हैं।

ब्रिटिश शासन काल में बना यह कॉलेज एक ऐतिहासिक धरोहर है जिसकी इमारतें अनोखी वास्तुकला की हैं, किन्तु आज के समय में इस ऐतिहासिक विरासत की अवस्था अच्छी नहीं है। जिस भवन से कॉलेज की नींव रखी गयी थी वह बुरी दशा में है। भवन खंडहर हो चुका है, इर्द-गिर्द झाड़ियाँ एवं कूड़े के ढेर हैं। इसी प्रकार कॉलेज में अंग्रेजों के समय के अन्य भवन भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस ऐतिहासिक धरोहर की वर्तमान दुर्दशा को अपने संज्ञान में लेकर इसके संरक्षण और विकास हेतु उचित कदम उठाए।

(vi) Need to set up shelter homes for 'Anna Pratha' cattle in Banda and Chitrakoot districts, Uttar Pradesh

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बांदा एवं चित्रकूट जनपद सहित पूरे बुन्देलखण्ड क्षेत्र में अन्ना पशुओं की गंभीर समस्या है। किसानों की फसलें चौपट हो रही है। हालत खराब है। अस्तु सरकार से अनुरोध है कि उक्त गंभीर समस्या के समाधान हेतु प्रत्येक न्याय पंचायत क्षेत्र में एक गौ आश्रय गृह बनाकर उनमें पशुओं के चारा-पानी की व्यवस्था कराने की कृपा करें।

(vii) Need to set up IIT, IIIT and AIIMS in Kota city, Rajasthan

श्री ओम बिरला (कोटा): कोटा पूरे देश में शिक्षा नगरी के रुप में जाना जाता है। देशभर में आई.आई.टी., एन.आई.टी. और मेडिकल कॉलेजों में चयनित होने के लिए हजारों छात्र सालाना सर्वोच्च अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोटा आते हैं और इसलिए यहाँ के निवासी पूरे देश के अधिकांश छात्रों के लिए अपने शहर को एक आशा की किरण के रुप में बनाए रखने के लिए तत्पर रहते हैं। यह एक विडंबना ही है कि उच्च शिक्षा संस्थान जैसे आई.आई.टी., आई.आई.आई.टी., ए.आई.आई.एम.एस. आदि की स्थापना की इनकी मांगों को आज भी उपेक्षित किया जाता रहा है।

अतः मेरी सरकार से पुरजोर मांग है कि विकासशील कोटा शहर की पुरानी मांग को पूरा करते हुए सरकार यहाँ पर एक उच्च शिक्षा संस्थान जैसे कि आई.आई.टी., आई.आई.आई.टी., ए.आई.आई.एम.एस. आदि की स्थापना करें ताकि यहाँ के लोगों को बेहतर तकनीकी मेडिकल शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो।

(viii) Need to provide residential plots to residents of border districts of Jammu & Kashmir forced to vacate their houses due to shelling from across the border

श्री जुगल किशोर (जम्मू): मैं सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र की ओर ले जाना चाहता हूँ, जहाँ पर पाकिस्तान की ओर से रोजाना गोलीबारी हो रही है और हमारे सैनिक उसका भरपूर जवाब भी दे रहे हैं परन्तु पाकिस्तान की ओर से होने वाली गोला बारी से सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण जीवन और सम्पत्ति तथा पशुओं का भारी नुकसान हो रहा है। भारत-पाक सीमा पर जहाँ गोलीबारी होती है, वहाँ से लोगों को मजबूरन पलायन करना पड़ता है जिसकी वजह से वहाँ दर-बदर होते अपनी और अपने बच्चों की जान बचाने के लिए घर-बार छोड़ना पड़ता है।

मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि उनके लिए पांच मल्ले का प्लॉट आवंटित किया जाये तथा कम्युनिटी सेन्टर शेड बनाये जायें ताकि आपात परिस्थितियों में शरण ले सकें। सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों का मनोबल बना रहे और सीमा से पलायन न करें।

(ix) Need to provide financial assistance to drought affected Karnataka under NDRF

SHRI B.N. CHANDRAPPA (CHITRADURGA): Karnataka has been subjected to severe drought successively for the last six years. This year deficit and scarcity in rainfall has put the State in very bad condition. This year, 139 out of 176 Taluks in the State have been declared as drought affected Taluks. This has caused huge economic loss to the State in general and agrarian community in particular. Deficit rainfall consecutively for more than six years has resulted in very poor or no storage in minor irrigation tanks and also depletion of groundwater level in the State which is an important source for drinking water for rural population and livestock.

The total estimated loss due to drought in the State is 17,193 crores. The central team has also studied the ground realities. Government of Karnataka has sought assistance from the Union Government under NDRF to the tune of Rs. 4702.54 crore, in addition to special assistance of Rs. 967.76 crores.

Hence, I urge upon the Union Government to sanction the financial assistance sought for by the Government of Karnataka under NDRF to the tune of Rs. 4702.54 crore and special assistance of Rs. 967.76 crore at the earliest.

(x) Need to provide financial assistance to people affected by cyclone 'Ockhi' in Kerala

PROF. K.V. THOMAS (ERNAKULAM): The 'Ockhi' thunder storm which created havoc in the coastal region of my Parliamentary Constituency Ernakulam, from Chellanam to Munambam has made a large number of fishermen and the local people homeless. The fishermen lost their fishing equipment including counirу boats and mechanized boats. One fisherman died in this natural calamity at Chellanam. The toilet and water supply system has been damaged. Immediate assistance has to be extended to the coastal area of my parliamentary constituency by Central and State government authorities. The long pending demand by the fishermen in the area is to construct sea wall and pulimuttu (wave breaker). At present no assistance has been rendered by government of India for the construction of sea wall and wave breakers. Hundreds of houses have been very badly damaged and central assistance needed for construction and renovation of these damaged houses. The central team has visited this area and a report is submitted to both the Central and State Governments. Immediate assistance is needed from the Central Government for these affected fishermen and other people staying in the coastal area.

(xi) Regarding problems faced by people of North Kerala due to laying of pipeline by Gas Authority of India Limited

SHRI M.I. SHANAVAS (WAYANAD): In the northern parts of Kerala people are agitating against the laying of pipes by GAIL authorities in the thickly populated areas. The compensation announced by the GAIL is very meagre. Scores of persons are losing their land, houses, cultivation etc.

I urge upon the Centre Government to take steps to relocate the pipes from populated areas and also to give compensation to the affected persons according to the Land Accusation Act i.e. four times the market value.

(xii) Need to expedite release of funds for various Centrally Sponsored Schemes in Tamil Nadu

SHRI C. MAHENDRAN (POLLACHI): I would like to urge upon the Government to release Rs. 6,655 crore for various centrally aided schemes for Tamil Nadu. Education Department has not received Rs 4,474 crore from the Centre under various schemes for the last few years. Many education schemes, including post-matric scholarship for SC/ST students had suffered as the State was denied central funds on the ground of exhausting the budgetary allocations. A sum of Rs 1,547 crore is pending towards the post-matric scholarship scheme for Scheduled Castes and Rs 27 crore for Scheduled Tribes for over a year.

The Union Government has to pay arrears of Rs 1,312 crore for the Sarva Shiksha Abhiyan (SSA), the 'Education for All' scheme to Tamil Nadu. Under the Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan (RMSA) scheme, which is implemented to provide secondary grade education, an amount of Rs 1,588 crore is due to the State.

Apart from this Rs. 342 crore are still pending for flood management programme and Rs. 217 crore for Family Welfare programme. The Centre had not paid Rs. 108 Crore for the National Handloom Development Programme and Rs. 107 crore for the construction of fishing harbours.

I, therefore, urge on the Union Government to expedite the release of funds to Tamil Nadu without any further delay.

(xiii) Regarding installation of Doppler Weather Radars in Odisha

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): At the instance of Government of Odisha, the Government of India in 2006 had decided to install 4 Doppler Weather radars at Paradeep, Gopalpur, Sambalpur and Balasore. Land for the same has already been provided and the state government has even completed construction of buildings for Doppler Weather Radar stations at 3 of these locations out of its own funds, and the one at Paradip has been built by CPWD. In spite of there being no typical hurdles, Doppler weather Radars have not been procured by the government for the radar station at Balasore and Sambalpur. In this House, I have time and again raised the issue relating to avoidable deaths due to lightning in my constituency and state. Weather radar system would not only aid us getting timely information about the weather, but also save lives and prevent damage to property.

(xiv) Need to improve promotion avenues for Store - Khalasi in Railways and permit them to appear in departmental examination for the purpose

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): रेलवे में स्टोर खलासी का पदोन्नति चैनल नहीं होने के कारण इन पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को लिपिक, वाणिज्य लिपिक, टी.सी. इत्यादि की पदोन्नति परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाता है, जिसके कारण इन कर्मचारियों का जीवन अंधकारमय है।

अभी हाल ही में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया है कि चिकित्सा विभाग के सफाईवाला कैटेगरी के कर्मचारी भी वाणिज्य विभाग के लिपिक, टिकट संग्राहक, बुकिंग क्लर्क की पदोन्नति परीक्षा में सम्मिलित किए जाएंगे एवं यह क्रियान्वित होकर भारतीय रेल में अनुपालन किया जा रहा है।

अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि स्टोर खलासी के पद पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को लिपिक, वाणिज्य लिपिक, टी.सी. इत्यादि की पदोन्नति परीक्षा में सम्मिलित किया जाए और स्टोर खलासी के कर्मचारियों के लिए एक बेहतर पदोन्नति का अवसर यातायात विभाग (परिचालन एवं वाणिज्य विभाग) में प्रदान किया जाए, ताकि इन कर्मचारियों का भविष्य उज्ज्वल हो सके।

(xv) Need to provide stoppage of certain trains at Kondapalli Railway Station in Andhra Pradesh

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): Kondapalli is a rapidly developing village with a population of nearly 50,000. This area is economically and culturally important. Industries like HIL, HPCL, BPCL, IOCL etc. and power plants like Dr. Narla Tatarao and Lanco operate in and around Kondapalli.

Archeological survey of India is currently restoring the Kondapalli fort. It is a 14th-century fort that has great historical significance and attracts tourists from all over the country.

The village is also famous for handcrafted wooden toys. The industry is being revived using the Scheme of Fund for Regeneration of Traditional Industries (SFURTI).

Railway connectivity greatly helps in fast-tracking growth of economy and tourism. I request the government to provide halts at Kondapalli Railway station to the following trains —

1. 17205/17206 — Kakinada - Shirdi express
2. 17213/17214 &17231/17232— Narasapur - Nagarsol express
3. 18503/18504 — Vishakhapatnam - Shirdi express
4. 17207/17208 — Vijayawada - Shirdi express

I appeal to the Government to issue necessary orders to this effect request.

(xvi) Regarding discrepancies in NRC Part Draft published in Assam

SHRI RADHESHYAM BISWAS (KARIMGANJ): NRC Part Draft publication in Assam published on 31/12/2017 Mid Night had serious anomalies. In many cases, it is found that only the name of one child which was registered in the last serial no of the family list of the applicant as per legacy data of his parents is included in the part draft, paradoxically, the authority excluded whole family members of the applicant. So how it is possible to declare that child is Indian excluding the rest of the family members.

On being served notice while the head of family appeared before the authority with all the required documents & satisfied the verification team but ironically they were not included in notified part draft. Even those who were not been issued any notice on verification were not included in part draft. In some districts only 30 to 35% people were included in the first draft list, especially Bengali speaking districts.

Therefore, undoubtedly it may be concluded that there were serious lapses in the entire NRC process which may cause unnecessary harassment to the genuine citizens.

As we are always in favour of correct NRC list, I request the Ministry of Home Affairs to look into the matter seriously so that none of the Indian citizen be excluded from the final list and we demand that correct NRC List be published as soon as possible to resolve the long pending issue once forever.

(xvii) Need to formulate a comprehensive policy to improve the condition of farmers in the country

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): आज देश भर में किसानों की क्या दुर्दशा है, आपसे कुछ छुपा हुआ नहीं है। जो देश का अन्नदाता है, वही भूखा और बदहाली का जीवन जीने के लिए मजबूर है। किसान खुद तो भूखा सो जाता है, पर दूसरे का पेट भरने की चिन्ता उसे हमेशा सताती है। सरकार कर्तव्य बनता है कि हमारे किसानों की समस्याओं का समुचित हल निकाले। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हम अनाज के मामले में आत्मनिर्भर तो हो गये हैं, लेकिन किसान दिनों-दिन गरीब होता जा रहा है। यह एक विचारणीय प्रश्न है।

देश में 68 फीसदी खेती वर्षा पर निर्भर है और वर्षा कम व ज्यादा होने पर इसका असर खेती पर सीधा पड़ता है। सिंचाई की समुचित व्यवस्था अभी तक नहीं हो पाई है। बिचौलिये और साहूकारों के कर्ज के बोझ से किसान हमेशा दबा रहता है। देश के किसी बड़े भाग में बाढ़ आ जाती है, तो काफी बड़े भू-भाग में सुखाड़ आ जाता है। प्राकृतिक आपदाएं आती ही रहती हैं। समय से खाद और बीज नहीं मिलता। उत्तम किस्म के बीजों का अभाव व उसका इतना अधिक मूल्य होता है कि उसे खरीद नहीं पाते हैं। कीटनाशक दवाइयां भी अत्यधिक महंगी हो चुकी हैं। फसल बीमा योजना किसानों को किसी भी तरह से मदद करने में अपनी भूमिका साबित करने में असफल हो रही है। किसानों को फसल और सब्जियों के रख-रखाव और समुचित मूल्य नहीं मिलता। फसल पैदा होने पर खरीददार नहीं होते, जिससे बिचौलिए को मजबूरन कम दामें पर बेचना पड़ता है। जब किसानों के उत्पाद उनके हाथों से निकल जाता है, तो बाजार में रेट दोगुना हो जाता है। यह कैसी विडम्बना है।

मैं समझता हूँ कि किसानों के बारे में किसी न किसी विषय पर प्रत्येक सत्र में चर्चा जरुरी होती है, मगर समस्या जस की तस बनी हुई है। अतः देश के अन्नदाता के खुशहाल जीवन जीने की दिशा में कोई ठोस पहल कार्य योजना बनाई जाए।

(xviii) Need to provide financial assistance to cotton growers in Maharashtra

श्री राजू शेट्टी (हातकणगले): किसी भी अनुसंधान में सुधार करने के लिए हमेशा अवसर रहता है। वही चीज कृषि अनुसंधान में भी लागू होती है। कोई-सी भी टेक्नोलॉजी बुरी नहीं होती, लेकिन वही टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके जनता का शोषण (किसानों का) करके कमाया हुआ ज्यादा मुनाफा हमेशा बुरा होता है। इसी मुनाफे को "रॉयल्टी" जैसा प्यारा नाम दिया जाता है। होने वाले परिणामों की जिम्मेदारी न लेते हुए जनता का शोषण जमा किया हुआ ज्यादा रॉयल्टी भी हमेशा निषेध लायक है।

सदन के सभी सम्मानीय सदस्यों को पता होगा कि महाराष्ट्र में विरोध करके विदर्भ, मराठवाड़ा के कपास उत्पादन करने वाले किसानों को बी.टी. कॉटन का बीज कपास के प्लानटेशन के लिए वितरण किया गया। बी.टी. कॉटन (कपास) का प्रमाणित बीज बोलवर्म मुक्त उत्पादन के लिए इस्तेमाल कीजिए। इस प्रकार की गारंटी बीज उत्पादन कम्पनी ने किसानों को दी थी। यह सच है कि लेकिन हकीकत कुछ और ही है। 90 प्रतिशत कपास के क्षेत्र में बोलवर्म का प्रसार चारो ओर दिखाई दिया। इस प्रसार की वजह से कपास उत्पादक किसान का बड़ा घाटा हुआ। लेकिन दूसरी तरफ कंपनियों ने हपने हाथ ऊपर कर दिए। इस वजह से कपास उत्पादक किसानों की खुदकुशी की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई।

टेक्नोलॉजी को लेकर हमारा विरोध नहीं है। लेकिन यह टेक्नोलॉजी किसान को देते वक्त बीज उत्पादक कंपनियों ने जो विज्ञापन (एडवरटाईज) दिया था, उसी के तहत अगर किसान को उत्पादन नहीं आता तो उसको सही मुआवजा देना चाहिए और इस प्रकार से बीज का उत्पादन करते समय फील्ड ट्रायल लेना बहुत जरुरी है। इसके बाद अगर फील्ड ट्रायल टेस्टिंग में अगर बीज सही मात्रा में पास हुआ तभी किसानों के लिए मार्केट में बिक्री के लिए लाना चाहिए। कपास बीज उत्पादन करने वाली इन कंपनियों की वजह से महाराष्ट्र में जो किसानों का लाखों रुपयों का

घाटा हुआ उनको बीज उत्पादक कंपनी और केंद्र सरकार द्वारा जल्द से जल्द आर्थिक मदद देने की जरुरत है।

---

12 08 hrs

UNION BUDGET (2018-2019) – GENERAL DISCUSSION – Contd.

HON. SPEAKER : Now, we will start general discussion on the Union Budget. Shri Ganesh Singh.

…..(Interruptions)

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, मैंने कल बजट पर चर्चा शुरू की थी, उसके बाद आज आपने पुन: मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने देश के लोगों के साथ जो वायदे किए, सरकार में रहते हुए उन्होंने एक-एक करके उन सभी वायदों को पूरा करने का काम शुरू किया है। आज दुनिया में उनकी एक अंतर्राष्ट्रीय नेता के रूप में छवि बनी है। आज उनके बढ़ते हुए प्रभाव को कांग्रेस के लोग पचा नहीं पा रहे हैं। उनके अच्छे कामों को कांग्रेस के लोग इस तरह से प्रस्तुत कर रहे हैं, जैसे वह कोई गलत काम कर रहे हों। मैं कहना चाहता हूं, कल जब सदन में माननीय प्रधानमंत्री जी महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना उत्तर दे रहे थे, उस समय उन्होंने देश के लोगों के सामने कई ऐसे सवाल उठाए, जिनकी जानकारी देश के लोगों को नहीं थी। कांग्रेस पार्टी को उनका जवाब देना चाहिए, लेकिन वे लोग सदन में उनकी बात को न सुनकर, बाहर जाकर बोल रहे हैं।

मैं श्री राहुल गांधी जी से पूछना चाहता हूं, आज वह कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष हैं। उनको आज इन सवालों का जवाब देना होगा जो कल प्रधानमंत्री जी ने देश के सामने रखे हैं। वह कहते हैं कि राफेल की बात करो। राहुल गांधी जी, आप इसके पहले यह बताओ कि बोफोर्स और पनडुब्बी का जवाब कौन देगा ? 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले का जवाब कौन देगा ? देश इतना पीछे चला गया, उसका जवाब कौन देगा ? आपके नानाजी ने कहा था कि देश के हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा, मकान देंगे, उसका जवाब कौन देगा ? फिर आपकी दादीजी ने कहा था कि हम गरीबी

खत्म कर देंगे, इन सभी सवालों का जवाब तो आपको ही देना पड़ेगा। आप प्रधानमंत्री जी की आलोचना कर रहे हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होता है, गांव में कहावत कही जाती है कि चलनी क्या नाम धरे जिसके 36 छेद हों। आज कांग्रेस के 36 छेद हैं। वह किसी के बारे में कुछ कहने के लायक है ही नहीं।

मैं कहना चाहता हूं कि आज देश की निगाह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की तरफ है कि वह हमारे लिए क्या कर रहे हैं ? आज देश का किसान जो दिन-रात मेहनत करता है लेकिन उसको उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलता। प्राकृतिक आपदा के लिए उसको सहायता नहीं मिलती। वह सरकार की तरफ देख रहा है। किसान पहले से देश में हैं। यह देश कृषि प्रधान देश है। पहले भी कई सरकारें बनीं, लेकिन कभी किसी ने आज तक किसानों के प्रति इतनी गंभीरता प्रकट नहीं की। लेकिन आज किसानों की हर तकलीफ को दूर करने के लिए हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि हम किसानों की आमदनी को दोगुना करना चाहते हैं। उन्होंने एक समय सीमा तय की। किसानों की आमदनी दोगुना तय हो, इसके लिए सरकार ने उपाय किये हैं। उन्होंने सबसे पहले कहा है कि प्राकृतिक आपदा से कैसे किसानों को बचाया जाए ? इसी सरकार में, इसी सदन में अनेकों बार इस विषय पर चर्चा हुई है। तब कांग्रेस की सरकारें थीं। जो नियम बने थे, उनमें कह रहे थे कि अगर प्राकृतिक आपदा में 50 प्रतिशत फसल का नुकसान होगा तो हम उनको प्राकृतिक आपदा मानेंगे। लेकिन माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आने के बाद उन्होंने नियमों में शिथिलता लाते हुए 33 प्रतिशत नुकसान की सीमा में लाने का काम किया।

जब प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी थे, तब उन्होंने किसानों को क्रेडिट कार्ड देने का काम शुरू किया था। ब्याज दर घटाकर 7 प्रतिशत कर दी थी। आज किसानों के लिए सस्ते ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध हो रहे हैं। 11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान इसमें किया गया। जो फसल हमारे किसानों की आ रही है, उस फसल को उचित दाम नहीं मिलता था। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में लिखा गया था कि लागत मूल्य अथवा लागत खर्च से डेढ़ गुना फसल का दाम

तय होना चाहिए। अभी तक जितनी भी फसलों के एमएसपी तय हुए थे, वे पर्याप्त नहीं थे। हमारी सरकार ने इस बजटमें घोषणा की।

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): I would like to say something about Andhra Pradesh. … (*Interruptions*) Madam, I would like to request all the Members from Andhra Pradesh, especially our TDP Members, to kindly go back to their seats as in both the Houses of Parliament our hon. Finance Minister has assured that he is going to address their concerns while replying to the debate on the Budget.

Madam, your kind self knows that today at 5.00 or 5.30 p.m. the debate on the Budget will conclude and the Finance Minister is definitely going to give the reply. … (*Interruptions*)Therefore, I would request all the Members of Parliament belonging to TDP as well as YSR Congress Party to go back to their seats and facilitate the debate on the Budget.

श्री गणेश सिंह: माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय वित्त मंत्री जी और माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा। उन्होंने तय किया है कि चाहे रबी की फसल हो या खरीफ की फसल हो, दोनों फसलों के समर्थन मूल्य हम जारी करेंगे और उनका जो लागत खर्च होगा, उसका डेढ़ गुना दाम हम तय करेंगे। केंद्र ने राज्य सरकारों से यह भी कहा है कि हम टाइ-अप करेंगे और कोई ऐसा मैकेनिज्म विकसित करेंगे कि उस भाव से कम दाम पर किसानों का अनाज बाजार में न बिके। निश्चित तौर पर यह एक बहुत बड़ा साहसी कदम है। हमारी मध्य प्रदेश सरकार ने उसका एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमारी सरकार ने तय किया है कि जिन चीजों के समर्थन मूल्य जारी हैं, उनका अगर बाजार में कम भाव पर अनाज बिकेगा तो उसके अंतर की राशि को हमारी सरकार ने अपने खजाने से देने का काम किया है। निश्चित तौर पर, यह एक बहुत महत्वपूर्ण/क्रान्तिकारी कदम

है। किसान यही तो चाहता था कि प्राकृतिक आपदा में हमारी मदद हो जाए और हमारी फसल का उचित दाम हमें मिल जाए। इतना ही नहीं, हमारी सरकार ने नीम कोटेड यूरिया जो बाजार में पहले ब्लैक में बिकती थी, कारखानों को जाती थी, आज वह नीमयुक्त यूरिया पूरे देश के किसानों को समय पर मिल रही है।पहले लम्बी लाइनें लगती थीं, आज लाइनें खत्म हैं।

मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे किसानों को एक अधिकार मिला है कि उनका सॉयल हैल्थ टैस्ट होगा और उसके आधार पर फसल की बोनी होगी। शीत स्टोरेज बनाये जाने की घोषणा हुई है। टमाटर, प्याज और आलू जैसी फसलें जब आती हैं तो निश्चित रूप से उसका उचित दाम किसान को नहीं मिलता। हमारी सरकार ने तय किया है कि हम शीत स्टोरेज बनाएंगे। हमारी सरकार ने तय किया है कि औषधि की खेती हो, फूलों की खेती हो, सब्जियों की खेती हो, दूध का उत्पादन हो, मत्स्य पालन हो, पोल्ट्री फॉर्म चलाए जाएं और पशुपालन हो। इन सारी चीजों को इस बार उन्होंने कर्ज देने के दायरे में रखा है। जिन किसानों के पास पट्टे नहीं हैं, वे बटाई पर खेत लेते हैं। उनको कभी भी साहूकारों के अलावा ऋण नहीं मिला करता था। लेकिन इस बजट में प्रावधान किया गया है कि हम उन किसानों को credit card के माध्यम से फसल उगाने के लिए लोन देने का काम करेंगे।

आज किसानों की हर जरूरत को पूरा करने का काम हमारी सरकार ने किया है। इसी तरह से, गरीब कब से इंतजार कर रहा था ? गरीब बेचारा दिन-रात मेहनत करता है। लेकिन वह खुद का अपना घर नहीं बना पाता। वह गरीब जिनका दो वक्त की रोटी का भी ठीक से इंतजाम नहीं होता, वह कब से इंतजार कर रहा था। उनकी पीढियां खत्म हो गईं। इंदिरा आवास चला था लेकिन वह इंदिरा आवास देश की एक पंचायत को आज तक दो से चार, छःसे आठ, दस से ज्यादा नहीं मिल पाया। लेकिन वर्ष 2011 का जब सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण हुआ, उस सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण से पता लगा, जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देखा कि प्लानिंग कमीशन ने सर्वेक्षण कराया और उसमें 6 करोड़ ऐसे लोग मिले जिनके पास खुद का घर नहीं है। पांच करोड़ ऐसे लोग मिले जिनके पास रसोई पकाने के लिए गैस नहीं है। पूरे देश के भीतर ऐसे 4 करोड़

परिवार हैं जिनके यहां बिजली का कनैक्शन नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि यह किसकी जिम्मेदारी थी?

आज प्रधान मंत्री जी ने तय किया है कि 2022 समाप्त होते-होते इस देश के हर गरीब व्यक्ति का अपना पक्का मकान होगा। अभी हम लोग गृह प्रवेश कार्यक्रम में गये थे। गांव-गांव में जो घर बने हैं, वहां गये थे। राकेश सिंह जी राष्ट्रपति जी के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे और कह रहे थे कि मैं अपने क्षेत्र के आदिवासी के यहां गया। ठीक उसी तरह से हम सारे सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में गृह प्रवेश के कार्यक्रम में गये थे। सचमुच 80 साल के बूढ़े आदमी को पहली बार जब अपना पक्का मकान देखने को मिला तो उसकी खुशी की कोई सीमा नहीं थी। वह कह रहा था कि मैं जिन्दगी भर कमाता रहा कि मेरा अपना घर बन जाए। लेकिन, मैं अपना घर नहीं बना पाया। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने डेढ़ लाख रुपये की लागत से आज हमें पक्का मकान बनाकर दे दिया। आज मैं उस गरीब आदमी जिसको दो वक्त की रोटी नहीं मिलती थी, खासकर मध्य प्रदेश की सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने एक रुपये किलो का गेहूं, चावल और एक रुपये किलो का नमक हर गरीब को देने का काम शुरू किया है। गरीब को दवाई मुफ्त में देने का प्रावधान किया गया है। आज हमारे प्रधान मंत्री जी ने बजट में प्रावधान कराया है कि दस करोड़ ऐसे परिवार जो सचमुच इलाज के बगैर मर रहे थे, आज उनके इलाज की गारंटी हो गई। 5 लाख रुपये तक का इलाज वे किसी भी अस्पताल में कराएंगे, ऐसे 50 करोड़ लोगों को उसकी परिधि में लाने का काम हुआ है। सचमुच, आप में से सभी सांसदों ने कभी न कभी प्रधान मंत्री जी को अपने क्षेत्र के किसी न किसी बीपीएल के व्यक्ति का इलाज कराने के लिए पत्र लिखा होगा।

मैं अपने क्षेत्र का एक उदाहरण देना चाहता हूं। अब तक मैंने प्रधान मंत्री जी को 44 पत्र भेजे थे, उन्होंने 44 लोगों को प्रधान मंत्री राहत कोष से पैसा देने का काम किया है। ऐसे संवेदनशील प्रधान मंत्री को सचमुच लगा कि बहुत संख्या में लोगों के इलाज के लिए माननीय सांसदों की ओर से पत्र आ रहे हैं, कहीं न कहीं से उनको सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने बहुत बड़ा ऐतिहासिक काम किया है कि पांच लाख रुपये तक का इलाज गरीबों को मुफ्त में मिले, यह बहुत बड़ा फैसला

है। शायद एक बार अमेरिका में ओबामा साहब ने 'ओबामाकेयर' योजना लागू की थी, तब वहां 28 प्रतिशत जनसंख्या कवर हुई थी। मैं नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि जिन्होंने 40 प्रतिशत जनसंख्या को 'मोदीकेयर' के माध्यम से कवर करके उनके इलाज की व्यवस्था का जो काम किया है, सचमुच वह बधाई के पात्र हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आज गरीबों में एक नई आशा जगी है। आज गरीबों के घरों में बिजली के कनैक्शन हो रहे हैं, गरीबों के बच्चों की पढ़ाई नि:शुल्क हो रही है, गरीबों का इलाज हो रहा है, गरीबों के लिए दो वक्त की रोटी का इंतजाम हो रहा है, गरीबों के मोहल्ले में आज सड़कें बन रही हैं, नालियां बन रही हैं, गरीब आदमी का यही सपना था। जब आजादी मिली थी तो सबसे पहले यही कहा गया था कि हमारा देश गरीबों के लिए काम करेगा, हमारा देश उन लोगों के लिए काम करेगा जो पिछड़ गए हैं, अगर आज उनको बराबरी में लाने का काम किसी सरकार ने किया है, किसी ने सामाजिक न्याय देने का काम किया है तो वह भारत की सरकार, नरेन्द्र मोदी जी ने देने का काम किया है।

कांग्रेस हमेशा नारा लगाती थी कि हम गरीबी मिटाएंगे, वोटलें गे, सरकार बनाएंगे, लेकिन उसके बाद सब भूल जाएंगे। मैं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि जिन्होंने जनता के सामने जो वायदा किया था, एक-एक वायदे को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा था कि हम गरीबी मिटाएंगे, हम किसानों की पूरी तरह से मदद करेंगे, हम नौजवानों के लिए काम करेंगे, आज नौजवानों के लिए मुद्रा बैंक योजना, नौजवानों को प्रशिक्षण देने के लिए कौशल विकास केन्द्र खुले हैं।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि वे नौजवानप ढ़े-लिखे थे, डिग्री उनके हाथ में थी, लेकिन उनको कहीं काम नहीं मिल रहा था।आज वे कुछ न कुछ सीख रहे हैं। मैंने खुद अपने क्षेत्र में कौशल विकास केन्द्र खोला है, उसके माध्यम से मैं अपने यहां के नौजवानों को ट्रेनिंग दिला रहा हूँ।

माननीय अध्यक्ष :आप कंक्लूड करें।

श्री गणेश सिंह: उनका प्लेसमेंट बड़ी तेज गति से हो रहा है। साढ़े दस करोड़ नौजवानों को व्यापार करने के लिए, स्वरोजगार करने के लिए मुद्रा बैंक योजना से लोन मिला है। चार लाख करोड़ रुपये मुद्रा बैंक में सरकार ने दिया। इस बार के बजट में भी तीन लाख करोड़ रुपये का प्रावधान करने का काम किया गया है। अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश के कुछ विषयों की ओर दिलाना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष :आप कल से बोल रहे हैं, आपका समय समाप्त हो गया है ।

...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह: मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश की ओर दिलाना चाहता हूं अभी मध्य प्रदेश में सूखा पड़ा था, हमारे 18 जिले सूखे थे। वहां केन्द्रीय अध्ययन दल गया था, उसने जांच रिपोर्ट में अनुशंसा की है कि हमें चार हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जरूरत है। मैं चाहता हूं कि उसका प्रावधान हो जाए और मध्य प्रदेश सरकार को यह राशि मिल जाए। मुख्य मंत्री भावांतर भुगतान योजना में भी चार हजार करोड़ रुपये की मांग हुई थी। हमारे शहरी आवास के लिए 2608 करोड़ रुपये का एक प्रोजैक्ट तय हुआ था।

जिसमें केंद्र का 1758 करोड़ रुपये का अंश था, लेकिन 757.76 करोड़ रुपये ही मिले हैं। पेयजल में भी हमें मात्र 135.91 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि हमारी आवश्यकता अधिक है। मनरेगा में भी 997.75 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि हमें 1650 करोड़ रुपये मिलने चाहिए थे। अमृत योजना में भी 282 करोड़ रुपये मिले हैं, हमें पांच सौ करोड़ रुपये मिलने चाहिए थे।

अध्यक्ष महोदया, मैं कुछ बातें अपने लोकसभा क्षेत्र के बारे में कहना चाहता हूं। हमारे क्षेत्र चित्रकूट में भगवान राम आए थे। माँ शारदा का मैहर में पवित्र स्थान है। रामायणा टूरिस्ट सर्किट में सतना को शामिल किया गया। 84 कोसी परिक्रमा का एक प्रोजेक्ट हमने सब्मिट किया है। हम चाहते हैं कि उन तीर्थ स्थानों का विकास करने के लिए पैसा दिया जाए। सतना को स्मार्ट सिटी घोषित किया गया है। केंद्र सरकार ने 24 महाविद्यालय बनाने की बात कही है और जिला अस्पतालों का उन्नयन किया है। मैंने लगातार यह निवेदन किया है कि सतना एक औद्योगिक क्षेत्र

है और बहुत बड़ा क्षेत्र इससे जुड़ा हुआ है। यहां के अस्पताल का उन्नयन हो और एक मेडिकल कालेज दिया जाए। इसी तरह से महाविद्यालय में इनडोर स्टेडियम की हमने मांग की है। केंद्रीय सड़क निधि से भी हमने कुछ प्रस्ताव दिए हैं। उन्हे स्वीकृत कर राशि दी जाए।

महोदया, रेलवे के संबंध में भी मेरा एक निवेदन है। सतना-रीवा से मुम्बई के लिए रेलगाड़ी की मांग है। मैं चाहता हूं कि इसका इस बजट में प्रावधान किया जाए। रीवा-आनंद विहार तथा महाकौशल एक्सप्रेस आदि जो गाड़ियां हैं, इन्हें माडर्न रेलगाड़ी की श्रेणी में लाया जाए। सतना में मेमो कार शेड की स्थापना की जाए। सतना हवाई अड्डे को विकसित किया जाए और यहां से हवाई परिचालन शुरू किया जाए।

मैं, अंत में इस बजट का पूरी तरह से समर्थन करता हूं। यह बजट बहुत ऐतिहासिक है और देश के विकास को आगे ले जाने वाला है। इसके लिए प्रधान मंत्री जी बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं और सचमुच भारत के लोकतंत्र में पहली बार ऐसा दिखा है कि जब कोई प्रधान मंत्री जो बाहर कहते हैं, तो सरकार में आकर बजट में प्रावधानित करके उसे पूरा करने का काम भी करते हैं। ... (*Interruptions*)

***श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा):** मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट का समर्थन करती हूं। सबसे पहले मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र भाई मोदी व माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली के प्रति आभार व्यक्त करती हूं क्योंकि उन लोगों ने गुजरात राज्य में स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र वडोदरा में रेलवे विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की है। साथ में अहमदाबाद-मुम्बई बुलेट ट्रेन की जो आपने शुरूआत की है, उस बुलेट ट्रेन को चलाना और कई सुविधाओं की जानकारी देने के लिए बुलेट ट्रेन के ट्रेनिंग सेंटर वडोदरा में बनाने का जा निर्णय किया है और उसका शिलान्यास भी किया है। इस बात के लिए वडोदरा वासी माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार प्रकट करते हैं और मैं भी आभार प्रकट करती हूं। इन दोनों लोगों की सराहना भी करना चाहती हूं क्योंकि उन लोगों ने इस नये भारत के बजट में समावेशी विकास और कृषि क्षेत्र का बहुत ज्यादा ध्यान रखने के बावजूद राजकोषीय घाटा लक्ष्य से समझौता नहीं किया है।

इस पूरे बजट में सबसे अधिक घोषणा ये किसानों के लिए की गई है जिससे किसानों की उपज का ज्यादा दाम मिल सके। किसानों के लिए खेतों की सिंचाई की दृष्टि से कृषि पम्प बदलने के लिए डेढ़ लाख करोड़ की योजना बनाई गई है जिसके द्वारा 2022 तक देश में तीन करोड़ पम्पों को बिजली या डीजल की जगह सौर ऊर्जा से चलाने की योजना बनाई गई है, जो आने वाले समय में " गेम चेन्जर " साबित होगी क्योंकि किसान अतिरिक्त सौर ऊर्जा बनाकर आमदनी अर्जित करेंगे तथा डीजल से चलने वाले सिंचाई पम्पों के बंद होने के कारण पर्यावरण को लाभ मिलेगा और कृषि को बिजली सब्सिडी देने की राजनीति समाप्त होगी एवं शहरी बिजली ग्राहकों से अतिरिक्त शुल्क वसूलने की परम्परा भी बंद हो जायेगी।

कृषि से लेकर बुनियादी ढांचे तक सभी क्षेत्रों पर बराबर ध्यान दिए गया है। यह बजट किसान हितैषी है। आम आदमी की मदद करने वाला है और देश में व्यावसायिक माहौल बेहतर करने वाला है। कुल मिलाकर यदि देखा जाये तो इससे विकास की रफ्तार तेज होगी।

---

* Speech was laid on the Table.

किसानों के साथ-साथ गरीबों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ इस बजट में दिया गया है। गरीब तबके को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के उद्देश्य से बजट में प्रत्येक परिवार का पांच लाख रुपये (सालाना) तक का स्वास्थ्य बीमा देने का प्रस्ताव किया है, जिससे देश के 50 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा।

देश की महिलाओं को "उज्जवला योजना" का विस्तार करके तोहफा प्रदान किया गया है। उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शनों के लक्ष्य को 5 करोड़ से बढ़ाकर 8 करोड़ कर दिया गया है। 5 करोड़ कनेक्शन देने का लक्ष्य तो इसी वर्ष सितम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा।

इस बजट में महिला कर्मचारियों को बड़ी राहत दी गई है। उनकी पी.एफ. कटौती आठ प्रतिशत होने से उनके हाथ में अधिक वेतन आएगा। इस बजट में सरकार ने महिला कर्मचारियों को बढ़ावा देने के लिए कई लाभकारी कदम उठाये हैं। सरकार ने महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे ले जाने के लिये काम किया है। इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे।

इस बजट में जरूरी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि न होने से गृहणियां काफी खुश नजर आ रही है। बजट में निम्न वर्ग से लेकर उच्च वर्ग से संबंध रखने वाली सभी गृहणियों का ध्यान रखा गया है।

नौकरी के मोर्चे पर उठ रहे सवालों के बीच संगठित और असंगठित क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरों पर जोर दिया गया है और सभी को समान शिक्षा देने की दिशा में कदम उठाये गये हैं।

बजट में इस बार उद्योग जगत पर भी खास ध्यान दिया गया है। 3794 करोड़ रुपए सरकार ने निवेश करने की घोषणा कर स्वदेशी की तरफ ध्यान केद्रित करने की कोशिश की है। उद्योग लगने से युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिलेगा। इससे “मेक इन इण्डिया “ का उद्देश्य पूरा हो सकेगा और साथ ही देश का पैसा देश में ही रहेगा।

इस बजट में नौकरी करने वालों को 40,000 की मानक कटौती की घोषणा करके बड़ी राहत प्रदान की गई है।

सरकार ने 50 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने व 70 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। सरकार ने नौकरी के साथ-साथ कौशल विकास के प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिया है। इससे उन लोगों को ज्यादा फायदा होगा, जो अच्छी पढ़ाई के बावजूद नौकरी नहीं पा रहे हैं। इससे बेरोज़गारी दूर होने के साथ-साथ देश में समृद्धि भी आयेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है।

इस बजट में शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। 24 नये मेडिकल कॉलेज खोले जाने से डॉक्टरों की कमी दूर हो सकेगी। वहीं शिक्षकों के लिए एकीकृत बी.एड. प्रोग्राम लागू किए जाने से गुणवत्तापरक शिक्षक मिल सकेंगे। आदिवासियों के लिए आवासीय एकलव्य स्कूल योजना के जरिये वे अच्छी शिक्षा हासिल कर सकेंगे।

मेरे विचार से यदि पूरे बजट का सिंहावलोकन किया जाये तो यह बात निश्चित रूप से उभर कर आती है कि वित्त मंत्री जी ने किसानों से लेकर राष्ट्र पति तक सभी को कुछ न कुछ प्रदान किया है। यदि इस बजट को पूरा अमली जामा पहनाया गया तो निश्चित रूप से वह न्यू इण्डिया, जिसमें गाँव शहरों के मुकाबले खड़े होंगे, गाँव से पलायन बीते दिनों की बात होगी और किसानों की आत्म हत्या जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के अभिशाप से देश मुक्त हो जाएगा।

इस प्रकार एक बार पुनः माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र भाई मोदी और माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी के प्रति आभार व्यक्त करती हुई प्रस्तुत बजट का जोरदार समर्थन करती हूँ।

धन्यवाद, जय हिन्द।

***श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमंद):** मैं आदरणीय वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूँगा कि उन्होंने भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेद्र भाई मोदी के नेतृत्व में इस बजट के माध्यम से एक मजबूत भारत बनाने की आधार-शिला रखी है । यह बजट जय गरीब जय किसान की अवधारणा को मजबूती प्रदान करने वाला बजट है। यह बजट अच्छे वादों का बजट है। यह बजट विकास अनुकूल व न्यू इंडिया विजन को मजबूत करेगा और नए भारत का सपना साकार करने वाला बजट होगा।

आम बजट में वित्त मंत्री जी ने कृषि , ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एम.एस.एम.ई. और बुनियादी ढ़ांचागत क्षेत्रों को मजबूत करने के मिशन पर फोकस किया है । सरकार के अनेक ढ़ाचागत सुधारों की बदौलत भारत भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में शुमार हो जायेगा । विनिर्माण, सेवा और निर्यात क्षेत्रों में विकास के पटरी पर वापस आ जाने से भारत अब 8 प्रतिशत से भी अधिक की आर्थिक विकास दर हासिल करने की दिशा में मजबूती से अग्रसर हो गया है। अधिकतर रबी फसलों की ही तरह सभी अघोषित खरीफ फसलों की एम.एस.पी. उनकी उत्पाद लागत से डेढ़ गुना होगी, कृषि क्षेत्र को संस्थागत ऋण वर्ष 2014-15 के 8.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2018-19 में 11 लाख करोड़ करना किसानों की उन्नति में एक मील का पत्थर साबित होगा। 86 प्रतिशत छोटे एवं सीमांत किसानों के हितों की रक्षा के लिये 22,000 ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजारों के रूप में विकसित एवं उन्नत किया जाना, किसानों को अपने उत्पाद को सरलता से बाजार में बेचना आसान करेगा । किसानों एवं उपभोक्ताओं के हित में आलू, टमाटर और प्याज जैसे महत्वपूर्ण उत्पाद की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव की समस्या से निपटने के लिए "ऑपरेशन ग्रीन्स" लॉन्च किया जाना ऐसे उत्पादकों को राहत प्रदान करेगा।

---

* Speech was laid on the Table

मत्स्य पालन व पशुपालन भी कृषि क्षेत्र में काम करने वाले किसानों की आमदनी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस दृष्टि से बजट में 10,000 करोड़ रुपये के दो नए कोऐा घोषित करना, इस क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगा। बांस किसान की आय का एक महत्वपूर्ण आधार बन सकता है। अभी हजारों करोड़ रुपये का बांस, कागज बनाने व अन्य उपयोग हेतु आयात किया जाता है। मैं प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने कानून में परिवर्तन कर बांस को जो पूर्व में पेड़ की परिभाषा में आता था और उसे काटना अपराध बन जाता था, को घास की परिभाषा में लाकर किसानों को राहत प्रदान की है। पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन के लिए 1,290 करोड़ रुपये का प्रावधान कर बांस उत्पादकों के लिये नये अवसर प्रदान किये है। निश्चित ही यह बजट प्रावधान बांस उत्पादकों को प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

महिला सशक्तीकरण और स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिये मिलने वाली ऋण राशि जो पिछले वर्ष 42,500 करोड़ रुपये थी, को इस बजट में 75,000 करोड़ रुपये का प्रावधान कर महिलाओं के प्रति अपनी सोच साफ की है।

निम्न एवं मध्यम वर्ग को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन, बिजली और शौचालय सुलभ कराने हेतु उज्जवला, सौभाग्य और स्वच्छ मिशन के लिए अधिक लक्ष्य तय किये है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक संरक्षण के लिये परिव्यय 1.38 लाख करोड़ रुपये होगा। जन जातीय विद्यार्थियों के लिये वर्ष 2022 तक हर जनजातीय ब्लॉक में एकलव्य आवासीय स्कूल होगा और अनुसूचित जातियों के लोगो से जुड़े कल्याण कोष को बढ़ावा मिला है।

अमेरिका की ओबामा केयर योजना की तर्ज पर नमो केयर के माध्यम से प्रति परिवार 5 लाख तक की सीमा के साथ दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संरक्षण योजना शुरु की गई है। जिसके दायरे में 10 करोड़ गरीब एवं कमजोर परिवारों को लाया जायेगा। यानि करीब 45 से 50 करोड़ लोगों को इस बीमा योजना का लाभ मिलेगा।

राजकोषीय घाटा 3.5 प्रतिशत तय किया गया है, यह 2018-19 में 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वर्ष 2018-19 के आम बजट के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न प्रकार है-

- बुनियादी ढांचागत क्षेत्र के लिए 5.97 लाख करोड़ रुपये का आबंटन।
- 10 प्रमुख स्थलों को प्रतीक पर्यटन गंतव्यों के रूप में विकसित किया जाएगा।
- नीति आयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरु करेगा।
- रोबोटिक्स, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इत्यादि पर उत्कृष्ट ता केद्र स्थापित किए जाएंगे ।
- विनिवेश 72,500 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पार कर 1,00,000 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा।
- पीली धातु को एक परिसंपत्ति श्रेणी के रूप में विकसित करने के लिए व्यापक स्वर्ण नीति बनाने की तैयारी।
- 100 करोड़ रुपये तक के वार्ष्िक कारोबार वाली किसान उत्पादक कंपनियों के रूप में पंजीकृत कंपनियों को इस तरह की गतिविधियों पर प्राप्त लाभ पर वर्ष 2018-19 से लेकर पांच वर्षों तक 100 प्रतिशत कटौती का प्रस्ताव।
- धारा 80 जेजेएए के तहत नए कर्मचारियों को अदा किए जाने वाले कुल वेतन पर 30 प्रतिशत कटौती में ढील देकर इसे फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग के लिए 150 दिन किया जाएगा, ताकि ज्यादा रोजगार सृजित हो सके।
- ऐसी अचल संपत्ति में लेन-देन के संबंध में कोई समायोजन नहीं होगा जिसमें सर्किल रेट मूल्य कुल राशि के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।
- 50 करोड़ रुपये से कम के कारोबार (वित्त वर्ष 2015-16 में) वाली कंपनियों के लिए फिलहाल उपलब्ध 25 प्रतिशत की घटी हुई दर का लाभ वित्त वर्ष 2016-17 में 250 करोड़ रुपये तक के कारोबार की जानकारी देने वाली

कंपनियों को भी देने का प्रस्ताव रखा गया है, ताकि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग लाभान्वित हो सकें।

- परिवहन भत्ते के लिए मौजूदा छूट और विविध चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति के स्थान पर 40,000 रुपये की मान कटौती । इससे 2.5 करोड़ नौकरीपेशा कर्मचारी एवं पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे।
- वरिष्ठ नागरिकों को प्रस्तावित राहतः
  - बैंकों और डाकघरों में जमाराशियों पर ब्याज आमदनी संबंधी छूट 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये की जाएगी।
  - धारा 194ए के तहत टीडीएस काटने की आवश्यकता नहीं। सभी सावधि जमा योजनाओं और आवर्ती जमा योजनाओं के तहत प्राप्त ब्याज पर भी लाभ मिलेगा।
  - धारा 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम और/अथवा चिकित्सा व्यय के लिए कटौती सीमा 30,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये की गई।
  - धारा 80डीडीबी के तहत कुछ विशेष गंभीर बीमारियों पर चिकित्सा व्यय के लिए कटौती सीमा 60,000 रुपये (वरिष्ठ नागरिकों के मामले में) और 80,000 रुपये (अति वरिष्ठ नागरिकों के मामले में) से बढ़ाकर सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1 लाख रुपये कर दी गई है।
  - प्रधानमंत्री वय वंदना योजना की अवधि मार्च 2020 तक बढ़ाने का प्रस्ताव। वर्तमान निवेश सीमा को प्रति वरिष्ठ नागरिक के लिए 7.5 लाख रुपये की मौजूदा सीमा से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने का प्रस्ताव।
- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केद्र (आईएफएससी) में अवस्थित स्टॉक एक्सचेंजों में कारोबार को बढ़ावा देने हेतु आईएफएससी के लिए और अधिक रियायतें।

- कैश इकॉनोमी को नियंत्रण में रखने के लिए ट्रस्टों और संस्थानों को 10,000 रुपये से अधिक का नकद भुगतान करने की अनुमति नहीं होगी और इस पर टैक्स लगेगा।
- 1 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर 10 प्रतिशत की दर से टैक्स लगेगा जिसमें कोई भी सूचीकरण लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि 31 जनवरी, 2018 तक हुए सभी लाभ को संरक्षित किया जाएगा।
- इक्विटी उन्मुख म्युचुअल फंडों द्वारा वितरित आय पर 10 प्रतिशत की दर से टैक्स लगाने का प्रस्ताव।
- व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेशन टैक्स पर देय उपकर को मौजूदा 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत करने का प्रस्ताव।
- प्रत्यक्ष कर संग्रह में और अधिक दक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपसी संपर्क लगभग पूरी तरह समाप्त करने के लिए देश भर में ई-निर्धारण शुरू करने का प्रस्ताव।
- देश में और ज्यादा रोजगारों के सृजन को बढ़ावा देने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहनों के कलपुर्जों, फुटवियर और फर्नीचर में "मेक इन इंडिया" तथा घरेलू मूल्य संवर्धन को भी प्रोत्साहित करने के लिए सीमा शुल्क में फेरबदल करने का प्रस्ताव।

बजट में दिये गये इन प्रावधानों के आधार पर निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि आर्थिक जगत में आने वाले समय में भारत एक मजबूत आर्थिक आधार वाले राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी का ऐसा दूरगामी परिणाम लाने वाले बजट के लिए बधाई एवं आभार व्यक्त करता हूँ।

***श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत):** मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत सामान्य बजट का समर्थन करती हूं।

जब से मान्यवर प्रधानमंत्री श्री नरेद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में प्रजा द्वारा बहुमत से राष्ट्र के विकास की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एन.डी.ए को दी है तब से विरोध पक्ष के लोग सत्ता जाने के कारण जिस तरह से हरबराहट में सरकार के साथ साथ देश की आलोचना करने पर उतारू हो गये है। देश की सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष जिस तरह से सरकार को नीचा दिखाने के लिए देश की आलोचना कर रहे है। ऐसे वातावरण में जनता का वास्तविक धरातल पर विकासलक्षी सर्वोन्मुख बजट देने के लिये मान्यवर प्रधानमंत्री जी, वित्त मंत्री जी एवं सरकार अभिनंदन के अधिकारी हैं।

देश के विकास का सबसे बड़ा कोई पेरामीटर है तो वो है रोड कनेक्टिविटी, ट्रान्सपोर्टेशन की व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक स्थिरता इन सभी क्षेत्रों में वर्तमान सरकार के आने के बाद **दिन दौगुनी रात चौगुनी** तरक्की हुई है जिसे कोई अस्वीकार नहीं कर सकता। अगर गुजरात की बात करे तो अभी हुये चुनाव में राहुल जी द्वारा शायद अभी तक का इसी चुनाव में सबसे ज्यादा प्रवास किया गया। उसमें से महत्तम प्रवास रोड कनेक्टिविटी से हुआ। मैं उनसे पूछना चाहती हूं क्या कभी कांग्रेस के शासन में उनके पक्ष के किसी अध्यक्ष के द्वारा इतना सड़क मार्ग से प्रवास हुआ है ? जवाब ना में ही आयेगा क्योंकि पहले के समय में उनके कोई अध्यक्ष शायद ही गुजरात आते थे। और आते थे तो सुरत, अहमदाबाद, राजकोट, बरोडा को छोड़ कर शायद ही प्रवास करते थे। इसका मुख्य कारण यह है कि कांग्रेस के शासन में गुजरात में रोड कनेक्विटी ही नहीं थी यह सुविधा ये भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात में जब से शास संभाला तब से लाखों गांवों को जोड़ा गया है। मुझे लगता है इतना सारा प्रवास करने के बाद भी अगर वे यह कहते है कि विकास हुआ ही

* Speech was laid on the Table.

नहीं है तो यह जनता की आंखों पर पट्टी बांधने का काम करने का निऐफल प्रयास है, मैं ऐसा मानती हूं।

देश में स्वास्थ्य की हालत 2014 से पहले क्या थी और आज क्या है इसमें आसमान जमीन का फर्क जनता महसूस कर रही है। आयुष्मान भारत योजना से धरातल पर स्वस्थ भारत का निर्माण हो पायेगा। देश में आज कई परिवार ऐसे है जो खर्चें के कारण से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते है। इस योजना से वास्तव में अंतिम छोड पर बैठे व्यक्ति को भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। सरकार द्वारा अच्छी योजना बनते ही यह योजना कांग्रेस शासन में बनी थी कहने वाला विपक्ष इस योजना के क्रियान्वयन की जगह उसके बजट की चिंता करने लगा है। उससे साफ होता है कि इस योजना विरोध करने के लिए उने पास शब्द नहीं है। देश में टीबी के मरीज उनको प्रतिमाह 500 रुपये सरकार देने का वचन दे रही है। जिस से टीबी के मरीजों को राहत मिलने के साथ उनका स्वास्थ्य ठीक करने में भी बड़ी सहायता मिलेगी। देश में नई 24 मेडीकल कॉलेज खोली जायेगी जिससे हमें आरोग्य क्षेत्र में नया एवं महत्वकांक्षी युवावर्ग मिलेगा। जोकि स्वास्थ्य क्षेत्र में और दृढ़ता लायेगा। दूसरा क्षेत्र है शिक्षा। हमें जो शिक्षा व्यवस्था विरासत में मिली है उसे ठीक करते करते और भी समय एवं योजनाओं की आवश्यकता होगी परंतु सरकार ने सत्ता संभालने के बाद शिक्षा क्षेत्र को जिस तरह से प्राधान्य दिया है उससे शिक्षा को सर्वव्यापी बनाने में सहायता मिलेगी। कक्षा 1 से 12 तक कोमन शिक्षा नीति बनाने से विद्यार्थी एवं माता पिता की बड़ी चिंता का अंत होने वाला है। शिक्षा के लिये 4 साल में 1 लाख करोड रुपये का आबंटन किया गया है। जिससे क्रमशः सुधार आयेगा। हमे तो ऐसी विरासत मिली थी कि जहां स्कूलों में कांग्रेस की सरकारे स्कूलों में शिक्षक तो नहीं परंतु बच्चियों के लिये शौचालय एवं ब्लैकबोर्ड भी उपलब्ध नहीं करवा पाये थे। वर्तमान सरकार द्वारा ब्लेकबोर्ड से भी आगे चलते शिक्षा में टैक्नोलॉजी का महत्तम उपयोग हो और टैक्नोलॉजी के द्वारा महत्तम विस्तारों तक शिक्षा पहुंचे इसकी व्यवस्था के बारे में योजना लोगों के सामने रखी गई है। 13 लाख से ज्यादा शिक्षकों को ट्रेनिंग, डीजीटल पोर्टल को प्रोत्साहन देने के लिए स्कुलों में डीजीटल बोर्ड, वनवासी विस्तारों

में एकलव्य स्कुल बनाना, इन्स्टीटयुट ऑफ एमीनन्स, बडौदा में रेलवे युनिवर्सिटी, आई,आई,टी, और एन,आई,टी में 16 नये प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर स्कूल, एकीकृत बी.एड. कार्यक्रम यह ऐसी योजनाएं हैं जिससे वास्तव में शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण सिद्धियां हासिल की जा सकती है।

जीएसटी के बारे में जनता को काफी गुमराह किया गया। सरकार को जनता विरोधी चित्रित करने के लिए एवं व्यापारियों को गुमराह करने के लिए आंदोलन करने के लिये सभी प्रकार के योग्य-अयोग्य चालबाजियां की गई । मेरे मतक्षेत्र सूरत में सरकारी एवं निजी संपत्ति का काफी नुकसान पहुंचाने का षडयंत्र किया गया परंतु वर्तमान विधानसभा चुनाव मे सूरत में जहां 12 विधानसभा मत क्षेत्र है और जहां से पूरे देश एवं विदेशों में लाखों की संख्या में व्यापारी व्यापार करते है उस सूरत शहर में 12 के 12 मत क्षेत्र में भारी बहुमत से लोगो ने भाजपा को जिताया महिलाओं के सम्मान के लिए सिर्फ हवाई किले दिखाने वाली सरकारों को जनता ने देखा है। परंतु वर्तमान सरकार द्वारा कथनी और करनी के माध्यम से देश में वास्तव में सम्मान प्राप्त हो, ऐसी योजनायें बनायी गइप एवं उन्हें वास्तव में क्रियान्वित किया गया है। फिर वो शौचालय बनाना हो जिससे महिलाओं के सम्मान के स्वास्थ्य एवं परिवार का सम्मान भी जुडा हुआ है, स्वच्छ भारत हो, आज तक महिलाओं को लकड़ी के चुल्हे पर खाना बनाना पड़ता था उस परिस्थिति में उनके स्वास्थ्य पर भी असर होता था और पर्यावरण को भी नुकसान होता था अभी तक करोड़ो महिलाओं को उज्जवला योजना के माध्यम से मुक्त गेस कनेक्शन दिया गया । जिससे 8 करोड़ मुक्त एल.पी.जी कनेक्शन वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। मैं मानती हूं जिससे वास्तव में 8 करोड़ परिवारों को लाभ मिलने वाला है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में वर्तमान सरकार द्वारा जो योजनाये लोगों के सामने रखी गई है उन योजनाओं का देश के भविष्य पर, स्वास्थ्य पर, समृद्धि पर सकारात्मक असर होने वाला है। ई.पी.एफ. में महिला कर्मचारी का शेयर कम करने से संगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की भागीदारी बढाने में एवं हर माह सेलरी में कुछ न कुछ ज्यादा पैसे घर ले जाने में भी मदद मिलेगी । मुद्रा योजना में अविरत सबसे ज्यादा शायद महिला उद्यमियों की संख्या है। जो महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बहुत बड़ा कदम है।

स्वास्थ्यलक्षी, जनतालक्षी, विकासलक्षी, महिलाओं के सम्मान की दिशा में ठोस कदम उठाने वाला बजट है। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र भाई मोदी, वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी एवं पूरी सरकार को बधाई देती हूँ एवं बजट का समर्थन करती हूं।

***श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा):** मैं वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी द्वारा पेश किए गए आम बजट का समर्थन करती हूं।

कम की गई है। किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाये जाने के लिए कई योजनाओं को कठोरता से लागू किया है। आपरेशन फ्लड की तर्ज पर आपरेशन ग्रीन शुरू करने की योजना है जिससे किसानों को सभी सुविधाओं के प्रबंधन को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों ने खाद्यान्न और फल-सब्जियों का रिकार्ड उत्पादन कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने किसानों के कल्याण हेतु इस बजट में काफी अधिक निधि का प्रावधान किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाओं, किसानों को मिलने वाली सभी सब्सिडी सीधे किसानों के खाते में जा रही है। किसानों के हित में बहुत से लाभकारी निर्णय लिए गये हैं। देश का कल्याण किसानों के समृद्ध होने पर ही संभव है, रोजी-रोटी कृषि और संबद्ध कार्यकलापों और ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं के सृजन के लिए बजट में पिछले वर्ष के मुकाबले और अधिक निधि का प्रावधान किया है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जिलावार रणनीति शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के साथ शिक्षा का अधिकार अधिनियम मे संशोधन किया है। सभी मौसम में प्रयोग में लायी जाने वाली सड़क अवसंरचना से युक्त सभी पात्र निवास स्थानों को जोड़ने का काम काफी हद तक पूरा कर दिया है। गामीण निवास स्थानों को कृषि एवं ग्रामीण बाजारों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा अस्पतालों से जोड़ने के लिए विस्तृत योजना बनायी है। देश को भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए बिचौलियों की भूमिका समाप्त की गयी है। देश में बेरोजगारों को रोजगार देने हेतु प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, महिलाओं के कल्याण और सम्मान के लिए विशेष कर मुस्लिम महिलाओं का सम्मान कई दशकों राजनीति लाभ-हानि का बंधा रहा। महिलाओं को मुक्ति दिलाने के लिए तलाक के संबंध में एक विधेयक लोक सभा द्वारा पारित किया जा चुका है इस विधेयक के कानून बनने पर मुस्लिम बहन-बेटियां भी आत्मसम्मान के साथ भयमुक्त जीवन जी सकेंगी। बेटियों के साथ भेदभाव खत्म करने हेतु बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना शुरू की गयी है योजना को देश के 161 जिले से बढ़ाकर 640 जिलों तक कर दिया गया है। तथा सरकार ने महिला प्रसूति कानून में बदलाव करके बहुत बढ़ा कदम उठाया है। महिलाओं को वेतन सहित 12 सप्ताह की छुट्टी की जगह 26 सप्ताह की छुट्टी देने का प्रावधान किया गया है। सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र के

बिना राजनीतिक लोकतंत्र स्थायी नहीं हो सकता कमजोर वर्गों के लिए समर्पित सरकार, संविधान में निहित इसी मूल भावना पर चलते हुए देश में सामाजिक न्याय तथा आर्थिक लोकतंत्र को सशक्त करने और आम नागरिक के जीवन को आसान बनाने के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं की गरिमा और सामाजिक न्याय के एहसास के लिए शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है। गरीब महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की सुविधा देकर सम्पन्न महिलाओं से बराबरी करने का अवसर दिया है। देश में स्वच्छता मिशन में हम सब भागीदार है। आज हमारा देश विश्व में सफलता की कहानी का संदेश दे रहा है। आयुष्मान भारत के तहत नये भारत का निर्माण करेंगे, जिससे देश के सभी वर्ग विशेष कर गरीब वर्ग पूरी तरह खुशहाल होगा। व्यवसाय के लिए ईज आफ डूइंग बिजनेस के लिए व्यावसायिक सुधारों 372 विशिष्ट कार्यक्रमों की पहचान की है।

मेरे संसदीय क्षेत्र जौनपुर के चहुंमुखी विकास हेतु मेरी सरकार के कई विभागों से जनहित के कई प्रस्ताव लंबित हैं जिन्हें मैं कई बार पत्रों के माध्यम एवं मंत्री महोदय के साथ बैठक में अवगत करा चुका हूं। जौनपुर में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए केद्रीय विद्यालय खोलने तथा सभी ग्रामों को लिंक सड़क मार्ग से जोड़ने , किसानों की सभी समस्याओं का निदान करने, देश के सभी वर्ग विशेष कर गरीब एवं किसानों के कल्याण हेतु बनी सभी केंद्र तथा राज्य योजनाओं को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पारदर्शिता बरतने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य के लिए जौनपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की तर्ज पर एक अस्पताल खोलने एवं रेलवे स्टेशन उपरि पुल, रेलव संबंधी सभी प्रस्तावों को बजट 2018-2019 में प्रावधान किया जाए।

मैं एक बार पुनः माननीय वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए बजट 2018-2019 का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आम बजट पर हो रही चर्चा में भाग लेने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं समझता हूं कि माननीय वित्त मंत्री जी ने देश के सामने आने वाली चुनौतियों को गंभीरता से लिया है। सबसे चौंकाने वाली जो चुनौती देश के सामने आई है, वह यह है कि देश का 73 परसेंट सरमाया देश के एक परसेंट लोगों के पास चला गया। अमीर-अमीर हो गया है, और गरीब ज्यादा गरीब हो गया है। कल माननीय प्रधान मंत्री जी ने सदन के सामने जो तथ्य रखे हैं, वे भी बहुत चौंकाने वाले हैं कि 52 लाख करोड़ रुपया एनपीए हुआ। तीसरी सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि फिसकल डेफिसिट 6.6 परसेंट से कम करके 3.3 परसेंट लेकर आए हैं और इसे जीरो पर लेकर आना है। देश को जो विदेशी ताकतें डिस्टेबिलाइज कर रही हैं, उन्हें भी देखना है। सभी को रोजगार, सभी को घर, सभी को शिक्षा जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखा गया है। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि देश में 65 वर्षों से जो सैक्टर नज़रअंदाज किए गए थे, उन्हें प्राथमिकता दी गई है। बजट में किसान, गांव, गरीब की बात कही गई है।

उपाध्यक्ष महोदय, कहा जाता है और सच भी है कि देश की इकोनोमी की बैकबोन किसान हैं। यह भी सच है कि जब देश आजाद हुआ था, तब देश की जीडीपी में एग्रीकल्चर का कंट्रीब्यूशन 52 परसेंट था, जो आज 12 परसेंट रह गया है, जबकि देश के 70 परसेंट लोग कृषि पर निर्भर करते हैं। सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। माननीय वित्त मंत्री जी ने जो कदम इस दिशा में लिए हैं, वे बहुत सराहनीय हैं। बहुत समय से अकाली दल मांग करता आ रहा था कि जब एमएसपी तय करते हैं, तो लागत का डेढ़ गुना पैसा मिलना चाहिए। मैं वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने अपने बजट भाषण में विश्वास दिलाया है कि यह डेढ़ गुना होगा। मैं कहना चाहता हूं कि इस बारे में शंका हो रही है। जो फार्मूला A2+FL का है, इसकी जगह C-2 फार्मूला लागू होना चाहिए। जैसा डाक्टर रमेश चन्द्रा जी ने लैंड रेंट के लिए कहा था, मैं माननीय वित्त मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि 1.3 परसेंट रेंट काउंट होता है। सौ प्रतिशत लैंड रेंट काउंट होना चाहिए, तभी लागत का फार्मूला डेढ़ गुना देने का किसान का परपस हल होगा। 22 फसलों को एमएसपी में लिया जा

रहा है, मगर बासमती, आलू, प्याज आदि को भी शामिल करना चाहिए। एमएसपी के अंतर में व्यापारी या सरकार यदि कम दामों पर अनाज या सब्जी खरीदती है, उसकी भरपाई सेंटर और राज्य सरकारें करेंगी, यह बहुत अच्छी बात है। ये कुछ इनक्लाबी कदम उठाए गए हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि कुछ कदम और उठाने की आवश्यकता है। आज देश का किसान संकट में है। किसान सड़कों पर उतर आए हैं। किसानों को और ज्यादा सहूलियतें देने के लिए संसद का विशेष सत्र एक महीने के लिए बुलाया जाए और एग्रीकल्चर एक्सपर्ट और सांसद पार्टीबाजी से ऊपर उठकर अपने-अपने सुझाव दें। यह बहुत बड़ा सच है कि देश के नेताओं और राष्ट्रीय पार्टियों ने खेती संकट को संकट के रूप में माना ही नहीं है। स्पेशल सेशन बुलाकर व्यापक और कंप्रिहेंसिव एग्रीकल्चर पालिसी बनानी चाहिए। सरकार प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लेकर आई है, यह बहुत अच्छी है। यह योजना पहले भी थी, लेकिन उसमें बहुत कमियां थीं। उसमें ब्लॉक को ही इकाई मान लेते थे। इस बार प्रधान मंत्री जी जो फसल बीमा योजना लाए हैं, इसमें गांव को इकाई माना है, लेकिन पंजाब सरकार ने दो कारणों से इसे नहीं माना है। फसल की बुआई नहीं होती, तो उसका मुआवजा भी दे देते हैं। कभी फसल की बुआई हो जाती है, लेकिन फसल पैदा नहीं होती है, उसका मुआवजा मिलता है। पंजाब जैसे प्रदेश जमीन के नीचे से पानी निकालकर फसल की बुआई भी कर लेते हैं और फसल पैदा भी हो जाती है, लेकिन उन्हें कम्पंसेशन नहीं दिया जाता है। हम चाहते हैं कि गांव की जगह किसान को इकाई माना जाए, तब फसल बीमा योजना का उद्देश्य पूरा होगा। हरियाणा का सर्वे हुआ। वहां फसल बीमा योजना प्राइवेट कम्पनी को दे दी। 200 करोड़ रुपया प्राइवेट कम्पनियों ने फायदा ले लिया। किसानों को सिर्फ 20 करोड़ रुपया मिला। मेरा सुझाव है कि पब्लिक सैक्टर की कम्पनी फसल बीमा योजना को देखे। केंद्र सरकार को या राज्य सरकारों को निगम बनाने चाहिए। जैसे 200 करोड़ रुपया बचा है, वह प्राइज स्टैबलाइजेशन के लिए यूज हो सकता है। वित्त मंत्री जी ने बहुत अच्छी बात कही है कि हम लागतें कम करेंगे। यह बात ठीक है कि नीम कोटेड यूरिया ले आए हैं और मेक इन इंडिया में यूरिया बनाने के प्लांट शुरू किए। एनएफएल का कारखाना नांगल में है।

वहां इंफ्रास्ट्रक्चर है, उसका एक्सपैंक्शन होना चाहिए। उत्पादकता बढ़ाने के लिए लागत कम होनी चाहिए। पीएमजीएसवाई में 32 फुट की सड़कें नहीं होती हैं। उसमें सुधार करके उसे 22 फुट का किया जाना चाहिए। खेती की मशीनरी पर जीएसटी को एग्ज़म्ट करना चाहिए। प्रधान मंत्री योजना के तहत गरीबों को मकान दिए गए हैं, लेकिन पंजाब जैसे राज्य जहां कोई कच्चा मकान नहीं है, इस कारण से वहां के लोगों को पैसा नहीं मिलता है। मैं समझता हूं कि इसमे संशोधन किया जाना चाहिए। 6 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन दिए गए हैं, चार करोड़ लोगों को बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। जन-धन योजना में 31 करोड़ लोगों को फायदा हुआ है। ये सारी अच्छी बातें हैं। प्रधान मंत्री मुद्रा योजना के तहत चार करोड़ का टारगेट बढ़ाकर आठ करोड़ रुपये कर दिया गया है। मैं समझता हूं कि कम से कम एमपी को कॉन्फिडेंस में लेकर बैंक्स के लिए गाइडलाइन्स बनायी जानी चाहिए, क्योंकि इससे ज्यादा लाभ नहीं हो रहा है। एलईडी लाइट्स से 40 हजार करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। इसी तरह से, सीएसआर फण्ड की इनक्वायरी होनी चाहिए कि देश में कितने और कहां-कहां सीएसआर फण्ड का यूज़ हुआ है। मैं अभी कनक्लूड कर दूंगा। इसके अलावा पंजाब का बॉर्डर एरिया है। इस बार फण्ड दिया है, लेकिन और देने की जरूरत है। हिल स्टेशन्स को देते हैं। मेरे एरिया में हिल एरिया के साथ-साथ समतल एरिया की भी समान प्राब्लम है। कम से कम वहां के लिए तो सहूलियत और इंसेन्टिव्स दिए जाने चाहिए। विदेश मंत्रालय ने 90 हजार एनआरआईज़ को छुड़वाया है। मगर उनके लिए कई देशों में एक सेन्टर बनाने की जरूरत है। पंजाब से जो एक्सपोर्ट होता है, वह समुद्री रास्ते से ज्यादा होता है, सड़क से कम होता है। मेरी मांग है कि हुसैनीवाला में इंटीग्रेटिड चेक पोस्ट होने चाहिए। कार्गो सेन्टर मोहाली में होना चाहिए ताकि हम फल-सब्जियां दे सकें। एक बहुत जरूरी बात है कि हमारे गुरूद्वारों में फ्री लंगर दिया जाता है। उसमें जो वस्तुएं यूज़ होती हैं, उन पर जीएसटी लगता है। वित्त मंत्री जी कहते हैं कि जीएसटी माफ नहीं हो सकता है, लेकिन रीएम्बर्स तो हो सकता है।

HON. DEPUTY SPEAKER: Please sit down.

… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Whatever you are saying will not go on record.

… (*Interruptions*) *

* Not recorded.

***डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण):** आदरणीय वित्तमंत्री अरुण जेटली जी ने अपना पाँचवां और इस सरकार का आखिरी बजट 1 फरवरी को इस सदन में पेश किया, मैं उनको बधाई देना चाहता हूं।

किसानों, ग्रामीण इलाकों ओर गरीबों को राहत देने वाला बजट, ऐसा इसका वर्णन किया जा रहा है। लेकिन इसमें सच्चाई कितनी है और केवल नारेबाजी कितनी है, यह आंकड़े करीब से देखने के बाद ही पता चलेगा।

वित्तमंत्री जी ने किसान को क्रेडिट की बात बजट में कही है। पिछले वर्ष इसके लिए 10 लाख करोड़ का प्रावधान रखा था। इस बजट में उसमें 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, 11 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कागज पर तो यह बढ़ोतरी काबिले तारीफ है। मगर पिछले साल के आउटकम बजट में देखें तो पिछले साल के लक्ष्य के मुकाबले केवल 67 प्रतिशत लोन डिसबर्समेंट हुआ है और उसकी वजह से इस साल के बजट में जो प्रावधान किया गया है, क्या वाकई वह लक्ष्य पूरा होगा, उसको लेकर मन में संदेह होता है।

आज भी, करीब 25 प्रतिशत एग्रीकल्चरल क्रेडिट निजी साहूकार के माध्यम से आ रहा है। कर्जे को लेकर किसान आत्महत्या कर रहे हैं, उसका कारण यह है कि निजी साहूकारों के चंगुल से निकलना मुमकीन ही नहीं हो पाता। ऐसे में इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट बढ़े इसके लिए यह जरूरी हैं कि सरकार बजट में जो लक्ष्य रखे, उसको पूरा किया जाए। लेकिन ऐसा होते नहीं दिख रहा। सरकार बार-बार सन 2022 तक किसानों की आय दुगुना करने की बात कर रही है और इसी के चलते अगले खरीफ सीजन में मिनिमम सपोर्ट प्राइस लागत मूलय से 50 प्रतिशत ज्यादा देने की घोषणा वित्त मंत्री जी ने की है। साथ ही रबी उपज के लिए इस सरकार ने लागत से 50 प्रतिशत से ज्यादा एमएसपी देने का वादा पहले ही पूरा किया है, यह भी घोषणा कर डाली। मुझे बड़ा अचरज होता है अगर वाकई किसानों को लागत से 50 प्रतिशत से ज्यादा एमएसपी मिल रहा है तो

* Speech was laid on the Table.

बेचारे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं। 12 हजार से ज्यादा किसान हर साल अपना जीवन समाप्त कर रहे हैं और यह मेरा आंकड़ा नहीं है। सरकार ने खुद सुप्रीम कोर्ट में इस बात को माना है। स्वामीनाथन कमीशन किसानों को लागत मूल्य से 50 प्रतिशत ज्यादा एमएसपी देने की सिफारिश की थी। बीजेपी ने इसे चुनाव का मुद्दा बनाया था और अपने इलेक्शन मैनिफेस्टो में भी किसानों से वादा किया था। लेकिन फिर फरवरी 2015 में सुप्रीम कोर्ट में केद्र सरकार ने इस बात को नकार दिया। अब ऐसा क्या हो गया कि सरकार की सोच में परिवर्तन आ गया, यह बात तो वित्त मंत्री जी ही जानते हैं। लेकिन अब चूंकि बजट के माध्यम से वित्त मंत्री जी ने यह बात रखी है तो सवाल यह उठता है कि लागत मूल्य का निर्धारण कैसे किया जाएगा ? स्वामीनाथन कमीशन ने वेटेड एवरेज की बात की थी। सी 2 प्लस 50 प्रतिशत फॉर्मूले की सिफारिश की थी... देशभर के किसानों की भी यही मांग है। लेकिन वित्त मंत्री जी ने स्वामीनाथन कमीशन का नाम भी बजट स्पीच में नहीं लिया... अगर सरकार लागत मूल्य से 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी देने के मामले में वाकई गंभीर है, तो स्वामीनाथन कमीशन ने जो फॉर्मूला दिया है, क्या उसको स्वीकार किया जाएगा ? यह बात बजट से स्पऐट नहीं होती... वित्त मंत्री जी ने इस बात का कुछ भी जिक्र बजट डॉक्युमेंट में नहीं किया है। ना तो इसके लिए कोई प्रावधान रखा गया है और रबी के उपज के मामले कॉस्ट प्लस 50 प्रतिशत एमएसपी देने का जो दावा वित्त मंत्री जी ने किया है, उसका आधार ए2+ एफएल+ 50% है... इस फार्मूले से तो यूपीए सरकार भी एमएसपी देती थी। इसमें कोई नई बात नहीं है। इस सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की कोई वजह इसमें नहीं है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जो सन् 2016-17 में 30 प्रतिशत कवरेज से शुरू हुई थी, तब उसके लिए प्रावधान था 13 हजार 240 करोड़ रुपए.... 2018-19 में यह कवरेज 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का उद्देश्य है, लेकिन इसके लिए प्रावधान मात्र 13 हजार करोड़ रुपए का ही रखा गया है। इसकी वजह से, क्या सरकार वाकई परिस्थिति में बदलाव लाने को लेकर गंभीर है, या केवल बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने में ही रूचि रखती है, यह सवाल सभी के मन में है।

हेल्थ सेक्टर को लेकर हमारा घटता निवेश यह चिंता का कारण है... मैं लगातार हेल्थ सेक्टर में सार्वजनिक निवेश बढ़ाने की मांग करता आया हूं। हिन्दुस्तान का हेल्थ में निवेश एज ए परसेंटेज टू जीडीपी बहुत कम है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को मिला के देखें तो जीडीपी से 4 प्रतिशत से भी कम मात्रा में हम हेल्थ सेक्टर में निवेश कर रहे हैं...सार्वजनिक क्षेत्र का हिस्सा डेढ़ प्रतिशत से भी कम है। नेशनल हेल्थ पॉलिसी 2017 में यह हिस्सा सन 2025 तक 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन बजट में उसका कोई रिफ्लेक्शन नहीं दिखता है। हेल्थ सेक्टर में निवेश बढाने का मतलबल है बड़े पैमाने पर हेल्थ इफ्रास्ट्रक्चर और मैनपॉवर खड़ा करना। इसको लेकर बजट में क्या प्रावधान रखा गया है ? वित्त मंत्री जी ने पूरे देश भर में डेढ़ लाख हेल्थ अँड वेलनेस सेंटर शुरू करने की बात की... लेकिन यह घोषणा कुछ नई नहीं है। चालू आर्थिक वर्ष में 4 हजार सब सेंटर्स और प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स को हेल्थ अँड वेलनेस सेंटर के रूप में अपग्रेड करने का सरकार का लक्ष्य है... उसके तहत 3 हजार 871 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रस्तावों को मान्यता दी गई है।

इस साल केवल आंकड़ा बढ़ाने का काम किया गया है लेकिन इसके लिए कितना पैसा लगेगा, इस आर्थिक वर्ष में कितने वेलनेस सेंटर शुरू किए जाएंगे , उसके लिए कितना प्रावधान रखा है, डेढ़ लाख सेंटर शुरू करने की टाइम लाइन क्या होगी, इस का कोई जिक्र ना तो वित्त मंत्री के भाषण में था, ना तो बजट डॉक्यूमेंट में है। वह बात राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की है। इसका स्वरूप बदल कर पांच लाख रुपए तक के इलाज के लिए बीमा कवर देने की घोषणा वित्त मंत्री जी ने की....यह घोषणा भी नई नहीं है... सन 2016 के बजट में वित्त मंत्री जी ने 1 लाख तक इंश्योरेंस कवर की घोषणा की थी.... लेकिन वह योजना शुरू ही नहीं हुई... पिछले साल के बजट में तो इसका जिक्र तक नहीं किया गया था। अब नए योजना के तहत 10 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। जब 1 लाख तक का मेडिक्लेम कवर सरकार ना दे सकी, तो पांच लाख तक का मेडिक्लेम कवर कहां से देगी... उसके लिए पैसा कहां से आएगा... कब तक यह योजना लागू होगी, इसका कोई जिक्र बजट में नहीं है....1 लाख रुपए के मेडिक्लेम योजना के लिए बजट में

15 हजार करोड़ का प्रावधान रखा गया था, जब की अब नए स्कीम के लिए मात्र दो हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है... इस योजना की भी कोई टाइमलाइन अब तक तय नहीं हुई है। बजट के बाद सरकार राज्यों से कंसल्टेशन शुरू करेगी... उसके बाद प्रारूप तय होगा... आगे की सब प्रोसिजर होगी। इसमें बहुत समय जाएगा... और मेरे अनुमान से अगले चुनावों से पहले सरकार इस योजना को लांच करेगी, जिसकी इम्प्लिमेंटेशन का जिम्मा शायद अगली सरकार पर आन पड़े। सरकार की नीयत पर ही संदेह निर्माण करनेवाली यह बात है।

नीति आयोग कहती है कि इसके लिए 10 हजार से 12 हजार करोड़ रुप्ए लगेंगे। लेकिन वित्त मंत्रालय के तहत जो नेशनल इंस्टिटय़ूट ऑफ पब्लिक फायनान्स अंड पॉलिसी यह थिंक टैंक है, उसके मुताबिक इस योजना के लिए प्रति वर्ष 1 लाख करोड़ रुपए की जरूरत है और वित्त मंत्री जी ने बजट में केवल 2000 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। सवाल यह है कि किसका अनुमान सही माना जाए। इस थिंक टैंक में वित्त मंत्रालय और आरबीआई के सदस्य भी हैं... विजय केलकर जैसे नामचीन अर्थशास्त्री इसके चेअरमैन हैं। थिंक टैंक की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस योजना से हेल्थ इंश्यूरेंस के मामले में राज्यों को जो स्वायत्ता दी गई है वह खत्म हो जाएगी। यह गंभीर बात है। गौरतलब मुद्दा यह भी है कि इस योजना का लाभ अंततः किसे मिलेगा। सरकार प्रीमियम पर पैसा खर्च करेगी.. जो जनता की जेब से ही आएगा। यह पैसा सरकारी बीमा कंपनियों के साथ-साथ निजी कंपनियों को भी मिलेगा और इन कंपनियों द्वारा अंततः यह पैसा प्राइवेट अस्पतालों को मिलेगा... मतलब जनता के जेब से निकाल कर निजी अस्पतालों की जेब भरने की यह व्यवस्था है। तो क्या सरकार इस योजना की आड़ में आरोग्य व्यवस्था के निजीकरण को बढ़ावा दे रही है? नीति आयोग ने तो पहले ही आरोग्य व्यवस्था के निजीकरण की पहल की हैं। जिसके तहत डिस्ट्रिक्ट अस्पतालों का कुछ हिस्सा 30 साल के लीज पर प्रावइवेट हॉस्पिटल को देना और शहरों में 50 से 100 बेड तक का अस्पताल बनाने के लिए सरकारी जमीन देने जैसे प्रस्तावों का समावेश है। अमेरिका के ओबामा केअर से इस सो कॉल्ड मोदीकेअर की तुलना कुछ लोग कर रहे हैं। अमेरिका में सार्वजनिक आरोग्य व्यवस्था

लगभग न के बराबर हैं लेकिन भारत में ऐसी परिस्थिति नहीं है तो सार्वजनिक आरोग्य व्यवस्था सक्षम करने के बजाए वही पैसा इस योजना के माध्यम से निजी क्षेत्र को देना अनुचित होगा... मेरा यह मानना है कि सरकार को नेशनल हेल्थ पॉलिसी के तहत सार्वनिक क्षेत्र में निवेश करना अनिवार्य है। पिछले बजट में वित्तमंत्री जी ने हर साल पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर्स की 5 हजार सीट्स बढ़ाने की बात की थी। आउटकम बजट में सन् 2017-18 में 5800 सीटों का निर्माण हुआ ऐसे बताया गया है। अब सन् 2018-19 की बजट में इस कार्य के लिए 452 करोड़ का प्रावधान किया गया है लेकिन 2018-19 का जो आउटकम बजट है, उसमें मात्र 1058 सीटों का जिक्र है। 2018-19 के लिए इतना कम लक्ष्य क्यूं रखा गया है? हिन्दुस्तान में आज डॉक्टरःपेशंट रेश्यो 1:2000 है, जबकि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन का मापदंउ 1:1000 है। इसका मतलब हमें डॉक्टरों की संख्या दुगुनी करने की जरूरत है। उसके लिए टाइमबांउड प्रोग्राम चाहिए। लेकिन इस बात को पूरी तरह से इस बजट में नजर अंदाज किया गया है। पिछले साल के बजट से डिस्ट्रिक्ट अस्पतालों को अपग्रेड करके वहां मेडिकल कॉलेज शुरू करने की बात सरकार कर रही है। पिछले साल इस कार्य के लिए 3300 करोड़ रुपए का प्रावधान था, लेकिन इस साल इस में कटौती होकर यह आंकड़ा 2 हजार आठसौ सतासी करोड़ पर आ गया है। 24 डिस्ट्रिक्ट अस्पतालों को अपग्रेड करके वहां मेडिकल कॉलेज शुरू करने की बात वित्त मंत्री जी ने की है। लेकिन चौकाने वाली बात यह है कि पिछले साल कितने मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए इसका जिक्र 2017-18 के आउटकम बजट में नहीं है, ना तो 2018-19 के आउटकम बजट में आगे के लिए कोई लक्ष्य रखा गया है। तो अन्य सारी बातों के जैसे यह बात भी केवल हवा में रह जाएगी ऐसा डर स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होता है। नेशनलन हेल्थ मिशन के तहत किया जाने वाला प्रावधान भी इस साल कम किया गया है। हेल्थ के मामले में हम उलटी दिशा में जा रहे हैं, यह खेद के साथ कहना पड़ रहा है। हेल्थ इज वेल्थ यह हम बचपन से सुनते आ रहे हैं। लेकिन शायद इस सरकार का इस बात पर भरोसा नहीं है। रेलवे मामले में भी मुम्बई के उपनगरी लोकल से सफर करने वाले करीब 80 लाख यात्रियों पर अन्याय किया गया है। मुम्बई के उपनगरी लोकल

से सफर करना मानो जैसे सीमा पर जाकर लड़ने के बराबर हो गया है। सुबह जब घर से कोई व्यक्ति काम पर निकलता है तो घरवालों को यह पता नहीं होता कि वह श्याम को जिंदा लौटेगा भी या नहीं। प्रतिदिन औसत 15 लोगों की जान जा रही है। चलती ट्रेन से गिरकर, गाड़ी का धक्का लगकर, गाड़ी पकड़ते हुए गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच फंसकर, भीड़ से भरे पुलों पर स्टपेड से, ऐसे कई कारणों से लोगों की जान जा रही है।

हाल ही में मुम्बई में एलिफिन्स्टन रोड स्टेशन के पुलपर भगदड़ मचकर 24 लोगों की मौत हो गई... घटना के बाद रेल मंत्री खुद वहां गए थे। ऐसी घटनाओं की वजह से लोगों में काफी गुस्सा है... इस घटना के बाद रेलवे ने उपनगरी स्थानकों का सर्वेक्षण किया और कई एफओबीज बांधने की घोषणा भी की। बजट में नई एफओबीज के प्रस्तावों का एस्टिमेट है 450 करोड़... लेकिन प्रावधान है सिर्फ 82 करोड़ का.... मुम्बई उपनगरी यात्रियों के साथ बरसों से यही होता आ रहा है। एमयूटीपी 1 और एमयूटीपी 2 के तहत कई सालों से प्रोजेक्ट के काम चल रहे हैं। लेकिन कभी भी पूरी तरह से बजेटरी सपोर्ट न मिलने के कारण यह काम पिछले 10-15 वर्षों से चल रहे हैं। अब इस साल इन दोनों चरणों को मिलाकर 700 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उसके लिए मैं वित्त मंत्री जी का शुक्रगुजार हूं। लेकिन मुम्बई सबअर्बन रेल की आवश्यकता के मद्देनजर यह काफी कम है। ऐसे में तो और कई साल लग जाएंगे। एमयूटीपी 3ए के तहत एमआरवीसी ने करीब 55 हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव बजट के लिए भेजे.... जिनमें सबसे अहम प्रस्ताव है कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिस्टम प्रणाली का।

इस प्रणाली से लोकल गाड़ियों की फ्रीक्वेंसी डबल हो जाएगी... अब जहां एक घंटे में 15 गाड़ियां चलती हैं, वही 30 गाड़ियां चलेंगी। यह प्रोजेक्ट वॉर फुटिंग पर हाथ में लेने की जरूरत है। लेकिन पूरे एमयूटीपी 3ए के लिए बजट में प्रावधान कितना रखा गया? मात्र 1 करोड़ रुपए। वित्त मंत्री जी, मुम्बई उपनगरी यात्रियों को अगर आप दिलासा नहीं दे सकते तो कम से कम उनकी जख्मों पर नमक छिड़कने का काम तो मत कीजिए। उपनगरी रेलवे पर महिला सुरक्षा एक काफी

बड़ा विऐय बन गया है। उसके लिए आए दिन लोकल गाड़ियों में सीसीटीवी कैमरे बिठाने की बात कही जाती है। इस प्रस्ताव को बजट में जगह मिली है, यह देखकर मन को संतोष तो हुआ, लेकिन 10 हजार 349 डिब्बों में सीसीटीवी लगाने के लिए वित्त मंत्री जी ने मात्र एक हजार रुपए का प्रावधान किया है। इसका मतलब यह काम करना तो है, लेकिन इसका महत्व इतना भी नहीं की उसे प्रॉयरिटी दी जाए। ऐसी कई सारी बाते में गिना सकता हूं। कोचेस की सेफ्टी को लेकर भी काफी सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में, केवल 15 दिनों के अंतराल में दो लोकल गाड़ियों में आग लग गई। ईश्वर की कृपा थी कि कोई जान की नहीं हुई।

लेकिन उपनगरी रेलपर कई गाड़ियों के कोचेस की एक्सपायरी डेट खत्म हो चुकी है। वही दूसरी ओर कैग ने 2016 की अपने रिपोर्ट में यह स्पऐट रूप में कहा है कि जोनल रेलवेज के लिए जो 373 नए कोचेस खरीदे गए, उनमें से डेढ़ सौ कोचेस का इस्तेमाल शुरू ही नहीं किया गया... 168 कोचेस काफी विलंब के बाद सर्विस में उतारे गए और 35 कोचेस मुख्य सुरक्षा आयुक्त के परमिशन के बिनाही सेवा में उतारे गए। इससे रेलवे का 736 करोड़ का नुकसान हुआ... ऊपर से 80 करोड़ की आय पर पानी छोड़ना पड़ा... और साथ ही यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का काम हो रहाहै।

पैसेंजर अमिनिटीज के लिए कागज पर तो वित्त मंत्री जी ने 900 करोड़ का प्रावधान किया है... मगर उस में से 700 करोड़ रुपए स्टेशन रीडेवलपमेंट के लिए रेलवे का हिस्सा है, जो की एक्सट्रा बजेटरी रिसोर्स से आएगा....मतलब असलियत में पैसेंजर अमिनिटीज के लिए मात्र 200 करोड़ का प्रावधान रखा गया है तो यह आंकड़ों की भूलभुलैया यही इस साल के बजट की सबसे बड़ी खासियत कही जा सकती है।

पर्सनल इनकम टैक्स के बारे में वित्तमंत्री कह रहे हें कि 5 टके टैक्स दुनिया में कही नहीं है। मैं मानता हूं... लेकिन स्लैब बढ़ाने की मांग हो रही थी, जो फिलहाल अढ़ाई लाख रुपए है। वित्त मंत्री जी को याद होगा कि वह जब खुद अपोजिशन में थे, तब उन्होनं यह स्लैब 5 लाख तक बढ़ाने

की मांग की थी। अब उनके हाथ चार साल का अवसर था, लेकिन उन्हों ने यह स्लैब नहीं बढ़ाई तो किसान हो, मध्यमवर्ग हो, रेल यात्री हो, हेल्थ सेक्टर हो... कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं जहां पर कोई ढांचागत बदलाव इस बजट के माध्यम से देखने को मिला है। मेरी वित्तमंत्री जी से यही गुजारिश है कि हेल्थ सेक्टर में सरकार का निवेश बढ़ाने के संबंध में वह कदम उठाए, निजी आरोग्य व्यवस्था हमारे देशवासियों के लिए मुमकीन नहीं है। सार्वजनिक आरोग्य व्यवस्था का मजबूत करना यही एक उपाय है। साथ ही मुम्बई उपनगरी रेल की समस्याएं हल करने के संबंध में और ज्यादा प्रावधान करने की गुजारिश करता हूं।

धन्यवाद।

*SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Many of our Hon. Members have made great speeches on the annual Budget 2018-19. While the treasury benches are hailing it as the greatest budget in the history of independent India, there are so many criticisms on the budget within and outside this August House. A quick glance on the highlights of the budget will reveal that it is not a pro- poor budget, rather the one which is beneficial to the corporate houses.

Anyway I am not going to focus on all these issues as it has been discussed a lot. So far there is no serious discussion on the annual budget 2018-19 in respect of the SC/ST population in India. Hence I would like to highlight few points regarding the Scheduled Caste Component and Scheduled Tribe Component in the budget.

According to the Census 2011, there are 16.6% belongs to SC and 8.6% belongs to ST in India. Allocation under Sheduled Caste Component and Scheduled Tribe Component should be in proportion to the population.

Dalits and Adivasis are communities who are subjected to historical marginalisation resulting in denial of their due share in economic resources, developmental benefits and basic entitlements necessary for a decent living. Caste based discrimination, ethnicity, social exclusion perpetuated by the upper class as a result of which they fare the poorest on all socio- economic indicators vis-a-vis structural impediments. They find it difficult in accessing developmental benefits.

* Speech was laid on the Table.

Our Hon. Prime Minister and the present bunch of Hon. Members from ruling party always find fascination in criticising our first Prime Minister and the person who laid a strong base for modern India, Jawaharlal Nehru and the Iron Lady who has started revolutionary schemes for the development of SC/ST. But please note that it is they who have drawn up the schemes for the development of the SC/ST to bring them to the mainstream considering the inadequacies of that time. The ideas and aspirations of Dr. Baba Saheb Ambedkar for the development of Dalits and Adivasis were taken by them and put it into practice in the form of schemes.

As a step towards addressing the increasing inequalities between SC/ST and other dominant class, Shrimati Indira Gandhi during the fifth Five Year Plan (1974-75) introduced the policy of Tribal Sub Plan (TSP) and Special Component Plan (SCP) in the Sixth Five Year Plan (1979-80). SCSP/ TSP has been formulated as a mechanism for allocating development plan fund for SCs and STs across Central Ministries and all departments in the State in proportion to the SC/ST population. Allocations under these plans were mandated to be in proportion to the population.

As the present NDA Government finds it as a fashion to change the name of the schemes or changing the style and not the content. In the FY 2017-18, the Government merged the Plan and Non-Plan components of the Budget. Further the SCSP- TSP was renamed as Schemes for the Welfare of Scheduled Castes and Schemes for the welfare of Scheduled Tribes respectively.

How much allotment for the SCC and STC was made in 2018-19 budget. Annual Budget 2018-19 allocated 6.55% towards welfare of SCs from the total eligible Centrally Sponsored Schemes and Central Sector Scheme. This is 10.50% short of approximately 16.6% of SC population in the country, to maintain proportionate allocation.

Union Budget 2018-19 allocated 4.53% towards Welfare of STs from the total eligible Centrally Sponsored Schemes and Central Sector Schemes. This is 4.07% short of approximately 8.6% in terms of ST population, to maintain proportionate allocation. The Government is yet to issue guidelines towards allocation of proportionate resources towards the development of SCs and STs in the changed scenario.

Only 31 out of 279 schemes meant for SCs and 52 out of 305 schemes of ST are appropriate, accessible and available directly to Dalits and Adivasis. Due to paucity of time, I am not venturing into its details.

None of the schemes meant for SCs and STs have inbuilt accountability mechanisms making accessibility difficult. Only 23 new appropriate schemes introduced for SCs and STs. 8 of the important schemes for SC/ STs are severely under funded. A total of Rs. 2700 crore is being allocated under STC for Ministry of Road Transport and Highways which is totally inappropriate. Is it going to benefit only SC/ ST. How many of them have vehicles to run in these NH. This is a farce in the name of Dalits and Adivasis.

There are 14 schemes with allocation amounting to Rs. 8002.65 Crore are obsolete and notional schemes. The notional schemes are only in paper.

It never reaches the targeted population. It is not directly benefiting to the Dalits and Adivasis. Many of the schemes are not directing towards SCs to take them out of poverty line or reduce the gap between and other communities. It is also seen that schemes developed by many ministries and departments are more in the nature of welfare and not oriented towards economic mobility, skill development , land purchase, employment or enterprise development which would directly enhance the living standards of the SCs.

The total Budget Estimate for 2018-19 is Rs. 24,42,213.30 cr, out of that the total outlay for eligible Centrally Sponsored and Central Sector Schemes amounts to Rs. 8,63,944 cr. For SC and ST the due allocation amount to Rs. 1,43,414.74 Cr and Rs. 74,299.20 Cr respectively. The allocation, however, for SCC and STC is Rs. 56,619 Cr and Rs. 39,135 Cr respectively. Examining this further, the targeted schemes under SCC amounts to only Rs. 28,697.74 Cr and under STC amounts to Rs. 19,623 cr. The total gap in schemes for SC is Rs. 1,14,717 Cr and for ST is Rs. 54676 cr. This amounts to a sizeable proportion, for which schemes have to be innovated that is relevant for bridging the gap between SC/ST and others.

The outcome and output framework is an important way of analysing the budget from the SC and ST perspective. Budget outcome means a set of impacts that a budgetary allocation has on the wider society or economy. Budget outputs, on the other hand, are the number of people who have been able to access public entitlements through a particular scheme or programme.

Most of the time, the Budget analysts pay more attention to Budget inputs and nature of allocations and output and outcome analysis doesn't receive the attention it deserves. One of the main reasons behind ignoring output and outcome results in the Budget analysis is that there has been very less transparency in the way in which schemes are designed and planned at the policy level.

As a result, there is less importance given at the final outcome and output of any particular given scheme. At the same time, there is also less understanding about the difference between "outcome" and "output" within the budget technicality. Keeping this in mind, NCDHR have analysed the outcomes and outputs of 233 schemes implemented by 26 different Ministries and Departments under the SCC and 273 schemes under the 32 Ministries and Departments under the STC for FY 2017-18. It is striking that except for 33 schemes implemented under the SCC rest of the 206 schemes don't take into account any of the priorities or needs of SC community at the planning and the outcome level. Similarly, 227 schemes out of 273 schemes implemented under the STC don't even mention ST communities in their outcome document.

Secondly, there is more focus on the output part as compared to overall outcome which means schemes are mostly designed to achieve quantitative targets and overlook the development gaps arising from social inequalities based on caste discrimination and geographical isolation of SC and ST communities respectively.

Under Education Schemes the budget 2018-19, has allocated Rs. 3000 Cr under SCC and Rs. 1586 Cr under STC towards Post Metric Scholarship scheme for SCs and STs. This is a key scheme to ensure access to education by the students from the community.

In response to questions raised by MPs in the recent session of the Parliament more than Rs. 8000 Cr were outstanding in all states due to inadequacy of funds. 51,03243 SC and 20,33,741 ST student across the country are facing many difficulties and challenges due to pending/ outstanding fund of more than Rs. 8000 cr and Rs. 3156 cr to SC and ST students by the Union Government to the State Governments over last three consecutive years. Resulting in discontent among students, increasing drop outs and many are even debarred from private institutions. Hence, I strongly urge the Government to enhance the funds to clear all the outstanding bills and to cater to the needs of this fiscal year.

Similarly, in LAND RELATED SCHEMES, the official data shows that SCs are landless or marginal landholders and the trend continues even today. According to NSSO data for 2009-10, 92.1% of SCs in rural areas are landless or own landholding of one hectare or less followed by 76.5% ST households. This has forced SCs into casual and agricultural or non-agricultural labours, constituting according to NSSO (2012) data, 59% amongst SCs and 46.5% amongst STs.

According to the Economic Survey 2018-19, there was a substantial increase in the number of women performing various roles in the agricultural

sector alluding to a 'feminisation of agriculture'. Keeping these recommendations in mind, the budget should have made adequately to ensure enhanced access to resources. Unfortunately, the budget fails to mention and acknowledge the realities of SC-ST women agriculture labourers and landowners.

Allocation in the year 2018-19, towards land related schemes amount to Rs. 415.17 Cr under SCC and Rs. 250.10 Cr under STC. All these schemes are silent on ownership patterns and needs of SC-ST agricultural labour and are non- direct in nature.

The centuries old manual scavenging is another grave area which was forgetted in the Budget to address sufficiently. Those engaged in manual scavenging are given one time compensation, with little to no efforts being made towards ensuring access to decent livelihoods by those engaged in manual scavenging. Rs. 20 Cr were allocated in the Union Budget 2018-19 towards the rehabilitation of manual scavengers. The allocation under the National Safai Karamchari Finance Development Corporation has been reduced from Rs. 45 Crs to 30 Crs. This is hardly sufficient to achieve the objective of abolition of manual scavenging in this country. Is this empowering Dalits? How far they have to wait for the mercy of Government? Or shall they continue to carry the SHIT on the their shoulders? This is atrocities.

Atrocities/ Crime against SCs have increased by 5.5% in 2016 (40,801) over 2015 (38,670). Atrocities/ Crime against STs have increased by 4.7% in

2016 (6,568) over 2015 (6,276). Robustly, enforce and implement the amended SCs and STs (PoA) Act 1989 and Rules 1995 with sufficient budget/ funds for establishing mandatory Exclusive Special Courts with proper infrastructure, sufficient human resource and Special Public Prosecutors in 445 districts, where exclusive special courts are not established. Out of 640 districts, 2011 census, only 195 exclusive special courts have been established in 14 States. For the establishment of special courts allotment are required.

The NCDHR's Union Budget analysis reveals that 'gender sensitive' nature of Economic Survey did not translate into budgetary allocations for Women with miniscule amounts for SC and ST women. Allocations under GBS constitutes 4.99% of the total Budget Expenditure, while those for SC and ST women forms only 1.03% of the total Gender Budget Statement (henceforth GBS) 14 which amounts to Rs. 121961.32 cr. Specific allocations for SC and ST women, under MSJE 15 and MoTA respectively, amounts to 0.53% and 0.49% of the GBS respectively. While allocation towards welfare of ST women saw an increase of 0.04%, those towards SC remained the same.

The Budget analysis show that there is an increased gap in allocation for SCC and STC of Rs. 1,06,831 Cr. from 2017-18 to Rs. 1,69,393 Cr. in 2018-19.

Out of the allocated amount for SCC and STC only Rs. 48,321 Cr are targeted schemes, the rest Rs. 47,432 Cr have no relevance nor are accessible by the community for its development.

The special components for SCs and STs have been visionary but the purpose remains defeated due to gross under allocations, notional and general allocations along with unspent amount.

Post merger of Plan and Non- Plan and restructuring of schemes the planning and allocations for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes development has totally been neglected. In the absence of clear guidelines, accounTable mechanisms and participation of SC and ST communities in the scheme design, planning the objectives of SCC and STC are in a situation to be defeated.

Some urgent actions are required to resolve the problem arise out of merger of Plan and non-plan component. The policy of allocation of funds is hanging loose post- merger of Plan- Non Plan. This must be legislated and machinery should be established not only to bridging the gap but for ensuring financial inclusion.

The newly MIS systems for SCC and STC shows that there is a huge unspent balances of Rs. 20478.62 Cr under SCC and Rs. 7131.28 Cr under STC. In order to tide over this situation I request Government to set up a non-lapsable pool of SCC and STC funds must be created. This unspent money must be deposited and plan must be designed to implement new schemes, which will be directly beneficial for SC and ST population.

Immediate steps need to be taken by Ministry of Social Justice and Empowerment and Ministry of Tribal Affairs, which are the nodal Ministries for implementation of SCC and STC respectively to ensure that all the required Ministries, allocate and implement stipulated percentage of funds in the component schemes. Strict measures must be taken against the defaulting Ministries and Departments.

Many Departments and Ministries have made notional allocations without exclusive schemes benefitting the SCs and STs. The general schemes should revise their guidelines for creating special provisions and tailor made projects for the development of SCs and STs.

An independent authority/ commission chaired by the Cabinet Secretary/ Chief Secretary should be created for the progression of SC and STs with necessary administrative, executive and accountability mechanisms to monitor SCC and STC up to the district level. Otherwise, the funds will not reach the beneficiary.

As our great visionary leader Dr. Baba Saheb Ambedkar ji has pointed out, education is the key to the progress of the Dalits and Adivasis. It is possible only through budget support from Union Government. There is a huge deficit of funds for Post Metric Scholarship amounting to more than Rs. 8000 Cr for SC's and Rs. 3000 Cr for ST's, even though was due, due to under- allocation of funds, should be immediately allocated and deficit be cleared for lakhs of SC and ST students.

Further, I urge upon Government to take action to set up Special Courts for speedy trial of castes related to Dalit and Adivasi community. Increased compensation amount to be given to victims of case and ethnicity based atrocities.

*DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR) :India is one of the few countries where the Government's annual Budget is the equivalent of a national event, and this is not without reason! It is a large democracy with an absolutely free- political system, unlike many developing country peers; this makes its Budget one of the easiest policy tools to get passed through. With India now featuring amongst the eight economies worldwide that have a $2 trillion plus nominal GDP, its budget has implications for the global economy as well.

This Budget's tone was reasonably populist and for good reason too! India's Finance Minister recommended better minimum support prices (MSP) for certain agri- produce, apart from strengthening crop insurance. Non-agriculture rural occupations like fisheries and animal husbandry also received incentives. A mass-scale health insurance scheme was announced for the poor, covering up to Rs. 0.5 million. Gas connections were to be given to poor women. Socially- backward communities were allocated outlays in education, etc. Roads and highways would see a continued push, as would irrigation. It also hiked the custom- duty on gold and silver and certain manufactured products, lowered the corporate tax- rate on smaller companies, amongst other steps. Most of these initiatives have impact on the poor as well as the rural. This move sorely needed, both economically and politically.

These two segments have been largely left out of India's two- decade-old economic story, which has been relatively skewed towards certain

* Speech was laid on the Table.

educated demographics in urban clusters. In a country where income inequality has grown with GDP since the 1990s economic reforms, swathes of population have been left behind. A Credit Suisse report said the Top-1% in India control nearly 60% of its wealth, up from 36% in 2000. Demonetisation highlighted further how income inequality and the imperative to make the growth story more inclusive have become political economy challenges. Indians have votes, but not all have incomes, jobs and opportunities; and the two cannot be long left apart! As impatience increasingly overpowers aspiration amongst these segments of the populace, there was a need to incentivize them.

Better MSPs and crop insurance would help protect rural incomes, while incentivizing non- agriculture occupations would help diversify rural incomes. Better rural incomes would benefit all those businesses who sell to rural consumers. Moreover, a shift in India's agriculture output mix from food-grains to horticulture can hit the demand- supply equation for key grains, which is typically consumed more in rural lifestyles. All in all, while an improvement in rural incomes was needed, there was a need to ensure it does not entirely flow for consumption, but some of it also flows into saving and investment. That would protect their future purchasing power as well, and not just current consumption. India needs more incentives to expand retail financial services and microfinance networks across all rural districts that can mobilize this investment. While financial inclusion has been a policy of the Government, it

should have received more emphasis in the Budget to complement its push towards rural incomes.

Health insurance and gas connections should help improve the overall health and well- being of people, and help improve productivity. Access to education to socially deprived sections should help add to the workforce. The Budget's continued focus to invest in infrastructure like roads and highways, as well as irrigation, should help in job- creation to some extent.

The Budget gave a corporate tax incentive for smaller companies, which expands their retained earnings and their ability to invest more into future hiring.

- 22,000 rural haats to be developed and upgraded into Gramin Agricultural Markets to protect the interests of 86% small and marginal farmers.
- Two New Funds of Rs. 10,000 crore announced for Fisheries and Animal Husbandry sectors; Re- structured National Bamboo Mission gets Rs. 1290 crore.
- Higher targets for Ujjwala, Saubhagya and Swachh Mission to cater to lower and middle class in providing free LPG connections, electricity and toilets.
- 100 per cent deduction proposed to companies registered as Farmer producer Companies with an annual turnover upto Rs. 100

crore on profit derived from such activities, for five years from 2018-19.

- Loans to Women Self Help Groups will increase to Rs. 75,000 crore in 2019 and 42,500 crore last year.
- TDS not required to be deducted under Section 194 A. Benefit also available for interest from all fixed deposit schemes and recurring deposit schemes.
- Exemption of interest income on deposits with banks and post offices to be increased from Rs. 10,000 to Rs. 50,000.
- Standard Deduction of Rs. 40,000 in place of present exemption for transport allowance and reimbursement of miscellaneous medical expenses 2.5 crore salaried employees and pensioners to benefit.

श्री अभिषेक सिंह (राजनंदगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, यह मेरा सौभाग्य है कि 21वीं सदी के इस 18वें बजट की चर्चा में मुझे भाग लेने का मौका मिला है। मैं तहेदिल से आपका अभिनंदन करता हूं और धन्यवाद देता हूं।

महोदय, यह बजट इस देश के 125 करोड़ लोगों के सुनहरे भविष्य को साकार करने वाला है। यह बजट इस देश के गरीबों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देने वाला है। यह बजट इस देश के दीन-दुखियों की चिंता को दूर करने वाला बजट है। यह बजट महिलाओं को सम्मान और शक्ति प्रदान करने वाला बजट है। युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार की दिशा देने वाला, किसानों को उनकी मेहनत का यथोचित सम्मान देने वाला, 50 करोड़ गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को स्वास्थ्य की चिंता से मुक्त करने वाला, भारत माता को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने वाला यह बजट है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी का बहुत-बहुत स्वागत और अभिनंदन करता हूं।

महोदय, आज इस देश के 125 करोड़ देशवासी न सिर्फ अपने सुनहरे भविष्य का सपना खुली आंखों से देख रहे हैं, बल्कि इस सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2018 का बजट प्रस्तुत होने के बाद से चर्चा हो रही है। मैं देख रहा हूं कि विपक्षी दल के मित्रों में एक हाहाकार –सा मच गया है। एक ओर पूरे देश की जनता इस बजट को लेकर जय-जयकार कर रही है, वहीं दूसरी ओ विपक्षी दल पर हाहाकार मचा हुआ है। उन्हें चिंता सता रही है कि दस करोड़ परिवारों को 50 करोड़ लोगों के लिए 5-5 लाख रुपये के इलाज की व्यवस्था यह सरकार कैसे कर पाएगी।

उन्हें समझ नहीं आ रहा है। इस बात को देश की जनता ने वर्ष 2014 के चुनाव में ही समझ लिया था और इसीलिए आज उन्हें वहां बैठाने का निर्णय वर्ष 2014 के चुनाव में देश की जनता ने किया है।

महोदय, इन्हें यह भरोसा नहीं हो पा रहा है कि कैसे इस देश की सरकार किसानों की लागत मूल्य का डेढ़ गुना, उनकी फसल के रूप में भुगतान करेगी। इन्हें भरोसा तब भी नहीं हुआ

था, जब माननीय प्रधान मंत्री जी ने नोटबंदी, डिमॉनिटाइजेशन और उसके बाद जीएसटी जैसा अद्भुत क्रान्तिकारी निर्णय लिया था। लेकिन इस देश की जनता का भरोसा इस सरकार के साथ, देश हित में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा लिए गए निर्णयों के साथ रहा है और लगातार चाहे राज्यों के चुनावों के परिणाम हों, सफलतापूर्वक जीएसटी को स्वीकार करना, डिमॉनिटाइजेशन के बाद इस देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से आगे बढ़ना, उसका एक बहुत बड़ा प्रमाण है। हमारी नीतियां आपको समझ में न आएं, यह बात हमको समझ में आती है। हमारी नीतियों को आप न समझें और भरोसा न करें, यह बात भी हमको समझ में आती है। आप हमारी नीतियों की आलोचना करें, लोकतंत्र ने आपको यह अधिकार दिया है। हमारी नीतियों में सुधार करने के लिए कुछ सुझाव हों, हम आपके उन सुझावों का सम्मान करते हैं, लेकिन इस देश के लाखों-करोड़ों गरीब परिवार के लोग, जो कहीं ठेले पर चाय बेचकर, कहीं पकौड़ा बेचकर और कहीं पोहा बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। यदि उसकी मेहनत का आपने मखौल उड़ाया है, तो यह देश उस बात को स्वीकार नहीं करेगा। आप भूले नहीं होंगे कि वर्ष 2014 के चुनाव में एक चाय बेचने वाले का मजाक उड़ाया तो इस देश ने आपको 44 सीटों पर सिमटा कर रख दिया था। आज आपने एक पकौड़े बेचने वाले की मेहनत का मखौल उड़ाया है। आने वाले समय में यह देश इस बात का जवाब देगा और मुझे भरोसा है कि आपका पकौड़े वाला मजाक आपको 5 सीटों पर सिमटा दे, तो इस देश को आश्चर्य नहीं होगा।

महोदय, इस देश के लगभग हर राज्य में और मुझे लगता है कि इस देश के हर सांसद की कॉन्स्टीट्युएंसी में ऐसे किसानों के उदाहरण मिलते हैं, जहां लोगों ने बहुत गरीब परिस्थितयों में ठेले पर व पान की गुमटी पर अपने परिवार का पालन-पोषण करने की शुरूआत की और धीरे-धीरे उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा ने न सिर्फ उनके परिवार को आर्थिक रूप से सम्पन्न किया, बल्कि आज वे अपने छोटे से काम को बड़ा सा विस्तार देकर एक बिजनेस का काम कर रहे हैं। वे 10-10, 50-50 और 100-100 लोगों को नौकरी देने का काम कर रहे हैं। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने इस देश में ऐसी नीतियां

बनायीं, जिन नीतियों ने उन युवाओं और उन गरीब परिवार के लोगों की मेहनत को समझकर, चाहे मुद्रा लोन हो, स्टैण्ड अप इण्डिया, स्किल इण्डिया और अन्य योजनाओं के माध्यम से दो ऐसी परिस्थितियों का निर्माण किया कि इस देश में रहने वाला एक गरीब व्यक्ति भी यह सपना देख सके कि यदि वह आगे बढ़कर मेहनत करना चाहता है तो भविष्य में उसकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकती है। वह नौकरी की कतार में खड़ा व्यक्ति नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला व्यक्ति बन सकता है। मैं इस देश के प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री जी की सोच का सम्मान करता हूं।

मैं उदाहरण देना चाहता हूं, जिस प्रदेश से मैं आता हूं, जिस लोक सभा क्षेत्र से मैं आता हूं, हमारे राजनंदगाँव जिले में एक गठुला गाँव हैं, जहां आज से कई साल पहले टीकम साहू नामक व्यक्ति ने एक ठेले पर पान की दुकान और चाय बेचना शुरू किया। बाद में उसने पोहा बेचना शुरू किया और आज वह अपनी दुकान के माध्यम से 10-15-20 लोगों को रोजगार दे रहा है और शहर से दूर-दूर से लोग उसके पोहे का आनंद लेने आते हैं। उसको अपने काम पर गर्व है।

महोदय, रायपुर में कहीं दूर से आकर साहू पोहा-जलेबी सेंटर की शुरूआत साहू जी ने की है। अपने परिवार के 8 लोगों की जिम्मेदारी निभाते हुए अपनी लगन से आज उसे एक फैमिली बिजनेस का विस्तार दिया है।

ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहाँ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति इस बात का सपना लेकर आगे बढ़ा है कि मैं अपनी मेहनत से, अपनी प्रतिभा से इस समाज और इस देश के लिए कोई बड़ा योगदान कर सकता हूँ।

महोदय, कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता। उस काम को करने वाला भाव, उस काम को करने वाले उस व्यक्ति की सोच, उस काम को करने वाले उस व्यक्ति की मेहनत और प्रतिभा यह निर्धारित करती है कि आने वाले समय में वह कितना आगे जा सकता है। यह छोटा देखने वाला आपका दृष्टिकोण हो सकता है, यह आपके दृष्टिकोण और मानसिकता का परिचायक है जो आपने पकौड़ा बेचने वाले का मजाक उड़ाया है। जहाँ तक मानसिकता की बात आती है, मुझे अचानक ध्यान आता है, इस देश के तमाम राजनीतिक शास्त्र के विद्वान, इस देश के तमाम समाज शास्त्र के

विद्वान यह बात मानते हैं कि यदि किसी सरकार के पास सबसे कठिन कोई चुनौती होती है तो वह होती है देश की मानसिकता में परिवर्तन करने की चेष्टा। मुझे खुशी है कि हमारी सरकार ने, हमारे प्रधान मंत्री जी ने ऐसी नीतियाँ बनाई हैं, जो इस देश की मानसिकता को परिवर्तित करते हुए एक बेहतर भारत की कल्पना की ओर लेकर जा रही हैं।

महोदय, जब हम सरकार की योजनाओं को सिर्फ सरकारी योजना न समझकर जन आन्दोलन के रूप में लोगों के बीच लेकर जाते हैं तो उसका कितना सुखद परिणाम होता है, मैं इस सदन के सदस्यों के सामने उस बात को रखना चाहता हूँ। स्वच्छ भारत मिशन, जिसकी शुरूआत माननीय प्रधान मंत्री जी ने नारी सम्मान के एक महत्वपूर्ण विषय को लेकर की। उज्ज्वला योजना, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं को लाभ दिया गया है। उज्ज्वला योजना सिर्फ गैस सिलेंडर में सब्सिडी के माध्यम से गैस सिलेंडर की योजना नहीं है। मैं अपने लोक सभा क्षेत्र राजनंदगांव और कबीर धाम जिले की बात बताना चाहता हूँ। जिन महिलाओं को दिनभर कम से कम 6 घंटे लगते थे लकड़ी बीनने में, दिन में दो बार का खाना बनाने में, चूल्हा जलाने में, आज उन महिलाओं की मेहनत में कमी आयी है और काफी कम समय में वे गैस सिलेंडर के माध्यम से अपने परिवार का खाना बना लेती हैं। आप सब को जानकर खुशी होगी कि इस बाकी समय का उपयोग वे कैसे कर रही हैं, महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह बनाया। उन्होंने गाँव में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से छोटी -छोटी बचत की। उन्होंने लघु और कुटीर उद्योग, चाहे आम का अचार बनाना हो, चाहे पापड बनाना हो, उनको बनाकर मार्केट में बेचना शुरू किया। आज वे महिलाएं इस देश की आर्थिक उन्नति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। यही नहीं, इस देश की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक उन्नति में भी अग्रणी भूमिका निभायी है। उसका उदाहरण यह है कि जब स्वच्छ भारत मिशन के तहत माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस देश से आवाहन किया कि महिलाओं के सम्मान में इस देश के हर घर में शौचालय होना चाहिए। राजनंदगांव में श्रीमती फूल बासन यादव जी का एक महिला समूह माँ बम्लेश्वरी महिला समूह है, जिसमें लाखों महिलाएं जुड़ी हैं,

उन्होंने यह निर्णय किया कि हम अपनी स्वयं की प्रेरणा से बिना सरकारी मदद के अपने घर में शौचालय बनायेंगे और जो सरकारी मदद आ रही है, उसका उपयोग गाँव के विकास में करेंगे।

महोदय, ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जब माननीय प्रधान मंत्री जी छत्तीसगढ़ आये थे। 104 वर्ष की कुंवरबाई, जिन्होंने अपने घर में शौचालय का निर्माण करने के लिए अपने पशुधन को बेचने का निर्णय किया था, स्वयं श्रीमान प्रधान मंत्री जी ने उनके चरण स्पर्श कर उनका सम्मान किया था। मैं आज इस सदन के माध्यम से उनके प्रति अपना अभिनन्दन व्यक्त करना चाहता हूँ।

महोदय, आज एक कल्पना है देश के लोगों में कि हमारा आने वाले समय का गाँव कैसा होगा। किसानों को उनकी लागत मूल्य का डेढ़ गुना दाम मिले। यदि उन्हें बाजार में अपना माल बेचना है, तो उनके गाँव के नजदीक जो एग्रीकल्चर ग्रामीण मार्केट बन रहे हैं, वहाँ जाकर वे अपना उत्पाद बेच सकते हैं। एक नया भारत, जो न सिर्फ इस सरकार की नीतियों के आधार पर बल्कि इस देश के 125 करोड़ लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को लेकर आगे बढ़ रहा है और उस भारत के निर्माण में इस देश का गरीब, इस देश का युवा, इस देश की महिलाएं अग्रणी भूमिका निभायें, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं बहुत-बहुत अभिनन्दन करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूँ। धन्यवाद।

श्री तेज प्रताप सिंह यादव (मैनपुरी): माननीय उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे इस आम बजट वर्ष 2018-19 की चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

उपाध्यक्षजी, पहले महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण और उसके बाद सरकार की तरफ से बजट भाषण पेश किया गया। दोनों ही भाषण इस देश के आम व्यक्ति के मन में कोई ठोस उम्मीद जगाते नहीं दिख रहे हैं और केवल एक कोरा आश्वासन साबित हो रहा है। अगर हम प्रथम दृष्टया इस बजट को देखें तो यह बजट कम और आगामी चुनाव के लिए घोषणा-पत्र अधिक प्रतीत होता है।

महोदय, अगर हम अर्थव्यवस्था की बात करें,तो वर्ष 2015-16 में जी.डी.पी. की ग्रोथ 8 प्रतिशत थी, वर्ष 2016-17 में यह घटकर 7.1 प्रतिशत हुई और वर्ष 2017-18 में यह 6.5 प्रतिशत रही। इस सरकार के कार्यकाल में जी.डी.पी. में लगातार गिरावट हो रही है। कल भारतीय जनता पार्टी के एक माननीय सदस्य बड़े दावे कर रहे थे कि हमारे देश ने अमेरिका और चीन को पछाड़ने का काम किया है। ये आंकड़े उनकी बात को झूठा साबित कर रहे हैं।

तीन सालों में सरकार ने विकास के जो बड़े-बड़े दावे किए, वे भी खोखले साबित हो गए हैं और लग रहा है कि विकास कहीं गुमशुदा हो चुका है। राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करने में भी यह सरकार पिछले तीन सालों में नाकाम रही है।

महोदय, अगर हम आयकर की बात करें तो टैक्स को लेकर मध्यम वर्ग के लोगों को इस सरकार से बड़ी उम्मीद थी कि शायद टैक्स स्लैब को बढ़ाया जाएगा और टैक्स एग्जेम्प्शंस में छूट मिलेगी। लेकिन, मध्यम वर्ग के लोगों को भी निराशा हाथ लगी है। जहां एक तरफ 40,000 रुपये का स्टैण्डर्ड डिडक्शन किया, वहीं दूसरी तरफ सैस को तीन प्रतिशत से बढ़ाकर चार प्रतिशत कर दिया गया। सरकार ने एक हाथ से पैसे डाले और दूसरी तरफ से मध्यम वर्ग की जेब से पैसे निकालने का काम किया है।

जहां यह बजट मध्यम वर्ग के लोगों के लिए निराशा लेकर आया है, वहीं कॉर्पोरेट्स के लिए इस सरकार ने टैक्स में पांच प्रतिशत की छूट भी दी है। इससे सरकार की मंशा जाहिर होती है कि यह सरकार सिर्फ कॉर्पोरेट हितैषी है और किसान व मध्य वर्ग इसके एजेंडे में नहीं हैं।

सरकार ने लौंग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को 10 प्रतिशत कर दिया। इसका असर यह हुआ कि सेंसेक्स पिछले चार दिनों में 1700 पॉइंट नीचे गिरा और इस वजह से इंवेस्टर्स के काफी पैसे डूब गए। सेंसेक्स में ऐसी गिरावट इस बात को भी दर्शाती है कि बाजार ने भी सरकार के इस बजट को सिरे से खारिज कर दिया।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने अभी दावोस में अपने भाषण में दावा किया था कि कुछ देश प्रोटैक्शनिस्ट पॉलिसी लागू करके अन्य देशों को व्यापार करने से रोक रहे हैं, लेकिन खुद सरकार ने अपने बजट में 45 वस्तुओं पर इम्पोर्ट ड्यूटी को बढ़ाकर मेक-इन-इंडिया प्रोग्राम को प्रोटेक्ट-इन-इंडिया प्रोग्राम में तब्दील करने का काम किया है।

यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में जब पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी होती थी, तो हमारे बीजेपी के नेताओं ने उस समय बहुत बड़ा आंदोलन और संघर्ष किया। लेकिन, आज जब वे सत्ता में हैं, तो पेट्रोल और डीजल के दाम आये-दिन बढ़ रहे हैं और हम लोगों को यह बात मालूम नहीं पड़ती कि किस दिन पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ते हैं । पिछले चार सालों में आज पेट्रोल का दाम अपने अधिकतम मूल्य पर है।

अभी हाल ही में एक इंटरनेशनल सर्वे में इस बात को दर्शाया गया कि भारत में एक प्रतिशत लोगों के पास देश की 73 प्रतिशत सम्पत्ति है। पिछले चार सालों में अमीर और गरीब के बीच की खाई और बढ़ी है।

महोदय, हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। पिछले चार सालों में, जब से मैं इस सदन का सदस्य हूं, उस समय से शायद ही कोई ऐसा सत्र रहा होगा, जिसमें किसानों की समस्याओं का, उनकी बदहाली का, उनकी परेशानियों का जिक्र न हुआ हो। चाहे वह ओलावृष्टि का मामला हो, बाढ़ का हो, सूखे का हो, किसी न किसी मुद्दे पर किसानों की बात इस सदन में हुई। लेकिन, चार

सालों के बाद भी किसान की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस सरकार में किसानों के लिए कोई सुधार नहीं हुआ। चूंकि यह चुनावी साल है और सरकार को किसानों की याद आई और अब सरकार एम.एस.पी. देने की बात कर रही है। सरकार इस बात को भली-भाँति जानती है कि अगर इस देश का किसान अपना मन बना लेगा तो किसी भी सरकार को पलटने का माद्दा यह किसान रखता है।

साल 2016-17 में गेहूँ की लागत प्रति क्विंटल 2,345 रुपये थी, मगर सरकार ने इसका एम.एस.पी. मात्र 1525 रुपये दिया। सरकार ने दावा किया है कि देश में फसल का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और किसान सरकार की प्राथमिकता है।

महोदय, रिकार्ड उत्पादन के बाद भी किसानों द्वारा लगातार आत्महत्या करना एवं अपनी फसलों को सड़क पर फेंकना इस बात को दर्शाता है कि सरकार किसानों को सिर्फ कोरे आश्वासन ही देती आ रही है।

महोदय, मैं जिस संसदीय क्षेत्र से आता हूँ, वहाँ किसान आलू की बहुतायत मात्रा में खेती करते हैं, चाहे वह फिरोजाबाद हो, आगरा हो, अलीगढ़ हो, फरूखाबाद हो, कन्नौज हो या मैनपुरी हो, वहाँ के किसान आलू की खेती बड़ी मात्रा में करते हैं। सब्जियों के राजा कहे जाने वाले 'आलू' का भी इस सरकार में बुरा हाल है। किसान के आलू की एक पैकेट की लागत कीमत लगभग ढ़ाई या तीन सौ रुपये के बीच में आती है। पिछले दो सालों से उनको अपनी लगात का मूल्य भी बाजार से नहीं मिल पा रहा है। सरकार से मेरी माँग है कि किसानों के लिए आलू का ऐसा एमएसपी देने का वादा करें, जिससे उसे कुछ राहत मिले।

महोदय, जब उत्तर प्रदेश में किसानों ने अपने आलू की फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने के विरोध में विधान सभा एवं मुख्यमंत्री आवास के सामने आलू फेंका, तो उत्तर प्रदेश सरकार ने उन किसानों को पकड़कर उनके साथ ऐसा व्यवहार किया, जैसे वे किसान न हों, बल्कि आतंकवादी हों। बड़ी-बड़ी धाराओं में उनके ऊपर मुकदमा लगाकर जेल भेजने का काम उत्तर प्रदेश सरकार ने किया।

महोदय, इस बजट में सिंचाई के लिए कोई विशेष प्रबंध नहीं किया गया है। सिंचाई के पानी के अभाव में महाराष्ट्र के विदर्भ, बुदेंलखंड एवं मराठवाड़ा क्षेत्र की जो दुर्गति है, वह आप सभी के सामने है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दो गुनी करने की बात कही है, लेकिन जिस हिसाब से अभी सरकार काम कर रही है और किसानों के लिए सरकार की जो योजना है, मुझे नहीं लगता है कि सरकार ऐसा कोई काम वर्ष 2022 तक कर पाएगी।

महोदय, स्वास्थ्य के लिए जीडीपी का मात्र 0.3 पर्सेंट हिस्सा हेल्थ के लिए एलोकेट किया गया है। माननीय प्रधान मंत्री जी एक बड़ी योजना लेकर आए हैं, जिसमें 10 करोड़लोगोंको, जिसमें प्रति परिवार पाँच लोग होंगे, पाँच लाख रुपये तक की राशि इलाज के लिए देने का वादा किया गया है। लेकिन इसके विपरीत इस बजट में केवल 2 हजार करोड़ रुपये का एलोकेशन उस योजना के तहत किया गया है जो काफी कम है। इस योजना के लिए बहुत पैसा चाहिए था। सरकार ने अभी तक यह नहीं बताया है कि उन परिवारों को कैसे चिन्हित करेगी, उनका प्रीमियम कौन भरेगा? यह योजना आम आदमी से ज्यादा प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों को अधिक फायदा देने के लिए बनायी गई लगती है।

महोदय, शिक्षा के मामले में बहुत कम बजट का प्रावधान किया गया है। बजट में शिक्षा का जो हिस्सा होना चाहिए था, वह पिछले सालों से लगातार गिर रहा है। माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा था कि सिविल ऐविएशन में ऐसी योजना लेकर आने वाले हैं कि हवाई चप्पल वाले भी हवाई जहाज में यात्रा करेंगे। लेकिन सरकार की यह बात भी हवा-हवाई साबित हो रही है। इस बजट में 6602 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें 4469 करोड़ रुपये केवल दो वीआईपी प्लेन खरीदने के लिए खर्च किए जाएंगे, सरकार ने ऐसा अपने बजट में बताया है।

महोदय, पिछले कुछ सालों में इस देश में अल्पसंख्यकों एवं दलितों के ऊपर जो अत्याचार की घटनाएँ बढ़ी हैं, वह भी आप सभी के सामने हैं। सरकार द्वारा जो दिया गया आँकड़ा है, उसमें वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में, जहाँ भाजपा की सरकार है, सबसे अधिक सांप्रदायिक घटनाएँ हुईं। इन घटनाओं से देश के अल्पसंख्यक एवं दलित वर्ग अपने आपको महफूज़ महसूस नहीं कर पा रहे

हैं। सरकार ने हज़ सब्सिडी को भी वापस लेने का निर्णय लिया, लेकिन जब मैंने इस मामले में प्रश्न किया कि आप जो हज़ सब्सिडी वापस ले रहे हैं, उसके पैसे का क्या उपयोग करेंगे तो सरकार ने इस पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया।

महोदय, इस देश की सुरक्षा पर खर्च होने वाले पैसे को भी सरकार ने इस बार कम किया है। वर्ष 1962 के बाद सबसे कम एलोकेशन डिफेंस को इस बजट में दिया गया है। जब एनडीए की सरकार सत्ता में आयी थी, तब देश को आश्वस्त किया गया था कि हम दुश्मन देशों को मुँहतोड़ जवाब देंगे, लेकिन पिछले कुछ समय से सीज़फायर की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है और हमारे सेना के जवान आए दिन शहीद हो रहे हैं। आज देश के ऊपर दो तरफा हमला हो रहा है, एक तरफ जहाँ पाकिस्तान है, वहीं दूसरी तरफ चाइना भी लगातार हमारी सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा है। ऐसे समय में बजट में किए गए कटौती से सेना के मनोबल एवं उनकी तैयारियों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

महोदय, आज प्रधान मंत्री जी रोजगार की बात करते हैं, लेकिन देश रोजगार रहित आर्थिक विकास से जूझ रहा है और इस बात से हम सभी लोग भली भाँति परिचित हैं। देश की आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा 35 साल से कम उम्र के युवा हैं, जो रोजगार के लिए प्रयासरत हैं। नोटबंदी के बाद जो लोग अपना छोटा-मोटा व्यापार करके खुद रोजगार प्राप्त करते थे एवं पाँच-दस अन्य लोगों को भी रोजगार देते थे, उनका रोजगार भी चौपट हो गया है और वे लोग बेरोजगारी की लाइन में खुद खड़े हो गए हैं।

महोदय, बेरोजगारी का आलम यह है कि आज जिस नौकरी के लिए योग्यता 12वीं या बीए पास है, उस नौकरी के लिए पीएचडी होल्डर हजारों की संख्या में अप्लाई कर रहे हैं। सरकार कौशल विकास की बात करती है, लेकिन आवंटित बजट का पूरा हिस्सा भी खर्च कर पाने में असमर्थ रही है। सरकार ने बेरोजगारी दूर करने के लिए पकौड़ा योजना लाने की बात कही है, वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के नोयडा में दो दिन पहले सरकार के ऑफिसरों ने पकौड़ा बेचने वालों को हटाने का काम किया है। यह सरकार की मंशा के बिल्कुल विपरीत था।

महोदय, इस सरकार ने रेल बजट के विराट और भव्यता को भी कम करने का काम किया। देश का आम आदमी साल भर इंतजार करता था कि रेल का बजट आएगा और बहुत सी उम्मीदें उसको रेल बजट से होती थीं। नई ट्रेनों की जहां घोषणा होती थी, वहां किराये में घटौती का भी इंतजार देश का आम आदमी करता था। सरकार ने रेल बजट को समाप्त करके मात्र एक पैराग्राफ में सीमित करके रख दिया है। सरकार रेलवे की सुरक्षा की बात करती है, लेकिन हकीकत यह है कि आज रेलवे में अभी भी 2 लाख 20 हजार रिक्तियां हैं, जिसमें से 1 लाख 40 हजार रिक्तियां केवल रेलवे के सुरक्षा विभाग में हैं।

माननीय मंत्री ने बजट में पुन: बुलेट ट्रेन की चर्चा की। यह अच्छी बात है कि बुलेट ट्रेन लाने की बात हो रही है, लेकिन बुलेट ट्रेन से पहले हमारी प्राथमिकता वर्तमान में रेलवे की जो स्थिति है, उसको बेहतर कराने की होनी चाहिए। आज जो ट्रेन 70-80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलती हैं, वे भी आए दिन डीरेल होती जा रही हैं और कई दुर्घटनायें हमें पिछले कुछ सालों में देखने को मिली हैं। आज जो सबसे बड़ी समस्या रेलवे के सामने है, वह प्रोजेक्ट डिले की है। कई प्रोजेक्ट समय पर कंप्लीट नहीं हो पा रहे हैं। समय में देरी होने के कारण प्रोजेक्ट की कॉस्ट भी लगातार बढ़ती जा रही है।

महोदय, देश की जनता ने एक बड़ा जनमत एनडीए को दिया था। एनडीए के पास समय था कि देश को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए वह प्रयासरत रहे, लेकिन जनता की उम्मीदों पर अभी तक खरा उतरने में यह सरकार नाकाम रही है। यह बजट किसान विरोधी, नौजवान विरोधी, गांव, ग्रामीण विरोधी है, मध्यम वर्ग विरोधी है। यहां तक कि एनडीए के घटक दल जो चार साल से इस बात का इंतजार कर रहे थे कि उनके लिए स्पेशल पैकेज मिलेगा। आज हमारे टीडीपी के साथी, आंध्रा के साथी लगातार चार दिन से वेल में खड़े होकर प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं। उनकी भी मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। मैं समझता हूं कि यह बजट पूरी तरह से किसान विरोधी और नौजवान विरोधी है।

* **SHRI P.C. GADDIGOUDAR (BAGALKOT):** I congratulate the Hon. Prime Minister and Finance Minister Shri Arjun Jaitley for presenting a very good Budget to the over- all development of the nation with focus on fulfilling the dreams of every section including the poor, the farmers, rural workers, women, dalits, small business and under privileged. This Budget will add to ease of living and strengthen the vision of New India as rightly said by Hon. Prime Minister Shri Narendra Modiji.

Hon. Finance Minister has focused on income security of farmers. That the farmers should get at least 50 per cent more than the cost of their produce. In other words, one and half times of the cost of their production. The Finance Minister has announced the Minimum Support Price (MSP) for their produce. It is more important that farmers should get full benefit of the announced MSP. For this it is essential that if price of agriculture produce market is less than MSP, then in that case Government should purchase either at MSP or work in a manner to provide MSP for the farmers through some other mechanism. This will benefit the farmers to great extent.

The Finance Minister has announced to launch a flagship National Health Protection Scheme to cover over 10 crore poor and vulnerable families providing coverage up to 5 lakh rupees per family per year for secondary and tertiary care hospitalization. This will be the world's largest Government funded health care programme. This is a bold and ambitious move.

---

* Speech was laid on the Table.

The Finance Minister has announced to increase the loans for Self Help Groups of women to about Rs. 42,500 crore, growing 37% over previous year which is very good decision. The Government is confident that loans to Self Help Groups will increase to Rs. 75000 crore by March, 2019. The allocation to National Rural Livelihood Mission has also been substantially increased to Rs. 5750 crore.

Prominent tourist sites are located in my Constituency namely Badami, Pattadakal and Aihole which are historical places. A large number of people are visiting these places everyday. Therefore, tourist amenities are to be enhanced for their visits. Badami city has been identified in National Heritage Development and Augmentation Yojana (HRIDAY). For this scheme more financial assistance is required for implementation. Therefore, I request the Government to provide more funds for completing the works of HRIDAY and Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT).

A provision of Rs. 1.48 crore has been made for capital expenditure for Railways with view to improve and modernize the basic infrastructure. Declaration of 100% conversion of broad- gauge, targeting complete track renewal over 36000 Kms. and elimination of 4267 unmanned level crossings. This will go a long way to enhance Railway Safety and reduce train accident. This is a very good initiative. I welcome the decision to expand the suburban network, particularly Bengaluru.

I would like to bring to the notice of the August House through you that in my Constituency new railway line of Almatti- Koppal survey work has been

completed long back and the Survey Report has been submitted to Railway Board for approval. The demand of the railway line is long pending. This line will connect historical places like Aihole, Pattadakal and Badami. It will also enhance the prosperity of granite, sugar and cement industries of the zone. Therefore, I urge the Railway Minister for the new line of Almatti- Koppal. A new railway line of Bagalkot- Kudachi was sanctioned long back, but only 30 Kms work from Bagalkot to Khajjidoni has been completed. The remaining work has been stopped due to settlement of compensation to the land owners. Therefore, I request the hon. Railway Minister to expedite the remaining work.

I once again congratulate the Finance Minister for presenting a very good Budget.

श्री शरद त्रिपाठी (संतकबीरनगर): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज से 2,332 वर्ष पूर्व भारत के एक महान राजनैतिक चिंतक आचार्य चाणक्य ने कहा था कि गरीब और अशिक्षित घर में पैदा होना कोई बहुत बड़ा अपराध नहीं है, लेकिन गरीब और अशिक्षित होकर मर जाना दुनिया में सबसे बड़ा अपराध है। उसी से प्रेरणा लेकर हमारे प्रधान मंत्री जी ने सबका साथ सबका विकास का जो एक नारा दिया, उस नारे में यह परिलक्षित होता है कि हम सबका साथ, सबका विकास करने के लिए प्रयत्नशील भी हैं, प्रतिबद्ध भी हैं और उसको शुरू करते हुए हमारे प्रधान मंत्री जी ने इस देश के लिए चाहे वह किसी धर्म का हो, किसी जाति का हो, किसी मजहब का हो, सबके लिए कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत को एक अनोखे ढंग से शुरू करने का कार्य किया है।

उपाध्यक्ष महोदय, जैसा कि बजट पर चर्चा हो रही है, बहुत सारे हमारे पूर्व के वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा। पहली बार एक ऐसा बजट आज भारत की आजादी के बाद जो हमारी सरकार के मुखिया आदरणीय नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व में आदरणीय अरूण जेटली जी ने प्रस्तुत किया है, उस बजट में आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने गरीब मुक्त भारत, अशिक्षा मुक्त भारत, गंदगी मुक्त भारत, बेरोजगार मुक्त भारत, मिशन को फलीभूत करने के लिए अथक परिश्रम और उत्साह को देने का कार्य किया है।

<u>14 00 hrs</u>

'खेलो इंडिया' के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में लगभग एक-एक जनपद में 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक जनपद में तीन-चार स्टेडियम बनेंगे, जिसमें स्विमिंग पूल की भी व्यवस्था होगी, जिसमें ट्रंप कोर्ट भी होगा, उसमें फुटबॉल, बॉलीवॉल भी होगा, जो ग्रामीण आधारित खेल हैं, जिस पर अब तक की सरकारें आंखें मूंदा करती थीं। इसके माध्यम से सरकार ने नौजवानों को नई प्रेरणा देने का काम किया है। इस योजना के अंतर्गत गांव का हृष्ट-पुष्ट नौजवान जिसकी इच्छा होती थी कि वह भी स्विमिंग पूल के माध्यम से तैराकी सीखें, लेकिन उसे नदी में अपनी तैराकी की तमन्ना पूरा करनी पड़ती थी। वह स्विमिंग पूल नहीं देख पाता था। 'खेलो

इंडिया' के अंतर्गत एक बहुत बड़ा बजट आबंटित करके देश के नौजवानों का गौरव बढ़ाने का काम किया है।

उपाध्यक्ष महोदय, आज रेलवे की बात आई है। यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। आज विशेषकर पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक मीटर भी कोई ऐसी लाइन नहीं बची है, जिसका 'आमान परिवर्तन' के माध्यम से हमारी सरकार ने इतने कम समय में काम को पूरा न कर दिया हो। आज उत्तर प्रदेश में वर्ष 1947 से लेकर 2014 तक रेलवे की संचालित योजनाओं को देखा जाए तो समय के आधार पर साढ़े तीन वर्ष में पहली ऐसी सरकार है कि जितना काम इतने समय में रेलवे ने किया था, उतना अनोखा काम हमारी सरकार के मुखिया नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किया है।

स्वास्थ्य का क्षेत्र रोजगार से भी जुड़ा हुआ है। आज बहुत बड़ा क्रांतिकारी कार्य करते हुए सरकार ने निर्णय लिया है। 800 ऐसी दवाओं को जन औषधि केन्द्र के माध्यम से बेचा जा रहा है। ऐसे केन्द्र अब तक 3000 से अधिक खुल चुके हैं। अगर एक दवा 100 रुपये की है तो वह आज 24 रुपये की न्यूनतम दर पर बिक रही है। गरीबों के स्वास्थ्य के लिए मोदी सरकार ने क्रांतिकारी कदम की शुरुआत की। वर्तमान बजट में बीमा कवर योजना में पांच लाख से दस लाख रुपये तक की व्यवस्था है। आज उसे कोई चिंता नहीं है कि अगर हम हॉस्पिटल जाएं तो हमारा इलाज होगा या नहीं, कहीं ऐसा तो नहीं होगा पहले पैसा लेकर जाना पड़ेगा, कभी-कभी ग्रामीण महिलाएं जेवर रखकर या बेचकर या उधार लेकर इलाज के लिए जाती थीं।

आज सरकार ने उनकी बाधाओं को दूर करते हुए 24 नए मेडिकल कॉलेज संचालित करने का बजट में प्रावधान किया है। इसके माध्यम से लगभग 248 ऐसे एमबीबीएस से लेकर पीजी होनहार छात्र निकलेंगे, जिससे डॉक्टरों और मरीजों में अंतर की भरपाई होगी। साढ़े तीन सौ की संख्या में पैरा मेडिकल ट्रेनिंग सेंटर खोले जा रहे हैं, उसके माध्यम से बेरोजगार युवक और युवतियों के लिए रोजगार का सृजन करने का प्रयास इस बजट के माध्यम से किया है।

जहां भी पैरा मेडिकल सेंटर संचालित होंगे, उससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक होड़ मचेगी, ग्रामीण क्षेत्रों में भी नए हॉस्पिटल खोलने की होड़ मचेगी। जो डॉक्टर पैरा मैडिकल की ट्रेनिंग लेकर जाएगा, चाहे वह पीजी, एमबीबीएस और डीसीएस की ट्रेनिंग लेकर जाएगा, नए मेडिकल कॉलेजों के खुलने से जब हॉस्पिटल संचालित होंगे तो एक हॉस्पिटल में हजारों ऐसे लोगों की आवश्यकता होगी, जो पैरा मेडिकल के स्पेशलिस्ट होंगे, उसमें परिचारिकाएं होंगी, नर्स की ड्यूटी होगी, कुछ सुपरवाइजर का काम करेंगे और इसके माध्यम से एक-एक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के माध्यम से रोजगार का सृजन करेंगे। खुशहाल भारत और स्वस्थ भारत के लिए सरकार ने बजट लाया है, इसके लिए मैं अपनी सरकार के मुखिया को बधाई देता हूं।

इस सरकार ने किसान, गांव और गरीब, फूड प्रोसेसिंग पर एकमुश्त दुगना बजट दिया है। ग्रामीण कुटीर उद्योग संचालित हो रहे हैं, तमाम ऐसे उद्योग जिनके लिए कोई व्यवस्था नहीं थी, जिनके लिए साधनों का अभाव था कि कैसे उद्योग को संचालित करेंगे, अब आजीविका मिशन के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से ग्रुप बनाकर संभालने आएगा, उसके लिए भी सरकार ने व्यवस्था की है। छोटी लघु इकाइयों को एमएसएमई मंत्रालय के माध्यम से सरकार ने बजट दिया है। कुछ लोगों ने कहा कि यह पैसा कहां से आएगा, उसके लिए अब तक 50 करोड़ तक टैक्स फ्री योजना थी, उसे अब सरकार ने ढाई सौ करोड़ के टर्नओवर तक 25 परसेंट कर दिया है।

माननीय उपाध्यक्ष जी, आप भी ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं, आपने भी गरीबी देखी है और आप चर्चा भी करते रहते हैं। पहली बार कोई सरकार ऐसा प्रावधान लाई है जिसके अंतर्गत किसानों से संबंधित कोई भी ईकाई ग्रामीण क्षेत्र में अपना संयंत्र स्थापित करती है, अगर उसकी उद्योग ईकाई टोटल किसानों पर आधारित है तो उसे 100 में से 100 प्रतिशत छूट दी गई है। यह ऐतिहासिक काम सरकार ने किया है।

विदेश मंत्रालय में भी हमारी स्थिति मजबूत हुई है। आज ही मैं अखबार पढ़ रहा था और पढ़कर प्रसन्नता हुई कि दुबई ने एयर इंडिया को परमिशन दी है जो अब तक संभव नहीं थी कि

इजरायल जाने के लिए दुबई का एयर रूट मिल जाए। मैंने अखबार में पढ़ा कि दुबई सरकार ने 75 लाख यूरो दिए हैं। आज हमारी विदेश नीति कितनी मजबूती से स्थापित हो, इस पर भी सरकार का फोकस है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मेरा निवेदन है कि कोपिया और गोबिंदसाहब के स्थान को पर्यटन के क्षेत्र में भारत के मानचित्र पर स्थापित करें ताकि विश्वभर के पर्यटक आएं और रोजगार के संसाधन स्थापित हो सकें। धन्यवाद।

*SHRIMATI K. MARAGATHAM (KANCHEEPURAM): I express my hearty gratitude and indebtedness to our beloved immortal Leader Puratchi Thalaivi AMMA, before I place my views on the General Budget 2017-18.

The extremely heavy rains during the North East Monsoon in December 2015 have caused enormous devastation to standing crops, property and public infrastructure besides loss of livelihood, loss of life and cattle. The State Government's requirement was Rs. 25912 crores. But even a year after the central team has inspected and given its report, the Government had not provided adequate funds to Tamil Nadu.

Similarly in Dec 2016 Cyclone Vardah had caused severe damages to the coastal regions of Northern Tamil Nadu. The Government of Tamil Nadu had sought Rs. 22,573 crores from the Union Government to undertake reconstruction works in areas affected by cyclone Vardah. But no relief fund was provided. Recently the Ockhi Cyclone has devastated the Southern parts of Tamil Nadu in Kanyakumari and Tirunelveli Districts. But not enough relief funds were provided from Centre in Tamil Nadu.

Earlier this year the Tamil Nadu Government had declared all 32 districts as drought affected and urged the Centre to sanction Rs. 39,565 crore to provide relief to farmers for damages caused due to the drought situation.

A special package for drought affected farmers of Tamil Nadu and cyclone ravaged fishermen and farmers would have been a very welcome. Tamil Nadu was severely affected by drought and scarcity of water for

* Speech was laid on the Table.

irrigation. I urge the Union Government to release a special package and funds to address the plight of farmers in Tamil Nadu at the earliest.

Tamil Nadu having coastal length of 1076 Km is one of the leading States in the country boosting Fishing industry. I request the Hon. Finance Minister to release Rs. 3000 crores for the development of fisheries in Tamil Nadu. The Union Government has promised to form a separate Ministry to develop and conserve the fisheries resources and to enhance the socio economic status of the fishermen community and to provide protection, ensure safety and security of the fishermen. I would like the Government of the day create a separate Ministry for Fisheries and Development of Fishermen Community.

The Government of Tamil Nadu has urged the Union Government to release Rs. 17000 crores to enhance power infrastructure in the cyclone prone Tamil Nadu either as grant or as soft loan. Conversion of 230 KV transmission overhead lines into 230 KV underground cables need to be expedited to facilitate urban growth in Greater Chennai. I urge the Union Government to release Rs. 17000 crores to enhance power infrastructure, to expedite the Cheyyur Ultra Mega Power Project, and to speed up the process of establishing the inter- state green energy corridor.

In Chennai Metropolitan city, the Central and Egmore railway stations are strategically important in the sub- urban railway EMU line connecting Chennai with several stations in Kanchipuram, Tiruvallur and Vellore Districts. There is an urgent need to have a skywalk connecting Central and Egmore

Stations. Many important bridges and railway crossings near Central and Egmore Stations and in Chennai particularly the Elephant Gate Bridge needs to be renovated and strengthened. Therefore I urge the Government to take up the redevelopment and modernization of railway stations at Chennai Central and Egmore in one go and also to provide much needed fillip to all the railway stations.

As far as my Kanchipuram Parliamentary Constituency is concerned, I would urged upon the Government to provide adequate funds for the establishment of necessary infrastructure facilities as the Power projects at Kalpakkam and Cheyyur and also several industries are situated in Kanchipuram District of Tamil Nadu. There are several pending demands in Railways need to be executed immediately for the benefit of millions of people in and around Kanchipuram.

Kanchipuram town being the most ancient and historically important heritage site in the world comprising the great Temples of Pallavas, Cholas and Vijaynagara Temples require funding for renovation and restoration of these ancient Temples and also to develop Kanchipuram as Tourist Hub in Tamil Nadu as large number of domestic and international passengers visit Kanchipuram Temples throughout the year. Melmaruvathur is another very important pilgrim site which requires a new train service Melmaruvathur to Yeshwanthpur via Kanchipuram, Chengalpattu and Melmaruvathur.

*SHRI DHANANJAY MAHADIK (KOLHAPUR): Budget 2018 by Hon'ble Finance Minister has been the talk of the town. I have come around an interesting joke that claims to summarize the recent budget.

Lower class gets Subsidy ! Upper class gets Rebate !! Middle class gets only TV Debate !!

A term Modicare has been generated in the media for its policies such as expanding the ambit of Ujjwala Scheme (80 million poor families will be given free cooking gas connections), announcing the Ayushman Bharat Programme (Health Insurance Coverage of upto Rs. 5 lakh for a formally employed women coming down to 8%. Senior Citizens have also gained from this budget. The rest of the salaried class, undoubtedly, have been imposed with more tax. Budget also promises lesser income tax and better credit flow for smaller businessman. Highly criticized is the LTC G tax (long term capital gains exceeding Rs. 1 lakh will be taxed at 10% without indexing) which has caused turmoil in stock markets and robbed off pockets of middle class section of the society.

Fiscal deficit of 3.3% of GDP for next year is much higher than the ideal 2.5% for the Central Government as per the recommendations by N.K. Singh Committee. If the Government is not able to maintain, it will lose its credibility. Although, our economy has not been able to maintain 3% growth even in good years leading to serious questions on the ruling dispensation. Expected gross

* Speech was laid on the Table.

tax revenue seems to increase by 16.7%, which is indeed a high figure but we don't know how GST revenues will behave.

There is nothing in the budget that can directly stimulate investment except for benefits to micro, small and medium enterprises (MSMEs). With no new investments ventured in through budget there is lesser possibility of required job creation. India is unique in the sense that it's a broadly agrarian economy which has people coming from both the highest and lowest class of income distribution. Catering to both sections of society which are starkly different from each other is a challenge in itself. Higher expenditure on health and education was required. The budget for 2018-19 was presented against the background of "slowdown in growth, inadequate private investment and distress in agriculture. Few of the issues were addressed but not fully.

What about the Aam Janta or the middle class? There are simply no benefits for them.

The Government did follow a 'growth and consumption-oriented' approach. However, there should have been greater incentives and measures on the education front.

Exports also did not get as good a boost in the budget. The sector is poised for growth, if given a better boost.

Indians pay about 62 per cent of the health expenditure out of their pocket, World Bank data shows. That's much higher than peers in countries like China (32 per cent) and Brazil (25.5 per cent). That too in a nation where about one-fifth of the 120 crore population lives below the international poverty

line of $ 1.9 a day, according to a World Bank report. A health cover will protect vulnerable families from falling back below the poverty line in case of hospitalisation.

The Rs. 12,000 crore estimate for the national scheme will be logical only if the Government is able to get all the empanelled hospitals to agree to a fixed rate for procedures.

The private sector has been on the losing end, with "not much left in its hands, and capital taken from the sector instead by the levy of surcharge and cess,"

***श्री प्रहलाद सिंह पटेल(दमोह):** आम बजट मे सामाजिक सरोकार, सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक बदलाव पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह राजनीतिक इच्छा शक्ति वाला बजट है।

संसद में "प्रीमियम आफ आनेस्टी" के उदबोधन के साथ जब बजट का प्रारंभ हुआ तब लगा कि बजट परंपरागत ढर्रे से अलग है। बजट में ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जो कमजोर एवं मध्यमवर्गीय ग्रामीण जनमानस की उन समस्याओं का समाधान करेगा जिसने इस समाज की वित्तीय एवं सामाजिक स्थिति को अचानक समाप्त कर दिया है। पूर्व-कालिक व्यवस्थाओं ने उसके पुरुषार्थ को कमजोर बना दिया और मजबूरन उसे कर्जदार या भूमिहीन बना देती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है स्वास्थ्य।

स्वास्थ्य में उसकी बीमारी एवं लाचारी दोनों आती हैं। इसका सीधा संबंध धन से है। बीमारी व्यक्ति को तन, मन, धन से कमजोर बना देती है। बजट में देश के बहुसंख्यक समाज को इस समस्या से उबारने का विकल्प लाया गया है।

प्रति वर्ष, प्रति परिवार के उपचार के लिए 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य गारंटी योजना लागू करके सरकार ने असंगठित क्षेत्र में 10 करोड़ परिवारों को जिसमें देश की आधी आबादी शामिल होगी, को सीधा लाभा पहुंचाया गया है। यह धन से ज्यादा विश्वास देने वाला कदम हैं। गरीब के मन में यह विश्वास पैदा होना चाहिए कि पैसे के अभाव में भी उसका इलाज हो सकेगा। समाज के बहुसंख्यक तबके के मन में आमतौर पर यह धारणा घर कर गई है कि निजी या बड़े सरकार अस्पतालों में केवल धनवानों का इलाज हो सकता है। लेकिन इससे लोगों की यह धारणा खत्म होगी। सरकार के इस कदम से लोगों के मन मे नए विश्वास का संचार पैदा किया गया है। इसे नए अस्पतालों के निर्माण एवं स्थापित अस्पतालों की जन सुविधाओं में बढ़ोतरी का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही सस्ती स्वास्थ्य सुविधा के कारण सरकारी अस्पतालों में लगने वाली भीड़ में भी कमी आएगी। डायलिसिस की सुविधा शुरू किए जाने से कई सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

---

* Speech was laid on the Table.

मैं, अपने संसदीय क्षेत्र दमोह (म.प्र.) का उदाहरण देना चाहूंगा जहां एक अप्रैल 2017 को डायलिसिस मशीन प्रारंभ हुई और उसके बाद जिले के 44 मरीजों को 1845 बार डायलिसिस की सुविधा मिली है। आकलन किया जा सकता है कि इसके लिए इन परिवारों को कितना धन खर्चना पड़ता और कितनी परेशान उठानी पड़ती। लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की गंभीरता का अंदाजा यहीं से लगाया जा सकता है कि लोगों को सस्ती जैविक दवा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक जिलों में औषधि केंद्र खोलने के साथ अब हर तीन लोकसभा क्षेत्रों के बीच एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। यह सरकार की संतुलित विकास एवं जनसुविधा देने की ईमानदार कोशिश है। क्या कभी उन ग्रामीण महिलाओं के दर्द को समझने का प्रयास किया गया, जिनका पूरा जीवन धुआं में गुजर रहा था। उनके जीवन को धुंआ रहित कर उज्ज्वल बनाने के लिए सरकार ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए मुफ्त गैस कनेक्शन देने वाली उज्ज्वला योजना की शुरूआत की। शुरूआती लक्ष्य पांच करोड़ का रखा गया, लेकिन अब उसे बढ़ाकर 8 करोड़ कर दिया गया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी द्वारा मुफ्त गैस कनेक्शन का भार सरकार पर नहीं पड़ने दिया, बल्कि इसके लिए सामाजिक सहभागिता का रास्ता निकाला। प्रधानमंत्री की एक अपील पर देश के साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा लोगों ने गैस सब्सिडी का त्याग किया और उस सब्सिडी से बचे धन से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने का काम किया गया। केंद्र सरकार की इस योजना से चूल्हे पर भोजन बनाने वाली हर महिला जो धुंए के रूप में हर दिन ढाई सौ सिगरेट के बराबर का धुआं सांस से ले रही थी, उससे बचाव होगा और पर्यावरण नुकसान को कम करने जैसे परिणाम की दृष्टि से भी यह अमूल्य है। जीवन को स्वस्थ रखने में शुद्ध पेयजल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके बगैर अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना नहीं की जा सकती। अमृत योजना के तहत शहरी 550 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कलस्टर आधारित सैकड़ों गांवों को पेयजल प्रदान करने की योजना क्रंतिकारी है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में 200 गांवों वाले बड़ामल्हरा एवं पथरिया में नल-जल योजनाओं से हुए लाभ इसका उदाहरण है। यह सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए अपने लक्ष्य को समय

पर एवं कई राज्यों में समय से पहले पूरा करके इतिहास रच रही है। 2022 तक देश के प्रत्येक नागरिक के पास अपना मकान हो, महत्वाकांक्षी योजना के तहत पछले साल 51 लाख मकान बनाए गए एवं इस साल भी 51 लाख मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बदलते परिवेश में गरीब-अमीर सभी के लिए बिजली जरूरी हो गई है। मोबाइल, कम्प्यूटर, ऑनलाइन लेन-देन जैसे तकनीक जरूरतों ने बिजली के महत्व को बढ़ा दिया है। इसे पूरा करने के लिए दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना से देश से सभी गांव, टोला, मंजरों को जोड़ने का काम हो रहा है। इसके साथ सौभाग्य योजना से प्रत्येक घर तक बिजली कनेक्शन पहुंचाने के लिए 16,000 करोड़ रुपए देने का फैसला, जनसुविधा के लिए किया गया सरकार का अभिनंदनीय कदम है। गांवों को सड़क से जोड़ने का मसला हो या फिर व्यापारिक कॉरीडोर, प्रधानमंत्री सड़क योजना का चौथा चरण इतिहास रच रहा है। इस योजना के तहत देश की मंडियों को मुख्य मार्गों से जोड़ने की योजना है। आवागमन की सुविधा बढ़ाने का किसानों और ग्रामीणों को सीधा फायदा मिलेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तार में भी उत्तरोत्तर प्रगति हुई है। 2014 से पहले देश में एन.एच. निर्माण की गति महज 3 कि.मी. प्रतिदन थी। अब 27 कि.मी. प्रतिदिन सड़क निर्माण का कार्य हो रहा है। 2014 से पहले जहां एनएच की लम्बाई 97 हजार कि.मी. थी, वह अब बढ़कर एक लाख 76 हजार कि.मी. पहुंच गई है। अब एक्सप्रेस-वे निर्माण पर खास ध्यान दिया जा रहा है। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। जिससे देश की अर्थव्यवस्था को ताकत मिलेगी। भारतमाला, सागरमाला और सेतु भारतम् ये ऐसी परियोजनाएं हैं जो जरूरत के हिसाब से देश के सभी हिस्सों को आपस में जोड़ने के साथ हमारे आवागमन को गतिशील बनाएंगी। बजट में रेल विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए एक लाख 50 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस धनराशि से सभी रेल लाइनों का ब्राडगेज में परिवर्तन, नई रेल लाइन का निर्माण, रेल लाइन के दोहरी एवं तिहरीकरण के साथ विद्युतीकरण किया जाएगा।

भारतीय कोच फैक्टरी में 2018 में स्वदेशी तकनीक से कोच बनाने का काम शुरू हो गया है, जो न्यू इंडिया का सपना साकार करेगा। सरकार बहुत सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर काम

कर रही है। इसलिए परिवहन के सभी माध्यमों को विकसित करने का काम एक साथ किया जा रहा है। सड़क परिवहन, जल परिवहन, रेल परिवहन के साथ हवाई सुविधा में इजाफा करने की योजना उसी की बानगी है।

यह देश कृषि प्रधान माना जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी ने 2022 तक कृषि उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। देश का बहुसंख्यक हिस्सा कृषि का है। देश की बहुसंख्यक आबादी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से खेती के काम से जुड़ी है। कृषि क्षेत्र देश में रोजगार देने वाला तथा ग्रामीण मध्य वर्ग को संरक्षित एवं मजबूत करने वाला क्षेत्र है। देश के जनमानस में खर्चीली खेती की धारणा बनने लगी थी। जिसका असर कृषि में पड़ने लगा था। सरकार ने उस मानस को गंभीरता से समझा और उसका बजट में सकारात्मक उपाय भी किया। सिंचाई के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बाद भी सबसे बड़ी चुनौती समर्थन मूल्य की थी। सरकार ने लागत से डेढ़ गुना अधिक समर्थन मूल्य देने की नीति बनाकर किसान की आत्मनिर्भरता को मजबूत किया है। पहले केवल रबी की फसलें शामिल की गई थीं, अब इसमें खरीफ फसल को शामिल करके कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने का काम किया गया है। सरकारी व्यवस्था में सिर्फ अनाज उत्पादन पर ध्यान नहीं दिया गया, बल्कि उत्पाद का सही मूल्य पारदर्शी तरीके से मिल सके, इसके लिए ई-मंडी की कठिनाइयों को पारदर्शी किया गया है। किसान को बिक्री की ठीक कीमत मिल सके इसके लिए 22 हजार हाट बाजारों को कृषि बाजारों में परिवर्तित करने का बड़ा कदम उठाया गया है। इसके साथ देश में अकसर सब्जियों के भाव में आने वाले उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए आपरेशन ग्रीन शुरू किया गया है, जिसमें आलू-प्याज जैसी वस्तुओं के रखरखाव एवं विक्रय के घाटे को नियंत्रित करने के लिए 500 करोड़ की निधि रखी गई है जो राज्यों की नीतियों से अलग होगी।

फल, सब्जी उत्पादन को बढ़ाने के साथ उनका सही उपयोग करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण एवं मेगा फूड पार्क बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण फैसला लिए गए हैं। इससे किसान

परिवार के पढ़े लिखे बच्चों के लिए एक बेहतर अवसर पैदा होगा। खेती को बढ़ावा देने के लिए एक और अहम निर्णय सौ करोड़ के टर्न ओवर वाली कृषि कंपनियों को सौ फीसदी टैक्स-मुक्त करने का निर्णय है। इससे देश में कृषि उद्योग में तेजी से वृद्धि होगी और देश का युवा तबका इस क्षेत्र से बेझिझक जुड़ सकेगा। इन बदलावों में एक बदलाव असंगठित क्षेत्र के उन श्रमिकों के बारे में है जिनका पीएफ कटता है, लेकिन हिस्सेदारी नहीं हो पाती। संविदा अथवा ठेकेदारी प्रथा के कारण कुशल लोग सूचीबद्ध नहीं हो पाते तथा भविष्य की सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित नहीं हो पाती। सरकार ने नए श्रमिकों को 12 प्रतिशत पीएफ जमा करके उनके भविष्य को सुरक्षित करने की गारंटी दी है। महिला श्रमिकों का यह अंशदान 12 प्रतिशत से घटाकर 8 प्रतिशत करके नए रोजगार में रुचि बढ़ाने एवं पंजीकृत श्रमिकों की संख्या बढ़ाने का कार्य किया है। इसके पहले मोदी सरकार ने यूनिक आई.डी. पी.एफ. नंबर देकर श्रमिकों के लिए उनकी मेहनत का पैसा उन्हीं के खाते में जाने का प्रबंध कर चुकी है। बजट में समाज के हर तबके का ख्याल रखा गया है। अनुसूचित जाति के लिए 56,000 करोड़, जनजाति विकास के लिए 39,000 करोड़, एकलव्य आवासीय विद्यालय, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 13 करोड़ परिवारों को दो लाख का दुर्घटना बीमा देकर सामाजिक सुरक्षा के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा उस संकल्पना से काम किया जा रहा है, जो उसने लोगों से किए गए वायदे में कहा था। सामाजिक सरोकारों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का प्रयोग अपनाकर मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के ध्येय वाक्य पर आगे बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री श्री नरेद्र भाई मोदी जी देश की हर छोटी-बड़ी समस्या को जानते हैं। वह समस्या निदान के खुद रोल माडल हैं। इसलिए वह सामाजिक दृष्टिकोण अपनाकर हर समस्या

को इस तरह से सुलझाने का काम कर रहे हैं, जिससे देशवासियों को भविष्य में इन समस्याओं से बाहर निकालकर सुन्दर को उन्नति के रास्ते पर लाने का काम कर रहे हैं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी राष्ट्र के लिए इस सोच के साथ काम कर रहे हैं-

विजेत्री च नः संहता कार्यशक्तिर् विधायास्य धर्मस्य संरक्षणम् एवं वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्ट्रं समर्था भवत्वाशिष ते भृशम्।।

सधन्यवाद

श्री बदरुद्दीन अज़मल (धुबरी): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया। अभी मेरे भाई ने कहा कि दुबई में माननीय मोदी जी का बहुत वैलकम किया गया। वहां बकायदा इन्वेस्टमेंट की बात भी आई है। जब माननीय मोदी जी आबू धाबी गए थे, तब वहां की सरकार ने मंदिर के लिए जगह दी और मंदिर बना दिया। अब माननीय मोदी जी उसका उद्घाटन करेंगे। यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप सोचिए, जब इन लोगों के पास मैसेज जाता है कि यहां मुसलमान लड़कियों की इज्जत लूटी जाती है , उनको काटा जाता है, जलाया जाता है, उस वक्त उनके दिल पर क्या गुजरती होगी। हमें एक उंगली से नहीं दोनों हाथों की तरफ जरूरत है। हम यहां मैसेज देना चाहते हैं, आप तरक्की की बहुत अच्छी बातें कर रहे हैं, बड़े अच्छे प्लान ला रहे हैं। यह प्लान चार साल पहले भी आया था, हर साल कुछ न कुछ बदलता हुआ सामने आता है, लेकिन हुआ कितना है, उसका हिसाब लेने की जरूरत है। अब वक्त आ गया है कि यह सरकार इन चीजों पर हिसाब करे। हम सुन रहे हैं कि एक साल के अंदर इलैक्शन होने वाला है। यह सिर्फ इस हाउस का मसला नहीं है कि हाउस से सारे वोट मिल जाएंगे और आपकी हकूमत आ जाएगी। यही सरकार, यही पब्लिक, यही गरीब लोग, यही किसान, यही मजदूर अगर आपको वहां बिठा सकते हैं, कल आपको यहां भी बिठा सकते हैं। आपको इस चीज का भी हिसाब रखने की जरूरत है।

मैं असम से आता हूं, आज शिक्षा का क्या हाल है। सबका साथ, सबका विकास की बात कही गई थी। गैस सिलेंडर के बारे में कहा जा रहा है, लोगों को सहूलियत देने के बारे में कहा जा रहा है, आज एजुकेशन का मामला कहां से कहां जा रहा है? गरीब इलाकों में एजुकेशन का मैसेज नहीं पहुंच रहा है। लोगों के पास पैसे नहीं पहुंच रहे हैं। माननीय वाजपेयी जी का रोड कनैक्टिविटी का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। ये पैसे कहां जा रहे हैं? किन लोगों में इस्तेमाल हो रहे हैं? माननीय कृषि मंत्री जी मेरे बड़े भाई की तरह हैं, उनके साथ मेरा बहुत अच्छा ताल्लुक है, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आज असम में कृषि विज्ञान और किसान बहुत बुरे हाल में है। आप जो पैसे

भेजते हैं, आप वहां जाकर देखिए, हिसाब मंगाइए, उनसे हिसाब लीजिए तब आपको नतीजा पता चलेगा। सिर्फ पैसा भेजने से वहां धान नहीं उग जाएगा, गेहूं नहीं उग जाएगा, चावल नहीं उग जाएंगे।

हमने उम्मीद की थी कि जब माननीय मोदी जी की हकूमत आएगी, माननीय मोदी जी जिस तरह से बातें करते हैं, भाषण देते हैं, हमने उनकी बातों पर यकीन किया। लेकिन आज चार साल बाद आप देख रहे हैं कि किसी मामले में 10 परसेंट, किसी मामले में 20 परसेंट और किसी मामले में 25 परसेंट एचीव हो रहा है। यह हिसाब पब्लिक रख रही है। यह पब्लिक है और सब जानती है। इनके पास हिसाब जा रहा है। अगर वाकई ही आपने इस आठ-नौ महीने में कुछ किया, तो हो सकता है कि पब्लिक आपको आइंदा वोट दे दे। शिवसेना आपसे अलग होने का ऐलान कर चुकी है। टीडीपी के लोग यहां खड़े हैं। चंद्रबाबू नायडु की पार्टी के सब लोग नाराज है। इसके अलावा, साउथ इंडिया में भी एक पार्टी नाराज है। आप इन सब चीजों का ख्याल कीजिए। ...(व्यवधान) भाई साहब, आप सबका ख्याल कीजिए। यहां बैठने से सबका साथ, सबका विकास नहीं हो रहा है। ...(व्यवधान) यही तो बात है। ...(व्यवधान) मैं कंट्रोवर्शियल मामले में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं यह कहूंगा कि आपने ट्रिपल तलाक के मामले में मुसलमान लड़कियों की बड़ी फिक्र की है। लेकिन निर्भया की तरह मुसलमान लड़कियों का मर्डर हो रहा है, उन्हें काटा जा रहा है, जलाया जा रहा है। राजस्थान में मुसलमानों को जलाया जा रहा है, काटा जा रहा है, तो यह मैसेज पूरी दुनिया में अच्छा नहीं जा रहा है। इस मैसेज को कम से कम आप लोग इन चीजों के साथ जोड़िए। मुझे उम्मीद है कि मोदी जी मेरे इस भाषण को देख रहे होंगे। वे हमारे हिन्दू भाइयों को भी समझायें कि देखो, अगर दूर तक काम करना है, रामजी ने यह नहीं सिखाया था कि लोगों को काटो कृष्ण जी ने यह नहीं सिखाया था कि लोगों को काटो। ...(व्यवधान) देखिये, आप मुझे यहां जवाब दे देंगे। ...(व्यवधान) भाई साहब, आप मुझे यहां जवाब दे देंगे, लेकिन हिन्दुस्तान के करोड़ों लोग उसे मानने वाले नहीं हैं इसलिए आप इन चीजों को आगे बढ़ाने की कोशिश कीजिए।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं असम से चुनकर आया हूं, इसलिए असम की बात कहना चाहता हूं। आपको मालूम है कि असम में फ्लड और इरोज़न हर साल आता है, जिसकी वजह से काफी तबाही और बर्बादी होती है। उससे जो जान-माल का नुकसान होता है, वह सब जानते हैं। इसे नैशनल कैलेमिटी डिक्लेयर किया जाये, यह हमारी पहली डिमांड है। मैं समझता हूं कि इसका सब लोग समर्थन करेंगे, क्योंकि यह इंसानियत का मसला है। वहां सब खत्म हो रहा है, बर्बाद हो रहा है। असम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। धुबरी-फुलवाड़ी ब्रिज मेरे क्षेत्र में है। उसकी बहुत सख्त जरूरत है। मुझे इस सदन में आये हुए आठ-नौ साल हो गये हैं। मैंने पहले दिन से ही इस बारे में डिमांड रखी है। इसकी डीपीआर भी तैयार हो गयी है। मुझे उम्मीद है कि गवर्नमैंट इस पर ध्यान देगी और उसे शुरू कराएगी। रूपसी एयरपोर्ट रीओपन किया जाना चाहिए। सैकिंड वर्ल्ड वार में यह एयरपोर्ट काम करता था, लेकिन आज इसके न होने की वजह से वहां के लोगों को बहुत तकलीफ होती है।

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे उम्मीद है कि गवर्नमैंट इस पर ध्यान देकर जल्द से जल्द शुरू कराएगी। इसी तरीके से, असम और बंगलादेश का बार्डर हमारे लिए सबसे बड़ा चैलेंज बना हुआ है। वहां की सेफ्टी-सिक्योरिटी का मामला है। इस बारे में लोग कहते हैं कि फैंसिंग करनी चाहिए, लेकिन हमारी पार्टी की डिमांड है कि उसकी सीलिंग करनी चाहिए, बंद कर देना चाहिए, ताकि बंगलादेशियों की घुसपैठ का मसला हमेशा-हमेशा के लिए हल हो। धुबरी, पड़पेड़ा, करीमगंज और बंगाली गांव वगैरह में, पूरे असम में रेल की कनेक्टिविटी जैसी होनी चाहिए थी, वैसी नहीं है। केरल, कोलकाता, किशनगंज औ दूसरी जगहों में ए.एम.यू, यानी अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी की ब्रांच दी गयी है। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह सरकार अपना टर्म पूरा होने से पहले अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी की ब्रांच असम के मेरे धुबरी क्षेत्र में देगी। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इसे नोट करेंगे, क्योंकि यह माइनोरिटीज की एजुकेशन का मामला है। इसी तरीके से, धुबरी में यूनानी मेडिकल कालेज या आयुष मेडिकल कालेज की बहुत सख्त जरूरत है। पूरे असम में इसकी एक भी ब्रांच नहीं है। आप इसे जरूर नोट करें। आप कम से कम एक ब्रांच मेरे क्षेत्र में दें, तो मैं बहुत आभारी रहूंगा।

इसी तरह, करीमगंज, नौगांव, धुबरी आदि में मेडिकल कालेज, इंजीनियरिंग कालेज की बहुत सख्त जरूरत है।असम में 35 परसेंट मुसलमान लोग रहते हैं। वे एजुकेशन में बहुत ही पिछड़े हुए हैं। अगर 34 परसेंट, 35 परसेंट लोग अनपढ़ रहेंगे, तो वह देश किसी तरीके से तरक्की नहीं कर सकता, वह स्टेट किसी तरीके से तरक्की नहीं कर सकता। मैं समझता हूं कि सरकार इस मामले में ध्यान देगी। इसी तरीके से, पूरे असम में नौगांव और करीमगंज-बदरपुर दो ही पेपर मिल इंडस्ट्रीज हैं। वे दोनों ही एक साल से बन्द हैं। वहां हजारों लोग बेकार हो गए हैं। इंडस्ट्री मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर से मेरी दरख्वास्त है कि जल्द से जल्द उनको ओपन किया जाए। असम में सिर्फ दो ही इंडस्ट्रीज हैं और वे भी बन्द हो गई हैं, यह बड़े अफसोस की बात है। मैंसमझता हूं क कि आपके माध्यम से ये मैसेज जाएगा और ये इंडस्ट्रीज शुरू होंगी। इसी तरीके से, नॉर्थ ईस्ट इंडस्ट्रियल पॉलिसी को रिव्यू किया जाए। रोजाना पूरे देश में एक नई इंडस्ट्री बनाई जाती है ! मुझे अफसोस है कि असम में हर रोज एक इंडस्ट्री बन्द हो रही है। असम भी इस मुल्क का हिस्सा है। जैसा आप लोग कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी जी सभी चीजों में बहुत तरक्की कर रहे हैं, तरक्की की बातें करते हैं, मैं उसको मान लेता हूं, वह इस मामले में भी ध्यान देंगे, इसी उम्मीद के साथ,मैं अपनी बात खत्म करता हूं।

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला): उपाध्यक्ष महोदय, आदरणीय वित्त मंत्री श्रीमान अरुण जेटली जी ने जो बजट वर्ष 2018-19 के लिए पेश किया है, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस प्रकार का एक विजनरी बजट देश की जनता को दिया गया है, जिसके अंदर यह संकल्प लिया गया है कि आने वाले समय में भारत की इकोनोमी विश्व की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनोमी होगी और आने वाले समय में हम आठ प्रतिशत से भी ज्यादा जीडीपी ग्रोथ हासिल करेंगे। यह सारा विजन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने, जब से वह प्रधानमंत्री बने हैं, तबसे पूरे देश के समक्ष रखा है। आज यही कारण है कि भारत 21वीं शताब्दी में विश्व गुरू बनने जा रहा है। प्रधान मंत्री जी दुनिया के जिन देशों में गए, वहां भारत का यह आर्थिक विजन दुनिया के सामने रखा। उसी का यह परिणाम है कि आज अधिक एफ डी आई हमारे देश में आ रही हैं। …(व्यवधान)

श्री भगवंत मान (संगरूर): सर, इतने गंभीर मुद्दे पर चर्चा हो रही है, लेकिन सदन में कोरम पूरा नहीं है। …(व्यवधान) सर, सरकार की तरफ नॉन-सीरियस बहस चल रही है।…(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: The Quorum is there. Please sit down. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

श्री रत्न लाल कटारिया: उपाध्यक्ष महोदय, संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2000 में एमडीजी लक्ष्य रखे थे। …(व्यवधान) जिनको वर्ष 2015 तक पूरा किया जाना था।…(व्यवधान)

श्री भगवंत मान : सर, इतने गंभीर मुद्दे पर चर्चा हो रही है, लेकिन सदन में कोरम पूरा नहीं है। …(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: My ruling is there. Please sit down.

… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: The Quorum is there. Please sit down. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

श्री रत्न लाल कटारिया: उपाध्यक्ष महोदय, देश के अंदर से असमानता को समाप्त करना, गरीबी का उन्मूलन करना, शिक्षा पर जोर देना आदि बातें इन 12 लक्ष्यों के अंदर थीं। …(व्यवधान) भारत ने उनमें उन्नति की है। …(व्यवधान)

श्री भगवंत मान : सर, कोरम नहीं है।…(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: I have given you the ruling. The Quorum is there. Please sit down.

… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: I am telling you that the Quorum is there. Please sit down.

… (*Interruptions*)

श्री भगवंत मान: सर, बहुत गंभीर मुद्दे पर चर्चा हो रही है। …(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: You asked about Quorum, I am telling you that the Quorum is there. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

श्री रत्न लाल कटारिया : उपाध्यक्ष महोदय, वर्ष 2015 में जो सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स भारत ने अपनाए हैं, सभी 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स को पूरा करने की कमिटमेंट हमारे इस बजट में

दिखाई गई है कि हम किस तरह से अपने एग्रीकल्चर सेक्टर, हेल्थ सेक्टर, एजुकेशनसेक्टर, इम्पलायमेंट सेक्टर और एमएसएमई सेक्टर के अंतर्गत इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करके, उनको किस तरह से डेवलप करने की कोशिश करेंगे। ...(व्यवधान)

आज हैल्थ सैक्टर के अंदर एक क्रान्तिकारी निर्णय लिया गया है कि दस करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपये तक का हैल्थ एश्योरेंस भी बजट के अंदर दिया जाएगा। जो विषयों के एक्सपर्ट्स हैं, उनका यह कहना है कि भारत दुनिया का एक महान राष्ट्र तभी बन सकता है जब यहां का एजुकेशन सिस्टम और हैल्थ सिस्टम सुधरेगा। इसीलिए वित्त मंत्री जी ने हमारे इस हैल्थ और एजुकेशन सैक्टर को प्राथमिकता दी है।

दूसरे, भारत गांवों का देश है और गांवों के अन्तर्गत जब तक विकास होगा, उसके लिए हमारा जो कृषि का क्षेत्र है, उस कृषि क्षेत्र को ऊपर उठाने के लिए किसानों की आमदनी को दो गुना करने का बजट के अंदर जो संकल्प लिया गया है और उसके लिए 11 लाख करोड़ रुपये के ऋण का प्रावधान भी किया गया है, वह एक गेमचेंजर साबित होगा। आज जिस तरह से सैल्फ हैल्प ग्रुप्स के लिए 75000 करोड़ रुपया रखा गया है। उससे भारत की नारी शक्ति के सशक्तीकरण के लिए एक बहुत भारी योगदान होगा। 22,000 रूरल हट्स को विकसित करके हम अपने ग्रामीण क्षेत्र के एग्रीकल्चर ढॉचे को बनाने के लिए एक क्रान्तिकारी कदम उठा रहे हैं। इसी तरह से, 10000 करोड़ रुपये की लागत से एनीमल हसबैंड्री ...(व्यवधान) सर, अभी तो मैंने बोलना ही शुरू किया है। आज भारत वर्ष को उन्नति की दिशा में लाने के लिए जो रोड कनेक्टिविटी है, समुद्र कनैक्टिविटी है, एयर कनैक्टिविटी हैऔर रेल कनैक्टिविटी, है, ये चारों मुद्दे किसी भी देश को एक महान राष्ट्र बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बजट के अंदर इन चारों विषयों पर जो राशि का प्रावधान किया गया है, मैं उसका समर्थन करता हूं और आने वाले समय में करोड़ लोगों को भारत के अन्तर्गत रोजगार देंगे। आज जिस तरह से मोदी विजन के अन्तर्गत हमारे यहां रोजगार का दायरा बढ रहा है और प्रधान मंत्री जी ने दावोस में जाकर जिस तरह से क्लाइमेट चेंज

की जो बात कही है, जिस तरह से प्रोटैक्शेनिज्म की जो बात कही है, उससे हमारे प्रधान मंत्री जी की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है कि जो नीतियां भारत ने अपनाई हैं, उन नीतियों से सारी दुनिया भारत के अंदर इंवेस्टमेंट के लिए आकर्षित हो रही हैं।

महोदय, मैं इस बजट का समर्थन करता हूं और मुझे पूरी आशा है कि आने वाले समय में विश्वगुरु बनने में जो 21वीं सदी है और हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो संकल्प लिया है, आज सारा संसार आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व को स्वीकार करते हुए भारत के साथ है।

*SHRI M. MURLI MOHAN (RAJAHMUNDRY): At the very outset, on behalf of my Chief Minister, Shri Nara Chandra Babu Naidu garu, and TDP MPs from Andhra Pradesh, I express my sincere thanks to all political parties cutting across the party lines who stood by us for supporting our cause with regard to implementation of AP Reorganistaton Act, 2014.

The people of Andhra Pradesh had a hope on this NDA Government. The unscientific bifurcation of this State, we have lost all revenue resources including all premier institutions. It was widely felt that the NDA Government-led by Shri Narendra Modiji, Hon'ble PM would render justice to the State of AP at least in this Budget and extend his cooperation with regard to implementation of AP Reorganisation Act, 2014 including financial support for construction of new capital city, incentives for setting up new industries, funds for Externally Aided projects etc. as our TDP MPs including me raised in this August House and other colleagues in Rajya Sabha in various times to fulfil all promises/ assurances made in the AP Reorganisation Act, 2014 as A.P. is reeling under financial deficit. However, despite the fact that nearly four years are going to elapse by now, not a single assurance made in the AP re-organization Act 2014 has been implemented. We have no wherewithal for construction of new capital city at Amaravathi and funds for the welfare schemes of our State. I would expect the Government at least to stop dilly-dally attitude and come out with their stand on implementation of AP Reorganization Act,2014.

* Speech was laid on the Table.

In this background, I would like to ask some specific questions and demand from the Hon'ble Finance Minister on the following issues:

a) Whether the Union Government is fully committed to implement the Andhra Pradesh Reorganisation Act, 2014 regarding major issues like establishment of Separate Railway Zone with headquarters at Visakhapatnam, setting up of new Steel Plant at Kadapa District, construction of new major Post Trust at Duggirajupatnam, Nellore and funds to Polavaram National Irrigation Project and construction of New Capital City at Amaravathi etc, and also Special Financial Package in place of Special Category Status, funds for metro rail at Visakhatpatnam, Vijaywada etc?

b) Whether the Government has fixed any timeline to fulfil the assurances made in the AP Reorganisation Act, 2014?

c) The reasons for delay in implementing the aforementioned issues?

Thank you.

***श्रीमती वीणा देवी (मुंगेर):** माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा पेश सामान्य बजट 2018-19 किसानों एवं ग्रामीणों के इस ऐतिहासिक बजट पर मैं धन्यवाद एवं समर्थन करती हूं। नए भारत की सोच के साथ आगे बढ़ रही मोदी सरकार ने आम बजट 2018-19 के जरिए अपने एजेंडे को नई ताकत दी है। सरकार अपने प्रगतिशील विचारों के साथ आगे बढ़ रही है। भारत की अर्थव्यवस्था 160 लाख करोड़ रुपये की है जो विश्व की सातवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही भारत पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। देश की अर्थव्यवस्था का आधार मानी जाने वाली ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर विशेष बल देकर माननीय वित्त मंत्री जी ने अपनी अर्थनीति को ही धार दिया है। सामान्य बजट 2018-19 में गांव, गरीबों और किसानों के साथ महिलाओं के कल्याण को एक मुहिम का रूप दिया गया है।

मेरे लोक सभा क्षेत्र में मुंगेर क्रमशः पटना ग्रामीण, लखीसराय और मुंगेर जिले आते है। मेरा संसदीय क्षेत्र मुंगेर बिहार राज्य में सबसे पिछड़ा क्षेत्र है। इसलिए सामान्य बजट 2018-19 में इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। निम्नलिखित बिन्दुओं पर वित्त मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लोक सभा क्षेत्र मुंगेर के लिए अतिरिक्त बजट की आशा करती हूं।

बिहार राज्य के एक मात्र दलहन उत्पादित भूमि, जो 1062 वर्ग किलोमीटर में 1 लाख 6 हजार वर्ग हेक्टेयर जमीन ""मोकामा टाल क्षेत्र"" के जलजमाव के निकासी एवं सुखाड से बचाने के लिए कट के माध्यम से गंगा नदी के द्वार को टाल क्षेत्र में खोलने से किसानों को लाभ होगा और उनकी आय में भी इजाफा होगा। इस टाल क्षेत्र में मसूर 95 प्रतिशत, 5 प्रतिशत चना, मटर एवं अन्य खेती होती है। मोकामा टाल क्षेत्र भारत का 6 माह का दलहन उपलब्ध करा सकता है। टाल क्षेत्र की मिट्टी बहुत ही उपजाऊ है ओर इस क्षेत्र में साल में तीन फसलों की पैदावार हो सकती है।

---

* Speech was laid on the Table.

बिहार राज्य के 09 जिलों में बटा हुआ टाल क्षेत्र मोकामा टाल क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। इस टाल क्षेत्र में एक डैम की घोषणा होगी। डैम बनने पर किसानों की पानी की आवश्यकता पूरी हो सकती है और एक फसल के जगह तीन-तीन फसले हो सकती हैं। मोकामा टाल क्षेत्र के विकास से ही मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानों का बड़ा लाभ होगा। मोकामा टाल क्षेत्र के विकास होने से इस क्षेत्र के किसान भारत में दलहन और तिलहन की कमी को पूरा कर सकते हैं। जिससे दलहन और तिलहन का दूसरे देशों से आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी और किसान भी खुशहाल होगा। सामान्य बजट 2018-19 में इसके लिए अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है।

सामान्य बजट 2018-19 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना का शुभारंभ किया गया है। मेरा लोक सभा क्षेत्र मुंगेर नक्सल प्रभावित होने के साथ-साथ बाढ़ ग्रस्त और पहाड़ी क्षेत्र है। बिहार राज्य का यह क्षेत्र का सबसे पिछड़ा क्षेत्र है जिसके कारण गरीबों की संख्या सबसे अधिक है। इस क्षेत्र के लोगों को बीमारी में इलाज के लिए भागलपुर, कोलकाता, बेगूसराय या पटना जाना पड़ता है। इसलिए इलाज में अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ती है। संसदीय क्षेत्र मुंगेर के अंतर्गत आने वाले जिलों में स्थित जिला अस्पतालों को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बनाना चाहिए। इस क्षेत्र में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की आवश्यकता है। अतः मेरे संसदीय क्षेत्र मुंगेर के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना के तहत बजट में अतिरिक्त बजट आवंटित किया जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र मुंगेर का अधिकांश क्षेत्र पहाड़ी और नक्सल प्रभावित है इस क्षेत्र में प्राथमिक शिक्षा की कमी है जिससे छोटे-छोट बच्चों को बाहर भेजना पड़ता है। उच्च शिक्षा के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र मुंगेर के बच्चे बिहार से बाहर जाने के लिए मजबूर हैं। बिहार राज्य में इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य उच्च स्तरीय शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। इन्हीं कारणों से सिर्फ साधन सम्पन्न लोगों के बच्चे ही बाहर शिक्षा के लिए जाते हैं। आजादी के समय से ही बिहार

पिछड़ गया और आज तक पूर्व सरकारों ने बिहार की प्रगति के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया। इसलिए एक बार पिछड़ने पर बिहार राज्य को बार-बार पीछे ही जाना पड़ा। बिहार राज्य के अन्य प्रदेशों की तुलना में मेधावी बच्चे हैं, मौका मिलने पर अपनी योग्यता का परिचय देश को देते रहते हैं जिसकी सराहना देश और दुनिया भी करती रही है। इसलिए बिहार राज्य में शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईआईटी, विश्वविद्यालयों तथा उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए प्रयास किया जाना बहुत जरूरी है।

मेरे संसदीय क्षेत्र मुंगेर में बुनियादी ढांचे यानी सड़क, रेल, एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं नहीं हैं। जबकि इसी क्षेत्र में रेल का सबसे बड़ा रेल कारखाना मुंगेर जिले के जमालपुर में स्थित है। जहां से रेलवे को कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं, परन्तु वर्तमान में रेल कारखाने का आधुनिकीकरण नहीं किया गया है। पुराने ढंग से कार्य किया जा रहा है जिसके कारण प्रसिद्ध रेल कारखाना अपने लक्ष्य को नहीं पा रहा है। मुंगेर में राजा कर्ण का किला, अनेक पर्यटक स्थल, धार्मिक स्थल और भारत का सबसे प्रथम योग विश्वविद्यालय है। देश-विदेश से पर्यटक मुंगेर आते हैं। परन्तु रेल और हवाई यात्रा की सुविधा नहीं होने से पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आ गई है। यदि मुंगेर में रेल और हवाई यात्रा की व्यवस्था हो जाए तो पर्यटकों की संख्यामें इजाफा होगा। मुंगेर में बहुत पुराना एयरपोर्ट है, परन्तु उसकी स्थिति वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण हो गई है। अतः चालू वित्तीय वर्ष में मुंगेर में स्थित एयरपोर्ट को चालू हालत में करने तथा रेलवे की बेहतर व्यवस्था हेतु अतिरिक्त राशि आवंटित करने की आवश्यकता है।

मेरा संसदीय क्षेत्र मुंगेर पहले राजा कर्ण का अंग देश था। आज भी राजा कर्ण का किला मुंगेर जिले में बना हुआ है। राजा कर्ण के द्वारा निर्मित अनेक प्रसिद्ध मंदिर और पर्यटन स्थल मुंगेर जिले में स्थित हैं। परन्तु केंद्र और बिहार सरकार द्वारा इन धरोहरों को नहीं बचाने और पर्यटक स्थल घोषित न करने के कारण राजा कर्ण का किला, अनेक प्रसिद्ध मंदिर और पर्यटन स्थल

जीर्ण-शीर्ण और समाप्ति की ओर जा रहे हैं। आम बजट 2018-19 में मुंगेर स्थित धरोहरों को बचाने और राजा कर्ण के द्वारा निर्मित प्रसिद्ध मन्दिरों को केंद्रीय पर्यटक स्थल के रख-रखाव के लिए अधिक से अधिक धनराशि उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

अतः मैं माननीय वित्त मंत्री जी से उपरोक्त बिन्दुओं के साथ सामान्य बजट 2018-19 का पुरजोर समर्थन करती हूं।

सादर,

***श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): "समृद्ध किसान सेहतमंद हिन्दुस्तान"** को समर्पित बजट 2018-19 पर मुझे विचार रखने का अवसर देने इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं। आम बजट 2018-19 के माध्यम से अरसे बाद इस बात की आस जगी है कि विकास की बयार हमेशा शहरों से ही गांवों की ओर नहीं बहेगी, बल्कि गांवों के देश भारत में ग्रामीण स्वच्छंद होकर विकास भी करेंगे और सिर उठाकर जीएंगे।

इसी दिशा में अग्रसर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी की सोच और कवायद जमीन पर उतरी तो न्यू इंडिया बहुत दूर नहीं है। वह न्यू इंडिया जिसमें गांव शहरों के मुकाबले खड़े होंगे, पलायन बीते दिनों की बात होगी और किसानों की आत्महत्या जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के अभिशाप से शायद देश मुक्त होगा।

बजट में इस बात का प्रावधान है कि छोटे और मंझोले किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए छोटे ग्रामीण हाट व बाजारों को मंडी में तब्दील किया जाएगा। इस हेतु सभी राज्यों से ऐसे 22,000 ग्रामीण बाजार चिन्हित किए गए हैं। इसके ढांचागत विकास के लिए मनरेगा और अन्य योजनाओं का उपयोग किया जाएगा। इन्हें मंडी कानून (एपीएमसी एक्ट) से भी छूट दी गई है। इन मंडियों में किसान अपनी उपज को सीधे उपभोक्ताओं व थोक खरीदारों को बेच सकता है। पहले मंडी कानून की गड़बड़ियों के कारण यह सुविधा किसानों को नहीं मिल पाती थी। इन मंडियों को ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) के प्रावधान से भी अलग रखा गया है। हर खेत को पानी तथा किसानों की माली हालत को सुधारने के लिए खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत के मुकाबले बढ़ाकर डेढ़ गुणा करने की घोषणा , दूरगामी कदम सिद्ध होंगे जिससे किसानों की आय बढ़ेगी तथा गांवों की तस्वीर सुधरेगी।

एक ऐसे समय में जब पुरी दुनिया भारत की ओर देख रही है, तब माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय वित्त मंत्री जी ने किसानों की समृद्धि और सेहतमंद हिन्दुस्तान के सपने को हकीकत

---

* Speech was laid on theTable.

में बदलने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है। नए भारत के निर्माण की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए दुनिया की सबसे बड़ी **"राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना"** शुरू किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ देश के दस करोड़ परिवार यानी करीब पचास करोड़ लोग उठा पाएंगे। यह एक आम भारतीय की उम्र में इजाफा करने के साथ ही निजी हेल्थ सेक्टर की मनमानी को भी रोकेगा। इसके अतिरिक्त शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र के विकास से जुड़ी तमाम योजनाओं के लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने 1.38 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया है, यह स्वागत योग्य कदम है तथा इसके परिणामस्वरूप देश "इज ऑफ लिविंग" की दिशा में अग्रसर होगा।

युवा आबादी का सही नियोजन रोजगारपरक व उच्च शिक्षा से ही संभव होगा और इस दिशा में उच्च शिक्षा के ढांचे को मजबूत बनाने हेतु अगले चार वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश उल्लेखनीय पहल है। यह राशि शोध और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने पर खर्च की जाएगी। **"राइज" (रिवाइटलाइजिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सिस्टम इन एजुकेशन)** उच्च शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस पहल का वित्तपोऐण "हेफा" उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा और इन कदमों से हमारे उच्च शिक्षण संस्थान विश्व स्तरीय बन पाएंगे। बजट में घोषित **"प्रधानमंत्री अनुसंधान अध्येता (पीएमआरएफ) पहल"** भी स्वागत योग्य कदम है।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी दिशा में "बेटी **बचाओ बटी पढ़ाओ"** तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अब तक जहां 5 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य था, उसे इसकी लोकप्रियता को देखते हुए इस बजट में 8 करोड़ गरीब महिलाओं को देने का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" के मद्देनजर जनवरी, 2015 में शुरू की गई सुकन्या समृद्धि खाता योजना बहुत ही सफल रही है। आज इसके अंतर्गत बालिका के नाम से देश भर में 1.26 करोड़ खाते खोले गए हैं जिनमें 19,183 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

मध्यम, लघु तथा सूक्ष्म उद्यम और रोजगार लघु और मध्यम उद्यम देश की प्रगति तथा रोजगार के प्रमुख वाहक हैं। इसके दृष्टि गत एमएसएमई क्षेत्र को ऋण सहायता, पूंजी और ब्याज सब्सिडी तथा नवोन्मेष (इनोवेशन) के लिए 3794 करोड़ रुपये का प्रावधान एक सराहनीय पहल है । विमुद्रीकरण और जीएसटी लागू होने के पश्चात् देश में लघु और मध्यम उद्यमों के व्यवसायों का प्रभावशाली आकार बढ़ रहा है। यह लघु और मध्यम उद्यमों के व्यवसायों और वित्त साधनों के प्रचुर वित्तीय सूचना डाटाबेस बना रहा है। जिसके माध्यम से लघु और मध्यम उद्यमों की कार्यशील पूंजी सहित पूंजी की जरूरतों के वित्तपोषण में सुधार करने के प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही "मुद्रा योजना" के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारण भी इस क्षेत्र को गति प्रदान करेगा। इन सबके अतिरिक्त संगठित क्षेत्र में नए रोजगार उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को करों में छूट के साथ ही ग्रामीण इलाकों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के माध्यम से रोजगार सृजन का प्रावधान बजट में मौजूद है। इसके साथ ही युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए हर जिले में कौशल विकास केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव भी एक सराहनीय कदम है।

"न्यू **इंडिया"** बनाने का नारा सिर्फ शहरों और एक खास वर्ग तक सीमित नहीं रह जाए। इस बात का भी पूरा ख्याल आम बजट 2018-19 में रखा गया है। माननीय वित्त मंत्री जी ने

महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी मिशन को विशेष अहमियत दी है। इसी को ध्यान में रखते हुए आवास व शहरी मंत्रालय के लिए अगले वित्त वर्ष में 41,765 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अगर हम इसकी तुलना चालू वित्त वर्ष के 40,618 करोड़ रुपये से करें तो यह बजट 2.82 फीसदी अधिक है।

सरकार गरीबों को आवास के साथ रोशनी के लिए मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसके लिए **प्रधानमंत्री सहज हर घर योजना (सौभाग्य)** के जरिए हर घर को बिजली पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

समग्र रूप से मेरा मानना है कि इस बजट में कृषि से लेकर बुनियादी ढांचे तक सभी क्षेत्रों पर बराबर ध्यान दिया गया है। यह किसान हितैषी, आम आदमी की मदद करने वाला है और देश में व्यावसायिक माहौल को बेहतर करने वाला है। कुल मिलाकर नए भारत की संकल्पना को तथा विकास की रफ्तार को यह बजट गति प्रदान करने वाला है।

*SHRI NISHIKANT DUBEY (GODDA): Economic Performance Global economy the world economic output rebounded in 2017 with a growth rate of 3.7% as compared to an eight year low growth of 3.2% in 2016. As per the IMF, the year 2017 witnessed "the broadest synchronised global growth upsurge since 2010." The pickup in growth has been broad based, with noTable surprises in Europe and Asia. While the advanced economies are estimated to grow by 2.3%, the EMDEs are estimated to grow by 4.7% in 2017. China remains the fastest growing major economy in the world growing at 6.8% followed by India at 6.7%. The forecast for the coming years also appears positive, reflecting the increasing global momentum. Global economic output is slated to grow by 3.9% in 2018 and 2019. The recently approved USA tax policy changes are seen as a key contributor to this increased growth rate. In particular, corporate income tax cuts in the USA are expected to stimulate economic activity. Growth rates for many of the Eurozone economies have also been revised upwards, especially for Germany, Italy and the Netherlands, reflecting the stronger momentum in domestic demand and higher external demand. Growth is expected to pick up in India, moderate gradually in China and remain broadly sTable in the Asian economies with India possibly again occupying the fastest growing economy position in FY 2018-19. However, risks may threaten the global economy, and consequently, the Indian economy. The build-up of financial vulnerabilities remains a key concern. As noted in the October 2017 Global Financial Stability Report, the

* Speech was laid on the Table.

share of companies with low investmentgrade rating in advanced economy bond indices has increased significantly in recent years.

Non-financial corporate debt has also grown rapidly in some emerging markets, calling for a policy response. Furthermore, an increase in trade barriers and regulatory realignments would weigh on global investment and may pose as an obstacle for increased global output. Along with this, a rise in commodity prices may also adversely impact the non-OPEC countries.

Indian economy, the figures for FY18 show that the Indian economy faced a temporary slowdown on the back of reform measures such as GST and demonetisation. While the economy continues to be the seventh largest in the world (third largest in PPP terms), the growth rates are at a four year low. Both IMF and World Bank estimate that India's economy will grow by 6.7% in FY 2017-18. Advance estimates by CSO suggest that the economy will grow by 6.5% in this fiscal year. Subdued domestic demand, especially in the first half of the year, remained the major concern for the economy. The GDP at market prices in Q1 FY 2017-18 was recorded at 5.72%, which was the lowest in 12 quarters. Partially, this was due to sluggish performance by the industry segment. Apart from this, growth in Government expenditure which was the key driver in the previous year, also fell in this year. In the first half of 2017-18, the Government Final Consumption Expenditure grew by 10.7% as opposed to 16.5% in the same period of the previous year. However, notably, India is still one of the best performing economies in the world, despite this temporary blip. GDP growth has averaged 7.3% for the period from 2014-15 to 2017-18, which

is the highest among the major economies of the world. The growth is around 4% higher than world average of last 3 years and nearly 3% more than the average growth achieved by EMDEs. The economy has shown signs of recovery in the second half of the year. Industrial production for instance, has picked up after bottoming out in June 2017. In November, IIP growth surged to a 25 month high on the back of a manufacturing boost. Similarly, other metrics such as vehicle sales, cement production and bank credit present an optimistic scenario for the economy.

The broad macro-economic indicators for the economy are as follows: GDP growth: The GDP is expected to grow at 6.5% this fiscal (2017-18), according to the first advance estimates of the CSO as against 7.1% in the previous year. This is primarily due to a lower growth in agriculture (2.1% v 4.9% in 2016-17) and industry (4.4% v 5.6% in 2016-17). Services, on the other hand, are expected to grow faster in this fiscal year (8.3% from 7.8% in 2016-17). Inflation: Retail inflation fell sharply in the first half of the year, declining to a five year low of 1.6% in June 2017. This was partly due to a fall in global crude prices, food prices and because of lower domestic demand. Post June2017, there was a continuous rise in inflation, rising up to 5.21%. However, the average for the year to date (April to December) stood at 3.23%, which was lower than 5.47% during the same period in previous year. Fiscal deficit: Fiscal deficit as percentage of GDP for FY 2017-18 is revised to 3.5% from 3.2% budgeted. Further, the Government aims to bring down fiscal deficit to 3.3% of GDP in FY 2018-19. This is on account of rising revenue deficit to

2.6%. Trade deficit: India's trade deficit increased by 33% during April to November 2017, when it stood at $102.1 billion, as opposed to USD 67.8 billion in the corresponding period of the previous year. This was primarily due to a 22% increase in imports as against only 11% increase in exports. Both oil and non-oil imports grew in roughly the same proportion. Currency: the rupee appreciated by 4.14%, as it stood at an average of 64.4 per USD during April 2017 to January 2018 against an average of 67.19 per USD during the same period in the previous year. Fiscal consolidation continuing on fiscal consolidation path, the Government had set the fiscal deficit target of 3.2% for FY 2017-18 down from 3.5% in FY 2016-17. This was aimed to be achieved despite uncertainties arising out of implementation of GST, demonetisation and rising crude oil prices. There was a slippage in fiscal deficit target by 0.3% in FY 2017-18 as the fiscal deficit was revised to 3.5% of GDP for FY 2017-18. Similarly, revenue deficit is revised upward to 2.6% in FY 2017-18 from budget target of 1.9% of GDP. One of the reasons is the shortfall in non-tax revenue collection and rise in expenditure in this financial year. The non tax revenue collection during April -November 2017 declined by 39% to INR 1.05 trillion over non-tax revenue collection of INR 1.75 trillion in the corresponding period of the previous year. Total expenditure in the year 2017-18 has increased by 3% over budget estimate. Further, fiscal deficit is pegged at 3.3% for FY 2018-19. This looks achievable, given the upward trajectory in growth, buoyant direct taxes and stabilisation in the GST. The Government has proposed to accept the recommendations of the Fiscal Reform and Budget

Management Committee relating to adopting debt rule and to bring down the centre's debt-to-GDP ratio to 40%. Currently, the debt-to-GDP ratio for the centre alone is approximately 48%. An announcement with regard to timelines of achieving this target may be done in future. Further, the Government has also accepted the recommendation to use the fiscal deficit target as the key operational parameter. Impact of demonetisation: The Government withdrew the status of legal tender of INR 500 and 1000 currency notes on 8 November,2016, thereby, withdrawing 86% of the currency in circulation. There are various opinions on the probable impacts of demonetisation on the economy, both on its short-term and long term impacts. Economic survey suggests that the negative impact of demonetisation has receded as the cash-to-GDP ratio has stabilised and has forecast growth to be between 7% and 7.5% in FY 2018-19. Some of the impacts can be noted as follows:

- The withdrawal of high value currency notes led to a liquidity stock, thereby, affected demand and production, especially in informal cash driven sectors. This might have contributed to the slow growth rate realised in first half of FY 2018.
- Economic Survey 2017-18 finds demonetisation-cum-GST has increased tax base by 1.8 million additional taxpayers, though these new filers did not contribute any taxes as they were close to thresholds of 0.25 million. However, in the long run, with income growth, this may increase revenue of the Government.

- Demonetisation, along with various measures taken by Government to promote digital payment, boosted transactions through systems such as NEFT, debit and credit cards, cheques, prepaid wallets, UPI and mobile banking etc. as per the RBI's Annual Report, in the month of December 2016, transactions of 957 million were made, as compared to 671 million in the preceding month, but the volume has since come down to 862 million transactions in July 2017, indicating moderation of the initial rapid growth.

Key reforms in 2017-18 in the current fiscal year, the Government continued with its reform agenda. Some of the most noTable reform measures are as follows: Goods and Services Tax on 1 July, 2017 the Government launched the GST, which has replaced the complex multiple indirect tax structure. The act transformed India into one market with one tax rate. PSU bank recapitalisation in October 2017, the Finance Ministry announced INR 2.11 trillion recapitalisation plan for PSU banks over the next two years. Of the total amount, INR 1.35 trillion would come from recapitalisation bonds, INR 181.39 billion from the Centre's budgetary funds and the remaining INR 580 billion would be mopped up from capital market by diluting the Government's equity. Capital infusion was a long standing demand of state-owned banks, as the asset qualities of these banks have grossly worsened due to increasing non-performing assets. The Government's announcement also led to improvements in the country's sovereign rating. Disinvestment with objectives to efficiently manage its investment in CPSEs and exit from the non-strategic

business, Government launched DIPAM scheme in 2016. The proceeds from disinvestment in FY 2017-18 stood INR 1 trillion as against budgeted INR 725 billion for 2017-18. The Government took various measures with regard to disinvestment, which require mention here. In February 2017, the Government launched procedure for time bound listing of CPSEs on stock exchanges. The Government also approved listing of 14 CPSEs (including two insurance companies) on the stock exchanges. During the current financial year, four IPO issues of HUDCO, Cochin Shipyard Ltd. (CSL), General Insurance Corporation and New India Assurance Company, Ltd. have been successfully listed on the stock exchange. Further, the Government sold its entire stake in HPCL to ONGC which would fetch INR 369.15 billion for the Government. In November, 2017, the Government launched Bharat 22 ETF compromising shares of 22 CPSEs to raise money from the market, which received an overwhelming response across all classes of investors. In June 2017, the Government formally approved the privatisation of national airline Air India Ltd. And five of its subsidiaries and allowed foreign airlines to own upto 49% stake in national carrier. Dynamic fuel pricing in June 2017, India joined the league of select countries such as the USA and Australia where fuel prices are revised on a daily basis. The three state-owned oil marketing companies- Indian Oil, Bharat Petroleum Corporation and Hindustan Petroleum Corporation-- are since rolling out the daily dynamic pricing mechanism for petrol and diesel. Under the dynamic pricing scheme, petrol and diesel prices are revised on a daily basis in sync with global crude oil prices. Banking Regulation

(Amendment Bill), 2017, : In August 2017, the Government passed hte Banking Regulation (Amendment) Bill, 2017, which empowers the Reserve Bank of India (RBI) to give directions to banks to act against loan defaulters. The bill came after an ordinance was promulgated in May, as immediate action was required to combat the unacceptably high levels of stressesed assets in banking system. Liberalisation of FDI policy: The Government of India, in continuity with its motto of attracting foreign investment and ease of doing business in India, has made changes to the FDI policy across sectors in single brand retail trading, 100% FDI is permitted under the automatic route. For real estate broking services, it is clarified that such services do not amount to real estate business and 100% FDI is permitted under the automatic route.

For the current fiscal year (2017-18), the CSO estimates the GDP to grow by 6.5%. the estimates by the Economic Survey on the other hand as well as by multilateral agencies such as the IMF and World Bank suggest that growth may be somewhere in the range of 6.7-6.75%.

- The growth is expected to further increase in the next fiscal year, with the Economic Survey forecasting a growth rate in the range of 7-7.5%. This is in line with the predictions by IMF (7.4%) and World Bank (7.3%). These figures would mean that India would overtake China as the fastest growing major economy in the world.
- The growth projections seem achievable given the recent signs of revival in investment activity as well as a spike in bank credit. More importantly, the Government's intention to go ahead with gritty reforms may boost

growth rates. Bank recapitalisation and implementation of the IBC 2016 is likely to boost credit growth and investments. The smoothening of the GST processes along with further liberalisation of FDI will also help in spurring growth.

- A spike in oil prices in the next fiscal year could pose as a downside risk for the economy. Oil prices have risen by around 14% in the current fiscal year and are projected to further rise by roughly 12% in 2018-19 (IMF). As per the CEA, GDP may be impacted by 0.2% and 0.3%, inflation will be higher by 0.2-0.3% and current account deficit will widen if oil prices were to rise by USD 10 per barrel.
- From a macro perspective, India will need to deal with two vulnerabilities: fiscal and current accounts. Both of these trend to deteriorate when oil prices pick up rapidly. On the fiscal front, the increased tax base post demonetisation and GST should result in a more comforTable position in the medium term. As far as the current account is concerned, raising the growth trajectory of exports will be crucial in order to avoid further deterioration. The economic survey highlights that reviving manufacturing and making the sector internationally competitive have been the twin goals of the Make in India program. Hence, this shift in policy is expected to boost exports and reduce the deficit in the current account.

- Favourable global conditions are further expected to help the Indian economy meet its growth ambitions. As per the IMF, world output is expected to grow by 3.9% in 2019-2020. This forecast reflects the expectation that favourable global financial conditions and strong sentiments will help maintain the recent acceleration in export demand.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : आपने मुझे केन्द्रीय बजट 2018-19 के चर्चा में भाग लेने का मौका दिया है, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपाध्यक्ष महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी का इस वर्ष का बजट देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला, समावेशी विकास को सुनिश्चित करने वाला, नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने वाला, दस करोड़ परिवारों को बीमा देने वाला, किसानों की आय को दुगुना तक करने वाला एवं नए भारत का सपना पूरा करने वाला बजट है। इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूं। मुख्य नेतृत्व में वित्त मंत्री जी ने आम जन का ध्यान रखते हुए एक समावेशी बजट लाने का कार्य किया है। 124 हवाई अड्डों का विकास, रेलवे को 1,48,000 करोड़ रुपये और स्मार्ट सिटी के लिए 2,04,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह बजट पहले के बजट से अलग प्रतीत होता है। बजटीय प्रावधानों में क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना आबंटन पांच गुना बढ़ाकर 10.14 लाख करोड़ रुपये किया गया है। बुनियादी ढांचे पर वर्ष 2018-19 में 5.97 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। सड़कों के लिए एनएचएआई को 916.63 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है। लगभग नौ हजार किलोमीटर नेशनल हाईवेज का निर्माण किया जा चुका है। 'भारतमाला परियोजना' पर 5,35,000 करोड़ रुपये खर्च कर 35,000 किलोमीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव है। 12,000 करोड़ रुपये का गरीबों के लिए ऐतिहासिक स्वास्थ्य बीमा लाया जा रहा है, जिससे 10 करोड़ परिवारों के इलाज के लिए पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलेगी। 'उज्ज्वला योजना' के तहत लगभग तीन करोड़ इकतीस लाख लोगों को लाभ मिला है और लगभग आठ करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनैक्शन दिया जाएगा। सात सौ से अधिक जिलों के सभी गांवों को इंटरनेट से जोड़ने का प्रस्ताव काफी सराहनीय है। अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए 56,219 करोड़ रुपये और अनुसूचित जनजाति कल्याण के लिए 39,135 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है।

वर्ष 2022 तक हर गरीब को घर देने की बात और हर घर को रोशनी देने की बात माननीय प्रधान मंत्री जी ने की है। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम चलाए गए हैं। एमएसएमई सैक्टर, जो अधिक रोजगार के अवसर पैदा करती है, उसके कर्ज के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की घोषणा की है। 250 करोड़ रुपये तक के कारोबार करने वालों को कारपोरैट टैक्स में पांच प्रतिशत की छूट दी गई है। पहले वह 30 प्रतिशत था, अब उनको 25 प्रतिशत टैक्स देना होगा। महंगाई कम करने के उपाय किए गए हैं। मध्यम एवं निम्न वर्गों को आर्थिक राहत और नौकरी पेशा कर्मचारियों को आयकर में 40,000 रुपये की अतिरिक्त कटौती, सैनिकों को विशेष राहत, उच्च शिक्षा के लिए 1,00,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अनुदान, किसान क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए 11,00,000 करोड़ रुपये, किसानों को उचित दाम मिले, इसके लिए 500 करोड़ रुपये, कृषि मंडी में सुधार के लिए 200 करोड़ रुपये, डेयरी विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये आदि ऐतिहासिक फैसला किया गया है। कालेधन पर सरकार द्वारा की जा रही चोट काफी सराहनीय है। इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगा है और आगे भी यह लगेगा।

माननीय प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है और बिहार के लिए कुछ मांग भी है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए बिहार की विधान सभा और विधान परिषद से प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। मेरा अनुरोध है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का प्रावधान पूरा किया जाए। उज्ज्वला योजना से नालंदा जिले के सभी परिवारों को गैस कनैक्शंस देकर नालंदा को शत-प्रतिशत गैस कनैक्शंस वाला नोडल क्षेत्र घोषित करने की भी मांग करता हूं। बिहार के बांका में स्वीकृत अल्ट्रा पावर प्रोजैक्ट को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए। प्रस्तावित 24 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना में से बिहार को कम से कम चार मेडिकल कॉलेज देने का मैं प्रस्ताव रखता हूं। बिहार की आबादी 11 करोड़ है, वहां कम से कम चार मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो। बिहार को पिछले वर्ष एम्स अस्पताल दिया गया था, लेकिन उसके कार्य में प्रगति नहीं है। आपके माध्यम से मेरा अनुरोध है कि उसके कार्य में प्रगति की जाए।

वहां जो एम्स पहले से है, वह शुरू तो हो गया है, लेकिन पूरी तरह से शुरू नहीं हुआ है। वहां कई स्पेशियलिस्ट डाक्टर्स नहीं गए हैं। मेरी मांग है कि एम्स को पूर्ण रूप से चालू किया जाए। पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया जाए। बिहार के लिए बाढ़ राहत कोष के 7200 करोड़ रुपये निर्गत नहीं किए गए हैं। माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस राशि को निर्गत किया जाए। प्रधान मंत्री जी ने बिहार के लिए एक लाख पैंसठ हजार करोड़ रुपये आर्थिक पैकेज की घोषणा की थी, इस राशि का भी आबंटन किया जाए। बिहार शरीफ में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की भी स्थापना होनी चाहिए। बिहार शरीफ को स्मार्ट सिटी के तहत लिया गया है।

जीएसटी के लिए मैं सरकार को बधाई देता हूं। राज्यों को इससे अधिक आय होगी। मैं आग्रह करता हूं कि इस सिस्टम को जल्द अपग्रेड किया जाए, जिससे कि कारोबारियों को कठिनाई न हो। जो भी पेनल्टी ली जाती है, वह सही प्रतीत नहीं होती है। जीडीपी की दर 7.5 प्रतिशत का अनुमान देश की अच्छी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। कृषि ग्रोथ भी 2.1 प्रतिशत होने के अनुमान से किसानों में खुशी है। बिहार में हर वर्ष बाढ़ के कारण करोड़ों परिवार प्रभावित होते हैं, इसका मुख्य कारण नेपाल से बरसात के समय अधिक पानी का प्रवाह होना है। अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि नेपाल सरकार से बात करके स्थायी समाधान किया जाए। गंगा नदी में सिल्ट की समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए। वहां फरक्का बांध के कारण पूरे बिहार में गंगा नदी का सिल्ट जमा है।

महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र और बिहार की कुछ मांगें रखना चाहता हूं। सूखे से निपटने के लिए एक राहत कोष बनाया जाए। प्रत्येक राज्य को उस कोष से राहत दी जाए। नालंदा, पूर्णिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, भागलपुर में क्षेत्रीय हवाई अड्डे का विकास शीघ्र कराया जाए। पेट्रोल और डीजल के दामों को तर्कसंगत बनाकर उपभोक्ताओं को लाभ दिया जाए। नालंदा के राजगीर में पांच सितारा होटल एवं अंतर्राष्ट्रीय लाइब्रेरी की स्थापना की जाए। बिहार के कम से

कम पांच और शहरों को स्मार्ट सिटी घोषित करने का मैं प्रस्ताव रखता हूं। पटना में मेट्रो रेल की स्थापना होनी है। मेरा अनुरोध है कि इसे नालंदा और हाजीपुर तथा बोध गया तक जोड़ा जाए।

***डा॰ करण सिंह यादव (अलवर) :** बजट वर्ष 2018-19 की प्रस्तुति मात्र औपचारिकता का निर्वहन है। माननीय वित्त मंत्री जी ने वही पुराने घिसे-पिटे दावं व वादे करने की कवायद इस बजट के माध्यम से की है।

मोदी सरकार के इस आखिरी बजट में थोथी घोषणाओं के अलावा कुछ भी सार नहीं है। भाजपा के घोषणा-पत्र में भी किसानों की आमदनी डेढ़ गुना बढ़ाए जाने की बात की गयी थी, मगर गत चार वर्षों में ये घोषणाएं कागज पर ही रही। इस बार फिर बजट भाषण में स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट लागू करने का वादा किया है।

व्यापक किसान आंदोलन एवं आत्महत्याओं से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि किसान की स्थिति गत चार वर्षों में बद से बदतर होती गयी है।

भारतीय किसान केवल दो मांगों 'लाभकारी कृषि मूल्य' एवं 'ऋण मुक्ति' को लेकर आंदोलित रहे हैं। बजट से उम्मीद थी कि ऋण माफी की कोई घोषणा होगी, मगर वित्त मंत्री जी ने निराश किया। इस सरकार ने हाल ही में बैंकों के पुन: पूंजीकरण के रास्ते से कॉरपोरेट घरानों को भारी ऋण माफी दी थी। यह स्पष्ट है कि सरकार कॉरपोरेट जगत की हिमायती है, न कि आम गरीब किसान की। राजनैतिक स्वार्थ सिद्धि हेतु उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र में कुछ किसानों का कर्ज माफ किया गया, मगर राजस्थान के गरीब किसानों की आवाज न केन्द्र सुनता है, न राज्य सरकार।

समर्थन मूल्य की घोषणा तो की गयी है, मगर बाजार में सरकार एवं सरकारी एजेंसियों के क्रय-केन्द्र न होने से किसानों को अपनी फसल बहुत कम दामों पर बेचने पर मजबूर होना पड़ता है।

मेरे अपने लोक सभा क्षेत्र अलवर में सरसों व बाजरे की काफी उपज होती है। सरकार द्वारा सरसों के घोषित समर्थन मूल्य 3,700 रुपये प्रति क्विंटल के बजाय किसान 3,300-3,400 रुपये

---

* Speech was laid on the Table.

के भाव पर बेचने पर मजबूर होता है। जब तक सरकार कृषि उत्पादन को समर्थन मूल्य पर स्वयं नहीं खरीदती अथवा कोई ऐसा तरीका, जिससे मंडी के भावों व समर्थन मूल्य के अन्तर की राशि को किसानों की भरपाई करने की कोई योजना नहीं लाती, तब तक किसान का भला नहीं होगा।

पूर्ववर्ती यूपीए सरकार में किसानों को बिना ब्याज के फसली ऋण, गेहूं पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाता था, वह बंद कर दिया गया। बढ़ते बिजली के दाम, डीजल की बढ़ती कीमतों को भी नियंत्रण में रखना सरकार का दायित्व होना चाहिए।

केन्द्रीय बजट का सबसे अधिक उत्सुकता से इंतजार करने वाले वेतनभोगी एवं पेंशनभोगी लोगों को बजट से निराशा हाथ लगी है। जनता टैक्स स्लैब में बदलाव एवं रियायत की उम्मीद लगाए थी। जहां तक आयकर में 40,000 रुपये की मानक कटौती देने का सवाल है तो यह भी एक लोक-लुभावन ही है। बदले में परिवहन एवं मेडिकल खर्च समाप्त कर सरकार ने 34,200 रुपये वापस ले लिए हैं। आम मध्यम वर्गीय करदाता से इस तरह छलावा करना मोदी सरकार के लिए घातक सिद्ध होगा।

सरकार का दावा है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू कर रही है। दावा किया है कि 10 करोड़ परिवारों के 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। बजट घोषणा में यह साफ नहीं किया गया है कि इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए धन कहां से आएगा ? एक मोटे अनुमान के हिसाब से ऐसा स्वास्थ्य बीमा करवाने के लिए 50 लाख करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। लगता है कि इस योजना का लाभ रोगियों की बजाय बीमा कंपनियां एवं निजी अस्पताल ही उठा पाएंगे। यह स्पष्ट है कि बजट घोषणा के बाद शेयर बाजार के टूटने में जिन कंपनियों के शेयरों के दाम बढ़ रहे थे, वे निजी अस्पताल कंपनियों के थे। राजस्थान सरकार की इसी प्रकार की 'भामाशाह योजना' का लाभ निजी अस्पताल उठा रहे हैं तथा ऐसी तकनीकी और पेचीदा प्रक्रिया होने से गरीब आदमी इलाज से वंचित रहता है।

ऐसे मामले में राजस्थान में पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार द्वारा चालू की गई सरकारी अस्पतालों में मुफ्त जांच एवं मुफ्त इलाज की योजना कहीं अधिक प्रभावशाली व लाभकारी रही है। केन्द्र को राजस्थान की गहलोत सरकार की योजना का अध्ययन कर सरकारी क्षेत्र में अधिक धन लगाना चाहिए।

बजट में यह भी सपना दिया गया है कि हर तीन संसदीय क्षेत्रों में औसतन एक मेडिकल कॉलेज खुलना हमारे स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाएगा। मगर, केन्द्र सरकार के गत चार वर्ष तो इस धारणा के प्रतिकूल काम करने में गुजरे हैं।

उदाहरण स्वरूप मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र अलवर में ई.एस.आई.सी. कॉरपोरेशन द्वारा यूपीए-1 एवं यूपीए-2 के शासन काल में 800 करोड़ रुपये की लागत से बने अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के वर्ष 2016 में पूर्ण निर्माण के बाद निष्क्रिय पड़े रहने का है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण लिमिटेड इस अस्पताल एवं कॉलेज भवन के पूर्ण होने पर अक्टूबर, 2016 से ई०एस०आई०सी० कॉरपोरेशन को लगातार पत्र लिख रहा है कि वे इस भवन का अधिग्रहण करें। सरकार ने भवन के अधिग्रहण में बेरुखी दिखाई है। फलस्वरूप, आज वहां 20/30 चौकीदार भवन को देख रहे हैं। भवन में चमगादड़ निवास करते हैं।

जब सरकार का श्रम मंत्रालय 800 करोड़ रुपये की लागत के भवन में गत तीन वर्षों से कोई चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध नहीं करवा सकी है, उस सरकार से क्या उम्मीद की जा सकती है?

मैं श्रम मंत्री से निवेदन करूंगा कि अलवर के इस ई०एस०आई०सी० मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भवन का अधिग्रहण कर शीघ्रातिशीघ्र डॉक्टरों, नर्सों की नियुक्ति करें व अस्पताल को उपकरणों से लैस कर अलवर की जनता व श्रमिकों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कराएं।

बजट में रेल के विकास के वादे तो किए हैं, मगर प्रावधान बहुत कम है। पूर्व में स्वीकृत, लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता से लागू करना होगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आस-पास

के क्षेत्र से रोजगार के लिए आने-जाने वाले लोगों की सुविधा को देखते हुए व दिल्ली में आबादी के दबाव को कम करने के लिए भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के अधीन एनसीआरपीबी द्वारा रिजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम के तहत दिल्ली से अलवर तक 180 कि.मी. मार्ग पर रेल चलाने का कार्य स्वीकृत किया था। गुड़गांव, रेवाड़ी एवं खैरतल जैसे बड़े कस्बों को लाभान्वित करने वाली इस योजना में आने वाले स्टेशनों का चिन्हीकरण व सर्वे कार्य सहित डी०पी०आर० भी पूर्व में ही बन चुकी थी। वर्ष 2016 तक प्रथम फेज पूर्ण करने का निर्णय भी था, मगर वर्तमान सरकार ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। मेरा शहरी विकास मंत्री एवं रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इस योजना को शीघ्र हाथ में लें।

मेरा लोक सभा क्षेत्र पेय जल की कमी से वर्षों से जूझ रहा है। पूर्ववर्ती सरकार के समय केन्द्र व राज्य सरकार के जल संसाधन मंत्रालय ने चम्बल का पानी अलवर लाने की योजना बना रखी थी, उसे रोक दिया गया है। मैं प्रार्थना करूंगा कि इस पानी की योजना को प्राथमिकता से प्रारम्भ किया जाए।

मोदी सरकार की नोटबंदी एवं जी०एस०टी० लागू होने के बाद बेरोजगारों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले, यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

माननीय जेटली साहब एवं माननीय मोदी जी को जनता की समस्याओं को समझना होगा। जिस गति से चार साल निकले हैं, उससे स्पष्ट है कि आने वाला जनादेश उनके खिलाफ होगा, जिसकी शुरुआत राजस्थान में हुए तीन उपचुनावों के जनादेश से स्पष्ट है। हवा बदल गयी है।

***श्री जनक राम (गोपालगंज):** "समृद्ध किसान सेहतमंद हिन्दुस्तान" को समर्पित बजट 2018-19 पर अपने विचार रखने का अवसर देने के लिए मैं आभार प्रकट करता हूं। आम बजट 2018-19 के माध्यम से अरसे बाद इस बात की आस जगी है कि विकास की बयार हमेशा शहरों से ही गांवों की ओर नहीं बहेगी, बल्कि गांवों के देश भारत में ग्रामीण स्वच्छंद होकर विकास भी करेंगे और सिर भी उठाकर जिएंगे।

इसी दिशा में अग्रसर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी की सोच और कवायद जमीन पर उतरी तो न्यू इंडिया बहुत दूर नहीं है। वह न्यू इंडिया जिसमें गांव शहरों के मुकाबले खड़े होंगे, पलायन बीते दिनों की बात होगी और किसानों की आत्महत्या जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के अभिशाप से शायद देश मुक्त होगा।

बजट में इस बात का प्रावधान है कि छोटे और मंझोले किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए छोटे ग्रामीण हाट व बाजारों को मंडी में तब्दील किया जाएगा। इस हेतु सभी राज्यों से ऐसे 22,000 ग्रामीण बाजार चिन्हित किए गए हैं। इसके ढांचागत विकास के लिए मनरेगा और अन्य योजनाओं का उपयोग किया जाएगा। इन्हें मंडी कानून (एपीएमसी एक्ट) से भी छूट दी गई है। इन मंडियों में किसान अपनी उपज को सीधे उपभोक्ताओं व थोक खरीदारों को बेच सकता है। पहले मंडी कानून को गड़बड़ियों के कारण यह सुविधा किसानों को नहीं मिल पाती थी। इन मंडियों को ई-एनएएम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) के प्रावधान से भी अलग रखा गया है। हर खेत को पानी तथा किसानों की माली हालत सुधारने के लिए खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत के मुकाबले बढ़ाकर डेढ़ गुणा करने की घोषणा , दूरगामी कदम सिद्ध होंगे जिससे किसानों की आय बढ़ेगी तथा गांवों की तस्वीर सुधरेगी।

एक ऐसे समय में जब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है, तब माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय वित्त मंत्री जी ने किसानों की समृद्धि और सेहतमंद हिन्दुस्तान के सपने को हकीकत

* Speech was laid on the Table

में बदलने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है। नए भारत के निर्माण की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए दुनिया की सबसे बड़ी **"राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना"** को शुरू किया जाना एक स्वागतयोग्य कदम है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ देश के दस करोड़ परिवार यानी करीब पचास करोड़ लोग उठा पाएंगे। यह एक आम भारतीय की उम्र में इजाफा करने के साथ ही निजी हेल्थ सेक्टर की मनमानी को भी रोकेगा। इसके अतिरिक्त शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र के विकास से जुड़ी तमाम योजनाओं के लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने 1.38 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया है, यह एक स्वागतयोग्य कदम है तथा इसके परिणामस्वरूप देश "इज ऑफ लिविंग" की दिशा में अग्रसर होगा।

युवा आबादी का सही नियोजन रोजगारपरक व उच्च शिक्षा से ही संभव होगा और इस दिशा में उच्च शिक्षा के ढांचे को मजबूत बनाने हेतु अगले चार वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश उल्लेखनीय पहल है। यह राशि शोध और इंफ्रास्ट्रक्चर का बढ़ावा देने पर खर्च की जाएगी। **"राइज" (रिवाइटलाइजिंग इफ्रास्ट्रक्चर एंड सिस्टम इन एजुकेशन)** उच्च शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस पहल का वित्तपोषण "हेफा" उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा और इन कदमों से हमारे उच्च शिक्षण संस्थान विश्व स्तरीय बन पाएंगे। बजट में घोषित **"प्रधानमत्री अनुसंधान अध्येता (पीएमआरएफ) पहल"** भी स्वागतयोग्य कदम है।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी दिशा में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" तथा "प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना" मील का पत्थर सिद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अब तक जहां 5 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य था, उसे इसकी लोकप्रियता को देखते हुए इस बजट में 8 करोड़ गरीब महिलाओं को देने का लक्ष्य रखा गया है। इसी प्रकार "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" के मद्देनजर जनवरी, 2015 में शुरू की गई सुकन्या समृद्धि खाता योजना बहुत ही सफल रही है। आज इसके

अंतर्गत बालिका के नाम से देश भर में 1.26 करोड़ खाते खोले गए हैं जिनमें 19,183 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

मध्यम, लघु तथा सूक्ष्म उद्यम और मध्यम उद्यम देश की प्रगति तथा रोजगार के प्रमुख वाहक हैं। इसके दृष्टि गत एमएसएमई क्षेत्र को ऋण सहायता, पूंजी और ब्याज सब्सिडी तथा नवोन्मेष (इनोवेशन) के लिए 3794 करोड़ रुपये का प्रावधान एक सराहनीय पहल है। विमुद्रीकरण और जीएसटी लागू होने के पश्चात् देश में लघु और मध्यम उद्यमों के व्यवसायों को प्रभावशाली आकार बढ़ रहा है। यह लघु और मध्यम उद्यमों के व्यवसायों और वित्त साधनों के प्रचुर वित्तीय सूचना डाटाबेस बना रहा है। जिसके माध्यम से लघु और मध्यम उद्यमों की कार्यशील पूंजी सहित पूंजी की जरूरतों के वित्तपोषण में सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही "मुद्रा योजना" के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए 3 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारण भी इस क्षेत्र को गति प्रदान करेगा। इन सबके अतिरिक्त संगठित क्षेत्र में नए रोजगार उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को करों में छूट के साथ ही ग्रामीण इलाकों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के माध्यम से रोजगार सृजन का प्रावधान बजट में मौजूद है। इसके साथ ही युवाओं का हुनरमंद बनाने के लिए हर जिले में कौशल विकास केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव भी एक सराहनीय कदम है।

"न्यू इंडिया" बनाने का नारा सिर्फ शहरों और एक खास वर्ग तक सीमित नहीं रह जाए, इस बात का भी पूरा ख्याल आम बजट 2018-19 में रखा गया है। माननीय वित्त मंत्री जी ने महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी मिशन को विशेष अहमियम दी है। इसी को ध्यान में रखते हुए आवास व शहरी मंत्रालय के लिए अगले वित्त वर्ष में 41,765 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अगर हम इसकी तुलना चालू वित्त वर्ष के 40,618 करोड़ रुपये से करें तो यह बजट 2.82 फीसदी अधिक है।

सरकार गरीबों को आवास के साथ रोशनी के लिए मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसके लिए **प्रधानमंत्री सहज हर घर योजना (सौभाग्य)** के जरिए हर घर को बिजली पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

समग्र रूप से मेरा मानना है कि इस बजट में कृषि से लेकर बुनियादी ढांचे तक सभी क्षेत्रों पर बराबर ध्यान दिया गया है। यह किसान हितैषी, आम आदमी की मदद करने वाला है और देश में व्यावसायिक माहौल को बेहतर करने वाला है। कुल मिलाकर नए भारत की संकल्पना को तथा विकास की रफ्तार को यह बजट गति प्रदान करने वाला है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, वित्त मत्री श्री अरुण जेटली जी ने भारत के संसद में बजट पेश किया हैं। यह बजट सबका साथ सबका विकास वाला बजट है, जिसमें सभी सेक्टर को ध्यान में रखकर विशेष कर जन-मन-धन को ध्यान में रखते हुए एक सकारात्मक कदम है। बहुत ही सराहनीय रहा, जिसकी मेरे मित्रों एवं अपने क्षेत्रीय जनता के साथ बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा उठाए गए साहसिक कदम से देश के नागरिकों में आपसी समन्वयता की पुरजोर सफलता मिलने की अपार संभावना है। ब्रिटिश कालीन सरकार के समय, यानी 92 वर्षों से चली आ रही परम्परा को हटाकर रेल बजट को भी आम बजट में सम्मिलित किया। समय के सदुपयोग को भी विशेष कर ध्यान में रखा गया है। मुझे विश्वास ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि इस कार्यकाल के दौरान यह बढ़ते कदम अपनी मंजिल को तय कर लेंगे, जिसकी परिकल्पना भी नहीं की जा सकती, जिसमें सबकी भागीदारी होनी चाहिए, तभी साकार होगा सबका साथ, सबका विकास।

मैं सरकार के संज्ञान में निम्नांकित अनुदानों की मांग रखता है ; -

1. गोपालगंज जिला सदर एवं अनुमंडल में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था एवं ऊर्जान्वित करने हेतु।

2. गोपालगंज जिला सदर में मेडिकल कॉलेज एवं नई तकनीकी व्यवस्था साथ ही साथ अनुमंडल एवं मंडल के अस्पतालों का जीर्णोंद्धार करने हेतु।

3) Political solution of Insurgency in Manipur;

4) Inscription of Erstwhile Manipur National Flag/Emblem in Parliament House;

5) Repeal of armed Forces (Special) Powers (AFSPA), 1958;

6) Total abolition of Restricted/Protected Area Permit (RAP/PAP) in Manipur;

7) Introduction of Inner Line Permit System/Restoration of Permit system for entry into and exit from Manipur as abolished 1950;

8) Scheduled Tribe (ST) status of Meiteis/Meeteis;

9) Extension of financial assistance to the Autonomous District councils in Manipur; and

10) Infra-structural Developments:

(a) Development of infrastructures for Sports, Culture and Tourism

(b) Classical language status for Manipuri language;

(c) Inclusion of Manipur scripts in Currency notes;

(d) More all-weather National Highways (NHs)-NH-2 & NH-37 on top priority;

(e) Dedicated NH protection security forces for smooth flow of goods and passengers;

(f) Early completion of National Project: Jiribam-Tupul-Imphal Rail lines;

(g) Dedicated in-built security arrangement for all National projects in the Northeast;

(h) To make Imphal International Airport fully functional at International norms;

I oppose the Union Budget.

Jai Hind.

*__श्री भोला सिंह (बुलंदशहर):__ मैं बधाई देना चाहता हूं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री जी को जिन्होंने देश के किसानों, नौजवानों, महिलाओं के कल्याण के लिए ऐतिहासिक बजट पेश किया है यह बजट देश के विकास को गति देने वाला बजट है।

हमारे देश के किसानों ने खाद्यान्न और फल-सब्जियों का रिकार्ड उत्पान करके देश के विकास में ऐतिहासिक योगदान दिया है। किसानों की स्थिति को और मजबूत करने के लिए और उनकी आय को बढ़ाने की दिशा में बजट में कई कदम प्रस्तावित हैं। गाँव एवं कृषि के क्षेत्र में लगभग 14 लाख करोड़ रुपए का धन आवंटित करके 2022 में जब भारत अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस तक किसान की आय दोगुणी करने का सराहनीय प्रयास किया है।

कृषि को लाभकारी और किसानों को उन्नत बनाने के लिए उनकी उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक यानि लागत से डेढ़ गुणा दाम देने के लिए आगामी खरीफ की फसल से अघोषित फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य डेढ़ गुणा करने का ऐतिहासिक फैसला लेकर सराहनीय कार्य किया है। सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला किसान भाइयों की आय दोगुनी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

इसके साथ-साथ यदि बाजार में दाम एमएसपी से कम हो तो भी सरकार किसान के अनाज की एमएसपी पर खरीद करने का निर्णय ऐतिहासिक निर्णय है।

किसान को उनकी फसल का सही दाम मिले इसके लिए सरकार ने 470 मंडी व ई-मंडी बनायी है जिससे किसान भाइयों को लाभ हो रहा है।

आलू टमाटर और प्याज जैसी प्रमुख सब्जियों के लिए ऑपरेशन ग्रीन्स में 500 करोड़ रुपए की धनराशी आवंटित कराना किसान के विकास के हित में सराहनीय कदम है।

---

* Speech was laid on the Table

बांस क्षेत्र को संपूर्ण बढ़ावा देकर 1290 करोड़ रुपए की राशि से पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन शुरू करना भी सरकार का किसानों के हित में सराहनीय कदम है।

इसके अतिरिक्त सरकार ने ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने एवं किसान की खेतों में प्रयोग होने वाले यंत्रों पर सब्सिडी देकर एवं अन्य योजना किसान हित में निर्णय लेकर सराहनीय कार्य किया है।

पिछले तीन वर्षों में सरकार की योजनाओं का केंद्र गरीब रहे हैं जिन्हें महत्व दिया गया है। सरकार ने गरीब की छोटी-छोटी समस्याओं की चिंता कर उन्हें दूर करने का कार्य किया है।

गाँव की गरीब महिला जो अपने परिवार का पेट भरने के लिए पूरे दिन जंगल से लकड़ी बीन कर, उपले पाथ कर ईंधन इकट्ठा करके अपने घर का चूल्हा जलाने की चिंता करती थी उसकी चिंता मोदी सरकार ने की है और उस गरीब बूढ़ी माँ, बहन, बहू, को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से सरकार ने 5 करोड़ गरीब परिवारों की मुफ्त में गैस के कनेक्शन दिए हैं और कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा है जो देश की गरीब माता एवं बहनों को इपधन की चिंता से मुक्ति दिलाएगा।

देश के हर गरीब के घर में 24 घंटे बिजली पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के माध्यम से 4 करोड़ गरीब परिवारों को नःशुल्क बिजली का कनेक्शन देने का निर्णय सराहनीय कदम है।

इतना ही नहीं सरकार ने गरीब माताओं बहनों की इज्जत सुरक्षित रखने के लिए उन माताओं-बहनों की इज्जत जो इंतजार करती थी सुबह सूरज निकलने से पहले और शाम को सूरज छुपने के बाद शौच जाती थी, उनके लिए सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 6 करोड़ से ज्यादा परिवारों में शौचालय निर्माण करके उन्हें इज्जत घर देकर सराहनीय कार्य किया है।

गरीब को घर पर छत देने के लिए सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सरकार ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ परिवारों को अपना मकान का सपना साकार करने का सराहनीय कार्य किया है।

गरीब परिवार को 5 लाख रुपए तक का अस्पताल में इलाज का खर्चा एक सराहनीय कदम है, इस संदर्भ में एक सुझाव माननीय वित्त मंत्री जी को देना चाहता हूं कि यह सुविधा उस परिवार को दी जाये जिस परिवार में चार लोगों से अधिक बच्चे न हों।

टीवी मरीजों को 500 रुपए प्रति माह पोषाहार सहायता के लिए 600 करोड़ रुपए की राशि सराहनीय कार्य किया है।

12 रुपए के प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा, 330 रुपए में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाओं से गरीब परिवारों का कल्याण हुआ है।

नौजवानों को कौशल विकास, मुद्रा योजना, एवं स्टार्टअप, स्टैंड अप योजनाओं के माध्यम से स्वयं का विकास करने के लिए सराहनीय कार्य किया है।

माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि मेरी लोक सभा क्षेत्र दिल्ली एनसीआर की हिस्सा है परंतु वहां पर एनसीआर की तर्ज पर कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। बुलंदशहर से दिल्ली आने के लिए न तो कोई रेलगाड़ी, मेट्रो की सुविधा है। अतः मेरा वित्त मंत्री से आग्रह है की मेरी लोकसभा क्षेत्र में उपरोव्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की कृपा करें।

मैं एक बार पुनः देश के प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं।

*__श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):__ माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी के द्वारा सदन में प्रस्तुत आम बजट 2018-19 का समर्थन करते हुए कहना चाहता हूं कि - निश्चित रूप से बजट 2018-19 में सरकार द्वारा देश के विकास, विशेषकर गरीबों तथा आम जनता के कल्याण के लिए प्रशंसनीय कदम उठाए गए हैं, जिनमें किसानों की आमदनी को दोगुना करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य राशि को उत्पादन में 1.5 गुना करने और 11 लाख करोड़ तक का लोन देने का लक्ष्य भी रखा गया है साथ ही एक स्वस्थ भारत बनाने की दिशा में सरकार द्वारा विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का शुभारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत करीब 10 करोड़ परिवार को सलाना 5 लाख रुपए तक का बीमा योजना का लाभ प्रदान करने और वरिष्ठ नागरिकों को टैक्स में छूट, इत्यादि उल्लेखनीय हैं।

मैं माननीय वित्त मंत्रीजी के समक्ष कुछ सुझाव प्रस्तुत करना चाहता हॅं-

देश भर में भूमि अभिलेखों में व्याप्त कमियों को दुरुस्त करना चाहिए। इसके कारण जहाँ देश के निचले स्तर से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में करोड़ों मुकदमें वर्षों से लम्बित है। बहुत ही बड़ी संख्या में ऐसे भूमि विवादों के कारण जहाँ एक ओर सामाजिक, पारिवारिक तनाव तो होते ही हैं साथ ही भू-धारकों, किसानों का मुदकमों के चक्कर में कोर्ट- कचहरी का चक्कर लगाने में अनावश्यक समय जाया होता है तथा शारीरिक, मानसिक और आर्थिक क्षति भी होती है। जो श्रम और धन देश के निर्माण में लगाना चाहिए वो न्यायालयों में नाहक बरबाद होता है। साथ ही यह देश के विकास में भी बाधक है। जब सरकारों को देशहित में विकास कार्यों हेतु भूमि अर्जन की आवश्यकता होती है, तब भू-आलेख के दोषों के कारण मुआवजे के कई दावेदार अपने अपने कागजात, दावों के लिए सामने आ जाते हैं। बहुतेरे मामले विभागों और न्यायालयों में चले जाते हैं मामले विवादित हो जाते हैं, अधिग्रहण रुक जाता है परिणाम स्वरूप विकास की गतिविधि वही ठप हो जाती है।

---

* Speech was laid on the Table

इसलिए सरकार से मेरा आग्रह होगा कि एक समय-सीमा के अंदर भूमि अभिलेखों को सरकारी अभिलेख में दर्ज किया जाय और सरकार के द्वारा इस संबंध में चालू डिजिटिलाइजेशन प्रोग्राम के द्वारा देश के सभी भूमि से संबंधित दस्तावेजों को दर्ज किया जाए और ऐसे भूमि विवादों के मामले का त्वरित निपादन के लिए एक प्रभावी प्रणाली का गठन किया जाए ताकि देश के विभिन्न न्यायालयों में भूमि विवाद से संबंधित लम्बित मामलों का समयबद्ध निराकरण हो सके और भूमि विवादों से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से पीड़ित भू-धारकों को न्यायालय, आर्थिक एवं मानसिक क्षति से निजात मिल सकें।

अगर मैं अपने प्रदेश और संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद बिहार की बात करूं तो हजारों-हजार की संख्या में भूमिहीन, महागरीब, दिव्यांग एवं असहाय और बहुत अधिक उम्र के महिला एवं पुरुषों का नाम पूर्व की बी.पी.एल. एवं वर्तमान के सामाजिक, आर्थिक, जातिगत जनगणना (एस.ई.सी.सी.) की सूची में नाम दर्ज नहीं है, जिसके कारण केद्र एवं राज्य सरकारों के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से ऐसे लोग वंचित रह जाते है।

माननीय प्रधानमंत्री जी की लोक कल्याणकारी योजनाओं में उज्ज्वला योजना से गाँवों/शहरों के अधिकांश महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है लेकिन बी.पी.एल./एस.ई.सी.सी. की सूची में ऐसे लाभुकों का नाम दर्ज नहीं होने के कारण हजारों लाभुक सरकार की इस लाभकारी योजना से वंचित हैं।

अतः इस संबंध में मेरा आग्रह होगा कि तात्कालिक व्यवस्था के तहत बी.पी.एल./एस.ई.सी.सी. योजना के तहत जिनका नाम दर्ज नहीं हुआ है और जो इसके वास्तविक हकदार हैं उनका नाम माननीय सांसदों, विधायकों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा के आधार पर जोड़ा जाए।

माननीय प्रधानमंत्री जी के महान चिंतन के तहत किसानों की आय 2022 तक दुगना करने और केद्र सरकार ने बड़े पैमाने पर विभिन्न योजनाओं की शुरुआत की है, जैसे कृषि बीमा एवं सिंचाई योजना आदि।

मेरा अनुरोध होगा कि चूंकि जिस उत्पादन खर्च पर किसानों को डेढ़ गुणा एमएसपी दिया जाता है उसे सरकारी आकड़ों में काफी कम दिखाया जाता है जबकि किसान का वास्तविक उत्पादन लागत काफी अधिक होता है। अतः मेरा अनुरोध होगा कि किसानों को एमएसपी के स्थान पर लाभकारी मूल्य दिया जाए।

मेरा यह भी अनुरोध होगा कि कृषि लागत के कई आयामों में से एक महत्वपूर्ण आयाम डीजल पर किसानों को किसी किसी राज्य सरकारों द्वज्ञरा मिलने वाले अस्थाई अनुदान के स्थान पर स्थाई रूप से अतिरिक्त अनुदान देने की व्यवस्था करने की कृपा की जाए।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना- तीसरे चरण के अंतर्गत गांवों के चयन में सीएनसीपीएल के अंतर्गत शामिल करने की बाध्यता वर्तमान में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क येजना के तीसरे चरण की शुरुआत हो गई है परंतु प्रशासनिक या तकनीकी गड़बड़ियों के कारण देश के कुछ ऐसे बसावटें जिनकी जनसंख्या एक हजार, दो हजार और तीन हजार तक है लेकिन ऐसे बसावटों को सीएनसीपीएल के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है। ऐसी बाध्यता से जिन गांवों में सड़कों नहीं है उस गाँव में इस योजना के अंतर्गत चाह कर के भी सड़क निर्माण नहीं किया जा सकता।

मिसिंग सड़क- इस योजना के अंतर्गत एक पक्की सड़क को दूसरे पक्की सड़क से जोड़ने का प्रावधान होना चाहिए। ऐसे सड़कों को जोड़ने से 25 किलोमीटर की दूरी की सड़क का निर्माण 5 किलोमीटर की दूरी तक किया जा सकता है। ऐसी व्यवस्था से सरकारी राजस्व का नुकसान नहीं होगा और लोगों को कम दूरी पर सड़क निर्माण कार्य सम्पन्न होने से समय और धन का बचत होगा। निर्मित सड़कों पर पुलों का निर्माण- कई क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य सम्पन्न हो गया है

लेकिन उन सड़कों पर पुलों का निर्माण कार्य नहीं होने के कारण इसका लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है।

अतः मेरा आग्रह होगा कि ऐसे सड़कों के निर्माण के लिए भौतिक सत्यापन और माननीय सांसदों, माननीय विधायकों जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा के आलोक में सीएनसीपीएल सूची से वंचित बसावटों का नाम शामिल किया जाए ताकि ऐसे वंचित गांवों/बसावटों में सड़क का निर्माण कराया जा सके और मिसिंग सड़कों के तहत कम दूरी पर और एक पक्की सड़क दूसरे पक्की सड1क पर सड़कों का निर्माण कराया जा सके साथ ही साथ तैयार सड़कों पर पुलों का निर्माण कराया जा सके ताकि आमजनता को सड़क सुविधा का व्यावहारिक लाभ मिल सके।

माननीय प्रधानमंत्री जी की लोक कल्याणकारी योजना- देश में कई लोक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से उज्वला योजना, अटल पेंशन योजना, श्कन्या योजना, मुद्रा लोन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना आदि उल्लेखनीय हैं। यह योजना गरीबों, असहायों, पिछड़ों और मध्यम वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी योजना है लेकिन यह योजना जागरूकता के अभाव में अधिकांश लोगों के बीच प्रभावी नहीं हो रहा है।

साथ ही हाल ही में सरकार द्वारा जो 115 पिछड़ें जिलों का चयन किया गया है वो अत्यंत प्रशंसनीय है। मेरा यह सुझाव है कि उनके विकास के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के सुझाव तथा भागीदारी को अनिवार्य किया जाए और गठित समिति में माननीय सांसदों, विधायकों की अनुशंसाओं/सुझाव को विधि समत अनिवार्य किया जाए।

मेरा आग्रह होगा कि इस योजना का शतप्रतिशत कार्यान्वयन के लिए बैंकों, बीमा कंपनियों के साथ-साथ ग्रामीण सतर पर तैनात आशा, सहायिका, सेविका, विकास मित्र, टोला सेवक और रोजगार सेवक के माध्यम से इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए और लक्ष्य निर्धारित कर समय-सीमा के अंदर इन योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहॅंचाया जाए। ऐसे लोगों के पास इन

सभी योजनाओं का आवेदन फार्म उपलब्ध कराने और इसकी नियमित रूप से मोनिटरिंग, जवाबदेही तथा पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और मैं अपने वव्तव्य को कुछ पंव्तियों के साथ समाप्त करना चाहूंगा।

हो गई है पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए
इस हिमाचल से कोई गंगा निकालनी चाहिए
तेरे सीने में नहीं तो मेरे सीने में सही
हो कहीं भी आग लेकिन आग जलानी चाहिए

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद) : माननीय सभापति महोदय, सबसे पहले मैं वर्ष 2018-19 के आम बजट के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं अपनी बात शुरू करने से पहले इस देश के प्रधान मंत्री सम्मानीय नरेन्द्र मोदी जी और हमारे वित्त मंत्री आदरणीय जेटली जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि बहुत लंबे समय के बाद इस देश में गांव गरीब और किसान की मदद करने वाला बजट इस देश में प्रस्तुत किया गया है। यह बजट 125 करोड़ देशवासियों को गति देने वाला बजट साबित होगा, इस बात में कतई संदेह नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात इस बजट में यह है कि गांव और कृषि के क्षेत्र के लिए लगभग 14 लाख करोड़ रुपये के आवंटन का प्रावधान किया गया है, जो स्वयं इस बात का गवाह है कि सरकार ने गांव और किसान को फोकस करके भारत के भाग्य को लिखने का काम किया है। इस बजट में तीन लाख किलोमीटर से ज्यादा सड़कें, दो करोड़ से अधिक शौचालय, जिसका सीधा लाभ दलित, वंचित और शोषित समाज को मिलने वाला है। हमारी सरकार का लक्ष्य 50 लाख से अधिक आवास बनाने का है। मुझे लगता है कि वर्ष 2022 के पूर्व हर गरीब आदमी के सर के ऊपर पक्की छत होगी, इस बात को स्थापित करने वाला एक बड़ा निर्णय है। सहकारी समितियों को पहले से ही टैक्स में छूट थी, हमारी सरकार ने एग्रीकल्चर सैक्टर में फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजैशन, एफपीओ को पांच साल टैक्स में छूट देने का प्रावधान किया है।

माननीय वित्त राज्य मंत्री जी सदन में मौजूद हैं, मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि यह ऐसा विषय है जिससे पूरे देश का किसान लाभ ले सकता है। जब मंत्री जी उत्तर दें तो फार्मा प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन के बारे में विस्तार से बताने की कृपा करें, ताकि किसान इस स्कीम में टैक्स से छूट का लाभ ले सकें। आयुष्मान योजना के तहत बहुत बड़ी घोषणा हुई है कि दस करोड़ गरीब लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम से जोड़ेंगे। मुझे लगता है कि इसमें चिह्नित अस्पतालों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का इलाज साल भर में लोगों की मदद करने के लिए दिया जाएगा। मेरा अनुरोध है कि इसमें जो औषधालय चिह्नित होंगे, उन्हें क्षेत्र और राज्यों के आधार पर चिह्नित किया जाए। अगर वे चिह्नित औषधालय बहुत दूरी पर हैं, तो आम गरीब आदमी को लाभ नहीं मिल पाता है।

चिह्नित औषधालय की दूरी इतनी हो कि लोग आसानी से उन अस्पतालों में पहुंच सकें। हमारी सरकार ने एक और बड़ा निर्णय किया है कि हर तीन संसदीय क्षेत्र में एक मेडिकल कालेज देने का प्रावधान किया है। यह बहुत क्रांतिकारी निर्णय है। जबलपुर-भोपाल के बीच मेरा संसदीय क्षेत्र है, यहां कोई मेडिकल कालेज नहीं है। तीन सौ किलोमीटर की आबादी में एक भी मेडिकल कालेज नहीं है। नर्सिंगपुर या होशंगाबाद में से किसी एक जिले में मेडिकल कालेज खोला जाए, तो सरकार की बहुत मेहरबानी होगी।

महोदय, शिक्षा के क्षेत्र में ब्लैक बोर्ड से डिजिटल बोर्ड की तरफ एक बड़ा कदम हमारी सरकार ने उठाया है। मेरा आग्रह है कि इसके कार्यान्वयन में जो दिक्कतें आने वाली हैं, उन पर भी काम करने की जरूरत है। हम उन्हीं स्कूलों को प्राथमिकता दें, जहां पहले से इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो, जहां बाउंड्री वॉल हो, भवन अच्छा हो, जहां ऑप्टीकल फाइबर की व्यवस्था हो। वहां यदि स्कूल को डिजिटलाइज करेंगे, तो ज्यादा अच्छा होगा। वर्ष 2018 का हमारा जो बजट है, उससे किसानों को बहुत उम्मीद है क्योंकि कृषि क्षेत्र के लिए लगभग 63,836 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। एग्रीकल्चर फील्ड में काम करने वाले जो इंटरनेशनल एग्री बिजनेस एक्सपर्ट लोग हैं, जैसे विजय सरदाना जी हैं, इस बजट से सरकार की मंशा साफ हो गई है कि वह किसानों की मदद करना चाहती है। इस तरह के वक्तव्य बाहर से भी आने लगे हैं। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि किसानों के वेलफेयर के लिए यह बड़ा काम हमारी सरकार ने किया है। लेकिन मैं यह अनुरोध करना चाहता हूं कि हमारा जो एपीएमपी एक्ट है, उप पर हमें विचार करने की आवश्यकता है। जब तक हम ऐसी मार्केट को विकसित नहीं करेंगे, जहां किसान और उपभोक्ता आमने-सामने बैठकर नीतियां निर्धारित कर सकें, तब तक मुझे लगता है कि किसानों को लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए एपीएमपी एक्ट में पुनर्विचार करके दोबारा से इम्प्लीमेंट करने की आवश्यकता है।

महोदय, इस बजट में सवा लाख करोड़ रुपये हर महीने खर्च करने का हमारे पास चैलेंज है। हम देखते हैं कि हर बार बजट का आवंटन होता है, लेकिन 60, 65 या 70 परसेंट पैसा ही खर्च होता है और बाकी पैसा विभागों द्वारा वापिस किया जाता है। हम इसे एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप

में लें कि जो बजट आवंटन मिला है, उस आवंटन को हमारा विभाग सौ फीसदी खर्च करेगा, यह हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कृषि, एमएसपी और आय को डेढ़ गुना करने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला किया है। 12 जनवरी, 2018 को प्रश्न के उत्तर में माननीय कृषि मंत्री जी ने बहुत विस्तार से उत्तर दिया था। कृषि मंत्री जी सदन में मौजूद हैं। उन्होंने एमएसपी के संबंध में उत्तर दिया था कि गेहूं के 1735 रुपये, चने के 4400 रुपये और मसूर के 4250 रुपये एमएसपी निर्धारित किये हैं और इस पर बोनस भी दिया गया है। यह एमएसपी पर्याप्त नहीं है। यदि एक एकड़ पर पांच क्विंटल उत्पादन हम मान लेते हैं, उससे किसान को बीस या बाइस हजार रुपये प्राप्त होंगे, जबकि एक एकड़ पर 15-17 हजार रुपये का खर्च ही किसान के खाते में आता है। इतना पैसा खर्च करके 22 हजार रुपये कमाकर किसान का बहुत भला नहीं होने वाला है। यहां वित्त मंत्री जी, कृषि मंत्री जी और कॉरपोरेट अफेयर्स के मंत्री आपस में समन्वय बनाकर एमएसपी के ऊपर विचार करें जिससे कि प्रधान मंत्री जी की जो मंशा है कि किसान की आय को डेढ़ गुना करना है, उस मंशा को पूरा करने का काम कर सकें। गन्ने के क्षेत्र में एक बड़ी विसंगति है। दस किलोमीटर में एक इंडस्ट्री लगाने का प्रावधान है। मेरा अनुरोध है कि इसमें रिलेक्सेशन होना चाहिए। हर पांच किलोमीटर पर एक शुगर फैक्टरी लगे, इसके लिए नियमों में संशोधन की आवश्यकता है।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद देना चाहता हूं कि सोशल इकोनॉमिक सेंसस के मुताबिक सरकार के हर वर्ग जैसे बुजुर्ग, विधवा, अनाथ बच्चों और वंचितों तक सरकार को पहुंचाने की कोशिश की है। नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान किया है।

मेरा एक अनुरोध है कि जो हमारी पेंशन स्कीम्स हैं, हम बुजुर्गों को जो वृद्धावस्था आदि पेंशन देते हैं उनमें न्यूनतम पेंशन में कम से कम पांच सौ रुपये का प्रावधान होना चाहिए, क्योंकि तीन सौ रुपये की पेंशन में उस गरीब की मदद नहीं हो पाती है। इसलिए माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करूंगा। इसमें बहुत छोटी सी राशि लगेगी। अगर पेंशन स्कीम में न्यूनतम पांच सौ रुपये का प्रावधान होगा तो आपकी बड़ी मेहरबानी होगी।

दूसरा यह कि इस देश में आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता बच्चों को कुपोषण से बचाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अगर उन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का न्यूनतम मानदेय, हमारे न्यूनतम दैनिक मानदेय के बराबर करके कुछ ऐसा किया जाए जिससे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी आसानी से अपने कर्तव्यों का पालन कर सकें, खुशी-खुशी कर सकें। इसके लिए उनके मानदेय को बढ़ाने की जरूरत है।

सभापति महोदय, मैं अपनी बात दो मिनट में समाप्त करूंगा। हमारे प्रधान मंत्री जी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को टार्गेट बनाया हुआ है। वे स्वयं इसके अचीवमेंट को रिव्यू करते हैं, हम सब इस बात को जानते हैं। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि वर्ष 2018-19 में 9 हजार किलोमीटर नेशनल हाईवे पूरे करने का हमारी सरकार का लक्ष्य है। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत भारत के दूर-दराज पिछड़े इलाकों को जोड़ने पर सरकार काम कर रही है। इसमें 5.35 लाख करोड़ रुपये की लागत से 35 हजार किलोमीटर की दूरी के हाईवे बन रहे हैं। मेरा आपके माध्यम से सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे क्षेत्र में नेशनल हाईवे की घोषणा है। यहां हमारे माननीय प्रहलाद पटेल जी यहां बैठे हैं। उनके मूल क्षेत्र से होकर यह गुजरता है। यह घोड़ेगाँव, नरसिंहपुर-होशंगाबाद से होकर गुजरता है। यह जो नरसिंहपुर-होशंगाबाद एनएच की घोषणा हुई है, उस पर भी जल्दी राशि का आबंटन होगा। ऐसी आपसे अपेक्षा है।

सभापति महोदय, एक सबसे बड़ा काम ग्रामीण विकास में है। माननीय वाजपेयी जी ने इस देश को प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना दी। उस योजना में पहली बार यदि कोई बड़ा परिवर्तन हुआ है तो वह हमारी सरकार ने किया है। फेज़ तीन के अंदर सड़कों को हायर एजुकेशन और हॉस्पिटल्स को जोड़ने के लिए चक्र बनाने का प्रावधान किया गया है, यह बहुत ही स्वागत योग्य है। क्योंकि आप रेल मंत्री भी रहे हैं। हमारे सभापति महोदय पहले रेल मंत्री भी रहे हैं। इसलिए मैं एक मिनट में रेल की बात समाप्त करके अपनी बात पूरी करूंगा, क्योंकि बड़ा टेक्निकल मामला है। हमारी सरकार ने रेलवे के ऊपर एक बड़ा प्रावधान किया है। माल भाड़े से 121 लाख करोड़ रुपये का सरकार ने अनुमान लगाया है कि हमारी कमाई होगी। मेरा अनुरोध है कि रेलवे से जो मालभाड़ा

सरकार को मिलता है, उसमें कई ट्रैक ऐसे हैं, जहां पर एक तरफ तो भाड़ा मिल रहा है, लेकिन दूसरी तरफ ट्रेन खाली जाती हैं। यह पहले भी आपके विषय में आया होगा। जहां पर ट्रेन खाली जाती हैं, उनको भाड़ा नहीं मिलता है। वहां पर हमको टैरिफ कम करके 20-25 परसेंट की छूट देकर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जिससे कि जो गाड़ियां खाली चल रही हैं, उनको भाड़ा मिल सके।

तीसरा यह कि रेलवे का बजट सामान्य बजट में क्लब हो गया है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि रेलवे में जो स्टॉपेज की पॉलिसी है, हमारे जोनल सिस्टम को ताकत देने की आवश्यकता है। जो स्टॉपेजेस होंगे, जोन में बैठकर वहां के जनप्रतिनिधित्व अधिकारी उनकी उपयोगिता देखें। कहां ट्रेन रुकेगी और कहां नहीं रुकेगी, इसका प्रावधान तय करने का अधिकार अगर जोन को मिलता है तो आपकी बड़ी मेहरबानी होगी। मैं पुन: देश के अच्छे बजट को, देश को आगे ले जाने वाले बजट को पेश करने के लिए माननीय वित्त मंत्री और इस देश के गौरव माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। धन्यवाद।

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): Mr. Chairman, Sir, thank you. In an election year, the Government of the day presents a Budget which is generally a populist one. It is true whether it is the UPA Government or the NDA Government or the United Front Government. Of course, there is nothing wrong in doing so. The Budget that the Government presents to the people of the country is the one where a dream is sold, which can be realised in a short to medium term. But there is an aberration which we find in this year's Budget, more particularly with regard to schemes which have been launched with a lot of fanfare. They are sold as dreams in this Budget.

Before I dwell upon such issues, I would like to raise one very important point wherein all the States, including my State of Odisha, your State, Karnataka and for that matter every State is going to be poorer together by Rs. 12,000 crore.

On the one hand, the hon. Finance Minister has cut the Excise Duty on petrol and diesel by Rs. 2 per litre, and on the other hand, he has increased the road cess. Essentially, what he has done, he has deprived the States of their right to have 42 per cent of divisible pool of that Rupees 2. So, the States like us, Odisha, have lost Rs. 550 crore.

I would urge upon the hon. Finance Minister to rollback this particular scheme. I would also urge upon all hon. Members sitting here cutting across all the political parties to please come up and urge upon the hon. Finance Minister to rollback this scheme, so that we as a State get back our right. This is not cooperative federalism. This is a very, very important point and I would

sincerely urge upon the hon. Finance Minister to look into it. Having said that, I will focus on four important sectors. Time may not permit me to dwell upon more issues. These sectors are - agriculture, health, infrastructure and rural areas.

I will start with agriculture. I come from Balasore Constituency in Odisha, where 80 per cent of the people depend on agriculture as the means of livelihood. The Government of Odisha, under the leadership of the Chief Minister of Odisha, Shri Naveen Patnaik has evolved a mechanism to increase the farmers' income by 104 per cent, whereas the corresponding figure in the entire country is just 34 per cent. The Union Government last year had said that they intend to increase farmers' income by 2022 by 100 per cent. It is a good thing that they have learnt it from Odisha and they want to implement it throughout the country. Possibly, as a part of it, there was a big bang announcement that the MSP would be increased by 50 per cent this year itself. On the face of it, it looks fine, but there are three structural problems in this particular announcement. What is the base price, based on which they will increase the MSP by 50 per cent? Is it A2 cost or A2 plus FL cost or C2 cost? The farmers demand C2 cost. Nobody is talking about it. Neither the Budget document nor the policy makers are talking whether it is going to be C2 cost or not.

Coming to the issue of lending to the farming sector, Hon. Finance Minister has said that a huge sum of Rs. 11 lakh crore is going to be earmarked for this sector. I have done a drift analysis of this sector. I will

explain it by giving one or two examples. Let us take the State of West Bengal, where 55 per cent of the credit goes to Kolkata city alone, 35 per cent goes to Mumbai. Same is the case with Chennai, Bengaluru, Delhi, etc. How many farmers live in Kolkata, Mumbai and Chennai? The average ticket size in those cities is one crore plus. How many farmers in this country take a loan of Rupees one crore plus? This is a fact which has not been addressed in the Union Budget.

The Economic Survey, which was presented prior to three days of the presentation of the Budget, says that there will be a 25 per cent dip in farmers' income in non-irrigated area. It is a cause of concern. On the one hand, they say that they will increase farmers' income by 100 per cent, whereas on the other hand, there is another 25 per cent dip. To address this, there is a meagre provision of just Rs. 52 crore. These are clear cut bigger issues in this sector, where the Government intends to bring in large scale reforms.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

SHRI RABINDRA KUMAR JENA : I am just concluding. Please give me two minutes. I am a new Member. You are a senior and experienced Member. Please give me some more time.

Coming to health sector, the Government has come up with the world's largest public funded health scheme by providing a policy of Rs. 5 lakh per family per year. It intends to cover 10 crore families. We, as Members sitting in this House, feel that this is a big scheme. But if you go and study the Budget document, you would find that there is no budgetary provision. A simple

calculation will say that you require nothing less than Rs. 60,000 crore to Rs. 1,00,000 crore to have this. So, how you would implement this scheme is an issue. Health sector has seen a meagre increase of 2.5 per cent in the entire Budget. While I am talking about the health sector, I will urge upon the hon. Minister to take care of ASHA workers, Anganwadi workers and the National Health Mission workers. The hon. Prime Minister has also said that they are the backbone of health sector. But, their cases have not been taken into account. How can they ensure that the schemes are implemented at the grassroot level?

I would urge upon the Government to fulfil a simple demand of my Parliamentary Constituency. Five years back, an All India Institute of Medical Sciences was approved by the Union Government to be set up in my Constituency; and the State Government of Odisha has already given land and other facilities. But till now, it has not seen the light of day even though I have taken up this matter, time and again, on the floor of the House with the hon. Finance Minister.

Sir, I would, therefore, once again, urge upon the hon. Minister to please set up an All India Institute of Medical Sciences in my Balasore Constituency.

With these words, I conclude. Thank you.

श्री लखन लाल साहू (विलासपुर) : सभापति महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं इस बजट के समर्थन में खड़ा हुआ हूं।

माननीय सभापति जी, यह बजट हमारे देश के 'नए इंडिया' के संकल्प को पूरा करने के लिए है। इसके लिए जिस प्रकार से हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने देश के सामने लक्ष्य निर्धारित किया है, यदि हमें इक्कीसवीं सदी में अपने युवाओं, महिलाओं और किसानों का सम्मान करना है तो निश्चित रूप से यह बजट उसमें सहायक सिद्ध होगा। मैं इस बजट का स्वागत करता हूं और जिस प्रकार से आदरणीय मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से आह्वान किया था कि जब हम वर्ष 2019 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती मनाएं, उस समय तक यह देश स्वच्छ होना चाहिए। उसके प्रभाव का मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। मैंने जिस गांव को सांसद आदर्श ग्राम के रूप में चयन किया है, वह मुंगेली जिला का हथनीकला गांव है। वहां एक अनुसूचित जाति की बहन बिस्मिलन बाई पाटले है। उन्होंने अपने मायके जाने से इन्कार कर दिया, तीज-त्यौहार के समय में भी उन्होंने मायके जाने से इन्कार कर दिया क्योंकि उनके मायके में शौचालय नहीं था। समाज के अन्दर यह जो परिवर्तन हुआ है, निश्चित रूप से देश को आगे बढ़ाने वाला है। हमारे देश के अन्दर आज जो परिस्थिति है, वह समाज के अन्दर बदलाव होने के लिए है।

आज अगर हम देखें तो जिस प्रकार से पूर्व में शौचालयों का निर्माण हुआ और उसे बल देने के लिए दो करोड़ अतिरिक्त शौचालय बनाने का जो निर्णय लिया गया है, मैं निश्चित रूप से उसका स्वागत करता हूं। इससे महिलाओं का सम्मान होगा, उनका सशक्तीकरण भी होगा।

महोदय, मैं महिलाओं के सशक्तीकरण का एक उदाहरण देना चाहता हूं। छत्तीसगढ़ में पहचान के रूप में सभी लोग बोलते हैं कि छत्तीसगढ़ नक्सल प्रभावित है, वहां नहीं जाना चाहिए। परन्तु, यहां से मैं छत्तीसगढ़ की उन बहनों का अभिनन्दन करना चाहता हूं कि धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र जिला दंतेवाड़ा के गीदम की 51 बहनें ई-रिक्शा चलाकर आज नक्सलियों को यह

जवाब दे रही हैं कि हम भी शांति के साथ जीना चाहते हैं, यदि आपको लोकतंत्र में विश्वास है तो आप भी मोदी जी के साथ चलिए, छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह जी के साथ चलिए। अगर इस संदेश के साथ लोगों का मनोबल बढ़ाने का किसी ने काम किया है तो वह आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। इसके कारण आज देश की करोड़ों महिलाओं का सम्मान हुआ है।

आदरणीय सभापति जी, आज अनेक योजनाएं संचालित हो रही हैं। किसानों के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि आज जिस प्रकार से हमारे ग्रामीण और किसानों के सम्बन्ध में चौदह लाख करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है, इससे हमारा ग्रामीण क्षेत्र विकसित होगा, मजबूत होगा। साथ ही साथ, हमारा किसानी क्षेत्र भी ताकत के साथ आगे बढ़ेगा।

महोदय, मैं छत्तीसगढ़ के बारे में बोलना चाहता हूं। धान हमारा प्रमुख उत्पादन वाला फसल है। हमारे छत्तीसगढ़ की सरकार धान के एक-एक दाने को समर्थन मूल्य में खरीदती है। वहां हमारी सरकार ने अभी 13 लाख किसानों को 300 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 2100 करोड़ रुपये बोनस दिया है। यह वर्ष 2022 तक हमारे किसानों की आय को दुगुना करने के लक्ष्य में एक कदम है।

इसके साथ ही, मैं आपको बताना चाहता हूं कि सौर सुजला योजना के माध्यम से करीब पन्द्रह हजार किसानों को साढ़े चार लाख रुपये के पम्प सेट को मात्र पांच से दस हजार रुपये में देकर उनका उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने जो अनुकरणीय प्रयास किया है, उससे किसानों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

इसके साथ ही साथ, मैं आपको बताना चाहता हूं कि जिस प्रकार से हमारे देश के दस करोड़ परिवारों को स्वास्थ्य बीमा के दृष्टिकोण से पांच लाख रुपये देने का लक्ष्य रखा गया है, उसी तरह छत्तीसगढ़ में भी वर्ष 2012 से 50,000 रुपये प्रति परिवार स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम से हमारे क्षेत्र के जरुरतमंद परिवारों को जो हमने देने का काम किया है, यह अनुकरणीय है।

इस प्रकार से मैं अनेक योजनाओं का उदाहरण दे सकता हूँ, लेकिन समय की भी एक मर्यादा है। मैं एक बात जरूर कहूँगा कि हमारे नरेन्द्र मोदी जी का एक फ्लैगशिप कार्यक्रम 'स्किल

इंडिया' है। हमारे छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में लाइवलिहुड कॉलेज के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकारी ने प्रयास किया है। यह पूरे देश के लिए एक मॉडल है। हमारी छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे कानूनी अधिकार भी देने का काम किया है।

सभापति जी, मैं अपने प्रदेश व जिले के विषय में कुछ बोलना चाहूँगा। छत्तीसगढ राज्य की स्थापना वर्ष 2000 में पूर्व प्रधान मंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा तीन राज्यों के साथ की गई। जिस आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ, छत्तीसगढ़ी भाषा के आधार पर छत्तीसगढ़ का निमार्ण हुआ है। लेकिन आज तक संविधान की आठवीं अनुसूची में उस भाषा को राजभाषा के रूप में दर्ज नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ी भाषा को जो स्थान मिलना चाहिए तथा छत्तीसगढ़ राज्य का जो आधार था, उसको जिस प्रकार से स्वीकृति दी गई, चूँकि छत्तीसगढ़ विधान सभा के द्वारा भी इस संबंध में संकल्प पारित किया गया है। हमारे राज्य के छत्तीसगढ़ी भाषा को बोलने वाले जो बहुसंख्यक लोग हैं, उन सभी की भावना है कि छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिया जाए। मैं निवेदन करता हूँ कि आने वाले समय में हमारी सरकार इस पर विचार कर उसकी स्वीकृति करेगी।

सभापति महोदय, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित जो एयरपोर्ट है, वहाँ आज अंतर्देशीय एयरपोर्ट की सुविधा उपलब्ध है। मैं इसे इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की माँग करता हूँ। वन क्षेत्र से उत्पादन होने वाली चीजें हैं, किसानो की उत्पादन जैसे टमाटर, फल या अन्य सब्जियाँ, जो तुरंत नष्ट होने वाली हैं, उनको हम जल्दी से जल्दी बाहर ले जा कर ट्रांसपोर्ट कर सकें, उनका निर्यात कर सकें, इसके लिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ।

सभापति महोदय, बिलासपुर में भारतीय रेलवे का जोनल मुख्यालय है और मेरा निवार्चन क्षेत्र भी है। मैं रेलवे के लिए निवेदन करूँगा, चूँकि छत्तीसगढ़ राज्य अलग हो चुका है और रेलवे जोन का मुख्यालय भी बिलासपुर में है। अभी जो रेलवे ट्रिब्यूनल है, हमें भोपाल में जाकर उसके लिए न्याय माँगना पड़ता है। मेरा सरकार से निवेदन है कि बिलासपुर में भी रेलवे ट्रिब्यूनल की स्थापना की जाए।

सभापति महोदय, इसके साथ ही मेरा एक अन्य निवेदन है, उसके बाद मैं अपनी बात समाप्त करूँगा। बिलासपुर में रेलवे जोन होने के बावजूद भी आज तक मेडिकल कॉलेज नहीं है। मेरा निवेदन है कि वहाँ भी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए। मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जिला मुंगेली में, जो एक नया जिला है, वहाँ केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना अति आवश्यक है।

अंत में, मैं एक कविता पढ़कर अपनी बात समाप्त करूँगा। जिस प्रकार से हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अपना भाषण दे रहे थे और कांग्रेस के लोगों ने जिस प्रकार से लोकतंत्र के खिलाफ जो परंपरा शुरू की है, इस मामले में मैं एक कविता कहना चाहता हूँ, अगर लोकतंत्र को जिंदा रखना है, आगे बढ़ाना है तो उसे कैसे करना है:

"नफ़रतों के इस दौर में भी प्यार होना चाहिए,
आओ हम सब मिलकर ऐसा प्रयास करें कि
भव्य भारत का निर्माण होना चाहिए।"

बहुत-बहुत धन्यवाद।

*DR. MAMTAZ SANGHAMITA (BARDHMAN DURGAPUR): Our Central Government (popularly known as Modi Sarkar) started the day (16th Lok Sabha) with many flowery promises which will make Bharat solvent, hunger free, educationally enlightened and complete world finance field with business profits etc. We the public gone with Government's gimmicks and be lived. None of the promises has seen any light and the public (Janta) last hope as they expected something and that also proved to be hopeless.

Indian population at large suffers from insecurity, insecurity in food, shelter, health and education, social security, employment and protection and defence. Union Government's budget addresses none of them in proper sense. GDP growth rate is coming down year by year with some wrong laws and policies. There is turmoil in financial security of people. The Central Government is weakening PSUs which is major the backbone of income and 49% of AIR India share to private partner. It is a shame for short span. AIR travel – 60 airports are taking, but they will never be fulfilled. Demonetisation has ruined small scale business. Wrong policies on export import have also disrupted income from exports. New bank policy has raised a question mark for bank investment of common people.

This budget seems to please small people who are the major vote bank, but there also this budget fails. Government is saying by 2022, they will double the income of kisan, but as it requires GDP in the range of 10, it seems

* Speech was laid on the Table.

totally a misconception. It promises health insurance of Rs.5 lakh per family of farmer, but they are not clear how much would be the contribution by Government for premium. This idea may be only for solvence of private insurance companies. In Bengal, our Mamata Banerjee led Sarkar have assured farmers by waiving the land revenue and ensured higher price for buying rice and wheat. Even surplus rice and wheat is supplied to FCI for demand of other States, made 122 kisan mandies and yet 184 to come.

This budget is very meagre in case of major public services like health (54667 crore INR) education (85,010 crore INR) and National Social Assistance programme (9975 crore INR) and only 0.3% of GDP. How can this budget fulfil the aim of free healthcare, so many new medical colleges, care of elderly etc.? Moreover, it does not even touch the issue of preventive healthcare which is the main pivot of holistic, health or healthy life. No special allotment for preventive majors for cancer, TB. Communicable diseases, which are major killers. Children and youth are 60% of our population. Recent survey reports show 60% of children are of sub-standard growth and mal-nutritioned, 70% suffers from anaemia. There is no proper allocation. To improve business facilities and health and food transport, road is very less. This budget does not allot for P.M.R.G.S. Yojana to combat those deficits.

For employment generation, there are several programs like skill development etc., but budget allotment for these are minimum or static. Our inner enemy is atrocities against minorities, SC/STs and other socially

deprived ones. This is creating much problem in growth and development. Foreign investment is hampered and people are afraid in making business transaction in India. For this reason leather industry and allied business is decreasing. Bengal was No.1 or 2 in leather business and this is coming down and creating further unemployment. Government itself agreed that only 10% of workers are formal and 90% are informal. Our Government have given for pension provision for them and provision of remuneration/ scholarship for education of their children. Central Government totally are overlooking these issues. For village employment, MGNREGA have no increased allotment. As far as Rail Budget is concerned, it is mainly for Hi-Fi proposals like bullet train which will not serve even one per cent of population. Where and when is budget allocation for improvement of local and distant train services allotment of proper man power, railway security etc.? Bengal is totally deprived in this year's budget.

Education seems to be the pillar of nation building. Budget allocation is so poor that it will further deteriorate Sarvashikshsa Adult education, primary education and related nutrition of children.

In my last remark, I would say, instead of heading towards equity in society and lessening economic gap between haves and have nots, this budget is for more solvency of corporates and big businessman not for *aam* Janta.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Thank you very much, Sir, for giving me this opportunity. Sir, I rise to oppose the General Budget for the financial year 2018-19 as it contradicts the ground realities and known facts.

Sir, the Economic Survey was presented by the hon. Finance Minister before this House. You may be well aware that the Finance Minister has expressed that there are four major areas of concern. First is the agricultural distress. Second is the unemployment. Third is the skyrocketing of prices of crude oil at the global level. Fourth one is the quality of education. There are some other issues also like the declining trend of savings and investments and also the rates in stock markets. These are the concerns expressed by the Economic Survey. Actually, it was presented by the hon. Finance Minister before the House. I am only taking four points. I may be allowed to complete all these four points.

Sir, I would like to know from the hon. Finance Minister and from the Government whether the Budget proposals for the year 2018-19 are sufficient to address the concerns or the challenges expressed in the Economic Survey of 2018. According to me, it is not. The Government has totally and miserably failed in addressing the concerns expressed in the Economic Survey. The concerns in the Economic Survey and the Budget proposals for the year 2018-19 are totally mismatching.

That means, it is not a good Budget as far as I am concerned. That is a general trend which is going on and I would like to establish it.

Agricultural production is coming down and it is in a declining trend. Also, you may kindly see, the Economic Survey is very specific regarding the decline in the farmers' income because of climate change. The change in temperature and precipitation will result in 15 to 18 per cent farm income loss in the irrigated area and there will be 20 to 25 per cent farm income loss in the unirrigated area. In last year's Budget also the Government had announced that by 2022 the farmers' income will be doubled. How will this match? It is because, if you see, by 2022, the farmers' income will be doubled. The Economic Survey says that 20 to 25 per cent of farm income loss will be there because of climate change. There is nothing to address the issue of climate change. Only two measures have been taken so as to increase the agricultural production. The credit facility has been increased from Rs. 10 lakh to Rs. 11 lakh and MSP has been increased by one-and-a-half times of the cost of production of agricultural produce. The Chairman of the National Commission on Farmers, Dr. Swaminathan has also sought a clarification from the Government as to how the cost of production of agricultural produce is being calculated. I would like to know whether it is calculated as per the directives of the Commission for Agricultural Costs and Prices, that is on the basis of the C2 classification. I would like to know from the hon. Minister the criteria for calculation of the cost of production.

Coming to unemployment, it is increasing from 4.9 per cent to 5 per cent. What are the measures taken in the Budget? There is only PF

contribution exemption. That is one measure. Another one is Mudra loans. There is nothing else other than these two to address unemployment.

Coming to the third point, that is the crude oil price, kindly see, in the current financial year, there is a 14 per cent increase in the global price of crude oil. Increase of 10 dollars in the crude oil price in the global market will bring down GDP by 0.2 per cent. If that be the case, already you have imposed Rs. 19.48 Excise Duty on per litre petrol. On per litre diesel, you have already imposed Rs. 15.33 Excise Duty. Then, how will this issue of escalating price or rocketing price of crude oil be addressed? That will be directly leading to inflation.

Coming to education, the quality of education has to be addressed. That is also there in the Economic Survey. Kindly see, there is a marginal increase of 6.68 per cent, that is, from Rs. 79,689 to Rs. 85,010. Revitalising Infrastructure and Systems in Education (RISE) programme has been announced for which a total of Rs. 1,00,000 crore will be invested over the next four years till 2022. But, Rs. 25,000 crore will be earmarked for RISE this year. It will be done up to 2022; that means four multiplied by Rs. 25,000 crore, that is, Rs. 1,00,000 crore. I would like to know from the hon. Minister wherefrom Rs. 25,000 crore will come, whether they will come from the allocation. Going through all these aspects, I have to submit that the Budget proposals are not sufficient to meet the concerns expressed in the Economic Survey.

Coming to fiscal consolidation, in last year's Budget, the Government had expressed that fiscal deficit will be 3.2 per cent of GDP for the year 2017-

18 and in 2018-19 it will be 3 per cent of GDP. What is the actual figure? Now, in the current financial year, it is going to be 3.5 per cent and next year it will be 3.3 per cent. That means the Government has miserably failed in maintaining the fiscal consolidation. Kindly see the economic situation. The Direct Tax revenue has increased by 18.7 per cent this year. Rs. 1 lakh crore have been received from disinvestment proceeds. Even after having all these favourable economic situations, the Government is not able to maintain the fiscal consolidation as envisaged in the Budget Estimates. It means, it is a total failure of fiscal management by Government. That is being well established. Kindly see, why this is so. It is because the revenue expenditure has grown by 15 per cent and in the Budget Estimates, it was six per cent.

Regarding the Capital Expenditure, it is a point of development. I have appreciated the Government for the last year Budget Estimate because the Capital Expenditure was 10.7 per cent. The actual Expenditure has come down to 3.9 per cent. All this shows the inefficiency of the Government in managing the fiscal affairs of the Government.

Regarding the GDP, the nature of growth is also equally important along with the size of the GDP. Here what is the nature of development? The nature of development is jobless growth in all the four years of NDA Government.

From 2004-2009 during the UPA time, there was employment growth. That was actual growth. Here jobless growth is there which will only help the corporates and the multi-nationals.

Finally, I am coming to the last point. This Government is giving a benefit by the right hand and taking it away with the left hand. I will give an example of the Direct Tax. Standard deduction of Rs. 40,000 is announced. At the same time, deduction for the transport allowance and medical reimbursement has been withdrawn. If you are having an annual salary of Rs. 5 lakh, the benefit that you are going to get out of this announcement is just Rs. 180 per year. That means Rs. 15 per month. That is the benefit.

An eminent Member has just cited the example of petrol and diesel. Eight rupees has been imposed as the cess and and an Excise Duty of rupees two has been removed. There is no impact on the consumer. The impact is on the States.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

…(interruptions)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN : The total loss of revenue to the State is Rs. 11,865 crore. My State is going to lose Rs. 252 crore. That is also an example of giving by right hand and taking it back with the left hand.

This is my constituency matter. Lastly, regarding the cashew industry in Kerala, 2.5 per cent was the customs duty on import of raw cashew nut. I urge upon the Government to withdraw it.

In my constituency, some medium industrialists have committed suicide because the industry is facing crisis. Bank authorities are using stringent procedures of SARFAESI Act. I urge upon the Government to take some action on this too.

*DR. KIRIT P. SOLANKI (AHMEDABAD): I would like to thank the Finance Minster, Shri Arun Jaitley Ji, for this farmer-friendly, common-citizen friendly and business environment-friendly Budget for the financial year 2018-19 with the aim of achieving a vision of a New India.

This Budget reflects the Government's firm commitment to increase spending on the social sector, from agriculture to education, while simultaneously sticking to fiscal discipline with an estimated Fiscal Deficit of 3.3 % of the GDP, despite an overall 10.1% increase in Government expenditure over the Revised Estimates of 2017-18. This Government's sound understanding of the needs of the Indian economy and of its people is clear in the prediction of the Economic Survey 2017-18 that real GDP growth should reach 6 ¾ per cent for the year as a whole, rising to 7-7 ½ per cent in 2018-19, making India the world's fastest growing major economy.

Furthermore, with the introduction of the Goods and Services Tax (GST), it has been seen that there has been a 50 per cent increase in unique indirect taxpayers under the GST compared with the pre-GST system and there has been an addition (over and above trend growth) of about 1.8 million in individual income tax filers since November 2016. This has also resulted in an increase in the government receipts from both indirect and direct tax collections. As a result, the Government has increased devolution of funds to the States to 12,69,435 crore, with a jump of 1,53,558 crore over Revised Estimates in 2017-18.

---

* Speech was laid on the Table

It has been acknowledged that only a Swasthya Bharat can lead to the fulfillment of India's economic and social objectives in realization of this fact, the Government has created the world's largest public health programme that is expected to cover 40% of India's population. As a part of this, the allocation for the Rashtriya Swasthya Bima Yojana has been increased by 325%. The expenditure of the Central Government on Health Sector as a whole has increased from 39005 crore (Actuals 2016-17) and 48878 crore (Budget Estimates 2017-18) to 54667 crore (Budget Estimates 2018-19) in the current year. The goal of the Government is the "provision of good health to the economically challenged sections of societies", keeping in mind India's demographic dividend.

It is understood that an improvement in the health sector must be linked to proper sanitation and infrastructure development. To achieve this, the Government has identified 115 districts for improvement of quality of life as well as announced the setting up of 1.5 lakh Health and Wellness Centres, which will be imperative in addressing issue of accessibility of primary healthcare. Furthermore, the Government has also addressed the issue of the need for skilled manpower in the medical sector by giving a considerable boost to medical education by upgrading existing district hospitals in the country to create 24 new Government hospitals and promising that at least one medical college will be set up for every three Parliamentary Constituencies.

In the agricultural sector, which lies at the heart of the Indian Economy, the Government's budget allocation for the agriculture ministry has been

increased by 13 per cent to Rs. 58,080 crore for the 2018-19 fiscal, from Rs. 51,576 crore for this year, while the allocation for food processing ministry has been doubled to Rs. 1,400 crore for the said period. Across all agricultural schemes and programs, the Government has increased allocations such as a 21.5% increase for the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana, a 27.6% increase for the Krishi Sinchayee Yojana and an 18% increase for the Rahstriya Krishi Vikas Yojana.

Furthermore, to achieve the objective of doubling farmers' income by 2022, the Government has ensured a 1.5 times increase in the Minimum Support Price of Kharif crops. From Rs. 10 lakh crores institutional credit extended to the agricultural sector in 2017-18, the Government has increased this to Rs. 11 lakh crores for 2018-19. A Rs. 500 crore 'Operation Green' has been announced to address price volatility of perishable commodities like potato, tomato and onion and benefit both producers and consumers. To give fillip to e-NAM (National Agricultural Market) and ensure that fair prices and benefits reach the farmers directly, an Agri-Market Infrastructure Fund with a corpus of Rs. 2,000 crore has been set up.

With this focus on the sectors of health and agriculture, the commitment of the Government towards social progress and rural development is instantly apparent. The Government has announced that Rs. 14.3 lakh crore will be spent on livelihood and infrastructure in rural areas. This will be used for creation of employment of 321 crore persons, 3.17 lakh kilometers of rural

roads, 51 lakh new rural houses, 1.88 crore toilets, and provide 1.75 crore new household electric connections besides boosting agricultural growth.

In addition to this, this Government has increased the budgetary allocation for the welfare of women by 4%, the welfare of children by 10.1% the welfare of scheduled castes by 7.4% and the welfare of scheduled tribes by 20.4%.

History will bear witness to the achievements and relentless efforts of this Government to create a New India, to uphold the values of liberty, equality and justice as enshrined in our Constitution under the leadership of Dr. B.R. Ambedkar and its commitment to leave no one behind on the path to India's progress and development.

*श्रीमती रीती पाठक (सीधी): मैं देश के वित्त मंत्री माननीय अरूण जेटली जी को इस बजट के लिए बधाई देती हूँ। यह बजट न्यू इंडिया की नींव को सशक्त करने वाला बजट है। इस बजट में देश के एग्रीकल्चर से लेकर देश के इंफ्रास्ट्रक्चर तक पर पूरा ध्यान दिया गया है। अगर बजट में मध्यम और गरीब वर्ग की चिंताओं को दूर करने वाली हेल्थ की योजनाएं हैं तो देश के छोटे उद्यमियों का वेल्थ बढ़ाने वाली योजनाएं भी समाहित हैं।

फूड प्रोसेसिंग से लेकर फाइबर ऑप्टिक्स तक, सड़क से लेकर शिपिंग तक, युवा से लेकर सीनियर सिटिजन तक, ग्रामीण भारत से लेकर आयुष्मान भारत तक, डिजिटल इंडिया से लेकर स्टार्ट अप इंडिया तक ये बजट देश के सभी वर्गों के लिए बहुमुखी फलदायी साबित होंगी।

यह बजट Farmer friendly, common man friendly, business environment friendly और साथ ही साथ Development friendly भी हैं। इसमें Ease of doing business के साथ ही Ease of living पर फोकस किया गया है।

गांव और कृषि के क्षेत्र में लगभग साढ़े 14 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है।

51 लाख नए घर 3 लाख किलोमीटर से ज्यादा की सड़कें, लगभग 2 करोड़ शौचालय, पौने दो करोड़ घरों में बिजली का कनेक्शन, इसका सीधा लाभ दलितों, पीड़ितों, शोषितों, वंचितों को मिलेगा।

किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुणा मूल्य दिलवाने की घोषणा की मैं सराहना करती हूँ। साथ ही केद्र सरकार राज्य के साथ चर्चा करके एक पुख्ता व्यवस्था विकसित करेगी।

सब्जी और फल पैदा करने वाले किसानों के लिए " ऑपरेशन ग्रीन्स " एक कारगर कदम साबित होगा।

---

* Speech was laid on the Table

गोबरधन योजना, गांव को स्वच्छ रखने के साथ-साथ किसानों एवं पशुपालकों की आमदमी बढ़ाने में मदद करेगी। भारत के 700 से अधिक जिलों में करीब-करीब 7 हजार ब्लॉक या प्रखंड हैं । इन ब्लॉकों में लगभग 22 हजार ग्रामीण व्यापार केद्रों के इफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, नवनिर्माण और गांवों से उनकी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अब गांवों को ग्रामीण हाट, उच्च शिक्षा केद्र और अस्पतालों से जोड़ने का काम भी किया जाएगा।

हमने Ease of living की भावना का विस्तार उज्ज्वला योजना में भी देखा है। ये योजना देश की गरीब महिलाओं को न सिर्फ धुं से मुक्ति दिला रही है बल्कि उनके सशक्तिकरण का भी बड़ा माध्यम बनी है।

आयुष्मान भारत योजना, बीमारी के इलाज की बड़ी चिंता से गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। इस योजना का लाभ करीब-करीब 45 से 50 करोड़ लोग इसके दायरे में आएंगे।

देश की सभी बड़ी पंचायतों में लगभग डेढ़ लाख हेल्थ वेलनेस सेंटर की स्थापना करने का कदम प्रशंसनीय है।

देश भर में 24 नए मेडिकल कालेज की स्थापना से लोगों को इलाज में सुविधा के साथ-साथ युवाओं को मेडिकल पढ़ाई में भी आसानी होगी।

इस बजट में वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के तहत 15 लाख रुपये तक की राशि पर कम से कम 8 प्रतिशत ब्याज प्राप्त करेंगे। साथ ही बैंकों और पोस्ट ऑफिसों में जमा किए गए 50 हजार तक के ब्याज पर टैक्स नहीं लगेगा स्वास्थ्य बीमा के 50 हजार रुपये तक के प्रीमियम पर इन्कम टैक्स से छूट मिलेगी।

सरकार बहुत जल्द MSME सेक्टर में NPA और Stressed Account की मुश्किल को सुलझाने के लिए ठोस कदम की घोषणा करेगी।

रेल-मेट्रो, हाइवे-आइवे, पोर्ट-एयरपोर्ट, पावर ग्रिड-गैस ग्रिड, सागरमाला-भारतमाला, इनके लिए लगभग 6 लाख रुपये की राशि की आबंटन किया गया है। जिसके परिणाम आगामी वर्षों में रोजगार में काफी बढ़ोत्तरी होगी।

मैं एक बार फिर मंत्री जी एवं उनके पूरे टीम को, सर्वजन हिताय बजट के लिए हृदय से बधाई देती हूँ।

***श्री रविन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** मैं माननीय वित्त मंत्री द्वारा सदन के पटल पर प्रस्तुत 2018-19 के आम बजट का समर्थन करता हूँ।

2018-2019 का बजट कई मायनों में उत्कृष्ट एवं अन्य सरकारों से अलग बजट है। यह बजट अगले चुनाव के पहले का बजट है लेकिन वित्त मंत्री ने इस बजट से अगले सरकार की नींव भी रखी है।

4 वर्षों के स्वर्णिम वित्तीय सफर को आगे बढ़ाते हुए Ease of doing Business की सफलता से Ease of Living का खाका प्रस्तुत किया है।

सरकार को महिलाओं एवं गरीब परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी "उज्ज्वला" योजना का विस्तार 8 करोड़ परिवार तक बढ़ाना, “आयुष्मान भारत" के तहत 10 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा योजना में लाना मील का पत्थर साबित होगा। औद्योगिक विकास, सेंसेक्स की रिकार्ड दौड़ के साथ गरीब परिवारों की भरपूर चिंता का सबूत है - उज्ज्वला एवं स्वास्थ्य बीमा योजना।

"सौभाग्य योजना’ के तहत 100 प्रतिशत घरों में बिजली, "स्वच्छ भारत अभियान" के तहत 2 करोड़ Toilet एवं बेहतर शिक्षा व्यवस्था की सुविधा देश में Ease of Living के नारे को अमली-जामा पहनायेगा।

किसान भारतवर्ष के प्रगति की रीढ़ की हड्डी है। उनकी मजबूती एवं विकास के बिना 130 करोड़ आबादी का देश आगे नहीं बढ़ सकता। इस बजट ने MSP को डेढ़ गुना बढ़ा कर किसानों को नई ऊर्जा प्रदान की है। 14 लाख करोड़ से अधिक का आबंटन कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए किया गया है। सरकार किसानों के साथ है - यह साफ दिखता है। कृषि संबंधी ऋण का लक्ष्य भी 11 लाख करोड़ कर दिया गया है।

---

* Speech was laid on Table

वित्त मंत्री भी ने Infrastructure के क्षेत्र में Capital Expenditure को नयी ऊँचाई दी है। रेल, रोड़ एवं एयरपोर्ट में Capital Expendture में अभूतपूर्व इजाफा हुआ है। ये सभी खर्चे देश में उद्योग एवं रोजगार दोनों को खूब बढ़ावा देंगे।

माननीय वित्त मंत्री ने Income Tax में कई बदलाव किये हैं Long Term Capital Gain Tax को 10 प्रतिशत के दर पर लाया गया है। 1 लाख तक की छूट भी दी गई है। तो बड़ा पैसा लगाने वाले निवेशक को 10 प्रतिशत का छोटा Tax देना चाहिए। बुजुर्गो के लिए छूट एवं Standard-deduction से रोजगार से जुड़े लोग राहत पाएंगे।

वित्त मंत्री ने 2014 में जिस प्रयास को शुरू किया था वो उसे व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ा रहे हैं क्योंकि अगला आम बजट पेश करने का अधिकार जनता इसी सरकार को देने जा रही है।

मैं सरकार एवं वित्त मंत्री जी का ध्यान चुने हुए प्रतिनिधि, असंगठित क्षेत्र एवं अस्थायी रूप से सरकारी कार्यों में लगे लोगों के बारे में आकृष्ट करना चाहता हूँ।

सांसदों एवं विधायकों की तरह सभी जन-प्रतिनिधियों जैसे जिला-परिषद, मुखिया, सरपंच, वार्ड कमिश्नर - सभी का मानदेय ठीक तरीके से तय होना चाहिए। ये सभी अपना पूरा समय जन सेवा में लगाते हैं।

साक्षरता-मिशन वाहिनी के प्रेरक अस्थायी रूप से लंबे समय से मानदेय पर कार्यरत हैं। इन सभी को Insurance, Medical एवं Gtatuity की सुविधा मिलनी चाहिए। कहीं-कहीं तो इनका मानदेय मनरेगा से भी कम है।

वही हाल आंगनवाड़ी की सेविका-सहायिका का है। मुखिया द्वारा नियुक्त जल-सहिया का है। ये सभी महिलाएं हैं एवं केंद्र एवं राज्य सरकारों की Welfare Scheme को आम-जन तक ले जाने को धुरी हैं। लेकिन उन्हें भी Insurance, Medical एवं Gtatuity का लाभ नहीं मिलता।

Contract की अवधि की भी गारंटी नहीं होती। इससे इनका लाभ कम एवं शोषण ज्यादा प्रतीत होता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कई सुविधाएं जैसे LPG, Ration-Card, प्रधानमंत्री आवास योजना में Back-ward region Grant CENSUS के आधार पर मिलता है। पिछला CENSUS वर्ष 2011 में हुआ था। विगत 5 वर्षों में जो लोग गरीबी रेखा के नीचे गये हैं, उन्हें ये सुविधा नहीं मिल रही है। मेरा अनुरोध है कि हर वर्ष जिला स्तर पर CENSUS के Figure को Update किया जाए। धन्यवाद। जय हिंद।

श्री दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती): सभापति महोदय, आपने मुझे वर्ष 2018-19 के बजट पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया। मैं आंकड़ों में नहीं जाऊंगा क्योंकि हमारे बहुत से साथी आंकड़े रख चुके हैं, मैं उसे रिपीट नहीं करूंगा बल्कि टु द प्वाइंट बात करुंगा। मैं अपनी बात को पांच-सांत मिनट में रखने की कोशिश करुंगा। यह बजट भारत को सशक्त बनाने वाला है, देश के विकास को बढ़ाने वाला है। 21वीं सदी के लिए बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने वाला बजट है। यह बजट किसान हितैषी, विकास हितैषी, श्रमिक हितैषी, व्यापार हितैषी और आम आदमी हितैषी है। ज्यादा रोजगार देने वाला बजट है, गरीब और मध्य वर्ग की चिंताओं को दूर करने वाला बजट है। गरीबों की हेल्थ और छोटे उद्यमियों का वेल्थ बढ़ाने वाला बजट है। मध्य वर्ग को ज्यादा बचत देने वाला बजट है। यह बजट देश के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। इस बजट में गांव, गरीब और किसान को केन्द्र बिन्दु रखा गया है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने शपथ ग्रहण से पहले जब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेता चुना गया था, उसके बाद अपने पहले सम्बोधन में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा था कि हमारी सरकार देश के गरीबों के लिए समर्पित रहेगी, ऐसा उन्होंने करके दिखाया है। सरकार की योजनाएं इतनी हैं कि उन्हें बताने में पूरा दिन कम पड़ जाएगा। जन धन योजना से शुभारंभ करके हम नोटबंदी और जीएसटी तक पहुंचे हैं। ये तमाम योजनाएं गरीबों, वंचितों, दलितों और पिछड़ों के लिए हैं, जो विकास की मुख्यधारा में पीछे छूट गए थे, उनको मुख्यधारा में सम्मिलित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं।

हमारा देश गांवों का देश है। आज भी 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, कृषि पर निर्भर करती है। गांव और किसान के नाम पर वोट लेकर तमाम सरकारें आईं और गईं, लेकिन सही मायने में गांव और किसानों की सुध लेने का काम किसी भी सरकार ने नहीं किया। प्राचीन समय में कृषि को हमारे समाज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त था। इसलिए कहावत थी कि : उत्तम खेती मध्यम

बान निषिद चाकरी भीख निदान। लेकिन कालांतर में सरकार की नीतियों में कमियां थीं, पहले खेती को सर्वोच्च दर्जा दिया गया था, यह आज घाटे का सौदा बनती जा रही है।

16 00 hrs

किसान जो हमारे अन्नदाता हैं, उनके हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी बहुत नीचे से उठकर देश के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचे हैं। वह गरीबी में पैदा हुए, गरीबी में पले-बढ़े इसलिए किसानों के दुख-दर्द को समझते हुए तमाम ठोस योजनाएं और नीतियां लेकर आए हैं। इस बार ही नहीं बल्कि सरकार जब 2016-17 तथा 2017-18 का बजट लेकर आई थी, उसमें स्वामीनाथन कमेटी के मूल सिद्धांतों को लागू करने का काम किया गया था।

किसानों के पास उपजाऊ जमीन है, लेकिन अपनी खेत की मिट्टी की जानकारी के अभाव में किसान उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग करते हैं। इस कारण खेतों की उर्वरा शक्ति भी घटती जा रही है और उपज दिनों दिन कम होती जा रही है। ऐसी स्थिति में सरकार बहुत महत्वकांक्षी मृदा हैल्थ कार्ड योजना लाई है, इसके तहत प्रावधान किया गया है कि हर खेत की मिट्टी के स्वास्थ्य की जांच होगी, हर किसान को मृदा हैल्थ कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें विस्तार से अंकित होगा कि आपके खेतों में किस तरह के पोषक तत्वों की कमी है, किस तरह के उर्वरकों की आवश्यकता है। इस तरह से उर्वरकों का संतुलित उपयोग करके किसान कम लागत में अधिक से अधिक उपज प्राप्त कर सकता है। इस तरह से सरकार किसानों के जीवन में खुशहाली लाने का काम कर रही है।

महोदय, हम सिंचाई के बगैर खेती की परिकल्पना भी नहीं कर सकते हैं। विडंबना है कि आजादी के 70 वर्षों बाद सरकारें हर खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाई हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के बहुत सारे इलाके हैं जहां उपजाऊ जमीन होते हुए भी किसान भगवान भरोसे खेती करने के लिए मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में इस सरकार ने हर खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मेरे संसदीय क्षेत्र में सरयू नहर परियोजना 1975 से चल रही थी, लागत दर लागत बढ़ती जा रही थी,

लेकिन योजना पूर्ण होने का नाम नहीं ले रही थी। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का और सिंचाई मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि सरयू नहर परियोजना को केंद्रीय परियोजना में लेकर द्रुत गति से काम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह काम बहुत तेजी के साथ हो भी रहा है।

महोदय, सरकार एक तरफ टेक्नोलाजी के माध्यम से कृषि लागत को कम करने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी तरफ लागत के लिए डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने का प्रावधान किया है जो सराहनीय है। सरकार एक तरफ सरकारी मंडी के माध्यम से किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का काम कर रही है, वहीं दूसरी तरफ 86 परसेंट से अधिक लघु एवं सीमांत किसानों को अपने उत्पादों को सीधे थोक बाजार मेंबेचने की स्थिति में नहीं है, ऐसेकिसानों के लिए मौजूदा 22000 ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजारों के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

महोदय, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पुराने समय में इन्हीं बाजारों में हमारा किसान अपना उत्पाद बेचा करता था और किसानों को लाभकारी मूल्य भी प्राप्त हो जाता था। उपभोक्ताओं को भी उचित दर पर और ताजे उत्पाद प्राप्त हो जाते थे, लेकिन पिछली सरकारों की नीतियों की वजह से जब से बिचौलियों का प्रादुर्भाव हुआ, तब से हमारे किसानों का शोषण शुरु हो गया। बिचौलिये मालामाल होते चले गये और हमारा किसान बदहाल होता चला गया। मैं समझता हूं कि इस योजना से किसानों को उनके शोषण से मुक्ति मिलेगी और बिचौलियों का प्रभाव खत्म होगा।

महोदय, आधुनिकता के साथ-साथ हमारी प्राचीन परम्परा को जीवंत करने वाली भी है। ऑपरेशन ग्रीन के माध्यम से टमाटर, प्याज, आलू जिन्हें पूरे वर्ष उपयोग में लाया जाता है और प्रसंस्करण तथा व्यवसायी प्रबंधन के प्रोत्साहन के लिए 500 करोड़ रुपये की राशि का आबंटन किया गया है। इससे निश्चित रूप से इन वस्तुओं की कीमतों में स्थिरता आएगी।

महोदय, विडम्बना है कि कृषि प्रधान देश होते हुए भी देश का मौजूदा निर्यात 30 बिलियन अमेरिकी मूल्य का है, और इसे 100 बिलियन डालर तक पहुंचाने के लिए 42 मेगा फूड पार्कों को अत्याधुनिक बनाने का प्रस्ताव सराहनीय है।

किसान क्रेडिट कार्ड अभी तक खेती करने वाले किसानों को मिलता था, अब मत्स्यकी और पशुपालन से जुड़े किसानों को उपलब्ध कराने का काम सराहनीय है। मेरे संसदीय क्षेत्र में सिंचित इलाकों में लोग वृक्षारोपण को प्राथमिकता देते हैं। वृक्ष तैयार होने पर उसे काटकर, बेचकर बेटे और बेटियों की शादी निपटाते हैं और तमाम दैनिक काम करते हैं, लेकिन उसे बेचने में बहुत कठिनाई आती है। बांस को पेड़ की परिभाषा से अलग करके किसानों को राहत दी गई है। उत्तर प्रदेश की सरकार ने किसानों के हित में बहुत अच्छा निर्णय लेते हुए शीशम और सागवान को परमिट मुक्त किया गया था, लेकिन उस पर एनजीटी ने रोक लगाई है। मैं मांग करता हूं कि इस पर ध्यान देकर किसानों को राहत दी जाए।

अब मैं उज्ज्वला योजना के बारे में कहना चाहता हूं। हम 21वीं सदी में पहुंच गए हैं लेकिन विडंबना है कि आज भी देश की 50 प्रतिशत आबादी, हमारी माताएं, बहनें चूल्हे पर खाना बनाने को विवश हैं। चूल्हे पर खाना बनाने से उनके स्वास्थ्य पर कितना विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, जैसा कि विशेषज्ञों ने अवगत कराया है कि एक बार चूल्हे पर खाना बनाने से जितना धुआँ, जितना प्रदूषण होता है, वह 400 सिगरेट्स पीने के बराबर है। इसका सीधा शिकार हमारी महिलाएं, माताएं-बहनें हो रही हैं। वे तमाम तरह की बीमारियों से ग्रसित होती जा रही हैं। वे फेफड़े, टी.बी. और कैंसर तक का शिकार होती जा रही हैं। उनकी आंखों की रोशनी समय से पहले जा रही है। चूंकि हमारे प्रधान मंत्री जी, जिन्होंने स्वयं यह कहा कि बचपन में हमारी माता जी चूल्हे पर खाना ...(व्यवधान)

***श्री तारिक अनवर (कटिहार):** वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा सदन में जब 2018-19 का बजट पेश किया गया तो लोगों को बड़ी उम्मीदें थी कि श्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जो अंतिम बजट पेश किया जा रहा है, उसमें समाज के हर वर्ग के लिए कुछ राहत होगी।

वैसे तो कोई चमत्कार की आशा नहीं थी, परन्तु कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में राहत की उम्मीद जरूर थी। परन्तु अगर एक शब्द में इस बजट पर टिप्पणी की जाए तो कहा जाएगा कि बहुत निराशाजनक बजट पेश किया गया है। एक बार फिर वित्त मंत्री ने आँकडे का मकड़जाल देश के सामने रखा है।

मुझे याद है कि जब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी और श्रीमती सुषमा स्वराज तब विपक्ष की नेता थी तो उन्होंने कहा था कि आँकडे से लोगों का पेट नहीं भर सकता। आज देश आर्थिक मंदी से गुजर रहा है। बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। किसान अपनी बदहाली से परेशान है।

मोदी सरकार के अंतिम बजट में देश के किसानों को एक अंतिम उम्मीद थी कि डॉ. मनमोहन सिंह सरकार की तर्ज पर किसानों को कम से कम कर्ज के बोझ से यह सरकार निजात दिलाएगी। परन्तु, एक बार फिर किसानों को झूठी तसल्ली देने की कोशिश की गई है।

बेरोजगार नौजवानों को रोज़गार दिलाने हेतु इस बजट में कोई ठोस उपाए नहीं बताए गए। नौजवानों को उनके नसीब पर छोड़ दिया गया है।

2014, लोक सभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री के उम्मीदवार, श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने यह सुनिश्चित किया था कि दो करोड़ नौजवानों को हर वर्ष रोजगार मुहैया कराया जाएगा। इसी उम्मीद में देश की युवा पीढ़ी ने नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने में भरपूर समर्थन दिया। दो करोड़ नौजवानों का रोजगार मात्र एक सपना बनकर रह गया। उसके विपरीत नोटबंदी के कारण लाखों

---

* Speech was laid on the Table

नौजवान और ज्यादा बेरोज़गारी के शिकार हो गए। बड़ी संख्या में छोटे एवं मझोले उद्योग बंद हो गए। बेरोजगारी एक विकराल रूप धारण कर चुकी है। अगर जल्द ही कोई उपाय नहीं दूँढा गया तो विस्फोटक स्थिति बन सकती है।

समय-समय पर अलग-अलग कार्यक्रम की घोषणा करते रहे हैं, जैसे-स्टैंड अप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजीटल इंडिया, स्किल्ड इंडिया। परंतु, यह कहीं भी जमीन पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। ये सारी योजनाएं कागजी घोड़े के समान बनकर रह गई हैं।

इस सरकार की प्राथमिकता अब किसान, नौजवान या देश को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की नहीं रह गई है। इस सरकार को देश में जो एक समस्या दिखाई पड़ रही है, वह है तीन तलाक की। एकाएक मोदी सरकार को मुस्लिम महिलाओं से बड़ी हमदर्दी हो गई है। परन्तु इस हमदर्दी के पीछे भाजपा की राजनीति है। जो देश के ध्रुवीकरण की राजनीति में विश्वास करती है। अगर सही मायनों में देश की महिलाओँ से हमदर्दी है तो सरकार लोक सभा एवं विधान सभा में आरक्षण दिए जाने वाले लंबित विधेयक को क्यों नहीं लोक सभा में पास कराती।

प्रधानमत्री जी ने अपने भाषण में चार-बार महिला शक्तिकरण की बात की है। लेकिन, महिलाओं को आरक्षण देने का प्रस्ताव नहीं रखते। महिलाओं के साथ यह झूठी हमदर्दी का ढोंग समय-समय पर यह सरकार करती रही है। सरकार महिलाओं के प्रति घड़ियाली आँसू बहाना बंद करे तो बेहतर है।

आज देश की स्थिति एक नाजुक दौर से गुजर रही है। देश के अंदर साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। सारे देश में डर, भय एवं आतंक का माहौल बन रहा है। लोग सच बात भी कहने में घबरा रहे हैं। पत्रकार, मीडिया ओंर बुद्धिजीवी भी खौफ के साये में जी रहे हैं। यह सरकार 'डिवाईड़ इंडिया' के रास्ते पर चल रही है।

इस अवसर का लाभ उठाते हुए मैं अपने संसदीय क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ। अपने संसदीय क्षेत्र के कटिहार जिला मुख्यालय में स्थित भारत सरकार के स्वामित्व वाले एनजेएमसी इकाई आरबीएचएम जूट मिल में लगातार बंदी के कारण उत्पन्न स्थिति की ओर आकृष्ट कर रहा हूँ।

बिहार का सीमांचल इलाका प्रमुख जूट उत्पादक क्षेत्र है। आजादी के पहले से ही कटिहार जूट उद्योग का केन्द्र बिन्दु रहा है । वर्ष 1979 में बिहार का सबसे बड़ा जूट कारखाना आरबीएचएम जूट मिल्स कटिहार एन.जे.एम.सी. के अधीन आ गया । कुप्रबंधन के कारण वर्ष 2007/2008 आते-आते एनजेएमसी ने इसे बंद कर दिया।

पुन: 2011 में केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय ने बीएफआईआर योजना के तहत एन.जे.एम.सी. के बंद पड़े जूट कारखानें को पुनर्जीवित करने की योजना में आरबीएचएम जूट मिल कटिहार को शामिल कर लिया।

तत्पश्चात् इस फैक्ट्री के संरचनाओं का आधुनिकीकरण कर इसे चलाने हेतु एक निजी कम्पनी के हाथ दे दिया गया। वर्ष 2016 में इस कम्पनी ने अचानक कारखाने में बंदी घोषित कर दी। फलस्वरूप लगभग एक हजार कामगार बेरोज़गार हो गए हैं। बंदी के पूर्व निजी कम्पनी ने मजदूरों का वेतन लगभग 50 लाख तथा ईएसआई/पीएफ का चालीस लाख रुपया बकाया रखा हुआ है।

लोक सभा में इस मुद्दे पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री का ध्यान आकृष्ट मैंने किया था तथा पत्र लिखकर कर भी मज़दूरों के बकाए रकम का भुगतान तथा फैक्ट्री को चालू करने का अनुरोध करता रहा हूँ। लेकिन, दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है और स्थानीय कामगारों में असंतोष पनप रहा है।

विकास की जिन दो अवधारणाओं पर मोदी सरकार पिछले चार वर्षों से बल दे रही है, उससे जूट उद्योग का अस्तित्व जुड़ा हुआ है। पहला मुद्दा बेरोज़गारी का है जिसके लिए हम सभी चिंतित हैं। श्रम गहनता वाले जूट उद्योग में रोजगार की बड़ी संभावना रहती है। इसके बंद होने से बड़ी संख्या में कामगार तथा इस उद्योग से जुड़े परिवार बेरोजगार हो जाते हैं।

दूसरा मुद्दा पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। जूट उत्पादन तथा उद्योग पर्यावरण अनुकूल है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में यह सहायक है। इस उद्योग को बढ़ावा देने के बजाए इसे बंद पड़ा छोड़ देना कहीं से औचित्यपूर्ण नहीं है। देश के धरोहर वाले इस उद्योग को बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार वचनबद्ध है।

हमारा वित्त मंत्री महोदय से अनुरोध है कि इस मामले में स्वयं हस्तक्षेप कर इस जूट कारखाने को फिर से चालू करवाने तथा इसके कामगारों की बकाया राशि का भुगतान करवाने की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश देने का कष्ट करेंगे।

रेल से सम्बन्धित कुछ समस्याओं की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ। इस सरकार ने अपने कार्यकाल में रेल मंत्रालय के महत्व को समाप्त कर दिया है। वर्षों से रेल बजट अलग से आया करता था और उसका कारण भी था।

रेल के बारे में यह कहा जाता रहा है कि वह हमारे देश की जीवन रेखा है। देश को एक कोने से दूसरे कोने को ही जोड़ने का काम नहीं करती है बल्कि देश को भी जोड़ने में इसकी एक अहम् भूमिका है। परन्तु मोदी सरकार द्वारा यह फैसला लिया जाना कि रेल बजट को अलग से पेश करना ज़रूरी नहीं है, इससे रेलवे के महत्व को घटाने की कोशिश की गई है।

जब भी रेल बजट पेश होता था, हम सभी सांसदों का यह प्रयास होता था कि रेल से जुड़े मामलों को पेश कर उसका समाधान निकालने का प्रयास होता था। नई रेलगाड़ी से लेकर रेल के क्षेत्र में हर तरह के विकास के लिए हम सब लोग प्रयास करते थे।

मोदी सरकार के एक निर्णय से रेल के क्षेत्र में क्या प्रगति हो रही है इस जानकारी से हम सब वंचित हो गए है। वैसे तो और मंत्रालय की तरह रेल मंत्रालय की स्थिति दिन-प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। रेलवे के रख-रखाव में तेजी से गिरावट चलती आ रही है।

यहाँ मैं अपने आप को अपने संसदीय क्षेत्र अथवा कटिहार रेल प्रमण्डल की समस्याओं तक ही सीमित रखना चाहूँगा।

मेरे संसदीय क्षेत्र, कटिहार एवं पूर्वांचल के इलाके के रेलवे से सम्बन्धित्त कुछ महत्वपूर्ण कार्य हैं जिनका होना अति आवश्यक है इन कार्यों को रेलवे बजट 2016-17 में सम्मिलित करने के लिए मैं अनुशंसा करता हूँ:-

बारसोई रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत बारसोई रेलवे स्टेशन एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्टेशन है। यह बिहार से पश्चिम बंगाल, असम, नेपाल और बंगलादेश का गेटवे है। बारसोई स्टेशन से होकर बहुत सारी महत्वपूर्ण गाड़ियां गुजरती हैं जिनका ठहराव यहां पर है। इस स्टेशन की बहुत ही बुरी हालत है और इसके नवीनीकरण और आधुनिकीकरण की अत्यंत आवश्यकता है। इस कार्य को सबसे अधिक प्राथमिकता के आधार पर रेलवे बजट 2016-17 में सम्मिलित किया जाए।

पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर जोन के सोनपुर मंडल अंतर्गत कुर्सेला से बिहारी गंज तक की लगभग 57 किलोमीटर लम्बी रेल पथ का निर्माण कार्य जो वर्तमान में बंद पड़ा हुआ है, को शीघ्र चालू करवाया जाए।

कटियार-तेजनारायणपुर रेलवे लाईन का आगे विस्तार करते हुए बलुआघट्टी (तेजनारायणपुर) से पश्चिम बंगाल के भालुका रोड रेलवे स्टेशन तक रेल पथ का विस्तारीकरण (ज्ञात हो कि इसका सर्वे कार्य संपन्न हो चुका है)। अत: इस कार्य को आगामी रेल बजट में शामिल किया जाए।

कटिहार नगर में गौशाला के निकट कटिहार बरौनी रेल पथ के बजट में रेलवे की खाली पड़ी लगभग 111 एकड़ जमीन पर रेल आधारित कारखाना जैसे कोच मरम्मत, रेल पहिया व धुरी (एक्सेल) एवं अन्य का निर्माण किया जाए।

कटिहार-कुमेदपुर एवं कटिहार-मुकुरिया के मध्य रेल पथ का दोहरीकरण किया जाए।

18181/18182 टाटा लिंक एक्सप्रेस में वातानुकूलित कोच की व्यवस्था की जाए।

15227/15228 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन चलाया जाए। ज्ञात हो इसकी घोषणा पूर्व रेल राज्य मंत्री, श्री मुनियप्पा ने कटिहार आकर की थी।

कटिहार से राधिकापुर वाया कुमेदपुर एवं कटिहार से न्यू जलपाईगुड़ी वाया सोनौली डी.एम.यू. ट्रेन चलायी जाए।

15483/15484 महानन्दा एक्सप्रेस गाड़ी का ठहराव प्राणपुर रोड तथा खुरियाल स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए।

15609/15610 अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुधानी एवं तेलता स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए।

गाड़ी संख्या 08631/08632 कटिहार से राँची के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन को नियमित रूप से चलाया जाए और इसे सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाया जाए (जो अभी बंद है)। इसके अतिरिक्त यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उक्त गाड़ी में द्वितीय श्रेणी शयन यान की दो अतिरिक्त बोगी और द्वतीय वातानुकूलित शयनयान की एक अतिरिक्त बोगी लगायी जाए।

15001/15002 मुजफ्फरपुर-देहरादून राप्ती सागर एक्सप्रेस ट्रेन को कटिहार तक चलाया जाए।

15203/150204 बरौनी-लखनऊ तथा 12553, 12554 वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन को पूर्व की तरह कटिहार तक चलाया जाए। ज्ञात हो कि ये दोनों गाड़ी बरौनी में 24 घंटे खड़ी रहती हैं।

12521/12522 बरौनी एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन को कटिहार तक चलाया जाए। ज्ञात ही कि यह गाड़ी बरौनी में 24 घंटे खड़ी रहती है।

12753/12754 न्यु जलपईगुड़ी - चेन्नई एक्सप्रेस ट्रेन को वाया कटिहार चलाया जाए।

15712/15713 कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाया जाए।

15483/15484 कई वर्षो से लगातार विलम्ब से चल रही है। इसका नियमित समय पर परिचालन सुनिश्चित किया जाए।

गाड़ी संख्या-15611/15612 कामाख्या-मुम्बई कर्मभूमि एक्सप्रेस का ठहराव बारसोई स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए।

सीमांचल के अल्पसंख्यक समुदाय का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कछौछा शरीफ जिसका निकटवर्ती स्टेशन अकबरपुर है, यहाँ गाड़ी संख्या 15715/15716 (गरीब नवाज एक्सप्रेस) का ठहराव दिया जाए।

गरीब नवाज एक्सप्रेस 2-ए/सी, 3-ए/सी का एक कोच लगाया जाए।

13425/13426 मालदा-सूरत एक्सप्रेस तथा 13417/13418 मालदा-दीघा एक्सप्रेस ट्रेन को कटिहार तक चलाया जाए।

श्री भगवंत मान (संगरूर): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। बजट देश की जनता के साथ एक प्रॉमिस है कि हम आने वाले वित्तीय वर्ष में यह करेंगे, वह करेंगे। लेकिन मुझे हैरानी हो रही है कि आंध्र प्रदेश के हमारे मित्र पिछले चार दिनों से कीप युअर प्रॉमिसेज लेकर वैल में खड़े हैं। इसका मतलब है कि सरकार के हिस्सेदारों के ही प्रॉमिसेज पूरे नहीं हो रहे, तो विपक्ष के कहां से पूरे होंगे? मुझे समझ में नहीं आ रहा कि उनके प्रॉमिसेज रेलवे और आंध्र प्रदेश को स्पेशल पैकेज देने के पूरे नहीं हो रहे, तो हमारे कहां से होंगे? इससे सरकार की हालत का पता चलता है। इससे पता चलता है कि एक नम्बर की सीट पर प्रधान मंत्री जी आते हैं और डेढ़ घंटा नेहरू, गांधी और पता नहीं क्या-क्या बोलकर चले जाते हैं। वे सिर्फ भाषण और जुमले सुनाते हैं। ...(व्यवधान) जो मेनिफेस्टो है, वह एक रिकार्डेड डाक्यूमैंट है। हर पार्टी का जो मेनिफेस्टो है, वह रिकार्डेड डाक्यूमैंट होना चाहिए। उसमें वायदा कर लिया जाता है कि हम सौ दिन में यह कर देंगे, हम दो करोड़ नौकरियां दे देंगे। अगर मेनिफेस्टो रिकार्डेड डाक्यूमैंट हो, तो इलैक्शन कमिशन उसे मॉनीटर करे। अगर सरकार कोई वायदा पूरा नहीं कर सकती, जैसे कि पंजाब में बोल दिया गया कि हर किसान का कर्जा माफ हो जाएगा, हर घर में एक सदस्य को नौकरी मिल जाएगी, हर नौजवान को मोबाइल मिल जाएगा, तो वे वायदे पूरे नहीं हुए। चिट फंड कम्पनियों पर बजट में कुछ नहीं बोला गया। चिट फंड कम्पनियां देश में लोगों को लूट रही हैं। पंजाब में पर्ल नाम की कम्पनी ने लोगों का करोड़ों रुपया लिया और भाग गयी। वित्त मंत्री श्री जेटली साहब कह रहे हैं कि उसके एमडी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब उसके एमडी को गिरफ्तार करने से उन लोगों को क्या फायदा हुआ, जिनके पैसा उसमें लगे हैं?उसकी करोड़ों रुपये की प्रॉपर्टी है। दिल्ली में भी प्रॉपर्टी है। उसकी देश-विदेश में करोड़ों रुपये की प्रॉपर्टी है। उसे आप जब्त कीजिए, कुर्क कीजिए, नीलामी कीजिए और लोगों का पैसा वापस कीजिए। पंजाब में आलू और गन्ने के उत्पादक सड़कों पर हैं। किसानों के मामले में बजट में कुछ नहीं कहा गया। हमें उम्मीद थी कि पंजाब के लिए कुछ न कुछ मिलेगा, क्योंकि सैट्रल पूल में सबसे

ज्यादा अनाज पंजाब देता है। लेकिन सैंट्रल पूल या सैंट्रल बजट से कुछ भी पंजाब के लिए नहीं रखा गया।

सभापति महोदय, चंडीगढ़ से सनेटा 16 किलोमीटर रेलवे लाइन है। राजपुर से सनेटा तक अगर 16 किलोमीटर रेलवे लाइन बन जाए, तो गंगानगर से लेकर पूरा मालवा रेल लिंक चंडीगढ़ से जुड़ जाएगा। लेकिन चूंकि बादलों की बसें फेल हो जाएंगी, इसलिए उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए वह 16 किलोमीटर का रेलवे ट्रैक नहीं बनाया जा रहा है। चण्डीगढ़ और अमृतसर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल क्यों नहीं किया जा रहा है? वे केवल नाम के लिए इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स हैं। अमृतसर से केवल एक फ्लाइट बर्मिंघम जाती है और चण्डीगढ़ से एक फ्लाइट थाईलैंड जाती है। चण्डीगढ़ और अमृतसर के एयरपोर्ट्स को प्रॉपर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जाए।

हर साल 15 अगस्त को लाल किले से प्रधानमंत्री जी भाषण देते हैं, वही लिखा-लिखाया, वही रटा-रटाया भाषण होता है। स्विट्जरलैंड में, दावोस में प्रधानमंत्री जी ने कहा कि 600 करोड़ लोगों ने हमें वोट दिया, जबकि हमारी आबादी 125 करोड़ है। मैं कहना चाहूंगा कि लाल किले के कबूतरों को भी भाषण याद हो गए हैं। अगर हमारी तकदीर नहीं बदल सकते, कम से कम भाषण तो बदलिए। मैं बीजेपी के मित्रों से कहना चाहूंगा –

"लम्बे सफर को मीलों में मत बांटिए, कौम को कबीलों में मत बांटिए।
एक बहता दरिया है मेरा भारत देश, इसको नदियों और झीलों में मत बांटिए।"

***डॉ यशवन्त सिंह (नगीना):** मुझे 2018-19 के वार्षिक बजट पर विचार रखने का मौका दिया गया इसके लिये धन्यवाद। सरकार के इस बजट से पूर्णतया प्रदर्शित होता है कि ये सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के मन्त्र अंत्योदय पर चल रही है। इस बजट में तथा सरकार की सभी योजनाओं के केन्द्र में देश का गरीब है। सौभाग्य योजना के माध्यम से 16000 करोड़ रूपये खर्च करके इस देश के चार करोड़ गरीब घरों में बिना किसी कनैक्शन शुल्क के तहत देश के 8 करोड़ गरीब महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन देना, गरीब घरों के पूर्व में 6 करोड़ शौचालय तथा इस वर्ष 2 करोड़ और शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य अपने आप में वो बड़े कदम हैं जिसने गरीब के जीवन में एक आशा की किरण जगाई है। गरीब के सर पर छत हो इसके लिये भी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों मकान ग्रामीण क्षेत्र में तथा 37 लाख मकान शहरी क्षेत्र में स्वीकृत किये हैं।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम हेतु 2018-19 में 9975 करोड़ रुपये का आबंटन रखा गया है। अनुसूचित जनजाति की बहुलता वाले ब्लाक में सभी सुविधाओं से लैस एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का निर्माण जिसके माध्यम से गरीब परिवार के बच्चे भी भविष्य सुधार सकेंगे। शिक्षा में मूलभूत परिवर्तन लाने हेतु प्रयास इस सरकार की बड़ी पहल है। मौजूदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना स्कीम गरीब परिवारों को 30,000 रुपये वार्षिक कवरेज प्रदान करती है, परंतु नयी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना के तहत गरीब 10 करोड़ परिवारों को द्वितीयक एवं तृतीयक अस्पताल में पांच लाख रूपये प्रतिवर्ष का कवरेज देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि होगी। इसी के तहत टी०वी० के मरीज को इलाज के साथ-साथ अच्छे भोजन हेतु 500 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से मदद अपने आप में एक सराहनीय कदम है। सरकार द्वारा किसानों की स्थिति सुधारने हेतु भरपूर प्रयास किया गया है। माननीय वित्त मंत्री जी की घोषणा कि किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुणा दाम एमएसपी के रूप में निश्चित तौर पर दिया जायेगा, एक बहुत बड़ी घोषणा है।

---

* Speech was laid on the Table

इसका विधिवत रूप से क्रियान्वयन किसानों के जीवन में एक विकास की लहर लायेगी। इस प्रकार के प्रयास माननीय प्रधानमंत्री जी की घोषणा वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने की ओर एक बड़ा कदम है। मौजूदा 22000 ग्रामीण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजारों के रूप में विकसित किया जाना भी किसानों के लिये एक वरदान साबित होगा। इस कार्य हेतु 2000 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। हमारे आदिवासी क्षेत्रों में बांस का उत्पादन करने हेतु बांस को पेड़ की परिभाषा से अलग करके 1290 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय बांस मिशन शुरू करने का प्रस्ताव इस क्षेत्र के विकास में बड़ा कदम होगा। किसानों को कृषि क्षेत्र के लिये संस्थागत ऋण की राशि वृद्धि करके 10 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 11 लाख करोड़ रुपये की गई है। इस प्रकार हर प्रकार से किसान को सुविधा दिलाकर देश की हरित क्रांति को बढ़ावा देने का काम किया गया है।

इस बजट से परिलक्षित होता है कि आज सरकार गरीबों के जीवनयापन, उनके बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य हेतु तथा उनकी गंभीर बीमारियों में उनका कैसे संरक्षण किया जाये। इस सब पर ध्यान रखते हुए देश के गरीब, किसान एवं नौजवान के जीवन में सुधार हेतु कार्यरत है।

धन्यवाद।

*SHRI V. ELUMALAI (ARANI): I express my hearty gratitude and indebtedness to our beloved immortal Leader Puratchi Thalaivi AMMA, before I place my view on the General Budget 2017-18.

Tamil Nadu is one of the most productive states in the country to utilize property the rural employment scheme. Timely release of funds to states to provide work on demand, an electronic fund management system, and consistent coordination between banks and port offices, besides monitoring of pendency of payments, have led to the revival of this employment scheme. Tamil Nadu needs more financial support for this program.

The Government's mission of skilling India has gained momentum and during the last year about 76 lakh people have been trained. The skill training is successful in Tamil Nadu which stands first in producing largest number of engineering graduates and skilled persons suiTable for employment in Multinational companies. Youth Power is the future power of the Nation. 65 percent of our population today is below the age of 35. Our youth is our greatest strength and needs to be effectively channelized. It is heartening to note that the Government has taken steps for skilling the youth and improving their employability. The Pradhan Mantri Kuashal Vikas Yojana to train one crore youth is commendable. This needs generous funding and institutional support to generate genuine employment opportunities for the educated youth of this country.

* Speech was laid on the Table

Education is eye of the society. It is heartening to see the Government aim to create an educated, healthy and clean India. Our beloved leader Puratchi Talaivi AMMA has focused exclusively for the development of Education in the State and has been taking far sighted initiatives for the welfare of students in the state. AMMA's scheme of provision of priceless Laptop for students is first of its kind in the county. I wish the Union Government to replicate all over India, the schemes implemented in Tamil Nadu.

Women welfare schemes implemented in Tamil Nadu under the visionary of Puratchi Thaliaivi AMMA has been a forerunner for the Beti Bachao Beti Padhao scheme, Sukanya Samridhi Yojana, The Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan. The Government has made a revision of Maternity Benefit Act and enhancement of maternity leave from 12 weeks to 26 weeks to support pregnant women at the workplace. I wish to record here that in Tamil Nadu Puratchi Thalaivi AMMA had ordered for pregnant women can avail 9 months maternity leave with salary.

As far as my Arani Parliamentary Constituency is concerned there are two very important issues which need to be addressed immediately The new railway line between Tindivanam-Ngari, Tindivanam-Tiruvannamalai has been started in 2006, but still pending die to the inadequate allocation of funds for the years 2014-15, 2015-16, 2016-17 and 2017-18. The paltry amount of Rs. 10 crore allocated every year and is used only for the administrative purpose. I

urge the Government to provide substantial amount for the speedy completion of this much required railway project.

In NH-77 between Tindivanam to Krishnagiri via Tirunannamalai, the Tirunvannamalai-Tindivanam section is in very bad condition. There are lots of people from not only Tamil Nadu all over India travelling through this road to reach important temples in Tiruvannamalai, Melamalaiyanur and Gingee fort. As a result of this lots of fatal accidents occur. This requires immediate attention and remedial action from the Union Government.

Under the Sagarmala programmed a total of 199 projects with an outlay of over Rs. three lakh crore have been identified for implementation. Of these, projects of more than Rs. One lakh crore are already under implementation. The seas surrounding the Indian Peninsula contain one thousand three hundred and eighty two of our islands, out of which, to begin with, 26 have been earmarked for integrated development.

I am very sad to say that we have lost strategically important Katchatheevu to Sri lanka thereby doing gross injustice to the people of our country, particularly the poor fishermen community in Tamil Nadu. We lost the most crucial piece of land without any proper amendment in the Indian Parliament. Our most beloved leader Puratchi Thalaivi AMMA fought in and out to retrieve Katchateevu islands back to our people and I wish the Union Government should take appropriate steps to get back Katchatheevu island to brighten the life of millions of fishermen community living in Tamil Nadu.

The new Civil Aviation Policy with thrust on air connectivity to small cities will be boon for Domestic Air Passenger traffic which is growing year after year. Tamil Nadu Stand first in many parameters and there have been a consistent rise in the Air traffic in all the airports in Tamil Nadu. I wish the Government pay more attention to improve the airport infrastructure in Tamil Nadu in particular. The Setting up world-class infrastructure for Electronics manufacturing across the county remains a priority for any Government. The country recorded the highest ever software exports during 2015. Tamil Nadu's contribution is second to none. Tamil Nadu requires more financial support from Union Government for the progressive projects.

Most of the initiatives in the Union budget 2018 is done keeping in view of the next elections which is round the corner. There is not much substantial for the productive States like Tamil Nadu or Maharashtra but substantial for North East and Northern Indian States. Budget 2018 is short of substance and will not fulfill the hopes and expectations of Middle class majority in this county. Thank you.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी): सभापति महोदय, आदरणीय वित्त मंत्री जी द्वारा वर्ष 2018-19 के लिए प्रस्तुत बजट का मैं समर्थन करता हूं। इस बजट को हम देखें, वर्ष 2014 में जब हमारी सरकार बनी थी, उस समय जनता ने बड़ी अपेक्षाओं और उम्मीदों के साथ भारतीय जनता पार्टी को चुना था। उस समय देश की स्थिति चिन्ताजनक थी, देश हताश और निराश था। लोगों के मन में चुनी हुई सरकारों पर से भरोसा खत्म होता जा रहा था और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कम हो रहा था। ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में इस देश के लोगों ने मतदान किया और प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी ने उस चुनौती को स्वीकार किया। बहुत सारी योजनाएं बनाकर कैसे हम इस देश को इन सारी समस्याओं से निकालकर एक विकसित देश के रूप में स्थापित करें, इसके लिए प्रधानमंत्री जी ने प्रयास किया है। उन्होंने पहले दिन ही कहा था कि यह गरीबों की सरकार है। हम वर्ष 2014 का बजट देखें और वर्ष 2018-19 के लिए यह जो हमारा पांचवां बजट आया है, इसे देखें तो आपको निरंतरता दिखाई देगी। यह निरंतरता गरीबों के कल्याण के लिए है, महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए है, किसानों की आय को बढ़ाने के लिए है, देश में सड़क, स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ, लोगों के हाथ में रोजगार हो, जेब में पैसा हो, लोगों का सम्मान और सम्पत्ति सुरक्षित हो, इन सभी लक्ष्यों को लेकर, हमारी पार्टी की सरकार ने काम करना प्रारम्भ किया था। वर्ष 2014 के बजट की निरंतरता को बनाए रखते हुए, आज लगभग चार साल बाद, वर्ष 2018-19 का बजट वित्त मंत्री जी ने देश के सामने प्रस्तुत किया है। मैं कह सकता हूं कि इन लगभग चार वर्षों में इस देश में परिस्थितियां बदली हैं। वह देश, जो आज से लगभग चार साल पहले एक हताश-निराश देश था, जिसकी सीमाएं असुरक्षित थीं, पूरी दुनिया में जिसका सम्मान घट रहा था, विकास का काम ठप्प हो गया था, लोकतांत्रिक व्यवस्था पर से लोगों का भरोसा खत्म हो गया था, उसकी दृष्टि बदली है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी, जो हमारे फिलॉस्फर थे, जिनके आधाभूत सिद्धांतों पर ही यह राजनीतिक दल काम करता है, हमारी जहां भी, जब भी सरकारें बनी हैं, हमने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की फिलॉसफी के आधार पर काम किया है कि जब तक इस देश के सबसे कमजोर

व्यक्ति को सारी सुविधाएं जैसे रोटी, कपड़ा, मकान, स्कूल, अस्पताल आदि उपलब्ध नहीं करा देंगे, तब तक हमारा काम खत्म होने वाला नहीं है। उसी काम को निरंतरता से हमारी सरकार ने किया है और चार साल के बाद हम कह सकते हैं कि स्थितियों में परिवर्तन हुआ है, देश में स्थितियां अनुकूल हैं और इन अनुकूल परिस्थितियों में देश आगे बढ़ रहा है।

16 14 hrs (Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)

देश को आगे बढा़ने के उद्देश्य से ये बजट आया है, इसमें गरीबों के कल्याण के लिए बहुत सी योजनाएं बनाई गई हैं। उसके साथ ही, महिलाओं के सशक्तीकरण, किसानों की फसल की लागत से डेढ़ गुना दाम प्राप्त हो, आदि इन सारे उद्देश्यों को लेकर इस बजट में प्रावधान किए गए हैं। लगभग चार साल के कार्यकाल में, इस सरकार ने बहुत बड़े-बड़े रिफार्म्स किए हैं। चाहे जीएसटी की बात हो, 1000 रुपये और 500 रुपये के नोटों को बन्द करके सीधे-सीधे काले धन पर कुठाराघात करने की बात हो, फाइनेंस बिल, 2017 लाने की बात हो, बैंकरप्सी कोड की बात हो, एनपीए को समाप्त करके बैंकों की स्थिति को मजबूत करने की बात हो। इस देश में विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने की बात हो, देश की सीमाओं को सुरक्षित करना हो, देश के सम्मान को बढ़ाने की बात हो, पं. दीन दयाल उपाध्याय जी ने कहा था, जब से यह देश आजाद हुआ था, दुर्भाग्य से यह ऐसे लोगों के हाथ में था, जो इस देश का विकास नहीं कर पाए। आज वे रोजगार के लिए भी हम पर प्रश्न चिन्ह उठाते हैं, सड़कों के लिए भी हम पर प्रश्न चिन्ह उठाते हैं, लेकिन जब-जब हमको अवसर मिला है, इस देश की स्थिति को संवारने का प्रयास किया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपने भाषण में एक बार यह भी कहा था कि हमारे देश का विकास दुनिया की दृष्टि से नहीं होगा, भारत का विकास भारत की परंपराओं से होगा, भारत की दृष्टि से होगा और हमने कार्यविधि को बदला और दुनिया की दृष्टि को भी बदल दिया। काम करने की कार्यविधि क्या होनी चाहिए उसको भारतीय जनता पार्टी नीत सरकारों ने दिखाया है। हम ने गरीबों को सर्वोपरि रखा है। महिलाओं को सशक्तिकरण के माध्यम से ऐसे 60 करोड़ लोगों को जोड़ने का काम किया है।

मैं लखीमपुर संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं। वहां की बात करूं तो केवल साढ़े तीन सालों के अंदर कई हजार करोड़ रुपये का काम हमारी लोक सभा क्षेत्र में हुआ है। बाढ़ को रोकने का काम किया गया, रेलवे लाइनों का विस्तारीकरण हुआ, रैक प्वाइंट बना, आदर्श रेलवे स्टेशन बनाया, उनके साथ-साथ दो सौ बेड का अस्पताल बना, ट्रामा सेंटर बना, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर बना, हम लोग हर जिले में डायलेसिस के लिए फ्री सुविधा दे रहे हैं। जैसा मेरे लोक सभा क्षेत्र में वातावरण बना है, वैसा वातावरण पूरे देश में बना है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: दुष्यंत चौटाला जी, आप बोलिए।

...(व्यवधान)

श्री अजय मिश्रा टेनी: 09 अगस्त, 2017 को यहां पर ही प्रधान मंत्री जी ने भाषण देते हुए कहा था कि यह देश अब अनुकूल स्थितियों में आ गया है। ...(व्यवधान) नए भारत के निर्माण करने का संकल्प लिया है।...(व्यवधान)

***श्री राकेश सिंह (जबलपुर):** वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा सदन में प्रस्तुत किए हुए ऐतिहासिक 2018-19 के बजट का मैं समर्थन करता हूँ, क्योंकि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में नया भारत (न्यू इंडिया) बनाने का जो संकल्प हमने लिया है उसी दिशा में यह एक बड़ा कदम है।

'आयुष्मान भव" जैसी देश के कुल आजादी के 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा करना एक क्रांतिकारी कदम है। मैं यहाँ मोदी सरकार की अत्यंत सफल योजनाओं का उल्लेख करना चाहूंगा जिसके तहत जनधन के तहत 30 करोड़ से ज्यादा गरीबों के बैंक अकाऊंट खोले जा चुके है, "उज्ज्वला योजना" के तहत 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जा चुका है। उसी तरह लगभग 15 करोड़ गरीबों को सरकार की बीमा योजनाओं के दायरे मे लाया गया है। इसी तरह, "सौभाग्य" - प्रधानमंत्री सहज हर घर बिजली योजना के तहत कुछ महीनों में ही गरीबों को लाखों मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

नोट बंदी जैसे कदम कितने कारगर साबित हुए है इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि नोटबंदी के बाद तीन लाख संदिग्ध कंपनियों का पता लगा जिनके माध्यम से कालेधन का तथा आतंकवाद, नशीले पदार्थों का देश विरोधी व्यापार संचालित होता था।

इनमें से 2 लाख 10000 कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द भी किया जा चुका है।

हमारे देश में एक कंपनी बंद करो तो काले झंडों के जुलूस निकलते थे किन्तु आश्चर्यजनक रूप से 2 लाख 10 हजार कंपनियों का रजिस्ट्रेशन खत्म करने के बाद कहीं कोई पुतला नहीं जलाया गया था या प्रदर्शन नहीं हुआ।

---

* Speech was laid on the Table

आप कल्पना कर सकते हो कि इन कागजी कंपनियों की आड़ में कितनी बड़ी मात्रा में देश विरोधी गतिविधियां संचालित होती रही होंगी।

जी.एस.टी. जैसे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उठाए गये क्रांतिकारी कदम से 19 लाख नये नागरिक इस डायरेक्ट टैक्स के दायरे में आये हैं।

'मुद्रा योजना' से बिना बैंक गारंटी 9 करोड़ से ज्यादा खाता धारकों को पौने चार लाख करोड़ रूपये से ज्यादा कर्ज दिया गया है।

हम केवल कल्पना कर सकते हैं कि बिना गारंटी 9 करोड़ लोगों को पौने चार करोड़ रुपया और इन 9 करोड़ में से 2 करोड़ 63 लाख नौजवान ऐसे हैं, जिन्होंने पहली बार बैंकों से कारोबार के लिए मुद्रा योजना के तहत यह धन पाया है, कर्ज लिया है।

रोजगार के क्षेत्र में फॉर्मल सेक्टर में मार्च 2014 के अंत में ऐसे 3 करोड़ 26 लाख कर्मचारी थे, जो सक्रिय रूप से इंप्लाईज प्रोविडेंट फंड ओरगनाइजेशन में हर महीने पी एफ का पैसा जमा कर रहे थे। ये आंकड़ा पिछले साढ़े तीन सालों में 4 करोड़ 80 लाख से भी ज्यादा हुआ है।

यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार की दिशा अत्यंत योग्य है और परिणामकारक भी है। केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार 2014 में आने के बाद सरकार के कामकाज में गति एवं पारदर्शिता लाने का पुरजोर प्रयास विविध जल कल्याणकारी निर्णय लेकर किया गया है।

जैसे कि 'डिजिटल इंडिया' के जो दो प्रभुख उद्देश्य हैं वो हैं 'डिजिटल समावेशन' (इन्क्ल्यूज़िन) और 'डिजिटल सशक्तिकरण' (इंपावरमेंट) को हासिल करने के लिए 'आधार कार्ड' का वितरण अत्यंत गति से किया गया है और मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आज की तारीख में 130 करोड़ लोग 'आधार कार्ड' से जुड़ चुके हैं- जिसे अब कानूनी सुरक्षा भी प्रदान की गई है।

जिन मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है उनमें से भ्रष्टाचार, भय मुक्त भारत बनाने की प्रतिबद्धता है।

गत अनेक वर्षों से देश में विभिन्न स्तरों पर जो भ्रष्टाचार जड़ें जमा चुका था उस पर "आधार" के माध्यम से काफी मात्रा में काबू पाया गया है और सरकार ने इस विषय में कुछ उदहारण भी प्रस्तुत किये हैं।

आम जनता की थाली में फर्जी राशन कार्ड की मदद से कुछ भ्रष्ट तत्व छेद करते थे। पीडीएस- पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को "आधार" से जोड़ने के कारण इस भ्रष्टाचार पर काबू पाया गया है।

उसी तरह रोजमर्रा को जरूरत एलपीजी गैस जिसके वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन) में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार था उसे भी आधार से जोड़ने के कारण फर्जी गैस कनेक्शन बंद किये गये हैं।

इससे सरकार की हजारों करोड़ों रुपयों की बचत हुई है और यह वित्तीय, संसाधन (फाइनेंशियल रिसोर्स) को "उज्ज्वला" जैसे सामाज के अत्यंत निचले तबके के कल्याण के लिए सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा हैं।

इसी कड़ी में मैं एक तीसरा उदहारण भी बताना चाहूँगा कि आधार के कारण हजारों फर्जी शिक्षकों को हटाकर लगभग रुपये 57 करोड़ की बचत हुई है।

विश्व बैंक ने 2016 में जारी विश्व विकास रिपोर्ट में कहा है कि भारत के "आधार" जैसा डिजिटल पहचान तंत्र किसी भी सरकार को इंक्यूसिव डिवेलपमेंट समावेशी विकास करने में मददगार होता है। "आधार" ने भारत की डिजिटल उपलब्धियों को नया आधार दिया है। डीबीटी- (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) की योजना में लाभार्थियों की संख्या 2014 में महज आठ करोड़ थी जो आज की तारीख में 36 करोड़ से अधिक हो गयी है और डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर से सरकार

के लगभग 59 ,000 करोड़ रूपये की बचत हुई है जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। अकेले उज्ज्वला योजना में डीबीटी के कारण 14 हजार करोड़ से ज्यादा की बचत हुई।

इस बजट में भारत सरकार ने उपलब्ध वित्तीय और प्रकृति के संसाधनो का उपयोग समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए उपयोग करने का संकल्प लिया है - उस दिशा में आधार का तंत्र" एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल तथा कर्मठ नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था का कुशल प्रबंधन का एक और उदाहरण देना चाहता हूँ।

"प्रगति" -प्रोएक्टिव गवर्नेंस टाइम्ली इंप्लीमेंटेशन यह तंत्र केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद विकसित किया गया है। यह माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुसार "पालिटिक्स आफ़ परफार्मेंस की नीति में इस सरकार का विश्वास दिखाता है।

"प्रगति" के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी स्वयं निगरानी करते हैं- उन बड़ी-बड़ी परियोजनाओं (प्रोजेक्टस) की जो राष्ट्र के विकास यात्रा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

"प्रगति" के माध्यम से मान्यवर प्रधानमंत्री स्वयं सारे केंद्रीय मंत्री, विभागों के सचिव और सारे राज्यों के चीफ सेक्रेटरी के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़ते हैं तथा प्रोजेक्ट्स की वर्तमान स्टेट्स की जानकारी लेते हैं।

अब तक 8 लाख करोड़ रूपये से ज्यादा की परियोजनाओं की समीक्षा "प्रगति" की बैठकों में हो चुकी है। इससे उन महत्त्वपूर्ण 150 से अधिक मेगा प्रोजेक्ट- जो बरसों से अटके हुए थे- उनमें अब तेजी आई है। इससे देश में न्यू जनरेशन का इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने में तेजी से कार्य चल रहा है। इसके पहले की सरकारों के दौरान रीमोर्ट कंट्रोल से शीर्षस्थ स्तर पर निर्णय होते थे ऐसी आम धारणा थी, यह स्थिति अब पूरी तरह से बदल चुकी है।

हमारी सरकार का ग्रामीण भारत के विकास पर विशेष फोकस है। इसका एक साक्षात उदाहरण यह है कि इस सरकार के कार्यकाल में 76 हजार पंचायतें आप्टिकल फाईबर से जोड़ी गई हैं। आपको आश्चर्य होगा कि यह प्रोजेक्ट 2011 से प्रारम्भ हुआ था और 2014 के बीच केवल 59 ग्राम पंचायतों को हो आप्टिकल फाईबर के साथ जोड़ा गया था और आप्टिकल फाईबर नेटवर्क की कुल लेंथ 358 किलोमीटर थी जबकि आज 2 ,00,000 किलोमीटर आप्टिकल फाईबर नेटवर्क बिछाने का काम समाप्त हो चुका है, और मोदी सरकार का संकल्प है कि 2022 तक - जब भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष पूर्ण होंगे - तब तक देश के हर गाँव को आप्टिकल फाईबर से जोड़ने का कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा।

महात्मा गाँधी जी का ग्रामस्वराज तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय जी का "अन्त्योदय" की संकल्पना साकार करने में यह एक बड़ी भूमिका अदा करेगा। नोट बंदी तथा अन्य भ्रष्टाचार विरोधी कठोर निर्णयों के कारण सरकार का वित्तीय संसाधन जुटाने का लक्ष्य हासिल करने में काफी मात्रा में सफलता मिली है और केन्द्र में मोदी सरकार के गठन होने तक देश में कुल करदाताओं की (टैक्सपेयरस) की संख्या महज 3.7 करोड़ थी जबकि गत साढे तीन वर्षों में यह आंकड़ा बढ़कर 6.3 करोड़ से भी ज्यादा हो गया है। नीति निर्धारण में पहले वाली सरकार में जो शून्यता की स्थिति थी उसको मोदी सरकार ने पूर्ण रूप से बदला है।

एक्वायरमेंट एंड फारेस्ट क्लियरेंस में यह पहले 600 दिन लगते थे, अब महज 180 दिन लगते हैं, हमारी सरकार इस समय को और भी कम करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

पहले कोयले एवं खनिज खदानों की नीलामी के लिए कोई पॉलिसी नहीं थी लेकिन आज एमएमडीआर में संशोधन कर एक पारदर्शी नीलामी (ऑक्शन) की प्रक्रिया इस सरकार के कार्यकाल में डेवलप की गई है और इसका ही परिणाम है कि आज सारी कोयले की खदानें उत्पादन कर रही हैं और परिणामत: भारत में बिजली के क्षेत्र में सरपल्स है। इसी तरह विदेशी निवेश को (एफडीआई पॉलिसी) भी सरकार ने सरल बनाने के लिए कदम उठाए हैं।

इन सारे जन कल्याणकारी एवं देश हित में किये गए फैसलों से आम आदमी के साथ-साथ कई जानकार भी मानने लगे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था के फंडामेंटल्स मजबूत हैं। इसके साथ ही मैं पुन: एक बार इस जन कल्याणकारी बजट का समर्थन करता हूँ और हमारे वित्त मंत्री माननीय जेटली जी को बधाई देते हुए कि उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत किया, अपनी बात समाप्त करता हूँ।

*DR. KULMANI SAMAL (JAGATSINGHPUR) : First of all, I would like to start with the words that this budget has made many provisions for the people at below including the farmers and for the rich who are involved with corporate world. Its understandable in respect of the reason why the Government has shown commitment to increase the income of farmers by 2022 and to substantiate the commitment it has proposed to spend Rs. 11 lakh crore in General Budget, 2018-19 for development of farmers. The Government though in late has realized the pain and anguish of farmers all over the county. That's why the minimum support price (MSP) of all crops has been increased to atleast 1.5 times. But how far it would be implemented the time will tell that. I am putting a question mark on Government's intention because in 2015 they had promised in their manifesto to implement the Swaminathan Committee report which would be beneficial for farmers but did not do that. The Government is talking about MSP hike, but for last three years what they did for which till today 94 per cent farmers of our country are not covered by MSP and more than 80 per cent farmers have small land holdings of only 0.6 acres. Every year the farmers in all parts of our country are committing suicides being suffered with many problems viz. debt, failure of monsoon, natural calamities, interference of middlemen, non-availability of market place and overall negligence of Government to focus upon their problems. So my point is if this is the scenario, how can you expect to improve the condition of farmers and agriculture sector as well? It is good to see increasing allocation of funds for

* Speech was laid on the Table

various schemes meant for welfare of farmers but real intention could be fulfilled by way of implementation of such declared schemes with flow of funds and for which we should not wait till 2022 since the Government under Modi ji has already spent more than 3 years in power and that too with clear majority. My suggestion is if the Government wants with heart to help the farmers which are the backbone of our society, it should create the infrastructure, reduce the role of middlemen and procure the produce directly from them ensuring their economic development.

Secondly, I would like to emphasis upon the unrealistic health scheme of the Government as it has announced in the Budget about the largest Health Protection Scheme covering over 10 crore poor and vulnerable families launched with a family limit upto 5 lakh rupees for secondary and tertiary treatment. If I am right, the premium at Rs. 5,000-15,000 per family will be required to have an expenditure of Rs. 50,000-150,000 crore per year. The scheme announced would mean the Government would be spending at least Rs. 1.2 lakh crore in premiums to private health insurance companies to cover 50 crore People. It sounds music to ears because there is no fund allocation mentioned in the budget to support this huge plan. In this regard, I would like to mention that we have similar schemes that were announced earlier. Initially called the Rashtriya Swasthya Bima Yojana (RSBY), the scheme was later renamed as Rashtriya Swasthya Suraksha Yojana (RSSY). Then last year, the National Healthcare Protection Scheme (NHPS) was launched. So, question arises whether we are failed with previous health schemes or we are trying to

cover our inefficiency of channelizing the health service through previous plans hence the new one has been replaced with old ones.

However, if the new health scheme is taken with seriousness and implemented appropriately then definitely it would be more than to be praised alone and hats off to such plan of Shri Jaitely Jee.

In this General Budget, the Biju Janata Dal and it Supremo Shri Naveen Patanaik, the Chief Minister of Odisha had attracted attention of the Government to allocate Rs. 6,500 crore for development of Railway sector, but only Rs. 5,252 crore has been made in the Railway Budget of 2018-19 for Odisha which is not at all sufficient. So my request to the Government to kindly consider the issue and increase allocation of funds in respect of Railway in Odisha because in Odisha, Railway is a productive and profit making department.

The Government has also proposed to set up 24 new Medical College and Hospitals in various parts of the Country. In this regard, I request the Government to allot for setting up of one medical College and Hospital in South Western part of Odisha especially in the regions of Koraput which could be helpful to provide quality health service to the tribal and Naxal affected districts.

Further, I had sought for establishment of a super speciality hospital in Paradip, since Paradip is a major port city and it facilitates many industrial set ups in the locality. As a major port city it does not have a good quality hospital and in emergency people rush to Cuttack and Bhubaneswar for treatment. In

many occasions, people meeting with accidents in industries loss their lives due to paucity of time and unavailability of quality medical facilities and infrastructure nearby. Hence, it is pertinent to consider for setting up of a Super Speciality Hospital In Paradip at par with the level of its reputation as a major port city.

With these words, on behalf of my party Biju Janata Dal, I support the General Budget 2018-19.

माननीय सभापति: दुष्यंत चौटाला जी, आप बोलिए।

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : सभापति महोदय, आपने मुझे बजट 2018-19 पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। अगर हम बजट की बात करें तो सत्ता पक्ष इसे कृषि बजट के रूप में देश में पेश कर रही है और वित्त मंत्री जी ने भी अपने बजट के अंदर तीस से ज्यादा बार 'किसान' शब्द का इस्तेमाल किया है। पर, भारत सरकार के जो आंकड़े बजट के बाद बाहर आए हैं, किसानों के लिए जो पिछले साल एलोकेशन थी, वह टोटल बजट का 2.38 प्रतिशत एग्रीकल्चर सैक्टर और उससे रिलेटेड था, लेकिन इस बार के बजट में .02 प्रतिशत की कटौती करते हुए टोटल एलोकेशन 2.36 प्रतिशत है। एक किसान का मेरे पास एसएमएस आया और उसने कहा कि यह बजट देखते हुए एक बात सामने आती है कि यह बजट किसान के लिए नहीं है। सरकार ने एक मन बहलाव योजना जरूर लाँच की है, जहां सरकार किसानों के मन को बहलाने का काम कर रही है।

बजट में एमसपी की बात की गई और कहा गया कि प्रत्येक फसल पर 1.5 प्रतिशत किसानों को फायदा दिया जाएगा। सरकार इसको क्लीयर करे कि क्या सी-टू कैटेगरी को इस एमएसपी की रेटिंग में डालने का काम करेगी। अधिकतम किसान आज के दिन अपना जीवन, अपने परिवार की चाहे चिकित्सा हो या शिक्षा हो, उसमें योगदान अपनी खेती-बाड़ी से करने का काम करते हैं।

बजट में 11 लाख करोड़ रुपया किसान क्रेडिट कार्ड के लिए रखा गया, जब कि पिछले वित्त वर्ष में 10 लाख करोड़ रुपया था। मैं बधाई दूंगा कि सरकार ने किसानों के कर्ज को बढ़ाने के लिए एक योजना शुरू की है। क्या आपने तीन लाख रुपया प्रति एकड़ से बढ़ाकर आठ-दस लाख रुपया प्रति एकड़ किया।

आप किसान को चालीस लाख रुपए की जमीन के लिए केवल तीन लाख रुपए दोगे और उसकी जमीन कुर्क करोगे, तो कहीं न कहीं किसान का गला दबाने का काम आपकी सरकार कर रही है। मनरेगा में 55 हजार करोड़ रुपए एलोकेट किए गए हैं। इतनी राशि से सरकार मनरेगा की

उधारी को भी पूरा नहीं कर पाएगी। यदि सरकार को हर मजदूर को पूरा पैसा देने का काम करना था, तो कम से कम 82 हजार करोड़ रुपये सरकार को मनरेगा के लिए रखने का काम करना चाहिए था। टैक्स पेयर्स के लिए रिलीफ की बात सरकार ने कही है कि हमने आम जन तक रिलीफ पहुंचाने का काम किया है और चालीस हजार रुपये का फायदा दिया है। अगर पूरी योजना को केलकुलेट करें तो आपकी सरकार ने तीन परसेंट सेस को बढ़ा कर चार परसेंट कर दिया है और आर्थिक तौर पर पांच लाख वाली केटेगिरी को केवल एक हजार बत्तीस रुपए का फायदा दिया और दस लाख रुपए पर टैक्स भरने वाली केटेगरी को केवल 35 रुपए फायदा देने का काम किया है। अगर यह आम जनता के भले की बात है तो आपकी सरकार क्यों नहीं इन आंकड़ों पर खुलकर चर्चा करने का काम करती है। सरकार इस विषय पर जरूर ध्यान देती है कि गुजरात की कम्पनियों को कैसे फायदा पहुंचाया जाए। आइसक्रीम गरीब का बेटा भी खाता है। आपकी सरकार ने आइसक्रीम को भी लग्जरी आइटम बनाकर उस पर 18 परसेंट टैक्स लगा दिया कि छोटा आइसक्रीम मेकर मर जाए। जो गांव में अपनी छोटी दूध की डेयरी लगाकर आइसक्रीम बनाकर बेचता है, वह 18 परसेंट टैक्स देकर इस मार्केट में टिक न पाए और वादीलाल या क्वालिटी जैसी आइसक्रीम की फैक्ट्रियां जो गुजरात में लगी हैं, वे आने वाले समय में हिंदुस्तान की सारी मार्केट को कैपचर करने का काम कर सकें।

महोदय, जहां तक हेल्थ केयर की बात है, सरकार यह योजना लाई है कि प्रति व्यक्ति तक हम हेल्थ केयर पहुंचाने का काम करेंगे। मैं बधाई देता हूं कि ऐसा इनीशिएटिव लिया गया कि आम जनता को भी हेल्थ सुविधा मिले, मगर क्या आज शहर के हर सिविल अस्पताल में सिटी स्कैन की मशीनें उपलब्ध हैं? क्या आज सभी सरकारी अस्पतालों में एमबीबीएस डाक्टर्स उपलब्ध हैं? आप नए मेडिकल कालेज बनाने की बात करते हैं, लेकिन जो अस्पताल पहले से हैं, उनके अंदर तो पहले प्रोफेसर की संख्या पूरी करने का काम करें। आप स्वयं मेडिकल काउंसिल का बिल लाना चाहते थे, लेकिन कहीं न कहीं वे बड़े लोग जो पैसा खिलाकर आपको रोक लेते हैं, आपने उन्हें भी कमेटी के माध्यम से लम्बित करने का काम किया है। सरकार शिक्षा की बात करती है। सरकार ने

85 हजार करोड़ रुपया शिक्षा के लिए एलोकेट करने का काम किया है। इतनी राशि में क्या हम प्राइमरी स्कूल्स को इनोवेटिव बना सकेंगे। माननीय वित्त मंत्री जी अपनी स्पीच में कह रहे थे कि हमने ब्लैक बोर्ड की योजना को देखते हुए स्मार्ट बोर्ड हर क्लास में लगाए हैं। आपसे पिछली सरकारों ने कम्प्यूटर तक सरकारी स्कूलों में लगवाए थे, लेकिन जब दिन में सरकारी स्कूलों में बिजली नहीं रहती, तो बच्चा कम्प्यूटर की शिक्षा लेने का काम कैसे करेगा, इसे भी देखने की आवश्यकता है। यूजीसी का बजट 200 करोड़ रुपए कम कर दिया है, क्या आप यूजीसी को रेफ्रेन करके रिमॉडल करने का काम करेंगे। आज टॉप 200 यूनीवर्सिटीज में हमारी एक भी यूनीवर्सिटी नहीं आती है। यह गंभीर विषय है और हमें यूजीसी को रिफार्म करने की चर्चा करने का काम करना चाहिए। सेस को एक परसेंट एजुकेशन के लिए बढ़ाने का काम किया है। क्या आप प्राइमरी स्कूल्स में जो गेस्ट टीचर्स हैं, उन्हें भी पक्का करने का काम कर रहे हैं? आने वाले महीनों में कॉमन वेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स भी आ रहे हैं। खेलों के प्रति सरकार बहुत बड़ा क्रेडिट लेने का काम कर रही है। "खेलो इंडिया स्पोर्ट्स" स्कूल योजना दिल्ली में चलाई गई और करोड़ों रुपए खर्च किए गए। खेलों के लिए स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स इम्पोर्ट के लिए जो कस्टम ड्यूटी थी, उसमें दस परसेंट का इजाफा हुआ।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Member, please listen to me. The hon. Minister will reply accordingly. I am requesting you to conclude within five minutes because there is no time. Dr. Mahendra Nath Pandey.

श्री दुष्यंत चौटाला: महोदय, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। स्पोर्ट्स टैलेंट हंट के लिए इस बार एक पैसा नहीं दिया गया है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : I have already taken his name. Why are you still continuing?

***श्री हरिश्चन्द्र चौहान (दिंडोरी) :** माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा 2018-19 के लिए प्रस्तुत बजट देश को कई समस्याओं से निजात दिलाने वाला और किसानों के चहरे पर खुशहाली लाने वाला है । मैं एक किसान परिवार से आता हूँ। खेतो में फसल उगाने से लेकर उसे बाजार तक ले जाने में कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, गर्मी में, सर्दी में फसल का कारोबार करने में कड़ी मेहनत लगती है परन्तु उसके लाभदायक प्रतिफल किसानों को नहीं मिल पा रहे है जिसके कारण मेरे गृह राज्य महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा किसान आत्महत्या कर रहे हैं । यह बजट महिलाओं को राहत प्रदान करने वाला बजट है। इस तरह से यह बजट एक भविष्योन्मुखी बजट है जो अर्थव्यवस्था को पूर्ण रूप से गति प्रदान करेगा । जिसका मकसद गरीबों, किसानों और वंचित समुदाय के सपने को पूरा करने तथा रोजगार को बढ़ाना एवं गांवो का विकास करना है ।

जैसा कि आप सभी जानते है कि आज किसानों को उनकी फसल का लागत मूल्य नहीं मिल पा रहा है बीज, खाद, सिंचाई और खेत मजदूरी के दाम काफी बढ़ गये हैं और फसलों के लागत के हिसाब से कम दाम मिल रहे है । इस सरकार ने किसानों की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया है । सरकार ने किसानों की बढ़ती लागतों से राहत पहुंचाने के लिए फसल लागत से 50 प्रतिशत लाभ अधिक दिये जाने की घोषणा की है। साथ ही, अधिसूचित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को डेढ़ गुना बढ़ाने का ऐलान किया है। देश में 2000 करोड़ की लागत से कृषि हाट खोले जाएंगे सरकार द्वारा अच्छी कृषि नीति अपनाई है जिसके कारण 275 मिलियन टन खाद्यान्न एवं 300 मिलियन सब्जी और फलों का रिकार्ड तोड़ उत्पादन हुआ है। सरकार ने देश में कोल्ड स्टोरेज बढ़ाने और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विस्तार के लिए इस बजट में 400 करोड़ का प्रावधान किया है। मैं नाशिक जिले से आता हूँ जहां पर प्याज का एशिया में सबसे ज्यादा उत्पादन होता है और किसानों के परिवार का लालन-पालन प्याज फसल से चलता है और मेरे संसदीय क्षेत्र में लासलगांव प्याज मंडी एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी है जिसे अभी ई बाजार से जोड़ा नहीं

* Speech was laid on the Table.

गया है। नाशिक जिले में प्याज के उत्पादन को देखते हुए कोल्ड स्टोरेज एवं प्याज पर आधारित उद्योग के साथ प्याज पर आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग खोले जाने चाहिए। जिससे जो प्याज नाशिक में बिना उपयोग के सड़ जाता है उसका सदुपयोग किया जा सके और देश के राजस्व के नुकसान को कम किया जा सके। इसी के साथ मेरे संसदीय क्षेत्र नाशिक में अच्छे किस्म के अंगूर एवं अनार पैदा होते हैं जिसकी विदेशों में काफी मांग है पर निर्यात कार्य अच्छे ढ़ंग से नहीं किये जा रहे हैं। इस जिले में अंगूर एवं अनार आधारित उद्योगो को बढ़ावा देने एवं इनके निर्यात हेतु स्कीम लानी चाहिए। बड़ी खुशी हो रही है कि इस सरकार ने प्याज, टमाटर और आलू के भाव में उतार-चढ़ाव से किसानों को हो रही दिक्कतों को दूर करने के लिए ऑपरेशन ग्रीन्स लांच किया है और इसके लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया है। देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हर साल 8 फीसदी की दर से प्रगति कर रहे है यह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग किसानों के साथ सीधे जुड़े हुए हैं।

देश को जोड़ने एवं परिवहन साधनों को बढ़ावा देने के लिए, पोर्टो का दायरा बढ़ाना, राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण गति को तेज करना, नये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने, नये जलमार्ग विकसित करने एवं उनकी दूरी बढ़ाने जैसे कार्यों से देश की कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिल रहा है। देश के 82 प्रतिशत गांवों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है। देश में हवाई सेवा को बढ़ावा देने और उन्हें सस्ता करने के लिए प्रयास इस सरकार ने किये है। देश के एयरपोर्ट को 5 गुणा करने का प्रस्ताव है एवं छोटे-छोटे शहरों को हवाई सेवा के नेटवर्क में लाया जा रहा है। इस तरह से देश की कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिल रहा है।

देश के कई हिस्सों में हर साल सूखा पड़ता है कभी-कभी जरूरत से ज्यादा बारिश हो जाती है जिसका प्रभाव किसान के विनाश के रूप में होता है। आज भी किसान अपने खेतों को सींचने के लिए आकाश की तरफ देखता है और खेती-बाड़ी के लिए बरसात के पानी पर निर्भर है। देश में सिंचाई के साधनों को बढ़ावा देना होगा। देश की कई सिंचाई कार्यों की समीक्षा और उन विशेष ध्यान देना होगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में कई सिंचाई परियोजनाओं का कार्य कागजों पर ही हो

रहा है। दमनगंगा पिंजाल लिंक का डीपीआर प्रस्तुत कर दिया है और आगे की कार्यवाही अभी ठप्प पड़ी है। और भी, मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी की कई सिंचाई योजना ठंडे बस्ते पड़ी हुई है। कहने का मतलब है कि सिंचाई योजना पर उस तरह से कार्य नहीं हो रहा है जिस तरह से होना चाहिए। ये सिंचाई योजना अगर पूरी हो जाये तो किसानों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी और मेरे संसदीय क्षेत्र दिंडोरी की सबसे बड़ी सिंचाई योजना नार-पार अभी भी ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है।

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : धन्यवाद सभापति जी, मैं इस स्थान से बोलना चाहूंगा। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Pandey-ji, please start your speech. There is no time..

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I have requested you to please conclude. There is no time available now. I have already taken the name of Dr. Pandey. Dr. Pandey, please continue.

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय: धन्यवाद सभापति महोदय, आपने मुझे माननीय मोदी जी की सरकार के लोकप्रिय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी के विकासोन्मुखी बजट पर बोलने की अनुमति दी, इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। संविधान में लिखा है कि सरकार की अवधारणा क्या है? लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना, पूरी तरह से लोक कल्याणकारी राज्य के लिए समर्पित इस बजट के समर्थन में मैं खड़ा हुआ हूं और इस बजट का भरपूर समर्थन करता हूं। जिसकी हर योजना लोक कल्याण के लिए समर्पित है।

सभापति महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। कई दिनों की चर्चा देखकर मुझे एक बात का संतोष हो गया है कि कांग्रेस के युवराज को एक बात का तो एहसास हो गया है। आज से कुछ वर्षों पहले मैंने अमेठी की एक विज्ञप्ति अखबारों में देखी थी कि दुकान पर युवराज जी ने पूछा कि यह क्या है ? उन्हें आलू से बनने वाला समोसा समझ में नहीं आ रहा था। लेकिन समोसा और पकौड़ा का फर्क कांग्रेस को समझ में आ गया। इस बात के लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहूंगा। हम लोग विचार और राष्ट्र के लिए समर्पित हैं। विचार और राष्ट्र के लिए समर्पित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जो थीम है, दरिद्र नारायण की सेवा ही, नारायण की सेवा है, अर्थात् ईश्वर की सेवा है। उस पर चलने वाले हम सभी लोग आज देश के इन 70 वर्षों की बदहाली के बीच, जिसमें 6 वर्ष का अटल जी के समय का स्वर्णिम कार्यकाल रहा है, उसके पीछे आगे की कठिनाईयों को

देखते हुए मोदी जी ने लोकतंत्र के मंदिर के रूप में माथा टेक कर गरीबों के लिए समर्पित सरकार की शुरूआत की थी। उस सरकार में उन्होंने, हम ही नहीं अनेक सांसद चाहे इस पक्ष के हों या उस पक्ष के हों, जब उन्होंने प्रधान मंत्री जनधन योजना की शुरूआत की तो लगा कि खाते खुलवाने से क्या क्रांति आ जाएगी, लेकिन जब एक-दो करोड़, उससे भी अधिक लगभग ढाई-तीन करोड़ से अधिक खाते खुले, तब समझ में आया कि माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी किस दिशा में देश को ले जाना चाहते हैं। उसके बाद उज्ज्वला योजना, मुद्रा, स्टार्टअप व किसानों के सॉयल हैल्थ कार्ड से शुरू हुआ, फसल बीमा योजना से आगे बढ़ा और किसान हितकारी बहुत सी सरकारें अपने घोषणा-पत्र में कहती थीं कि लागत से डेढ़ गुना मूल्य किसान को मिलना चाहिए, लेकिन साहस कोई नहीं कर पाता था। इस बार के बजट में यह साहस किया गया कि हम लागत से डेढ़ गुना मूल्य किसानों को देंगे, पहली बार इस सरकार ने इतना बड़ा साहस किया। स्वामीनाथन कमेटी के हमारे साथी माननीय मनोज जी बताएं। उन्होंने बताया कि स्वामीनाथम कमेटी की रिपोर्ट यही थी, जिसका हर पार्टी उल्लेख करती थी, लेकिन कलेजा किसी ने नहीं दिखाया। यह होता है 56 इंच का कलेजा कि सरकार में जिम्मेदारी के पद पर रहते हुए उन्होंने यह करके दिखाया है। आज इस देश के लोकतंत्र में, हमारे यहां ईसा पूर्व से लोकतंत्र चल रहा है। उस लोकतंत्र में हमेशा हर गरीब के साथ सरकार की छाया रहनी चाहिए व शासन की छाया रहनी चाहिए। अगर आज प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा योजना, हिन्दुस्तान ही नहीं, बल्कि हिन्दुस्तान की सीमाओं के बाहर दुनिया में इतनी बड़ी स्वास्थ्य लाभ योजना का साहस यदि किसी ने दिखाया तो वह हमारे माननीय नरेन्द्र मोदी जी व माननीय अरुण जेटली जी ने दिखाया है।

आज सरकार के इस बजट के समर्थन में सरकार की एक से एक लोकप्रिय योजनाएं हैं, जिन पर हमारी सरकार काम कर रही है। दिक्कत क्या है। हम कांग्रेस का दर्द समझ सकते हैं। इतिहास गवाह है, सदन गवाह है कि आजाद हिन्दुस्तान में किसानों के सबसे बड़े रहनुमा बनकर जो नेता उभरे, सरदार पटेल के बाद उसमें चौधरी चरण सिंह जी का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिया जाएगा। लेकिन चौधरी चरण सिंह जी को आगे बढ़ाकर कांग्रेस ने 21 दिन के अंदर उनकी सरकार

का पाँव खींच लिया था। उसके बाद इस देश के अच्छे स्वाभिमानी नेता चंद्र शेखर जी को आगे बढ़ाकर कांग्रेस ने दो सिपाहियों की हाजिरी के नाम पर उनका पाँव भी खींच लिया था।

जो दर्द आज ये बयां कर रहे हैं, आज इन्हें दर्द यह है कि एक ऐसा नेता यहाँ पाँव जमाकर बैठा है, जो ऊपर चढ़ाकर खींचने का नहीं, कांग्रेस को अगर उसने नीचे पहुँचा दिया है तो कांग्रेस नीचे ही रहेगी, आगे बढ़ने का नाम नहीं लेगी।...(व्यवधान) इस नाते आज उन्हें वह दर्द है और इस दर्द के कारण वह बैचेनी है।...(व्यवधान)

महोदय, मैं आपकी अनुमति से आगे यह कहना चाहूँगा कि आज हमारी मोदी जी की सरकार, हमारे जेटली साहब का जो बजट है, यह बजट गरीबों को बीस सूत्रीय के टुकड़े फेंकने वाला बजट नहीं है।...(व्यवधान) कांग्रेस बीस सूत्रीय के टुकड़े फेंकती थी।...(व्यवधान) उस टुकड़े पर वह यह भूल जाती थी कि बीस सूत्रीय क्या है।...(व्यवधान) आज गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने वाला यह बजट है।...(व्यवधान) इस बजट से लोक कल्याण के हर काम, युवा का, मध्यम वर्ग का, व्यवसायी का, बड़े का, बुजुर्ग का, किसान का, नौजवान का, प्रकारान्तर से सभी तक अपनी योजनाओं का लाभ पहुँचाकर हर एक के लिए हितकारी यह बजट है।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहूँगा कि मोदी जी की जो मंजिल है, हमारी पार्टी और इस देश की जो मंजिल है, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।...(व्यवधान) हम लोगों ने देश को इस पथ पर आगे बढ़ाया है।...(व्यवधान) आज देश का जन मानस, देश का बच्चा-बच्चा इस बात का अहसास कर रहा है कि आज मोदी जी की सरकार को चलते हुए लगभग चार साल हो गए हैं, अगर वे देश में इतने बड़े गुणात्मक परिवर्तन कर सकते हैं तो हिन्दुस्तान मोदी जी के हाथों में आगामी दस साल सौंपने के लिए तैयार बैठा है, ताकि वे हिन्दुस्तान को आगे ले जायें।...(व्यवधान)

महोदय, अंत में आपको धन्यवाद देते हुए मैं कहना चाहूँगा कि यह सरकार जन-धन से शुरू हुई है, जन-धन का संवर्धन करेगी और जन-जन का कल्याण करेगी और इसके लिए समर्पित बजट का मैं हृदय से समर्थन करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

*श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर): बजट 2018 - माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी ने यह बजट बहुत ही संतुलित बनाया है। समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। देश का युवा वर्ग हो, महिलायें, उद्योग जगत या नौकरी पेशा लोग सबकी नजर इस बजट पर थी। किसी भी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट, केवल आंकड़ो का दस्तावेज नहीं होता है बल्कि सरकार द्वारा पूरे वर्ष के लिए विकास परियोजनाओं का लेखा-जोखा होता है। बजट में सरकार की विकास की दिशा का उल्लेख होता है।

आजादी के बाद यह एक ऐसा बजट है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र, कृषक वर्ग के बारे में सोचा गया है। विभिन्न प्रावधानों के माध्यम से देश की असली ताकत जो किसान है उनके मजबूत करने के लिए सरकार ने विशेष कदम उठाये हैं। किसान भाईयों के लिए सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा, कर्ज के लिए 11 लाख करोड़ रुपये का फण्ड होगा तथा मछुआरों और पशुपालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड मुहैया करने का निर्णय करके, टमाटर, आलू और प्याज जो वर्ष भर उपलब्ध होने वाली फसल है, उसके लिए भी 500 करोड़ रुपये का प्रावधान कर, हमारी सरकार ने निश्चित रूप से ग्रामीण लोगों के कार्यकलापों में सकारात्मक सोच पैदा की है। अगर कृषि का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो इसका लाभ अर्थव्यवस्था के दूसरे क्षेत्रों में भी मिलता है, निर्माण क्षेत्र में भी फायदा होता है तथा औद्योगिक गतिविधियों में भी तेजी आती है।

इस बजट ने 40 फीसदी जनता का इलाज खर्च उठाने का जो साहसिक कदम लिया, उसने एक नए रूप से लोगों को ऊर्जावान बनाया है, अपने आप में इस बजट का यह क्रंतिकारी कदम है जो पहली बार इतनी बड़ी योजना की घोषणा हुई है। टीबी के मरीजों के लिए बड़ी राहत पहुंचाई है। टीबी मरीजों को पोषण उपलब्ध कराने के लिए 600 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की है।

प्री नर्सरी से 12वीं की शिक्षा पर विशेष जोर होगा, कक्षाओं में ब्लैक बोर्ड के बजाय स्मार्ट बोर्ड होंगे तथा 24 नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे , बड़ोदरा में रेलवे यूनिवर्सिटी बनाई जाएगी

* Speech was laid on the Table.

और आदिवासियों के लिए एकलव्य विद्यालय खोलने का प्रावधान कर रहे हैं जो बहुत ही आवश्यक व महत्वपूर्ण कदम हमारी सरकार ने लिए हैं।

उज्ज्वला योजना का विस्तार कर - एलपीजी का कनेक्शन की संख्या 8 करोड़ तक पहुंचाने का कार्य तेजी पर है, **प्रधानमंत्री आवास योजना** के तहत सरकार 2022 तक हर गरीब को घर मुहैया कराना चाहती है। ग्रामीण क्षेत्र में इस वित्त वर्ष में 51 लाख घर बनाए जा रहे हैं और अगले साल के लिए भी इतने ही घरों का प्रस्ताव है। पूरे देश में 2 करोड़ शौचालय बनाए जाएंगे। सौभाग्य योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में बिजली कनेक्शन 4 करोड़ परिवारों तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

जब 2014 में एनडीए की सरकार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी के नेतृत्व में बनी तब रोजगार उत्पन्न करने की बहुत बड़ी समस्या थी, सरकार ने इस दिशा में बड़े-बड़े कदम उठाये हैं लघु और मध्य उद्योग के लिए पिछली बार की तुलना में 20 फीसदी अधिक राशि मुद्रा योजना के लिए आवंटित की जाएगी, इस योजना से 5.50 करोड़ लोगों के लिए नौकरियां सृजित हुई हैं। विभिन्न क्षेत्रों में सरकार ने 70 लाख नई नौकरियां लाने का भी विचार किया है।

आयुष्मान भारत योजना इस देश की आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में परिवर्तन लाने वाली साबित होगी। कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती से छोटी कंपनियों को राहत मिली है। देश की सुरक्षा पर पिछले साल की तुलना में 7.81 फीसदी अधिक खर्च करेंगे तथा अल्पसंख्यक मामलों में भी 505 करोड़ की बढ़ोत्तरी करने का नियोजन किया है।

एयरपोर्ट को भी वर्तमान संख्या से 5 गुणा करने का कार्यक्रम है। अतः हमारा यह आम बजट राष्ट्र निर्माण वाला बजट है।

लोक सभा चुनाव के दौरान एनडीए ने देश की जनता को आश्वासन दिए थे, उसे पूरा करने के लिए इस बजट में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। इस बजट के द्वारा निश्चित ही देश का ग्रोथ रेट बढ़ेगा व अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में देश की साख में भी तेजी से सुधार आएगा ऐसा मेरा पूरा विश्वास है।

*SHRI P. NAGARAJAN (COIMBATORE): I express my hearty gratitude and indebtedness to our beloved immortal Leader Puratchi Thalaivi AMMA, before I place my views on the Discussion on the General Budget 2017-18.

A strong and forward-looking India that places within the reach of its people the opportunities and development promised by our Constitution. This philosophy is enshrined in Sabka Sath Sabka Vikas. The total expenditure for 2018-19 estimated to be over Rs. 24.42 lakh crore. The total income expected is pegged at about Rs. 24 Lakh Crores. The total debts and other liabilities of the Government expected is about 90 Lakh Crores by the end of this financial year.

In Tamil Nadu our Puratchi Thalaivi AMMA had adopted the vow Makikalal Naan, Makkalukkaka Naan which means " I am by the People, I am for the People". AMMA is very keen that the empowering rays of opportunity should reach the every person. Poverty Eradication, Farmers' Prosperity and Massive Employment Generation has given utmost priority. Tamil Nadu has been implementing various schemes for the betterment of poor and deprived people. There is a saying in Hindi: " Roti Kapda aur Makan" "Food, Clothes and House to live" are mandatory for all.

One of the first decisions of Puratchi Thalaivi AMMA on assumption of office on May, 2011 was to announce and implement the free supply of 20 Kilogrammes of rice per month through the Public Distribution System to about 1.83 crore families in the State. I urge upon the Government to provide the

* Speech was laid on the Table

same level of supply food grains like Rice and Wheat, Sugar and Kerosene to Tamil Nadu without reducing the Quantity and Subsidy.

Tamil Nadu has been implementing the provision of 20 Kg Free rice and distribution of dhoti-saree for all poor people in Tamil Nadu under Public Distribution System. I would like the Government to implement this as a new project to provide job opportunities for millions of textile workers in the country to earn their livelihood.

The AMMA Canteen Scheme, a brain child of the Puratchi Thalaivi AMMA, is now renowned across the world and studied by governments and experts from different parts of India and the world. The availability of food at such lowest prices really penetrated deep into the hearts of the poor, deprived and under-privileged people of Tamil Nadu. This is a model scheme which provides food for all need to be implemented throughout the country.

I would like to lay emphasis on the pending demands of the People of my Coimbatore Parliamentary Constituency. Large number of Industries in all the sectors. Textiles, Automobiles, Electronics and Electricals, IT an ITES are in Coimbatore which needs greater attention. I urge the Union Government to provide a Comprehensive special Package for development of Textile Park and Small scale Industries in Coimbatore. This will provide revenue and job opportunities and rejuvenate the sick textile mills as well as large numbers of SSI units in this Kongu Region.

There is a long pending demand for the expansion of the Coimbatore air port where the footfalls from both domestic and international travelers are high

and increasing. I urge the Government to take steps like allocation of funds and administrative clearance for the expansion works soon. The NH connectivity Coimbatore and Mettupalayam and Coonoor requires generous funding for expansion works. This is very important road connectivity and therefore need to be provided with adequate funds and expedited. The coimbatore to Sathaymanglam National Highway needs to widen. This also requires additional funds from the Union Government. There is an urgent need to construct and establish a Metro Train System in Coimbatore city for the benefit of millions of people working in small scale sector and Industries in and around Coimbatore. There is a requirement for expedition of the National Highway work between Sulsur to Chinthamanipudure. I urge the Union Government to allocate more funds for this project.

Thank You.

श्री विजय कुमार हांसदाक (राजमहल) : महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर दिया ।...(व्यवधान) तेलंगाना और आंध्र हम आपके साथ हैं, कृपया थोड़ा सा हमें भी बोलने का मौका दिया जाये ।...(व्यवधान)

वित्त बजट भ्रामक है, क्योंकि जिस तरह से नोटबंदी और जीएसटी लाया गया है, उसके बाद कई बार इसमें बदलाव लाया गया ।...(व्यवधान) मुझे लगता है कि इस बजट को जिस तरह से लाया गया है, इसके बाद भी पूरे वर्ष में इसमें कई बार बदलाव लाया जायेगा ।...(व्यवधान) आज लोग असमंजस में हैं, क्योंकि गरीब किसान, मजदूर, बेरोजगार, कारोबारी, नौकरीपेशा, शादीशुदा महिला, मध्यम वर्ग को इस बजट से क्या समझना चाहिए, वह बिल्कुल भी स्पष्ट नहीं है ।...(व्यवधान) मेडिकल इंश्योरेंस में पाँच लाख रुपये का कवर पाँच करोड़ लोगों को दिया गया है, लेकिन कोई इसमें मापदण्ड, कोई रूपरेखा बिल्कुल तय नहीं की गई है कि इस स्कीम का कान्ट्रिब्यूशन बेनीफिशरीज और कम्पनी किस तरह से बाँटेंगे ।...(व्यवधान) जीएसटी शुरू से ही जिस तरह से अनस्टेबल रहा है और बार-बार इसमें जो बदलाव लाये गये हैं, उसकी वजह से जो करदाता हैं और उसके साथ-साथ जो देश की वित्तीय परिस्थिति गड़बड़ायी है और हर एक स्टेट को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कहीं न कहीं केन्द्र सरकार को करनी चाहिए ।...(व्यवधान) साथ ही साथ सेन्ट्रल का कलेक्शन भी कम हुआ है ।...(व्यवधान) अगर सीधे तौर पर कहा जाये तो सरकार की अस्पष्ट नीति समझ में नहीं आती है, क्योंकि यहाँ पर सेस बढ़ाने का इन्होंने कोई एक्स्प्लेनेशन बिल्कुल नहीं दिया है ।...(व्यवधान) एक्स्पोर्ट, प्राइवेट सेक्टर, इन्वेस्टमेंट और एग्रीकल्चर, जिस तरह से पिछले साल में दंश झेला है और उसके साथ ही साथ देश का एम्प्लॉयमेंट जिस तरह से घटा है, इस सरकार को यह सोचना चाहिए कि जो नीतिगत फैसले लिये जाते हैं, उनमें पहले सोच-विचार करने की जरूरत है ।...(व्यवधान) नेशनल क्लीन एनर्जी फंड का जिस वजह से गठन हुआ है या जिस वजह से इसका कलेक्शन किया जाता है, उसके आधार पर इसका व्यय नहीं किया जा रहा है ।...(व्यवधान) साथ ही साथ अगर क्लीन

एनर्जी की बात के अन्तर्गत सोलर एनर्जी की बात कहें तो 100 गीगावॉट टारगेट लिया गया था, लेकिन 13 गीगावॉट का टारगेट ही अभी तक पूरा किया गया है।...(व्यवधान)

सरकार यह कह रही है कि हमारे पास सरप्लस इनर्जी है और हम लोग सरप्लस इनर्जी बना रहे हैं, लेकिन चार करोड़ हाउसहोल्ड्स ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक बिजली प्राप्त नहीं हुई है। सरकार कब तक उन्हें यह उपलब्ध करा पाएगी, जरा यह भी बताएं।

जिस तरह से इस बजट में किसानों के लागत मूल्य का डेढ़ गुणा मूल्य दिया जाएगा, लेकिन इसमें इसका कहीं कोई एक्सप्लेनेशन नहीं दिया गया है। वर्ष 2022 तक किस तरह किसानों की आय को दुगुना किया जाएगा, उसे वर्ष दर वर्ष ब्रेकडाउन करके यहां पर एक्सप्लेन करने की जरूरत है।

महोदय, विडम्बना यह है कि सरकार द्वारा रोजगार के नाम पर पूरे देश के युवा वर्गों को जो धोखा दिया है, उसके बारे में जवाब देने की जरूरत है। साथ ही साथ, इस इंसल्ट के ऊपर चोट यह हो रही है कि सरकार के सबसे ऊंचे पायदान पर बैठे लोगों की तरफ से इतने लचर बयान आते हैं कि हमारे देश में जितने बेरोजगार लोग हैं, उन्हें इससे दुख होता है।

अगर हम मिडल क्लास फैमिली की बात करें तो इस बजट में मिडिल क्लास फैमिली को बिल्कुल दरकिनार किया गया है, क्योंकि हर चीज का दाम बढ़ता गया है। शिक्षा का कहें, स्वास्थ्य का कहें, पेट्रोल, डीजल, गैस के बारे में कहें, हर चीज का दाम बढ़ता गया है और आज मिडल क्लास फैमिली के लिए अपना जीवन-यापन करना मुश्किल हो गया है। अगर यह सरकार कह रही है कि हम सुविधा बढ़ा रहे हैं तो उस सुविधा की जगह पर दाम को घटाने की बात होनी चाहिए, उन्हें बढ़ाने की बात नहीं होनी चाहिए। उनके ऊपर जो कर का बोझ पड़ रहा है, उसे बढ़ाने की बात नहीं होनी चाहिए। बैंकों में जो पैसे रखे जा रहे हैं, चाहे कोई पैसे रखे या निकाले, दोनों तरफ से उसका दोहन नहीं किया जाना चाहिए।

मेरे संसदीय क्षेत्र राजमहल में दो बड़े जिले हैं - पाकुड़ और साहेबगंज। पूरे देश के पायदान पर हमारे ये दो जिले कहीं न कहीं सबसे नीचे पायदान पर हैं। मैं मांग करना चाहूंगा कि साहेबगंज और पाकुड़ में एक और केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण किया जाए, ताकि वहां की शिक्षा दर को बढ़ाया जा सके।

महोदय, मैं एक मिनट का समय और लूंगा। हमारे झारखण्ड में साहेबगंज से लेकर मनिहारी तक गंगा ब्रिज का सपना, जो हमारे साहेबगंज जिले के लोगों का था, उसके लिए जमीन भी ले ली गई और प्रधान मंत्री जी ने खुद आकर उसका शिलान्यास भी किया, लेकिन अभी तक उसके एक साल पूरे हो चुके हैं और वह सिर्फ एक इलेक्शन एजेंडा बनकर रह गया है। वहां पर उसके लिए एक ईंट भी नहीं रखी गई है। मैं चाहूंगा कि वहां पर उसका कार्य शुरू हो।

SHRI C.N. JAYADEVAN (THRISSUR): Thank you for giving me an opportunity to participate in this discussion. The Union Budget 2018-19 presented by the Finance Minister Shri Arun Jaitley on the 1st February is considered to be the last full Budget of the NDA Government, rather the last Budget as indications are there that the general elections would be advanced to the end of this year itself.

The current Budget has chosen to tilt heavily in favour of the Modi Government's priorities mainly with an eye on the next general elections. This Budget was presented at a time when the economic situation in the country is very bad. The economic growth has been very low, the agriculture sector is in deep crisis, and the unemployment problem is hurting the feelings of the youth as never before.

The Economic Survey presented on the opening day of the Budget Session has indirectly admitted that if the Government fails to take drastic corrective measures at least in the fields of agriculture, education, and employment, the crisis will further deepen.

The Union Budget presented by the Finance Minister does not have anything to solve any of the present-day problems of the desperate people in all these sectors.

The main problem that our economy has been facing is the declining gross capital formation both by private corporate investment and public investment. The increase in spending on capital account proposed in this

Budget is less than what was budgeted for 2017-18. The Budget proposes a 13 per cent increase in Central Government expenditure. But during the last three years of Modi Government, the average Government expenditure growth was only seven per cent against an average growth of 13.5 per cent during 2004-05 through 2013-14. How this Government propose to increase the expenditure this year? Capital investment is an important factor in generating employment opportunities and public demand. … (*Interruptions*)

When we go through the plan outlays for different sectors such as rural development, health, education and social welfare, we find a lack of increase as compared to previous years, in contrast to the high emphasis given in the Budget speech. … (*Interruptions*)

The total Budget of the Health Ministry stands at Rs.56,226 crore, an increase of 12 per cent over the previous year. The National Health Policy 2017 indicated that health expenditure would increase to 2.5 per cent of GDP but the goal is still far as it is 1.2 per cent of the GDP at present. … (*Interruptions*)

I do not know what is the use of speaking at this time. … (*Interruptions*) I would like to say one thing to my friends from Andhra Pradesh. My Party's Andhra State Committee supports your struggle but at least you should listen to what I was saying. I am sorry, I do not want to speak much. … (*Interruptions*)

श्रीमती कविता कलवकुंतला (निजामाबाद): थैंक्यू सर, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए मौका दिया।...(व्यवधान)

पहले तो मुझे यह कहना है कि ए.पी. रि-ऑर्गनाईजेशन एक्ट को लेकर इस सरकार के जो वादे थे, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना दोनों के जितने भी डिमांड्स के संबंध में फ्लोर ऑफ हाऊस पर प्रॉमिस किया गया था।...(व्यवधान)

SHRI C.N. JAYADEVAN : Did you hear anything of what I was saying? ... * My Party's Andhra State Committee supports you. ... (*Interruptions*) You are shouting here. ... (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : That will not go on record.

SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA : We demand that whatever has been promised to us, on the floor of this House, in the AP Reorganisation Act has to be honoured. ... (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: It will not go on record. Madam, you may continue.

SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA : Governance is a continuous process whether it is the Congress Government or the BJP Government. We sincerely urge that you may fulfil the promises made to both Andhra Pradesh and Telangana States. Since past two to three days all our Andhra Pradesh brothers, both YRSCP and TDP, have been agitating. We support their agitation. But being in alliance if they are agitating, it is clearly sending a very

* Not recorded.

wrong message to this nation. So, kindly address this issue as soon as possible.

I would also like to bring it to the notice of Shri Arun Jaitley that this effectively is the last Budget of this Government. The entire nation was looking up to this Budget.

सर, खासकर हमारे किसान बहुत ही आशा से राह देख रहे थे कि उनको इस बजट से कुछ राहत मिल पाएगा। लेकिन मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इस बजट को देखने के बाद हमारे किसान काफी नाउम्मीद हो चुके हैं। इस बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। यह सरकार अपने पहले बजट से ही कहती आ रही है कि हम किसान की आमदनी को पाँच साल में दोगुनी कर देंगे।

सर, मैं आपको एक सिनसियर अपील करना चाहता हूँ, कोई भी सरकार जब एक स्टैंड लेती है तो उसके लिए स्ट्रैटेजी बनायी जाती है, उसके लिए सपोर्टिंग बजट एलोकेट किया जाता है, उसके लिए सपोर्टिंग नीतियाँ बनायी जाती हैं। किसान की आमदनी दो गुनी करने के लिए आपने पहले बजट से राय रखी है, पहले बजट से आपने कहा है, लेकिन उसके लिए सपोर्टिंग बजट हमने नहीं देखा, नीतियां नहीं देखीं। इस गवर्नमेंट की एक बात के लिए सराहना करना चाहते हैं। एक सैक्टर में आपने बहुत अच्छा काम किया है। व्यापार को आसान बनाने का काम आपने बहुत अच्छा किया है, बहुत शिद्दत के साथ बहुत सिंसेयरिटी के साथ किया है। इसीलिए आज इंटरनेशनल एरिना में India has gone 41 ranks up. मैं आपको याद दिलाना चाहती हूं कि व्यापार को आसान बनाने के लिए आपने जो एप्रोच लिया, उसमें आपने एक स्ट्रेटजी बनाई। फिर आपने इंकम टैक्स का रिलैक्सेशन किया, फिर आप जीएसटी लेकर आए, फिर आपने स्टेट के साथ मिलकर काम किया, फिर आपने जीएसटी की एक काउंसिल बनाई, तब जाकर यह रिजल्ट आया है कि 41 रैंक्स इंडिया ऊपर गया है।

मैं आपसे रिक्वैस्ट करके पूछना चाहती हूं कि कृषि के मामले में आपकी एप्रोच ऐसी क्यों नहीं है? इसी सदन में व्यापार को आसान बनाने के लिए हम सबने मिलकर पिछले चार सालों में 31 बिल्स पास किए हैं। लेकिन कृषि से संबंधित जो बिल्स हैं, हमने सिर्फ दो बिल्स इस सदन में चार सालों में पास किए हैं। मैं आपको याद दिलाना चाहती हूं कि पेस्टीसाइड्स का बिल जो 1968 में बना, अभी तक पेंडिंग है। उसको इस सरकार ने टच नहीं किया। 2004 में वह बिल आया था, वह लैप्स भी हो गया। उसको आप पास करिए। नाबार्ड का बिल पेंडिंग है, सीड का बिल पेंडिंग है, कोल्ड स्टोरेज ऑर्डर का बिल पेंडिंग है। ये सारी नीतियां जब तक नहीं बनेंगी, तो किसान की आमदनी दो गुनी कैसे होगी, यह मेरी समझ से बाहर है।

इस सरकार का हम भी साथ देते हैं। जो भी सीरियस इश्यूज हैं, जीएसटी हो, डीमानेटाइजेशन हो, इन सब में हमने आपका साथ दिया है। इंडस्ट्री में स्टार्ट-अप से लेकर कॉरपोरेट तक अगर सरकार उनके साथ रह सकती है, तो बुआई से लेकर अनाज को मार्केट में बेचने तक किसान का साथ हम क्यों नहीं दे सकते हैं? मुझे बस यही समझना है। मुझे ज्यादा कुछ नहीं कहना है।

मैं आपसे बहुत सिंसेयरिली रिक्वेस्ट करना चाहती हूं। अपने 2016-17 के बजट में कहा था कि फर्टिलाइजर की 70 हजार करोड़ रुपये सब्सिडी जाती है। This is the second largest subsidy that any Government gives after the food security subsidy. लेकिन उसी समय आपने बजट में यह कहा था, Instead of giving this subsidy to the companies, we will directly give it to the farmers. उसका क्या हुआ, आप जरूर इस देश के किसान को बताइए। यह बात मुझे समझ में नहीं आती है। कांग्रेस ने गलती की। बहुत दिनों से इंटरनल कंट्री का जो फर्टिलाइजर प्रोडक्शन होना चाहिए, इसमें इन्होंने कभी बढ़ोत्तरी नहीं की। जब बीजेपी की सरकार आई, तो आपने फर्टिलाइजर कंपनी अपने देश में क्यों नहीं खोली? यह बात मेरी समझ में नहीं आई। किसान का यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। मुझे दो मिनट और दीजिए।

सिर्फ तीन ही कंपनीज विदेशों से इस देश में फर्टिलाइजर इंपोर्ट करती हैं। Why is it so? Nobody understands that. सिर्फ तीन कंपनियों को यह मौका मिलता है, इसीलिए हमेशा 60 से 70 दिन फर्टिलाइजर इंपोर्ट करने में हमें देर होती है। उसकी वजह से किसान हर गांव में इस देश में सफर करता है। हमें इंटरनल फर्टीलाइजर का प्रोडक्शन बढ़ाना चाहिए। हम फर्टिलाइजर कंपनीज को जो सब्सिडी देते हैं, उसे किसान की तरफ जरूर डायवर्ट करना चाहिए।

मैं एक बात और आपके ध्यान में लाना चाहती हूं। जितनी इस देश में खेती योग्य लैंड है, उसमें सिर्फ 51 पर्सेंट में इरीगेशन फैसिलिटीज हैं। लेकिन फिर भी आज तक इस सरकार ने पिछले पांच सालों में, इस साल के बजट को लेकर देखेंगे, तो सिर्फ 35 थाउजेंड आपने सिंचाई के पानी के लिए दिये हैं। अगर किसान की आमदनी को दो गुना करना है, तो सिंचाई का प्रावधान करना पड़ेगा। कालेश्वरम नाम से एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट हम बना रहे हैं। नेशनल प्रोजेक्ट के लिए भी हमने काफी बार आपसे रिक्वेस्ट की है। अगर सेंट्रल गवर्नमेंट डायरेक्टली प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट नहीं कर सकती है, तो स्टेट गवर्नमेंट का साथ आपको जरूर देना पड़ेगा।

एक बात मुझे आपको याद दिलानी है। हमारे प्रधानमंत्री जी हमेशा बोलते हैं कि एक बूंद पानी से ज्यादा कल्टीवेशन करना है यानी माइक्रो इरीगेशन को सपोर्ट करना है। केन्द्र सरकार सिर्फ 35 पर्सेंट माइक्रो इरीगेशन पर सब्सिडी देती है। हमारे जितने भी सांसद बैठे हैं, आप सभी जानते हैं कि 35 पर्सेंट की सब्सिडी एक-डेढ़ साल लेट किसान को पहुंचती है, जिसकी वजह से उसको कोई लाभ नहीं होता है। हमारे जैसे राज्य हैं, जो हैंड्रेड पर्सेंट एससी, एसटी को माइक्रो इरीगेशन में सब्सिडी देते हैं।

हम तेलंगाना की सरकार से, टीआरएस पार्टी से एक डिमांड रखते हैं कि इंश्योरेंस में बराबर फार्मर ऐज ए यूनिट आपको काम करना चाहिए। उसकी तरफ आपकी सोच है। किसान की अगर इनवेस्टमेंट को कम करना है तो आप फार्मिंग के साथ नरेगा को जरूर इनक्लूड करिए। लास्ट

इम्पोर्टेंट इश्यू है, आपने एमएसपी 50 परसेंट ज्यादा देने की बात की है, आपको मालूम है कि हम एमएसपी 26 क्रॉप्स को देते हैं |

HON. CHAIRPERSON : Please conclude now.

SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA : You have to shake up the system to make sure that the farmers double their income. लेकिन 26 क्रॉप्स में सिर्फ दो ही क्रॉप हम सेन्ट्रल गवनर्मेंट से प्रोक्योर करते हैं। गेहूं 30 परसेंट और राइस 30 परसेंट प्रोक्योर करते हैं, इसका मतलब है कि सेंट्रल गवर्नमेंट के ऊपर कोई फाइनेन्शियल बर्डन नहीं पड़ेगा। So, my sincere request to the Government is that please give MSP to all the crops. It will be a revolutionary move and it will help you in the elections also.

*श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर): मैं हमारे वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी के द्वारा पेश किए गए बजट 2018-19 का पूर्ण समर्थन करता हूँ।

हमारे वित्त मंत्री के द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट हर बार की तरह समावेशी, संतुलित एवं प्रगतिशील है और सरकार ने इस बार भी अपनी पुरानी नीति को अपनाते हुए सामान्य बजट और रेल बजट को एक साथ फरवरी में पेश किया है। ये अत्यंत सराहनीय है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने अपने गरीब समर्थक, विकासमुखी, मध्यम वर्ग समर्थक, किसान समर्थक, उद्योग समर्थक, दलित समर्थक, महिला समर्थक एवं युवा समर्थकों को ऐसी सौगाते दी जो सर्वकल्याणकारी है। सबका साथ और सबका विकास, विश्व कुटुम्बकम् आदि को मानते हुए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी एक सशक्त, सबल और विश्वस्तरीय भारत का निर्माण कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था का सत्त विकास दर को बनाये रखना और सुखद भारत और भारतवंशीयों को इसका लाभ देना अत्यंत चुनौतीपूर्ण व कठिन कार्य है। किन्तु सरकार की ईमानदारी, लगन, विचारधारा व संकल्पबद्धता के साथ देश अपने समस्त वर्गों और राज्य सरकारों को एक साथ लिए आगे बढ़ा रहा है जिसकी झलक हमें भारत की विश्व में उभरती छवि से जग जाहिर होती है।

इस वर्ष 2018-19 के बजट में सरकार ने कुल व्यय को 24.4 लाख करोड़ रुपये में अनुमानित किया है और इससे हमारी अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ने और विकास की रफ्तार को गति मिलने की आशा है। समेकित आउटकम बजट और घोषणाओं की कार्यान्वयन स्थिति से हमें यह भी पता चल रहा है कि हमारे सभी मंत्रालयों एवं विभागों ने पिछले वर्ष कितना व्यय किया और कितना काम किया। इनके अध्ययन से यह पता चलता है कि सरकार अपने जनमत की जिम्मेदारियों को पूर्णतः निभा रही है।

वर्ष 2018-19 में राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों को केद्र सरकार अपने वादे को पूरा करते हुए राज्यों को जाने वाले कुल संसाधन जिसमें करो में राज्य सरकारों के हिस्से का अंतरण,

* Speech was laid on the Table.

अनुदान/ऋण और केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के तहत जारी निधियां शामिल हैं; 12.69 लाख करोड़ रुपए हैं। ये तक़रीबन पिछले वर्ष से 1.53 लाख करोड़ ज्यादा है। इससे राज्यों को वस्तु और सेवा कर से होने वाली कठिनाइयों से निपटने में सहायता मिलेगी।

हमारा भारत आज भी कृषि प्रधान है, और देश में घटती कृषि भूमि और उसके कृषि जी.डी.पी. पर घटते योगदान को देखते हुए ही सरकार ने इस बजट में हमारे किसान भाई बंधुओं को पहली प्राथमिकता दी है। इसी के चलते 2 प्रतिशत कृषि विकास दर को उपर उठाने के लिए सरकार ने ना सिर्फ खेती-किसान पे ध्यान दिया है बल्कि किसान के लिए अन्य गतिविधियों में भाग लेने जैसे मधुमक्खी, मत्स्य पालन इत्यादी पर भी योजनाएं घोषित की हैं और किसानों को रुपए कार्ड के माध्यम से वित्त में भी मदद दी जानी है।

यह बजट सरकार ने देश के किसानों की आय बढ़ाने के वादे को 2022 तक दुगना करने के महत्वकांक्षी योजना को संभावित करने पर केंद्रित है। सरकार किसानों और खेतीबाड़ी की बेहतरी के लिए कितनी गंभीरता से काम कर रही है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का वर्ष 2017-18 के लिए बजट प्रावधान 51,026 करोड़ रुपये था जो कि वर्ष 2018-19 के लिए 12.8 प्रतिशत बढ़ाकर 63,836 करोड़ रुपये किया गया है। इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जोर देते हुए सरकार ने श्री स्वामीनाथन समिति की सिफ़ारिशों को मानते हुए, उसे पहले से 50 फीसदी तक बढ़ाने का फैसला किया है जो कि किसानों के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

वर्तमान में e-NAM प्लेटफॉर्म से जोड़ी गई 250 मण्डियों को बढ़ाकर 585 मण्डियों को जोड़ा जाएगा। इस कार्य में प्रत्येक मण्डी को आधारभूत संरचनाओं (स्वच्छता ग्रेडिंग और पैकेजिंग) हेतु 75 लाख प्रति मण्डी दी जाएगी। "प्रति बूंद अधिक फसल" के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक समर्पित सूक्ष्म सिंचाई कोष 5 हजार करोड़ की राशि से बनाया जाएगा। प्रमुख योजनाओं में, फसल बीमा पर आउटले 10,698 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 13,000 करोड़ रुपये (2018-19 ईई) की गयी, और सूक्ष्म सिंचाई पर 3,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4,000 करोड़ रुपये कर दिया

गया। आलू, प्याज और टमाटर पे सरकार ने 'ऑपरेशन फ्लड' की तर्ज पर 'ऑपरेशन ग्रीन योजना' लाने की भी घोषणा की ताकि समय-समय पर इनकी बढ़ती दरों को काबू में किया जा सके और साथ ही साथ किसानों को इन फसलों पर उपयुक्त और वाजिब दाम मिल सके। इस योजना के लिए सरकार ने 500 करोड़ दिए हैं। पशुपालन एवं मत्स्यपालन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार ने 10 करोड़ रुपये के दो नए कोष बनाने की भी घोषणा की है जो कि बहुत दूरदर्शी और प्रगतिशील कदम साबित होगा। खेती के बाजार मजबूत करने के लिए 2000 करोड़ रुपये खर्च भी किए जाएंगे ताकि 22000 ग्रामीण हाटो को कृषि बाजार बनाकर आधुनिक और एक किया जा सके और किसानों और जनता को फसलों का उचित मूल्य मिले। सरकार ने इस साल जैविक कृषि को भी बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये हैं जिसमे महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को भी राष्ट्रीय आजीविका कार्यक्रम के माध्यम से कृषि करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार ने इस वर्ष किसानों को देने वाले ऋण में बढ़ोतरी करते हुए 11 लाख करोड़ की घोषणा की है। सरकार ने इस वर्ष खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को दी जाने वाली राशि को भी 715 करोड़ से दुगना कर 1400 करोड़ कर दिया है ताकि उसकी औसतन विकास गति को और बढ़ावा मिले। इसके साथ ही किसानों को आधारभूत सुविधाएं जैसी बिजली, पानी इत्यादि देने के लिए भी हमने कई घोषणा की है। निश्चय ही ये सारे कदम किसानों एवं कृषि श्रमिकों को आर्थिक रुप से मजबूत करने में सहायक सिद्ध होंगे।

रक्षा व्यय 2,95,511 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है। इस बार के रक्षा बजट में 6 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ोतरी कर भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सीमाओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की असावधानी नहीं बरती जाएगी। कुल बजट का 10 प्रतिशत इस क्षेत्र को आबंटित किया गया है, पिछली बार बजट में रक्षा क्षेत्र की हिस्सेदारी तकरीबन 13 प्रतिशत थी। इस राशि को सेना के तीनों अंगों के आधुनिकीकरण पर, वेतन, प्रतिष्ठानों के रखरखाव और पेंशन पर खर्च किया जाएगा।

हमारी सरकार ने देश के मूलभूत ढ़ाचे के विकास के लिए जो कार्य क्रियान्वित किये हैं, वे सबसे सामने है। वर्ष 2011-14 में औसत 73 किलोमीटर की तुलना में वर्ष 2017-18 की अवधि में भी हमने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण तेजी से करते हुए औसतन 133 किलोमीटर सड़क निर्माण प्रतिदिन किया है। अगले साल तक 9000 किमी सड़क का लक्ष्य है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्तमान लक्ष्य को वर्ष 2019 तक पूरा करने के लिए वचनबद्ध है और जैसा कि वादा किया गया है हम बचे हुए 13 प्रतिशत गांवों को इस अवधि में शहरों से जोड़ देंगे। राजमार्गों के विकास के अलावा हमने उन परिवहन संसाधनों के विकास के लिए भी परियोजनाएं शुरू की जिन पर पहले की सरकारों ने पिछले 70 सालों में काम नहीं किया। आज भारत अपने अंदर राष्ट्रीय जलमार्गों के साथ-साथ हवाई परिवहन की सुविधाओं पर भी काम कर रहा है। चाहे वह जलमाला परियोजना हो, जवाहर नेहरू पोर्ट को स्मार्ट पोर्ट बनाने की योजना या उड़ान स्कीम से मेरे शहर कोटा जैसे शहरों को बड़े शहरों से जोड़ने का काम हो। परिवहनों के साथ-साथ सरकार ने इस वर्ष कई सारे राज्यों में ऐसे ब्रिज भी बनाये और जनता को समर्पित किये हैं जिनसे नागरिकों को सहूलियत मिली है।

ये सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि हमने प्रधानमंत्री आवास योजन-ग्रामीण के लिए बजट अनुमान 2017-18 में आंबटित 23,000 करोड़ रुपये की धनराशि को बजट 2018-19 में 3 प्रतिशत बढ़ा दिया है। बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों के लिए वर्ष 2019 तक 1 करोड़ मकानों को पूरा करने का वादा हमने किया है। इन मकानों को बनाने के लिए सरकार ने एक कोऐा का भी गठन किया है। गाँव के आधुनिकीकरण के लिए हमने डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के तहत 1 लाख पंचायतों को मजबूत बनाने की पहल की है। गाँव में 1 लाख ग्राम पंचायतों को हाईस्पीड ब्राडबैंड से जोड़ा जाएगा और 5 लाख वाई-फाई हाटस्पाट स्थापित किये जायेंगे जिससे गाँव मे बैठा एक गरीब बच्चा भी इन्टरनेट के माध्यम से पूरी दुनिया के बारे में जान समझ सकेगा। इसके लिए सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इन पहलों से हम पूरे समाज को उपर से नीचे तक आपस मे जोड़ पायेंगे। सौभाग्य

योजना के साथ सरकार ने ग्रामीण इलाकों मे बिजली कनेक्शनों की संख्या को 4 करोड़ परिवारों तक बढाने का लक्ष्य रखा है।

हमारी सरकार युवाओं के प्रति भी उतनी ही सजग है। बाल्य अवस्था में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास दोनों ही आवश्यक होते हैं। हमारी सरकार ने इसलिए शिक्षा ही नहीं बल्कि बजट में खेल कूद पर भी योजनाएं बनाई हैं। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए हमने इस साल बहुत सी परियोजनाओं और नीति परिवर्तन किये हैं जिसमें 'इंस्टिट्यूटस ऑफ़ एमिनेंस' 'अटल इनोवेशन योजना' 'मेडिकल और इंजिनियर के लिए अखिल भारतीय सम्मिलित परीक्षाओं को आयोजन' इत्यादि प्रमुख हैं। उच्च शिक्षण संस्थाओं में सभी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने के लिए स्वायत्त एवं स्व-संपोषित प्रमुख समीक्षा संगठन के रूप में एक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की स्थापना भी की गई है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर अनेक पाठ्यक्रमों को पढ़ाने के लिए 'स्वयं' नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को भी शुरू किया गया है जो कि डिजिटलिकरण का उत्कृष्ट नमूना है। इसके साथ-साथ सरकार ने इस वर्ष आदिवासियों के कल्याण के लिए भी शिक्षा में एक अनोखी पहल एकलव्य शुरू की है जिसके लिए सरकार ने करोड़ रुपया भी अलग किये है। भारत सरकार ने शोध को बढ़ावा देने के लिए अब 1000 पीएचडी के छात्रों को 1 लाख तक की स्कालरशिप देने का फैसला किया है जो की सराहनीय है। सरकार ने 3.38 प्रतिशत शिक्षा बजट में बढ़ोतरी की है जिससे शिक्षा बजट अब 85,010 करोड़ रुपये को हो गया है। भारत इन कुछ वर्षों से खेलों को भी बढ़ावा दे रहा है और इसी बीनाई के तहत हमने 'खेलो इंडिया' 'स्पोर्टस टैलेंट सर्च पोर्टल' परियोजना भी बनाई है। इसके अलावा देश में फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी आदि का भी माहौल बना है। हमने हमारे खिलाड़ियों के लिए अनेक फ़ेलोशिप, स्कालरशिप, कोचिंग आदि की व्यवस्था भी की है। इसके अलावा रोजगार के लिए हमने 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के तहत 3 लाख करोड़ रुपये ऋण देने का लक्ष्य रखा है। फुटवियर और चमड़ा उद्योग को नए रोजगार उपलब्ध कराने पर कर रियायत दी जायेगी और इसके अलावा नई नौकरियों में सरकार 12 फीसदी ई.पी.एफ. भी देगी।

हमारी सरकार महिलाओं को समर्पित सरकार है। सरकार ने गरीब महिलाओं के स्वास्थ्य को बचाने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत अब मिलने वाले फायदों को 8 करोड़ महिलाओं को देने का फैसला किया है। अभी तक़रीबन ये संख्या 3 करोड़ 60 लाख थी। कुशल महिला राष्ट्र की संपत्ति होती है और इसलिए महिला एवं बाल कल्याण के लिए बजट अनुमान 2017-18 के 22,094 करोड़ रुपये की धनराशि को बढ़ाकर बजट 2018-19 में 24,700 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार ने निर्भय फण्ड के अंदर अनेक महिला सुरक्षा योजनाएं भी बनाई हैं जिसमें 500 करोड़ का निवेश फिर से किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए महिला शक्ति केंद्र को 267 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि पिछले बजट में 64 करोड़ रुपये दिए गए थे।

हमारी सरकार सामाजिक कल्याण को समर्पित सरकार है। सरकार ने वर्ष 2018-19 के लिए केद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बजट आवंटन में करीब 505 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी कर उसे 4700 करोड़ रुपए दिए हैं जो कि 4 वर्षों का रिकॉर्ड है। वर्ष 2017-18 में मंत्रालय के लिए 4195 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए सरकार न इस वर्ष अनुसूचित जनजाति कल्याण के लिए 39,135 करोड़ रुपये, अनुसूचित जाति के लिए 56,619 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसी के साथ सरकार ने इन क्षेत्रों में खर्च की जाने वाली धनराशि की नीति आयोग द्वारा परिणाम आधारित निगरानी की व्यवस्था के अंदर रखा है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावा सरकार न बांस के आदिवासियों की जिंदगी में होने वाले महत्व को समझते हुए उसे पेड़ की श्रेणी से निकाला है और बास सम्बन्धी नीति को एक नए रूप से निर्धारित किया है जो कि अपने में एक अनोखी बात है। इस वर्ष सरकार के एजेंडे में प्रशासन की गुणवत्ता, समाज के विभिन्न स्तरों में शक्ति का संचार कर उन्हें समर्थ बनाना और देश को भ्रष्टाचार , काला धन एवं अपारदर्शी राजनीतिक वित्तपोषण की बुराइयों से मुक्त कराना सम्मिलित है। इस दिशा में हमारी सरकार बुनियादी अवसंरचना के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सरकार ने देश के 10 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपये के बीमा कवर देने के

लिए आयुष्मान भारत योजना का भी ऐलान किया है। अब तक राष्ट्रीय स्वास्थय बीमा योजना के तहत साल में 30,000 रुपये का बीमा कवर ही मिलता था। इस लिहाज से यह बड़ा इजाफा है। 2018-19 के लिए विनिवेश करके 80 हजार करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन बीमा कंपनियों-नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, यूनाईटेड इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और ऑरिएंटल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का विलय करके एक बीमा कंपनी बनाई जाएगी। सरकार ने कई प्रक्रियाओं को सरल करने की पहल भी जारी रखी है जिसका परिणाम है कि भारत की विश्व छवि में सुधार हुआ है जिसे वर्ल्ड बैंक ने भी माना है।

मेरी सरकार से मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर से संबद्ध कुछ मांगें हैं जैसे कि,

- ❖ राजस्थान विश्वविद्यालय (सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस एंड रिसर्च प्रोजेक्ट) को प्रोमोट कर ओरिएण्टल बजट दिया जाय। जिसमें विदेश नीति एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन जैसे प्रोजेक्ट भी हों।
- ❖ एस.एम.एस. अस्पताल, जयपुर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की तरह विकसित किया जाए।
- ❖ जयपुर स्मार्ट सिटी योजना को आधार बनाकर, सेंट्रल पार्क की तरह जयपुर के सभी बड़े पार्कों को विकसित करने हेतु बजट दिया जाए।
- ❖ दिल्ली से अलवर सी.एन.जी. गैस पाइपलाइन है इसे जयपुर तक बढ़ाया जाए तथा घरेलु गैस की लाइन को भी इसमें सम्मिलित किया जाय जिससे की स्मार्ट सिटी का प्रोजेक्ट विकसित हो सके।
- ❖ जयपुर से दिल्ली हाई स्पीड ट्रेन चलायी जाए ताकि लोगों को अच्छी सुविधा मिल सके।
- ❖ जयपुर से शिर्डी सीधी रेलगाड़ी चलायी जाए क्योंकि शिर्डी एक धार्मिक स्थान है और हर महीने जयपुर से हजारों लोग शिर्डी जाते हैं।
- ❖ दिल्ली-आगरा-जयपुर गोल्डन कॉरिडोर को विकसित किया जाए जिससे कि पर्यटन को बढ़ावा मिले।
- ❖ जयपुर में पानी की गंभीर समस्या है, बढ़ती आबादी को देखते हुए एवं किसानों को पानी देने के लिए जयपुर को रामगढ़ बाँध, कालक बाँध व चम्बल से जोड़ा जाए इससे

फ्लोराइडमुक्त पानी मिलेगा साथ ही रामगढ़ बांध में पानी होने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

❖ हैंडलूम, कारपेट व जवाहरात उद्योग जयपुर के परंपरागत उद्योग हैं जिन्हें विश्व प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़ा करने के लिए विशेष पैकेज देना आवश्यक है।

*__श्री ओम बिरला (कोटा):__ मैं हमारे वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी के द्वारा पेश किये गए बजट 2018-19 का पूर्ण समर्थन करता हूँ।

हमारे वित्त मंत्री के द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट हर बार की तरह समावेशी, संतुलित एवं प्रगतिशील है और सरकार ने इस बार भी अपनी पुरानी नीति को अपनाते हुए सामान्य बजट और रेल बजट को एक साथ फरवरी में पेश किया है। ये अत्यंत सराहनीय है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने अपने गरीब समर्थक, विकासमुखी, मध्यम वर्ग समर्थक, किसान समर्थक, उद्योग समर्थक, दलित समर्थक, महिला समर्थक एवं युवा समर्थकों को ऐसी सौगातें दी जो सर्वकल्याणकारी है। सबका साथ और सबका विकास, विश्व कुटुम्बकम् आदि को मानते हुए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी एक सशक्त, सबल और विश्वस्तरीय भारत के निर्माण कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था का सत्त विकास दर को बनाये रखना और सुखद भारत और भारतवंशीयों को इसका लाभ देना अत्यंत चुनौतीपूर्ण व कठिन कार्य है। किंतु सरकार की ईमानदारी, लगन, विचारधारा व संकल्पबद्धता के साथ देश अपने समस्त वर्गों और राज्य सरकारों को एक साथ लिए आगे बढ़ा रहा है जिसकी झलक हमें भारत की विश्व में उभरती छवि से जग जाहिर होती है।

इस वर्ष 2018-19 के बजट में सरकार ने कुल व्यय को 24.4 लाख करोड़ रुपये में अनुमानित किया है और इससे हमारी अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ने और विकास की रफ्तार को गति मिलने की आशा है। समेकित आउटकम बजट और घोषणाओं के कार्यान्वयन स्तिथी से हमें यह भी पता चल रहा है कि हमारे सभी मंत्रालयों एवं विभागों ने पिछले वर्ष कितना व्यय किया और कितना काम किया। इनके अध्ययन से यह पता चलता है कि सरकार अपने जनमत की जिम्मेदारियों को पूर्णतः निभा रही है। वर्ष 2018-19 में राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों को केंद्र सरकार अपने वादे को पूरा करते हुए राज्यों को जाने वाले कुल संसाधन जिसमें करो में

* Speech was laid on the Table.

राज्य सरकारों के हिस्से का अंतरण, अनुदान/ऋण और केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के तहत जारी निधि शामिल है 12.69 लाख करोड़ रुपए हैं। ये तक़रीबन पिछले वर्ष से 1.53 लाख करोड़ ज्यादा है। इससे राज्यों को वस्तु और सेवाकर से होने वाली कठिनाइयों से निपटने में सहायता मिलेगी।

हमारा भारत आज भी कृषि प्रधान है, और देश में घटती कृषि भूमि और उसके कृषि जी.डी.पी. पर घटते योगदान को देखते हुए ही सरकार ने इस बजट में हमारे किसान भाई बंधुओं को पहली प्राथमिकता दी है। इसी के चलते 2 प्रतिशत कृषि विकास दर को ऊपर उठाने के लिए सरकार ने ना सिर्फ खेती-किसानी पर ध्यान दिया है बल्कि किसान के लिए अन्य गतिविधियों में भाग लेने जैसे मधुमक्खी, मत्स्य पालन इत्यादि पर भी योजनाएं घोषित की हैं और किसानों को रुपए कार्ड के माध्यम से वित्त में भी मदद दी जानी है।

यह बजट सरकार ने देश के किसानों की आय बढ़ाने के वादे को 2022 तक दुगना करने के महत्वाकांक्षी योजना को संभावित करने पर केंद्रित है। सरकार किसानों और खेती-बाड़ी की बेहतरी के लिए कितनी गंभीरता से काम कर रही है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का वर्ष 2017-18 के लिए बजट प्रावधान 51,026 करोड़ रुपये था जो कि वर्ष 2018-19 के लिए 12.8 प्रतिशत बढ़ाकर 63,836 करोड़ रुपये किया गया है। इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जोर देते हुए सरकार ने श्री स्वामीनाथन समिति की सिफ़ारिशों को मानते हुए, उसे पहले से 50 फीसदी तक बढ़ाने का फैसला किया है जो कि किसानों के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

वर्तमान में e-NAM प्लेटफॉर्म से जोड़ी गई 250 मण्डियों को बढ़ाकर 585 मण्डियों को जोड़ा जाएगा। इस कार्य में प्रत्येक मण्डी को आधारभूत संरचनाओं (स्वच्छता ग्रेडिंग और पैकेजिंग) हेतु 75 लाख प्रति मण्डी दी जाएगी। "प्रति बूंद अधिक फसल" के लक्ष्य की प्राप्ति हेतू एक समर्पित सूक्ष्म सिंचाई कोष 5 हजार करोड़ की राशि से बनाया जाएगा। प्रमुख योजनाओं में, फसल बीमा पर आउटले 10,698 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 13,000 करोड़ रुपये (2018-19 ईई) की गयी, और सूक्ष्म सिंचाई पर 3,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 4,000 करोड़ रुपये कर दिया गया।

आलू, प्याज और टमाटर पे सरकार ने 'ऑपरेशन फ्लड' की तर्ज पर 'ऑपरेशन ग्रीन योजना' लाने की भी घोषणा की ताकि समय-समय पर इनकी बढ़ती दरों को काबू में किया जा सके और साथ ही साथ किसानों को इन फसलों पर उपयुक्त और वाजिब दाम मिल सके। इस योजना के लिए सरकार ने 500 करोड़ दिए हैं। पशुपालन एवं मत्स्यपालन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार ने 10 करोड़ रुपये के दो नए कोष बनाने की भी घोषणा कि है जो कि बहुत दूरदर्शी और प्रगतिशील कदम साबित होगा। खेती के बाजार मजबूत करने के लिए 2000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे ताकि 22000 ग्रामीण हाटो को कृषि बाजार बनाकर आधुनिक और एक किया जा सके और किसानों और जनता को फसलों का उचित मूल्य मिले। सरकार ने इस साल जैविक कृषि को भी बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये है जिसमें महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को भी राष्ट्रीय आजीविका कार्यक्रम के माध्यम से कृषि खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार ने इस वर्ष किसानों को देने वाले ऋण में भी बढोतरी करते हुए 11 लाख करोड़ की घोषणा की है। सरकार ने इस वर्ष खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को दी जाने वाली राशि को भी 715 करोड़ से दुगना कर 1400 करोड़ रूपए कर दिया है ताकि उसकी औसतन विकास गति को और बढ़ावा मिले। इसके साथ ही किसानों को आधारभूत सुविधाएं जैसी बिजली, पानी इत्यादि देने के लिए भी हमने कई घोषणाएं की हैं। निश्चय ही ये सारे कदम किसानों एवं कृषि श्रमिकों को आर्थिक रूप से मजबूत करने में सहायक सिद्ध होंगे।

रक्षा व्यय 2,95,511 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है। इस बार के रक्षा बजट में 6 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ोत्तरी कर भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सीमाओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की असावधानी नहीं बरती जाएगी। कुल बजट का 10 प्रतिशत इस क्षेत्र को आबंटित किया गया है। पिछली बार बजट में रक्षा क्षेत्र की हिस्सेदारी तकरीबन 13 प्रतिशत थी। इस राशि को सेना के तीनों अंगों के आधुनिकीकरण पर, वेतन, प्रतिष्ठानों के रखरखाव और पेंशन पर खर्च किया जाएगा।

हमारी सरकार ने देश के मूलभूत ढांचे के विकास के लिए जो कार्य क्रियान्वित किये है वे सबके सामने है। वर्ष 2011-14 में औसत 73 किलोमीटर की तुलना में वर्ष 2017-18 की अवधि में भी हमने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत, सड़कों का निर्माण तेजी से करते हुए औसतन 133 किलोमीटर सड़क निर्माण प्रतिदिन किया है। अगले साल तक 9000 किमी सड़क का लक्ष्य है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्तमान लक्ष्य को वर्ष 2019 तक पूरा करने के लिए वचनबद्ध है और जैसा कि वादा किया गया है हम बचे हुए 13 प्रतिशत गावों को भी इस अवधि में शहरों से जोड़ देंगे। राजमार्गों के विकास के अलावा हमने उन परिवहन संसाधनों के विकास के लिए भी परियोजनाए शुरू की जिन पर पहले की सरकारों ने पिछले 70 सालों में काम नहीं किया। आज भारत अपने अंदर राष्ट्रीय जलमार्गों के साथ साथ हवाई परिवाहन की सुविधाओं पे भी काम कर रहा है। चाहे वह जलमाला परियोजना हो, जवाहर नेहरू पोर्ट को स्मार्ट पोर्ट बनाने की योजना या उड़ान स्कीम से मेरे शहर कोटा जैसे शहरों को बड़े शहरों से जोड़ने का काम हो। परिवहनों के साथ-साथ सरकार ने इस वर्ष कई सारे राज्यों में ऐसे ब्रिज भी बनाये और जनता को समर्पित किये है जिनसे नागरिकों को सहूलियत मिली है।

ये सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि हमने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए बजट अनुमान 2017-18 में आबंटित 23,000 करोड़ रुपये की धनराशि को बजट 2018-19 में 3 प्रतिशत बढ़ा दिया है। बेघर और कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों के लिए वर्ष 2019 तक 1 करोड़ मकानों को पूरा करने का वादा हमने किया है। इन मकानों को बनाने के लिए सरकार ने एक कोऐा का भी गठन किया है। गाँव के आधुनिकीकरण के लिए हमने डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के तहत 1 लाख पंचायतों को मजबूत बनाने की पहल की है। गाँव में 1 लाख ग्राम पंचायतों को हाईस्पीड ब्राडबैंड से जोड़ा जाएगा और 5 लाख वाई-फाई हाटस्पाट स्थापित किये जायेंगे जिससे गाँव में बैठा एक गरीब बच्चा भी इन्टरनेट के माध्यम से पूरी दुनिया के बारे में जान समझ सकेगा। इसके लिए सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इन पहलों से हम पूरे समाज को ऊपर से नीचे तक आपस में जोड़ पायेंगे। सौभाग्य

योजना के साथ सरकार ने ग्रामीण इलाकों में बिजली कनेक्शनों की संख्या को 4 करोड़ परिवारों तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

हमारी सरकार युवाओं के प्रति भी उतनी ही सजग है। बाल्य अवस्था में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास दोनों ही आवश्यक होता है। हमारी सरकार ने इसलिए शिक्षा ही नहीं बल्कि बजट में खेल कूद पर भी योजनाएं बनाई है। शिक्षा के स्तर को बढाने के लिए हमने इस साल बहुत सी परियोजनाएं और नीति परिवर्तन किये है जिसमें इंस्टिटय़ूटस ऑफ एमिनेंस अटल इनोवेशन योजना, मेडिकल और इंजिनियर के लिए अखिल भारतीय सममिलित परीक्षाओं को आयोजन इत्यादि प्रमुख है। उच्च शिक्षण संस्थाओं में सभी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने के लिए स्वायत्त एवं स्व-संपोषित प्रमुख समीक्षा संगठन के रूप में एक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की स्थापना भी की गयी है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर अनेक पाठय़क्रमों को पढाने के लिए स्वयं नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को भी शुरू किया गया है जो कि डिजिटलीकरण का उत्कृष्ट नमूना है। इसके साथ-साथ सरकार ने इस वर्ष आदिवासियों के कल्याण के लिए भी शिक्षा में एक अनोखी पहल एकलव्य शुरू की है जिसके लिए सरकार ने करोड़ रुपया भी अलग किये है। भारत सरकार ने शोध को बढ़ावा देने के लिए अब 1000 पीएचडी के छात्रों को 1 लाख तक की स्कालरशिप देने का फैसला किया है जो कि सराहनीय है। सरकार ने 3.83 प्रतिशत शिक्षा बजट में बढ़ोत्तरी की है जिससे शिक्षा बजट अब 85,010 करोड़ रुपये का हो गया है। भारत इन कुछ वर्षों से खेलों को भी बढावा दे रहा है और इसी बीनाई के तहत हमने खेलों इंडिया स्पोर्टस टैलेंट सर्च पोर्टल परियोजनाएं भी बनाई है। इसके अलावा देश में फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी आदि का भी माहौल बना है। हमने हमारे खिलाडियों के लिए अनेक फेलोशिप, स्कालरशिप, कोचिंग आदि की व्यवस्था भी की है। इसके अलावा रोजगार के लिए हमने 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' के तहत 3 लाख करोड़ रुपये ऋण देने का लक्ष्य रखा है, फुटवियर और चमड़ा उद्योग को नए रोजगार उपलब्ध कराने पर दी जाने वाली कर रियायत दी जा जायेगी और इसके अलावा नई नौकरियों में सरकार 12 फीसदी ई.पी.एफ भी देगी।

हमारी सरकार महिलाओं को समर्पित सरकार है। सरकार ने गरीब महिलाओं के स्वास्थ्य को बचाने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत अब मिलने वाले फायदों को 8 करोड़ महिलाओं को देने का फैसला किया है। अभी तकरीबन ये संख्या 3 करोड 60 लाख थी। कुशल महिला राष्ट्र की संपत्ति होती है और इसलिए महिला एवं बाल कल्याण के लिए बजट अनुमान 2017-18 के 22,094 करोड़ रुपये की धनराशि को बढ़ाकर बजट 2018-19 में 24,700 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार ने निर्भया फण्ड के अंदर अनेक महिला सुरक्षा योजनाएं भी बनाई है जिसमें 500 करोड का निवेश फिर से किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए महिला शक्ति केंद्र को 267 करोड़ रुपये आवंटित किए गए है, जबकि पिछले बजट में 64 करोड़ रुपये दिए गए थे।

हमारी सरकार सामाजिक कल्याण को समर्पित सरकार है। सरकार ने वर्ष 2018-19 के लिए केद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बजट आवंटन में करीब 505 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी कर उसे 4700 करोड़ रुपए दिए है जो कि 4 वर्षों का रिकॉर्ड है। वर्ष 2017-18 में मंत्रालय के लिए 4195 करोड रुपए आवंटित किए गए थे। पिछडे वर्ग के उत्थान के लिए सरकार ने इस वर्ष अनुसूचित जनजाति कल्याण के लिए 39,135 करोड़ रुपए, अनुसूचित जाति के लिए 56,619 करोड रुपये का प्रावधान किया है। इसी के साथ सरकार ने इन क्षेत्रों में खर्च की जाने वाली धनराशि को नीति आयोग द्वारा परिणाम आधरित निगरानी की व्यवस्था के अंदर रखा है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावा सरकार ने बांस के आदिवासियों के जिंदगी पर रखने वाले महत्व को समझते हुए उसे पेड़ की श्रेणी से निकला है और बास संबंधी नीति को एक नए रूप से निर्धारित किया है जो की अपने में एक अनोखी बात है। इस वर्ष सरकार के एजेंडें में प्रशासन की गुणवत्ता, समाज के विभिन्न स्तरों में शक्ति का संचार कर उन्हें समर्थ बनाना और देश को भ्रष्टाचार , काला धन एवं अपारदर्शी राजनीतिक वित्तपोषण की बुराइयों से मुक्त कराना सम्मिलित है। इस दिशा में हमारी सरकार बुनियादी अवसंरचना के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सरकार ने देश के 10 करोड परिवारों को 5 लाख रुपए के बीमा कवर देने के लिए

आयुष्मान भारत योजना का भी ऐलान किया है। अब तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत साल में 30,000 रुपये का बीमा कवर ही मिलता था। इस लिहाज से यह बड़ा इजाफा है। 2018-19 के लिए विनिवेश करके 80 हजार करोड रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीन बीमा कंपनियों- नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, यूनाईटेड इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और ऑरिएंटल इंडिया इंश्योरेस कंपनी लिमिटेड का विलय करके एक बीमा कंपनी बनाई जाएगी। सरकार ने कई प्रक्रियाओं को सरल करने की पहल भी जारी रखी है जिसका परिणाम है कि भारत कि विश्व छवि में सुधार हुआ है जिसे वर्ल्ड बैंक ने भी माना है।

मेरी सरकार ने कोटा-बूंदी क्षेत्र का जनप्रतिनिधि होने के नाते कुछ मांगे हैं जिस पर विचार किये जाने की जरूरत है। कोटा पूरे देश की शिक्षा को बल देने वाला शहर है। कोटा में प्रतिवर्ष लाखों छात्र अपना भविष्य सुनहरा सुनिश्चित करने के लिए आते हैं। इस शहर ने शिक्षा के उत्कृष्ट प्रतिमान स्थापित किये हैं। परन्तु आज भी ये शहर एक अदद उच्च शिक्षा के संस्थान के लिए तरस रहा है। पूर्व में भी राज्य सरकार की पहल पर कोटा में आई.आई.टी खोलने का प्रस्ताव दिया गया था पर केंद्र में कांग्रेस की सरकार होने के कारण कोटा शहर का यह अधिकार बाद में छीन लिया गया। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी सरकार कोटा एवं राजस्थान के तमाम मेहनतकश छात्रों की आशा एवं आकांक्षा के अनुरूप आई.आई.एम, आई.आई.टी, ए.आई.एम.एस जैसे स्तर की उच्च शिक्षा संस्था खोलने की दिशा में सफल प्रयास करेगी।

हमारी सरकार ने उड्डयन क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। हमारी सरकार ने ऐसी कार्य योजना तैयार की है जिससे एक मध्यम वर्ग का व्यक्ति भी हवाई सफ़र कर सके। कोटा, राज्य का एक महत्वपूर्ण उभरता शहर है और यहाँ की शिक्षा और अध्ययन स्तर के उत्कृष्ट होने के कारण देश के हर कोने से आये लाखो छात्र-छात्राओं और उनके माता-पिता का हर साल सत्कार करता है। इसे देखते हुए कोटा की जनता हमारी सरकार से ये अपेक्षा रखती है कि कोटा में जल्द ही अंतरराज्यीय हवाई सेवाएँ वहाँ प्रारम्भ की जायेंगी। इसलिए मेरी आप से विनती है कि मेरे संसदीय

क्षेत्र कोटा में हवाई सेवाएँ शुरू की जाए ताकि इस नगरी का और तेजी से विकास हो सके और यहाँ के लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त हो। अंतर-राज्यीय सेवा के विस्तार की सरकार की योजनाओ और कोटा शहर में मौजूद अनेक लोगों, शिक्षा संस्थाओं, ऊर्जा, परमाणु, गैस, उर्वरक संस्थाओं जैसे चम्बल फ़र्टिलाईज़रस लिमिटेड, कोटा थर्मल पॉवर लिमिटेड इत्यादि की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए मेरी सरकार से यह भी मांग है कि कोटा में नए हवाई अड्डे का निर्माण किया जाए और साथ ही साथ यहाँ से दिल्ली, मुंबई और अन्य बड़े शहरों के लिए प्रतिदिन हवाई सेवाएं भी दी जाए ताकि पूरे देश को कोटा से जोड़ा जा सके। मुझे उम्मीद है कि इस ओर जल्द ही हमारी सरकार कार्रवाई करेगी। हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने किसानों के जीवन स्तर में अमूल्य बदलाव लाने का संकल्प लिया है और मुझे आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के कुशल निर्देशन में हम इसे साकार करके ही दम लेंगे।

हमारी सरकार ने किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की है लेकिन लगातार वर्षों की उपेक्षा ने हमारे किसानों की आर्थिक स्थिति को बेहद कमजोर कर दिया है। इस आर्थिक कुचक्र से उन्हें निकालने के लिए समर्थन मूल्य में एक तीव्र वृद्धि की आवश्यकता थी और अब सरकार के प्रयासों से ये प्रतीत होता है कि किसानों का भविष्य इससे सुधरेगा। मेरी सरकार से मांग है कि बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य को साकार करने के लिए उसकी प्रक्रिया को और अधिक सहज और सरल बनाने के लिए एक व्यापक कार्य योजना पर सभी राज्य सरकारें और केंद्र सरकार काम करे एवं बाजार हस्तक्षेप की रणनीति तैयार करते हुए उचित समर्थन मूल्य तय करें। इसमें सभी फसलों को सम्मिलित किया जाए खासकर फलों और सब्जियों को ताकि किसानों को उनकी फसलों का पूरा दाम मिल सके।

आज देश में हम पूरे भारत को सरकार से अनेक माध्यमों से जोड़ रहे है। हमारे देश में न्यूनतम समर्थन मूल्य से जुडा तंत्र अब पुराना हो चुका है और उसे आधुनिक बनाने और सुचारू रूप से तंदुरूस्त करने की भी आवश्यकता है। इसके लिए अभी ये जरूरी है कि हम ये सुनिश्चित

करे कि सरकारी तंत्र जो कि न्यूनतम समर्थन मूल्य और खाद्य खरीदी में शामिल है उनके पास पर्याप्त मानव संसाधन और उपकरण मौजूद हो। मानव संसाधन विकास के लिए लोगों को उपयुक्त प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे इन उपकरणों के उपयोग में सक्षम बने। इसकी पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन भी किया जाए। सरकार, किसान की फसल खरीदी करने का काम ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से करे ताकि ऐसे समूहों का भी विकास हो।

सरकार ने इस वर्ष 22000 ग्रामीण हाटों को कृषि बाजार बनाने के लिए भी 2000 करोड निर्धारित किये है और कई सारी सुविधाओं को भी किसान के लिए उपलब्ध कराने का प्रण किया है। इसी योजना के कोटा-बूंदी क्षेत्र में कार्यान्वयन के लिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ ताकि कोटा-बूंदी के किसानों को भी उनकी फसल के रख-रखाव और कोल्ड स्टोरेज की सुविधाए मिल सके और उनकी फसलों का उचित दाम उन्हें मिले।

हमारी सरकार ने मनरेगा के सुदृढ़ीकरण के व्यापक प्रयास किए हैं। जंगली जानवरों से किसानों की फसल हमेशा से बर्बाद होती रही है। किसानों की खड़ी फसलों को जंगली जानवर हर वर्ष नष्ट कर देते है। जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए कृषि , वन और ग्रामीण मंत्रालय को मिलकर एक व्यापक कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। मेरी सरकार से मांग है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत ऐसी फसले जिनका जानवरों ने नुकसान किया हो, को भी कवर किया जाए। साथ ही साथ मनरेगा के अंदर बाड़ लगाने के कार्य को सम्मिलित किया जाए एवं एक व्यापक कार्य योजना इस संबंध में बनायी जाए ताकि किसानों की फसल जंगली जानवरों से सुरक्षित रहे।

हमें इस बात का अत्यंत हर्ष है कि हमारी सरकार ने मुकुंदरा पार्क को राष्ट्रीय पार्क का दर्जा दिया है। मेरी सरकार से मांग है इसका बजट बढ़ाया जाए ताकि यहाँ जानवरों का रख-रखाव बेहतर तरीके से हो सके।

हमारी सरकार ने देश के हित में एक ही अप्रत्यक्ष कर के रूप में वस्तु और सेवा कर (जी.एस.टी.) लागू किया जो कि भारत के आर्थिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है और इसी के कारण ही हमारे देश को अब दुनिया भर में एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। जिसका सबसे बड़ा सबूत विश्व की दूसरी बड़ी एजेंसी एस.एंड.पी के द्वारा सरकार के सुधारों की तारीफ है। सरकार का सदस्य होने के नाते मैं वस्तु और सेवा कर से होने वाले फायदे को भली-भांति जानता हूँ। वस्तु और सेवा कर से मेरी संसदीय क्षेत्र कोटा में उत्पन्न होती एक समस्या को मैं आपके समक्ष रखना चाहता हूँ जो कि हमारे शहर की राष्ट्रीय पहचान कोटा पत्थर से संबंधित है। वस्तु और सेवा कर के अंदर, कोटा पत्थर पर 18 प्रतिशत कर लगाया जा रहा है क्योंकि कोटा पत्थर हमेशा से ही गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के कार्य में लिया जाता रहा है इसलिए सरकार को जरूरत है कि इस पर 18 प्रतिशत के बजाए 5 प्रतिशत का ही कर लगाया जाए ताकि आम जनता के साथ-साथ यहाँ के व्यापारियों और कोटा पत्थर के उद्योग को भी रियायत मिले।

राजस्थान में 16500 से अधिक गांव ऐसे हैं जहां लोग फ्लोराइडयुक्त पानी पीने को मजबूर हैं। बचपन में ही बच्चे बीमारियों से घिर रहे हैं। राज्य की एक बड़ी आबादी फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। हर तीसरा गांव फ्लोराइड की समस्या से प्रभावित है। इसके अलावा राज्य में मौसम की मार और जल संसाधनों की कमी के कारण पीने के पानी की समस्या दिन प्रतिदिन बढती ही जा रही है। राजस्थान एक ऐसा राज्य है जहां 35 से 20 जिलों में प्रतिवर्ष अकाल की स्थिति बनी रहती है। मानसून की असफलता के कारण पानी के स्रोत सूख गए हैं। बढ़ती जनसंख्या एवं भूजल पर बढ़ती निर्भरता से अत्याधिक पानी के लिए गहरी खुदाई की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप भूजल स्तर प्रतिवर्ष घट रहा है। सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा इस संदर्भ में विभिन्न अध्ययन किए जा चुके हैं, परंतु ये अध्ययन शीघ्र ही पुराने हो जाते हैं क्योंकि फ्लोराइड प्रभावित गांवों की सूची में सतत् नए गांव जुड़ते जा रहे हैं। ऐसे में राज्य में पेयजल की स्थिति सुधारने के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। अतः मैं सरकार से मांग

करता हूँ कि राज्य में लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करने हेतु विशेष योजना बनाकर अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।

रेल एक सदी से हमारे देश की जीवन रेखा रही है और सरकार ने इसके विकास के लिए हमेशा ही उपयुक्त कदम उठाये है। रेलवे के कोटा संभाग से जुडी आवश्यकताओं को भी मैंने समय-समय पर सरकार के समक्ष रखा है जिन्हें में यहा दोहराना चाहूँगा। इन पहलों में डकनिया, कोटा-नीमच और कोटा-श्योरपुल रेल लाइन प्रमुख रही है। डकनिया तलाव रेलवे स्टेशन कोटा के नए रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किया जा रहा है और इस विकास के लिए इस स्टेशन पर लूप लाइन बनाने की आवश्यकता है ताकि यहाँ पर अधिक से अधिक ट्रेनों का ठहराव हो सके। अर्थात् बजट में लूप लाइन बिछाने के लिए सरकार उपयुक्त उपाय करे। यहाँ के फूट-ओवर-ब्रिज की दशा बहुत ही खराब है और ये बहुत संकरा भी है जिसके चलते यहाँ दुर्घटना होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसके बढ़ते हुए इस्तेमाल को देखते हुए सरकार को फुट-ओवर-ब्रिज के विस्तार और बुनियादी ढांचे को ठीक करने की जरूरत है। रामगंजमंडी-नीमच-बड़ी सादड़ी रेल परियोजना के अंतर्गत रामगंजमंडी से नीमच तक का सर्वे का कार्य पूरा कराकर उसे स्वीकृत कराए जाने की भी जरूरत है ताकि इनके बीच भी रेल सुविधाए शुरू की जा सके। कोटा श्येरपुर के बीच में रेलवे सेवा भी उपलब्ध कराने हेतु मेरी सरकार से यह प्रार्थना है कि वो बजट में पूर्व में दिए हुए अनुमानित धनराशि को भी स्वीकृत करते हुए उपयुक्त प्रावधान करें।

अंत में, मैं इस बजट मे सरकार के सभी वर्गो को जोड़ने और सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र को मजबूत करने की पहल का स्वागत करता हूँ। यह बजट हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के संकल्प 'सबका साथ सबका विकास' के आदर्श-वाक्य के अनुसार, सबका बजट है। मुझे पूरा यकीन है कि समय के साथ यह बजट देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और भविष्य के हमारे जनादेश को और मजबूत बनाएगा।

***श्री लल्लू सिंह (फैजाबाद):** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत 2018-19 के इस बजट में बुनियादी विकास की व्यापक दृष्टि है। अर्थपूर्ण विकास की जो कोशिशें की जा रही है उसमें नई छलांग है। खेत-खलिहान और किसान निश्चिंत है कि वे सरकार की नीतियों से ही खुशहाल होंगे। भारत की आबादी का ज्यादातर हिस्सा किसानों का है। कृषि उत्पादों को क्लस्टर मॉडल पर विकसित करने और 22 हजार ग्रामीण हाट विक्रय बाजार से खेत-खलिहान खिलाएंगे तथा अन्नदाताओं के आंगन में मुस्कुराता हुआ सवेरा आएगा। अपने अपने खेतों की मेड़ों पर मुंह लटकाए उदास बैठे किसानों के दुख दर्द काफी हद तक दूर हो जाएंगे।

शिक्षा के बुनियादी सुधार के लिए 'राईज' कार्यक्रम देश को एक नई दिशा की ओर ले जाएगा। सच्चे अर्थों में यह बजट भारत को उसकी मूल संस्कृति 'ऋषि कृषि संस्कृति' की ओर मजबूती से ले जाएगा।

भारत नेट परियोजना देश के गांव को ग्लोबल गांवों में तब्दील कर रही है। भौगोलिक दूरियां कम हो रही है। डिजिटल इंडिया पर 2 गुना ज्यादा फोकस किया गया जो काबिले तारीफ है क्योंकि यह वक्त की जरूरत है।

देश में हवाई अड्डों की क्षमता को बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है जिसे इस बजट में प्रमुखता से स्थान दिया गया है। हवाई अड्डों की क्षमता 5 गुना बढ़ जाने से लोगों को यात्रा में बेहद सुगमता होगी। सरकार ने इस बजट में देश में 56 नए हवाई अड्डे विकसित करने का निर्णय लिया है। मेरी सरकार से मांग है कि इनमें एक हवाई अड्डा फैजाबाद में विकसित किया जाए।

जहां तक स्वास्थ्य का प्रश्न है, यह सरकार स्वास्थ्य के प्रश्न पर बेहद गंभीर और संवेदनशील है। सरकार जो आयुष्मान योजना लाई है इससे देश के 10 करोड़ परिवारों के साथ लगभग 50 करोड़ व्यक्तियों को जोड़ा जाएगा। इससे देश के उन गरीबों को लाभ मिलेगा जो बीमारी के कारण बर्बाद हो जाते थे अब वे बच जाएंगे। लोन के मकड़जाल से बाहर निकल जाएंगे।

---

* Speech was laid on the Table.

देश में इतिहास का सुंदर और पुरातत्व का खजाना भरपूर है। स्मारकों से पर्यटन की सुविधा के बढ़ने से वहां पर सैलानियों की आवाजाही बढ़ेगी। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्मारकों में सदियों पुराना इतिहास धड़कता है। पर्यटकों के अधिकाधिक बढ़ने से लोगों तक उस युग की संस्कृति भी पहुंच जाएगी।

वनवासियों, आदिवासियों के जीवन में ज्ञान का उजियारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय फैलाएंगे। इन आवासीय विद्यालयों से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में भविष्य में विकास का सूरज चढ़े। आदिवासियों के विचारों की नई रोशनी आएगी। रोजगार के क्षेत्र में बेहतर संभावना बनेगी।

धुआं मुक्त रसोई कुछ वर्ष पहले तक करोड़ों परिवारों के लिए एक सपना था। भोजन कैसे पकेगा? यह प्रश्न उनको डसता रहता था। लकड़ी और गोबर के उपले के इंतजाम में हर दिन के कई घंटों का कीमती समय बर्बाद हो जाता था। उज्ज्वला योजना का लक्ष्य इस बजट में आठ करोड़ किया गया है। उनको मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिया जाएगा जिससे उन करोड़ों घरो की आधी आबादी को धुएं से मुक्ति मिलेगी। गरीब घरों को बिजली से रोशन करना बहुत महत्वपूर्ण कदम है।

इस बजट में बुनियादी विकास की दृष्टि से अर्थपूर्ण विकास की दिशा में नई छलांग है। कृषि को बाजार के साथ कदमताल कराने की कोशिश की गई है। आदिवासी क्षेत्रों में तालीमी उजियारा फैले। देश के गांवों को ग्लोबल गांव बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

वर्तमान बजट देश को उसके मूल संस्कृति " ऋषि कृषि संस्कृति" की ओर ले जाएगा जहां विद्वान होंगे, टेक्नोक्रेट होंगे और हरे भरे खेत के साथ मुस्कुराते हुए किसान होगा।

सधन्यवाद।

***श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन):** सदन में और सदन के बाहर लगभग हर चर्चा में यह बात कही जाती है कि भारत कृषि प्रधान देश है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है मगर इतने वर्षों में हम भारत की आत्मा को चमकाने के स्थान पर भारत के शरीर कस्बों, शहरों और महानगरों की चिंता करते रहे।

मगर जब माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार 1999 में आयी तब इस देश की संसद ने पहली बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की और इस देश के दूरदराज के गांव मुख्यधारा में शामिल हुए।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी एनडीए सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचार से प्रेरित जन हितैषी सरकार है। हमने अपनी सरकार के गठन के पहले दिन से कतार में आखरी आदमी तक सरकार की पहुंच बढ़ाने की दिशा में काम किया है।

हमने गरीब मजदूरों और सबसे प्रमुख किसानों व आम आदमी के हित में निर्णय लिए और उनके जीवन को सफल और सुलभ बनाने का काम किया है।

पिछले बजट में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी ने किसानों के ऋण के लिए 10 लाख करोड़ की व्यवस्था की थी, जिसमें से अक्टूबर 2017 तक 6 लाख 71 हजार करोड़ का ऋण किसानों को दिया।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत देश में 3 करोड़ 30 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जिसके अंतर्गत मेरे लोकसभा क्षेत्र जालौन गरौठा में अब तक 67000 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। यह 67000 परिवार जिन्हें यह कनेक्शन दिए गए ये कोई पूंजीपति परिवार नहीं थे। ये वह परिवार हैं जिनके घर की महिलाओं को आजादी के इतने सालों बाद भी धुंए में जीवन बिताना पड़ रहा था। हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 15.57 लाख लोगों को पक्के

---

* Speech was laid on the Table

मकान उपलब्ध कराए हैं, जिसे मार्च 2019 तक एक करोड़ परिवारों को सीधा लाभान्वित करने की योजना है। ठीक इसी तरह प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत इस वर्ष एक लाख तीस हजार करोड़ रुपए, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन के लिए 26000 करोड के बजट प्रस्तावित करके मोदी सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने और उनकी समृद्धि और सुख में वृद्धि करने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है।

इसके अलावा कृषि सिंचाई के लिए लगभग साढ़े नौ हजार करोड़ रुपए के अलग से बजट और दशकों से लंबित 99 सिंचाई योजनाओं के पुनरुद्धार से मैं आशान्वित हूं कि मेरे बुंदेलखंड क्षेत्र में जहां कई किसान अपनी खेती को सिर्फ इसलिए नहीं कर पाते थे क्योंकि उन्हें समय से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलता था ऐसे किसान भी अब निश्चित ही अपनी खेती कर सकेंगे।

इसके अलावा कृषक कल्याण की दिशा में हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी की दूरदर्शी सोच की एक पहल प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत इस वर्ष 1300 करोड रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है। जिसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा। मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन गरौठा भोगनीपुर में इस योजना के अंतर्गत लगभग 4000 टन की क्षमता वाला कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया गया है। मैं माननीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल जी को इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में विशेष रूप से इस कोल्ड स्टोरेज के निर्माण से हजारों किसान परिवारों को न्यूनतम लागत पर अपनी फसल को सुरक्षित रखने का अवसर मिलेगा। पहले जगह और भंडार की कमी के कारण कई किसान अपनी फसल को औने पौने दामों पर बेचने को मजबूर था, मगर अब वह अपनी फसल को सुरक्षित करके मूल्य वृद्धि का इंतजार कर सकेगा और उसे अपनी फसल की सही कीमत उपलब्ध होगी।

इसके अलावा मुद्रा योजना को ₹600 करोड के बजट से कई छोटे मध्यम व्यापारियों को अपने व्यापार और रोजगार विकास में मदद मिलेगी। दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना के लिए 3800 करोड़ रुपए और सौभाग्य योजना के लिए ₹ 2750 करोड़ के बजट से आजादी के बाद अब तक अंधेरे में पडे घरों तक बिजली पहुंचाने के लिए एन.डी.ए. की सरकार का स्वप्न जल्द ही पूरा होगा।

मैं अपने लोकसभा की एक महत्वपूर्ण मांग की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं मेरे यहां से एक भी रेल सीधी दिल्ली के लिए नहीं है। अतः कोई एक ट्रेन झांसी से कानपुर होते हुए दिल्ली तक ट्रेन चलाने का कष्ट करें तथा एक नई रेल लाइन जो कि 1977 में जनता पार्टी की सरकार में मिट्टी का कार्य किया गया था मेरी मांग है कि उत्तर मध्य रेलवे झांसी डिवीजन के स्टेशन से जालौन, कुठौर होते हुए डिबीकापुर तक जोड़ने वाली नई रेल लाइन को इसी बजट में लाने की कृपा करें।

अंत में, मैं पुन: माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा प्रस्तावित गरीबों, आम आदमी के हितों और किसानों के विकास के बजट का समर्थन करता हूं और हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व वाली हमारी एनडीए सरकार को इस शानदार जनहितैषी बजट के लिए पुनः धन्यवाद देता हूं।

सादर।

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Hon. Chairman, Sir, thank you very much for giving me this opportunity to participate in the General Budget discussion.

Sir, while welcoming the proposals of the Budget, I would like to bring to the attention of the House that organic farming has been recognised in this Budget as a major thrust area for the Government. In this connection, I would also like to welcome the efforts of the Speaker's Research Initiative when a talk by experts including the hon. Governor from Himachal Pradesh presented in front of the hon. Members of Parliament pointed out the way in which organic farming can actually bring about doubling of income of farmers. My previous speaker, Shrimati Kavita ji spoke about how much actually goes into fertilizer and fertilizer production. If organic farming is taken up with all seriousness across the country, then the need for fertilizers will actually go down and the farmers income can be doubled.

In this respect we need to congratulate the Chief Minister of Sikkim, Shri Pawan Chamling, for having brought in rapid change in the mindsets of not only Sikkimese but all of India and the world at large to the question of how organic farming can be promoted. The State of Sikkim has been declared by the hon. Prime Minister of India on January 18, 2016 as the only organic State in the country. Truly, this is a remarkable feat because organic farming is not only good for farmers, but it is also good for our health and also for climate change.

Sir, I would now like to draw your attention to the Budget allocations on diary and livelihoods and also dovetailing it with MNREGA. I think, that is brilliant because that is the way forward. Dairy is a requirement, especially in mixed farming areas like in the mountains. I would also like to thank the Government for bringing in the change in the definition of bamboo. Bamboo now moves away from being a tree and now becomes a grass. Therefore, State level Missions will have to be established, I think, not at the Central level but these missions should be established at the State level, especially in the North-East because 70 per cent of all bamboo stock is held in the North-East of India. This can be a game-changer if we take the definition of bamboo which has been moved away and now it can be cultivated; it can be used and billions of dollars can be brought in through exports of bamboo products. This is again another area which will also help in the area of climate change because bamboo is known for sequestration of carbon.

Sir, I would like to make just two points and conclude my speech. One is on the infrastructure side and this is about the new greenfield airport in Gangtok which is already ready. We are waiting for it to be inaugurated. We hope that this will be done within March this year.

The other point is about the roads. Doklam has shown the under belly of our infrastructure in areas like Sikkim where the road is so small that even big guns cannot be taken upto Nathu La. I would seriously advocate and tell this House, and through you to the Government, that we need to make sure that these strategic roads are widened. Thank you, Sir.

*SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL): This budget being the last full budget of the NDA Government, and the fact that it is coming after the recent fiscal changes (Demonetization and GST), the people of this country had huge expectations from the Government, but the common man has once again been left wondering when the promised "Acche Din" will come.

I would like to say that the Union Budget presented by the Hon'ble Finance Minister is anti-poor, anti-farmer and anti-people budget. It has utterly failed to meet the expectation of 130 crore people of the country. GST was introduced as the cure all for many ailments and that country would see a revival of the economy. The promise of the fiscal reforms had raised the expectations of people for better days to come, but this budget was the biggest disappointment for everyone concerned.

The budget addresses a very important issue that affects almost all families-healthcare. The proposal to have National Health Protection Scheme (NHPS) to provide 20 crore and vulnerable families with insurance cover of up to Rs. 5 lakhs for secondary and tertiary care hospitalization is definitely a good thought. However, the budget clearly fails to show where the money will come from? Again, this is another ill-conceived scheme that will stand only on paper, just like the promise of smart cities, with no money available to implement such an ambitious plan.

Similarly, there is no clarity on how the NDA Government plans to give 50% return over production costs to farmers while fixing the minimum support

* Speech was laid on the Table

Prices (MSP). With regard to MSP and remunerative price, I would like to point out that there is no scientific and comprehensive mechanism put in place to fix Minimum Price and also no step is announced for providing remunerative prices to farmers. I would like to ask the Hon'ble finance Minister that in such a situation how the Government would achieve its object of doubling farmers income without ensuring remunerative prices of farm produce? How can it would be 'Achche Din' for our farmers.

The Economic Survey notes that successful economic and social transformation has happened only with the rise in agricultural productivity. As per the survey, in the last four years, the level of real agriculture GDP and real agriculture revenues have remained constant. Owing in part to weak monsoons. Farmers' incomes have largely remained the same over the last few years while input and production costs have increased substantially. With these statistics, the NDA Government's goal of doubling farmer incomes by 2022 seems a distant reality and another promise that will never see the light of day.

There has been much talk on crop insurance but too little has been received by the farmers who have lost their crops. Similarly farmers are demanding the waiver of all crop loans sanctioned by nationalized banks. However, the Union Government has not taken any step to waive the Farm loan availed by poor farmers from the Nationalized Banks. Also loan facilities for dry land farmers an SHG's is not made available. Due to this the rural

economy remains to stagnated and there is no confidence given to farmers and rural women.

Farmers also expected some big announcements for the agriculture sector. Thrust on improving irrigation infrastructure including inter-linking of rivers and enhancing water storage facilities. However no such steps are taken by the Government in the budget.

The "More Crop Per Drop" slogan remains just that-just another unfulfilled promise. The Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana which promised "Har Khet Ko Pani" has not lived up to its expectations. The implementation of this project is lagging far behind. Even though the State of Karnataka has submitted district wise action plan there has been virtually no action. There has been funds to implement the project, there are no special packages and regular grants have been diverted. Another promise, that remains unfulfilled for the farmers.

Housing for all by 2022 remains another far fetched idea. Under the Pradhan Mantri Awas Yojana (PMAY) beneficiaries are receiving Rs. 1,50,000. This is not enough to build a house. The State Government has to support the project which puts additional burden on the states. The Central Government should increase its share. Under the UPA Government beneficiaries received Rs. 3,50,000. I request the NDA Government to increase the beneficiary amount to Rs. 5-6 lakhs a part of which can be shared by the State Government.

Midday meal workers, ASHA and Anganwadi workers have been marginalized for a long time now. Their minimum wages should be Rs. 3000 per month along with the state's share. The parliament bill on the same must be implemented at the earliest to provide a better livelihood for these workers, most of whom are women.

Similarly, MGNREGA minimum wages has to be raised. The material component of the MGNREGA should be revised to meet the concerns of the famers. Also, Karnataka has not received the payment it is due for the man-hours worked. Daily wage workers are not happy as the budget does not address the concern of the true requirement. The budget should be provided for a minimum of Rs. 75,000 to 80,000 crores to cover all the potential minimum wages.

The previous budgets of the NDA had promised 3 AIIMS like institutions to be announced every year. However, nothing was announced in this regard in the current budget. Harohalli in my Parliamentary Constituency is an ideal place for an AIIMS like institution to be set up. I have requested the Hon. Prime Minister and Finance Minster for an AIIMS like institution and so had the Government of Karnataka. However no steps have been taken in this direction apart from announcing a few Medical colleges. I request the NDA Government to sanction an AIIMS like institution for Harhohalli in Karnataka.

In Karnataka, the Mahadayi water sharing with Goa is unresolved. The Prime Minster has to directly involve in this matter an resolve in this matter and

resolve the issue between the two states in order to ensure sufficient drinking water for the farmers of Karnataka.

The Byramangala lake in Ramanagaram District is also another burning issue. Just like the Bellandur lake in Bangalore, which has attracted much attention for all the wrong reasons, The Byramangala is in a similar state. Urgent fund is required to clean up this lake to prevent another Bellandur lake. I urge the Union Government to provide funds for the clean-up of Byramangala Lake.

In Anekal Taluk, which is part of my Parliamentary Constituency, there are several ROB/RUB that need to be construct. Anekal is growing fast and unless these long pending requests for railway ROB/RUB is met, there will be untold misery for the people living in these areas. Also, Kengeri-Kanakapura-Chamrajanagara railway line is progressing very slowly due to lack of funds. I request you to fasten the pace of the implementation of this project, by releasing funds as early as possible.

Overall, this budget has fallen far short of expectations of the common man. It fails to address the realities of the common man and ignores his requirements in order for him to enjoy "Acche Din".

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा): मैं माननीय मंत्री जी का ऐतिहासिक बजट लाने के लिए अभिनंदन करता हूं, स्वागत करता हूं। अभी जब मैं अपने संसदीय क्षेत्र में गया था, चार तारीख तक वहां रहा, इस बजट का स्वागत क्षेत्र के लोगों ने भी किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि विपक्ष के लोग यहां तो आलोचना करते हैं लेकिन जब हम सैंट्रल हॉल में बैठते हैं या बाहर मिलते हैं तो वे बजट की प्रशंसा करते हैं, यह हमारे लिए बहुत उपलब्धि की बात है। ... (व्यवधान)

यह बजट गांव और गरीब को समर्पित बजट है। इसमें किसान की आमदनी दुगनी करने के लिए लक्ष्य रखा गया है। उपज का समर्थन मूल्य डेढ़ गुना बढ़ाने के लिए खरीफ सीज़न से ही रखा गया है, निश्चित तौर से यह कदम स्वागत योग्य है। टमाटर, आलू एवं प्याज की कीमतें कम हो जाती थीं, स्थिर नहीं रहती थी, इसे समर्थन देने के लिए ऑपरेशन ग्रीन लाया गया है। पशुपालन के लिए 10,000 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इससे मेरे संसदीय क्षेत्र बुंदेलखंड में किसानों का लाभ होगा। अन्ना गांव के लिए विशेष चारा-पानी की व्यवस्था की जाएगी, ऐसी मुझे आशा है कि माननीय वित्त मंत्री जी इसकी व्यवस्था करेंगे।... (व्यवधान)

अब मैं सीधे बुंदेलखंड क्षेत्र की तरफ आता हूं। मैं बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज की मांग भी चल रही है, मेरी मांग है कि वहां विकास प्राधिकरण का गठन करके विशेष पैकेज दिया जाए।

श्री राजू शेट्टी (हातकणगले): माननीय सभापति जी, वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है, इससे पूरे देश के किसान बहुत परेशान हो रहे हैं। हमें बहुत आशा थी कि वित्त मंत्री जी देश के किसानों को लोन वेवर की स्कीम लाकर अच्छे दिन लाएंगे, थोड़ा एहसास दिलाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। यहां बहुत बड़ी बातें बार-बार हुई कि यह किसानों का बजट है, इसमें किसानों के लिए क्या है, यह अभी हमें पता चला है।

मैं वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को थोड़ा बढ़ावा देने की कोशिश की है,1400 करोड़ का आबंटन किया है, लेकिन अगर इस देश में 42 मेगा फूड पार्क बनाने हैं और उसके साथ दूसरी प्रक्रिया करनी है तो इसके लिए यह पैसा कम है।

16 59 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

इस तरह से एक राज्य के हिस्से में 100 करोड़ रुपए भी नहीं आएंगे। सिंचाई क्षेत्र के लिए 2600 करोड़ रुपए दिए हैं, इससे तो एक नहर भी नहीं बन पाएगी। आपने वायदे तो बहुत किए। आपने बम्बू मिशन को बढ़ावा दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। फार्म प्रोड्यूसर कंपनी को इनकम टैक्स में छूट दी है, इसके लिए भी मैं धन्यवाद देता हूं। पिछले तीन साल से नाबार्ड की तरफ से वेयरहाउसिस बने हैं, उसकी सब्सिडी बंद की है।

17 00 hrs

नाबार्ड का यह प्रोग्राम थम चुका है। अगर वित्त मंत्री जी कहते हैं कि हमारे देश में किसानों ने रिकार्ड उत्पादन किया है, तो उस उत्पादन को रखने के लिए हमारे पास पर्याप्त भंडारण क्षमता नहीं है। इसलिए वेयरहाउसेज और कोल्ड स्टोरेज को ज्यादा निधि आबंटित करने की आवश्यकता थी। लेकिन इन्होंने इस बारे में गंभीरता से नहीं सोचा।

सभापति महोदय, इन्होंने किसानों को A2+FL और 50 प्रतिशत मुनाफा देने की बात कही है, लेकिन इन्होंने इस साल रबी का एमएसपी 1735 डिक्लेयर किया है। अगर यह A2+FL और

50 प्रतिशत करते हैं, तो यह 1225 रुपए होता है। इसका मतलब है कि इससे पहले भी A2+FL और 50 प्रतिशत मिलता था। लेकिन यह गलत वायदा करके देश के किसानों को गुमराह करने की कोशिश की गयी है।

अध्यक्ष महोदया, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि इन्होंने एफसीआई के आबंटन में भी एक लाख करोड़ रुपए की कटौती की है। आज एफसीआई के एरियर्स तकरीबन 81 हजार करोड़ रूपए हो चुके हैं। इसका मतलब है कि एफसीआई के एरियर्स इतने ज्यादा हो गए हैं, तो वे बाद में किसानों का अनाज खरीदने में हिचकिचाएंगे या कोई न कोई कारण बताकर उसे टालने की कोशिश करेंगे।

अध्यक्ष महोदया, अगर हम बजट का टोटल चेहरा देखें, तो यह किसानों का चेहरा नहीं है। आपने ट्रेडर्स और उपभोक्ताओं के लिए बजट रखा है। हम पूरे देश के किसानों की तरफ से विनती करना चाहते हैं कि हमारे सिर पर जो कर्ज का बोझ है, उसे आप समाप्त कीजिए। आज 30-35 हजार रुपए के कर्जे के लिए किसान आत्महत्या कर रहा है। अगर उनकी आत्महत्या को रोकना है, तो आप राज्यों से विचार-विमर्श करके किसानों को कुछ विकल्प दे दीजिए। जब आप पूरे देश के किसानों' को कर्ज मुक्त करेंगे, तभी नया भारत बनेगा, तभी इस देश का किसान सुखी रहेगा। धन्यवाद।

***श्री विद्युत वरण महतो (जमशेदपुर):** हमारी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट 2018-19 औरतों, गरीबों, किसानों, युवाओं के विकास पर केंद्रित है और यह बजट प्रत्येक भारतीय के चहुँमुखी विकास के लिए समर्पित है।

ग्रामीण विकास के लिए इस बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। गांव में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 14.34 लाख करोड रुपए आवंटित किए गए हैं। डिजिटल इंडिया के लिए भी कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है और 5लाख गांव में ब्रॉडबैंड पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। हमारी सरकार ने 6 करोड़ शौचालयों का निर्माण करके महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है और अब सरकार ने अगले वित्तीय वर्ष में दो करोड़ और शौचालयों का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। स्वच्छ भारत अभियान की दिशा में यह एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। देश के 115 जिलों को मॉडल डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित कर इन जिलों को विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़े जिलों के समकक्ष लाने का कार्य किया जाएगा। प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के तहत 2022 तक हर घर में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से इस वर्ष 1.75 करोड़ घरों में बिजली पहुंचाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। गांव को ग्रामीण बाजारों और अच्छी सड़कों से जोड़ने का भी लक्ष्य रखा गया है।

रेलवे के लिए इस बजट में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ₹

20,000 करोड़ की वृद्धि करते हुए 1.48 लाख करोड रुपए का बजट रखा गया है। 3600 किलोमीटर पटरियों के नवीकरण और 4000 किलोमीटर के क्षेत्र में विद्युतीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मोदी सरकार के हर बजट की भांति आम बजट 2018-19 भी भारत के विकास को गति देने वाला बजट है। विकास को देश के गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी और मजदूरों तक पहुंचाने के लिए इस बजट में कई सारी चीजों को शामिल किया गया है। इस बजट में किसानों का

* Speech was laid on the Table

विशेष ध्यान रखा गया है। सरकार किसानों के विकास एवं उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन लागत से डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है जो किसानों की आय को 2022 तक दुगना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। पहली बार किसी सरकार ने फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य का डेढ़ गुना करने का साहस दिखाया है। आलू, प्याज और टमाटर का उत्पादन करने वाले किसानों की भलाई के लिए ₹500 करोड़ की लागत से 'ऑपरेशन ग्रीन' योजना की शुरुआत की गई है जो एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम है। इसके अतिरिक्त सरकार ने ग्रामीण हाटों के विकास के लिए लगभग दो हजार करोड़, फूड प्रोसेसिंग के लिए 14 सौ करोड़ और राष्ट्रीय बांस मिशन के लिए 1290 करोड़ रुपए आवंटित किया है। कृषि में संस्थागत कर्ज की राशि को बड़ा कर 11 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। उत्पादन के साथ-साथ कृषि प्रोसेसिंग से जुड़ी हुई कंपनियों के लिए टैक्स राहत की घोषणा एक ऐतिहासिक कदम है इससे कृषि के क्षेत्र में वृहद् रूप से देश में रोजगार का सृजन होगा। राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत सरकार द्वारा 1290 करोड़ रुपए आवंटित किए जाने से न केवल छोटे किसानों के लिए कृषि के नए विकल्प उपलब्ध होंगे बल्कि बांस उत्पादों के आयात में भी कमी आएगी। मत्स्य पालन के लिए अलग से दो योजनाओं की शुरुआत हुई है। इसके साथ-साथ पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था की गई है।

प्रधानमंत्री जी ने इस बजट के माध्यम से देश के सामने 'आयुष्मान भारत' का नया विचार रखा है। देश के हर व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा रहे इसको साकार करने के लिए सरकार ने देश के लगभग 10 करोड़ गरीब परिवारों के लिए ₹5 लाख की स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था की है जिससे देश के लगभग 50 करोड़ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य का फायदा पहुंचेगा। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित होने वाली है। 24 नए मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रावधान इस बजट में किए गए हैं। साथ ही सरकार ने लक्ष्य रखा है कि 2022 तक हर 3 संसदीय क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा जो कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है और यह इस बजट में देखने को भी मिलता है। 2022 तक हर आदिवासी क्षेत्र में एक एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल खोलने जाने का प्रावधान किया गया है । बड़ौदा में रेलवे यूनिवर्सिटी खोलने से रेलवे सेफ्टी के साथ साथ रेलवे सेक्टर में रोजगार का सृजन हो सकेगा । साथ ही स्कूलों में भी मॉडर्नाइजेशन को प्राथमिकता इस बजट में दी गई है ।

रेलवे के लिए इस बजट में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ₹ 20,000 करोड़ की वृद्धि करते हुए एक 1.48 लाख करोड़ रूपए का बजट रखा गया है । 3600 किलोमीटर पटरियों के नवीकरण और 4000 किलोमीटर के क्षेत्र में विद्युतीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए लगभग 6 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है साथ ही हजारों किलोमीटर नए राजमार्गों का भी निर्माण किया जाएगा । देश में हवाई अड्डों की वर्तमान संख्या 124 को लगभग 5 गुना बढ़ाया जाएगा और 'उड़ान' योजना के माध्यम से इसे देश के आम नागरिकों के साथ जोड़ने पर काम किया जाएगा । ग्राउंड वाटर इरीगेशन के लिए लगभग ₹2600 करोड़ अलग से निर्धारित किए गए हैं जो जल स्तर को ऊपर बनाए रखने में सहायक साबित होगा ।

स्माल एवं मीडियम स्केल इंडस्ट्री के डेवलपमेंट के लिए टैक्स में कई सारी रियायतें दी गई हैं जिससे रोजगार सृजन में काफी मदद मिलेगी साथ ही लघु एवं मध्यम उद्योगों का संरक्षण भी हो सकेगा । टेक्सटाइल सेक्टर वेलफेयर के लिए 7150 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं जो इस सेक्टर की परेशानी को दूर करने में सफल हो सकेगा ।

सरकार द्वारा मुद्रा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2018-19 में तीन लाख करोड़ रुपए आवंटित करने के लिए सरकार को धन्यवाद देता हूं, इससे रोजगार निर्माण में काफी सहायता मिल सकेगी और महिलाओं, ओबीसी, एससी, एसटी समुदाय के लोगों को इसका विशेष फायदा पहुंचेगा । एससी वेलफेयर के लिए 56619 करोड़ रुपए और ST वेलफेयर के लिए ₹39135 करोड़ अलग से बजट निर्धारित किए गए हैं इससे समाज के शोषित एवं वंचित लोगों के कल्याण के साथ-साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने में काफी मदद मिलेगी। सरकार ने पहले से ही राजकोषीय

घाटे को लगातार कम करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है और अब 2018 में फिस्कल डेफिसिट को 3.3 प्रतिशत तक सीमित रखने से अर्थव्यवस्था में और मजबूती आएगी। वेतन भोगी वर्ग के कल्याण के साथ साथ में रोजगारों के सृजन के लिए मोदी सरकार ने इपीएफ में मजदूरी का 12% योगदान करने का निर्णय लिया है, जो काफी सराहनीय है।

आम बजट 2018-19 भारत के विकास को देश के सभी नागरिकों तक पहुंचाने की दिशा की ओर बढ़ाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश की जनता के सामने रखे गए नवभारत के कंसेप्ट को धरा पर उतारने में बड़ी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। सरकार ने आज जो लोकाभिमुख बजट प्रस्तुत किया है यह आने वाले दिनों में भारत के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

धन्यवाद।

*SHRIMATI V. SATHYABAMA: India is most progressive and the largest democracy in the world. It has 29 States with a mammoth population of over 128 crores. But States like Tamil Nadu, Maharashtra, Gujarat, Punjab and Haryana are the most productive and income generating States. Tamil Nadu stands second in the country in income generation. In the GST regime the income generated from Tamil Nadu and other productive states are still increasing. Therefore for the effective and equity distribution of our countries financial resources, the Hon'ble Finance Minister has taken a surgeon's precision while distributing the funds to the various innovative projects to all the 29 States and UTs in the county. I congratulate the Government for this laudable effort.

The total revenue receipts amount to Rs. 24 Lakh Crores and the expenditure for 2018-19 estimated to be over Rs. 24.42 lakh crore. The total loan and other liabilities accounts to whopping Rs. 90 lakh crores by 2019. In this scenario it is great responsibility of the Union Government to provide adequate budgetary support to both Developed and under developed States. I request to the Government that while serving the under privileged States the productive states should not be deprived as in the case of Tamil Nadu. Though Tamil Nadu adds lion's share to the central exchequer, in return it gets mice level only. This needs to be addressed by the Union Government.

Tamil Nadu in the last 3 years has been devastated by two back to back calamities in December 2015 and 2016. We have not received requested

* Speech was laid on the Table

funds till date for the rehabilitation and restoration works. The same happened during last year when the State was reeling under great drought and requested the centre to provide drought relief fund. The Center never responded to any of the requests made by the Government of Tamil Nadu whether it is for the Athikadavu-Avinashi Scheme or for the Cauvery Canal Scheme. This needs a remedial measure form the center. Several genuine demands of the Tamil Nadu for the development of various sectors or projects or Railway proposals were unheeded by the centre so far. Therefore I urge the Union Government to provide Tamil Nadu its due share in proportion to its contribution to the central Exchequer.

I welcome the decision of the Government to bring out industry friendly defence production policy 2018 and the proposal of development of two defence industrial production corridors. Tamil Nadu should be given priority in defence production projects.

The target of Rs. 3 lakh crore for lending under PM MUDRA Yojana is welcome, but it should be disbursed for the real beneficiaries without any partiality or denial.

The allocation for Railways in 2018-19 is Rs. 1.48 lakh crore is not sufficient for the completion of many long pending projects and could escalate their total cost further. The redevelopment of 600 railway stations and renovation of over 3600 km railway track in current year is a good decision.

The Government's decision to divest 24 Public Sector Units and target of Rs. 80,000 crore for 2018-19 need introspection. The prestigious units like

Salem Steel Plant should not be disinvested at any point of time. The creation of 5 lakh WiFi spots for benefit of 5 crore rural citizens and the National program to direct efforts in Artificial Intelligence is welcome. The IT and ITES gap between cities and rural India need to be narrowed. The allocation of Rs. 2.04 lakh crore for Smart City mission is welcome. But needs more care and caution to monitor and check whether this huge amount is properly utilized in 99 cities selected under this mission.

As far as the Health Sector is concerned the Government has done what has been already done by the Government of Tamil Nadu in the last 6 years. The decision to start 24 new Government Medical College & Hospitals is welcome. The allocation for nutritional support to all TB patients should have been more than Rs. 600 crore. The National Health Protection Scheme to benefit 50 crore people and health cover of up to 5 lakh per family per year for poor & vulnerable is good.

The allocation of Rs. 10,000 crore for fishery development fund and animal husbandry fund, Kisan credit card to be extended to fisheries, animal husbandry farmers and Rs. 1290 crore for bamboo sector are really helpful.

As far as the demands of the people of my Tirupur Constituency, there is an urgent need to create a comprehensive special package for the Industries of Tirupur which include Textiles, Knit wear, Ready-made garments and dyeing industry. I urge the Government to allocate Rs. 10,000 crore for this Special Purpose Vehicle for the benefit of millions of people in this Kongu region.

The Union Government had announced the setting up of AIIMS in Tamil Nadu during the 2015 Budget. But even after 3 years, the Government has taken no decision on this. There are lots of demands from the people of this Kongu region in Tamil Nadu to establish AIIMS at Perundurai in Erode District. Therefore I urge the Government to announce immediately the setting up of AIIMS in Perundurai in Erode District.

Thank you

माननीय अध्यक्ष: श्री सुनील जाखड़।

आपकी मेडन स्पीच है, इसलिए आप थोड़े में और अच्छा बोलिए। मुझे आपको बोलना न पड़े कि अब आप समाप्त कीजिए।

श्री सुनील कुमार जाखड़ (गुरदासपुर): अध्यक्ष महोदया, अगर मैं कोई हटकर बात करूं, तो आप टोक दीजिए। आप बड़ी हैं, आपका प्यार है।

अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे इस अज़ीम, इस पवित्र सदन में बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।इसे बोलते हैं कि Sanctum sanctorum of democracy. यहां मुझे बोलने का मौका दिया और यहां मुझे लोगों ने चुनकर भेजा है। मुझे जहां गर्व का अहसास हो रहा है, वहीं पर मुझे अपनी जिम्मेदारी का भी अहसास है। लोगों ने मुझे इस सदन के माध्यम से जो जिम्मेदारियां दी हैं, उनकी आवाज यहां उठाकर मैं उन्हें पूरा करवाने के लिए प्रयास करूं। एक किसान का बेटा इस अज़ीम सदन में खड़ा होकर कह रहा है। आज बार-बार बात हो रही है कि यह बजट किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लिए लाया गया है, तो मैं इस पर भी बात करूंगा। लेकिन कहा जाता है कि " घर को सजाने का तसव्वुर है बहुत, पहले यह तो तय हो कि घर को बचाएं कैसे ?"

अध्यक्ष महोदया, बाबासाहेब अम्बेडकर ने कहा था कि Democracy without economic and social democracy is meaningless. जहां तक इकोनॉमिक डेमोक्रेसी का सवाल है, आज सबके सामने है कि जिस तरह से सबका साथ, सबका विकास के नारे लग रहे हैं, वहां वास्तविकता यह है कि सबका साथ और एक फीसदी का विकास।

पिछले तीन सालों के भीतर जितना भी विकास हुआ, वह सारा एक फीसदी लोगों के पास गया है, यह चिन्ता का विषय है। उससे भी बड़ी चिन्ता का विषय यह है कि सामाजिक ताने-बाने के ऊपर आज आघात हो रहा है। हमारे देश का सामाजिक ताना-बाना आज खतरे में है। मैं समझता

हूं कि इस सदन की जिम्मेदारी बनती है और उसमें सबसे नया होने के नाते, मैं यह समझता हूं कि मैं सिर्फ याद दिला सकता हूं। मैं यहां कोई भाषण देने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं। आज जब माननीय वित्त मंत्री जी भाषण दे रहे थे, उन्होंने ईज़ ऑफ लिविंग की बात की। Not just `ease of doing business' but `ease of living.' मैं याद दिलाना चाहता हूं उनको, आप ईज़ ऑफ लिविंग की बात कर रहे हैं, आप उन दलित परिवारों से पूछिए, ...(व्यवधान) राजकोट जिले में चार दलित बच्चों को जीप के पीछे बांधकर घसीटकर, मारने का प्रयास किया गया। मैं पूछना चाहता हूं कि उस पहलू खान का कुसूर क्या था? ...(व्यवधान) उन बातों को लेकर जब आज इस सदन के अंदर विश्वास नहीं होगा तो न यहां कोई नई इनवेस्टमेंट आएगी, न ही यहां सुरक्षा का माहौल बनेगा, चाहे आप कितना ही दावोस चले जाइए, चाहे आप कितने भी भाषण दे दीजिए।...(व्यवधान) कोई भी ऐसे असामाजिक माहौल में आकर निवेश करने को तैयार नहीं होगा, यह बात मैं इस सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं। ...(व्यवधान) आज यह एक बहुत बड़ा प्रयास हो रहा है, इतिहास दोबारा लिखे जाने का प्रयास हो रहा है। ...(व्यवधान) इससे मुझे चिन्ता नहीं है, क्योंकि इतिहास हमारे शहीदों ने, देशभक्तों ने अपने खून से लिखा हुआ है, अपनी कुर्बानियों से लिखा है, उसे कोई मिटा नहीं सकता है। आप नाम ओछे तरीके से लेकर, ...(व्यवधान) नेहरू साहब को, जिसे लोग नेहरू चाचा मानते हैं, आप नीचे नहीं कर सकते हैं। यह बात इस सदन को शोभा नहीं देती है कि कोई मंत्री यहां इस तरह से बोले, जिसको सारी दुनिया पूजती है, उसे गलत नाम से बुलाए। (व्यवधान) यह भी एक चिन्ता का विषय है। यह हमारा कुसूर मान लीजिए, आज यह कांग्रेस का कुसूर माना जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने बलिदान दिए हैं।...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि बलिदान के ऊपर कांग्रेस का कोई पेटेंट नहीं है और यह हमारा कुसूर नहीं है। आप इसे हमारी ताकत समझिए कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में बलिदान लिखा हुआ है। जिन लोगों ने बलिदान दिया, चाहे वह सरदार भगत सिंह थे, लाला लाजपत राय थे, चाहे चन्द्रशेखर आजाद थे, अशफाकुल्ला खान थे, उन्होंने किसी एक जाति या बिरादरी के लिए नहीं, देश के लिए बलिदान दिया। ...(व्यवधान) इतिहास के पन्नों में अपना नाम लिखवाने के लिए बलिदान नहीं दिया।

पंजाब के एक बहुत मशहूर कवि हैं। I would say the living legend, Shri Surjit Patar Ji and I am taking a liberty to quote few of his lines. उन्होंने कहा है :

"यह क्या कम है कि इस पेड़ को मेरे खून ने सींचा,
कोई बात नहीं कि इसके पत्तों पर मेरा नाम नहीं है।
ग़म तो यह है कि मेरे हत्यारे ने मेरा लहू गंगा में धोया,
और गंगा के पानी में कोहराम नहीं है।"

जो इस सदन के नेता हैं, जिन्हें वर्ष 2014 में देश ने इतना बड़ा बहुमत दिया, वह यह बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते हैं कि हमारे फलां मंत्री ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए हैं, इसलिए वह कह सकते हैं कि एक फलां जाति या फलां धर्म के लोग हिन्दुस्तान छोड़ दें। …(व्यवधान) आज यहां रविशंकर प्रसाद जी नहीं बैठे हैं, जब यहां तीन तलाक पर चर्चा हो रही थी, उन्होंने दो नाम लिए थे। इससे एक उम्मीद जगती है, मैं सही बात को सही कहूंगा। उन्होंने करीमुल्ला खान और इमरान खान के नाम लिये। उन्होंने कहा कि चेरापूंजी के करीमुल्ला खान ने मोटर साइकिल पर एम्बुलेंस चला रखी है। उनका उन्होंने नाम लिया। प्रधानमंत्री जी ने उनको फोन किया।

इमरान खान जो अलवर जिला से संबंध रखते हैं, उनको उन्होंने पद्मश्री देने की बात की, इस बात की हम सराहना करते हैं। परन्तु, अगर कहीं प्रधान मंत्री वहीं फोन उठा करके जिन्होंने इमरान खान को किया, वही फोन अगर पहलु खान के परिवार को कर देते, जिसका कसूर इतना था कि वह गरीब को ले कर जा रहा था, जिसका यहां पर कत्ल किया गया। राजस्थान से वित्त मंत्री मिनिस्टर ऑफ स्टेट यहां पर बैठे हैं। राज संबंध के अंदर जो कुछ हुआ, उसे शंभु लाल ने, जिसने तेल डाल कर जलाया, आज यह चिंता का विषय है और मैं समझता हूं कि यह हमारी जिम्मेवारी है।

बजट में जिस बात की चर्चा सबसे ज्यादा थी। बहुत से काबिल मंत्री यहां बैठे हैं, पर उन्हीं काबिल मंत्रियों में सबसे काबिल वित्त मंत्री जी यहां बैठे हैं। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, मैं दो-दो धन्यवाद ले कर आया हूं। एक धन्यवाद इस बात के लिए है कि यह उनका बड़प्पन था, this was very gracious of him. किसान का जो बेटा इस सदन में चुन कर आया है, उन्होंने मुझे पिछले सेशन में खाने पर न्योता दिया, इस बात के लिए मैं उनका आभारी हूं। मैं दूसरा धन्यवाद इसलिए देना चाहता हूं कि उन्होंने लागत के ऊपर 50 फीसदी फायदा देने की बात की है। इससे पहले कि मेरे साथी मेज थपथपाने लगें, सही बात के लिए मैं धन्यवाद भी दूंगा, आभार भी व्यक्त करूंगा और बधाई भी दूंगा, परन्तु माननीय वित्त मंत्री साहब नहीं बैठे हैं। उनके मुखारविंद से सुनना चाहता हूं, सभी साथियों ने एक के बाद एक बात की है, ए टू प्लस एफएल, सी टू, पूरी अल्फाबेट के बीच में कई आई टू किसान पूछ रहे हैं, मैं भी कहीं हूं, क्या ? आई टू भी कहीं है क्या ? Am I somewhere in the picture? माननीय वित्त मंत्री साहब अपने जवाब में यह बिल्कुल क्लीयर करें, when he concludes this debate. आप जो 50 फीसदी दे रहे हैं, क्या सी टू के ऊपर है, कॉम्प्रिहेंसिव के ऊपर है और अगर नहीं है, साहब किसान अनपढ़ हो सकता है, किसान भोला-भाला हो सकता है, परन्तु किसान बेवकूफ नहीं है।

वित्त मंत्री साहब से मेरा एक निवेदन है कि हमें कलम से मत मारिए, … * से सीखिए, गोली से मारिए। अगर किसान को मारना है तो गोली से मारिए।…(व्यवधान) किसान को मंदसौर के अंदर गोलियों से मारा गया।

HON. SPEAKER: Nobody's name will go on record.

…(व्यवधान)

* Not recorded.

श्री सुनील कुमार जाखड़ : मैं नाम विद्ड्रा कर लेता हूं। आप नाम विद्ड्रा कर लीजिए। …(व्यवधान) मंदसौर के अंदर किसान को गोलियों से मारा गया।

मैडम, किसान को गोलियों से मारा गया, हमें गोली मार दीजिए। कम से कम किसान के परिवार को कहीं न कहीं कोई मुआवजा मिल जाएगा। कहीं इस कलम से मार दिया। हमें यहां कह रहे हैं कि गिलास खाली है और हमें कह रहे हैं। मुझे इस बात का अफसोस है कि हमारे पंजाब के साथी यहां नहीं बैठे हैं। …(व्यवधान) मैडम यह मेरा मेडेन स्पीच है।…(व्यवधान) मुझे इस बात का अफसोस है कि हमारे अकाली साथी नहीं बैठे हैं।…(व्यवधान) मैं बादल साहब की बहुत इज्जत करता हूं। इस बात के लिए उनकी इज्जत करता हूं कि वह एक मात्र ऐसे मुख्य मंत्री रहे हैं, जिन्होंने अपने हाथ से खेती की है और इसीलिए दर्द भी होता है। जब यहां पर उनके साथी मेज थपथपा रहे थे।…(व्यवधान) गलत बात को सुनना और सुन कर हामी भर देना, इसके फायदे बहुत हैं, पर अच्छा नहीं लगता कि किस बात के लिए मेज थपथपा रहे हैं।…(व्यवधान) सबसे ज्यादा बात चुभती है, मैं आदरणीय वित्त मंत्री महोदय जी से पूछना चाहूंगा कि सारे भाषण के अंदर किसान के कर्जे की बात कहीं नहीं की गई। आज किसान मर रहा है, लेकिन आप वर्ष 2022 की बात कर रहे हैं। कौन जीता है तेरे जुल्फ होने तक, वर्ष 2022 तक किसान रहेगा तो उनका कर्ज माफ करेंगे, उनकी आमदनी दुगुनी करेंगे। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि the crux of the matter is the cost of cultivation. आप कौन-सी कॉस्ट मान रहे हैं। Madam, this is my maiden speech. I am seeking your protection. …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपका मेडेन स्पीच है तो दो-तीन अच्छे मुद्दे रखें। आलोचना के लिए जिंदगी भर समय है।

…(व्यवधान)

श्री सुनील कुमार जाखड़ : किसान में से आपको बू आने लग गई है। किसान में से बू नहीं आनी चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कोई बू नहीं आ रही है। आप बात करो।

...(व्यवधान)

श्री सुनील कुमार जाखड़ : महोदया, मैं किसान की बात कर रहा हूं। पंजाब में जब पराली को आग लगाई गई, तो धुआं फैल गया। पंजाब और हरियाणा को कोसा गया कि दिल्ली के लोगों का जीना दूभर कर दिया, क्योंकि किसान के खेत में जो पराली थी, उसे आग लगाई गई थी। यह धुआं तो सबको दिखाई दिया, लेकिन जो किसान आत्महत्या कर रहा है, उसकी चिता का धुआं किसी को महसूस नहीं हुआ। क्या किसानों की चिता का धुआं यहां नहीं पहुंचता है ? पिछले तीन सालों में 36 हजार आत्महत्याएं किसानों द्वारा की गई हैं। अगर औसत निकाल कर देखें तो 45 मिनट में एक मौत हुई है। जब तक माननीय प्रधान मंत्री जी की "मन की बात" का एक भाषण खत्म होता है, एक किसान आत्महत्या करता है। किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है, क्योंकि किसान को उसकी फसल की कीमत नहीं मिल रही है। यह आज की व्यथा नहीं है। साथी सदस्य कहेंगे कि आपके समय भी किसान आत्महत्या कर रहे थे। बिलकुल सही कह रहे हैं, कांग्रेस के समय में भी किसान आत्महत्या कर रहे थे। इसीलिए तो लोगों ने आपको स्थिति बदलने का मौका दिया है। किसान पिसता आ रहा है। किसान आज भी पिस रहा है। अलामा इकबाल ने लिखा है – "जिस खेत से देहकान को मय्यसर नहीं रोज़ी, उस खेत के हर गोशाए गंदम को जला दो।" जिस दिन आग लग गई, उस दिन यहां सिर्फ दिल्ली में ही नहीं, बल्कि पूरे हिंदुस्तान की नाक में धुआं चढ़ जाएगा। किसान की सुध लीजिए। माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि परचेजिंग एजेंसीज स्टेट से बात करेंगी। एफसीआई स्टेट से बात करेगी।

महोदया, मैं अपनी बात जल्द समाप्त करूंगा क्योंकि मुझे पता है कि वित्त मंत्री जी ने सदन में उत्तर देना है। Hon. Finance Minister, Sir, I seek your kind indulgence क्योंकि आपके ऊपर पंजाब का हक है। मैं अपना हक मानकर चलता हूं। आप बड़े दिल वाले हैं। आप इस बात को अनदेखा भी करेंगे, आपका बड़ा जिगरा है। आप वहां चुनाव के लिए आए। But your

winning or losing does not reflect on your competence or on your large-heartedness. A man is known by the company he keeps. जो साथी इन्हें लेकर गए थे, उनके पाप की सजा इन्हें मिली है। चिट्टा बेचने वालों की वजह से इन्हें भुगतना पड़ा।

महोदया, 11 मार्च, 2017 को हमारी विधान सभा का रिजल्ट आया। 10 मार्च को अकाली-बीजेपी सरकार 32 हजार करोड़ रुपये केंद्र सरकार को ट्रांसफर कर देती है। They had no right. This was a dispute between the FCI and the Government. That dispute was for one-third. There were some claims which were contested between the rates they were giving and the actual cost. But one-third or more than half of it was क्योंकि घपला हुआ था। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि हमारा वह 32 हजार करोड़ रुपया, जिसे अकाली-बीजेपी सरकार ने कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए आपके खाते में ट्रांसफर किया, वह सारा पैसा वापस किया जाए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री सुनील कुमार जाखड़ : महोदया, आप हमें आठ बजे तक बैठाइए, मैं पूरा भाषण सुन कर जाऊंगा। बटाला में हमारी इंडस्ट्री है। पहले वहां फ्रेट इक्विलाइजेशन सब्सिडी होती थी, वह विदड्रा कर ली गई। हम दूरदराज इलाके में बैठे हैं, जहां इंडस्ट्री मर रही है। आप रोजगार देने की बात कर रहे हैं, वहां रोजगार तभी मिलेगा, जब आप वहां लगी हुई इंडस्ट्री को बचाएं।

मैं गुरदासपुर से आता हूं। चाहे गुरदासपुर हो, चाहे पठानकोट जिला हो, अमृतसर जिला आदि हैं, ये बार्डर बैल्ट में हैं। हमारे यहां 70 हजार से ज्यादा एक्स सर्विस मैन हैं। हर घर में फौजी है। मैं एमपी बनने के बाद चार परिवारों में जा चुका हूं, जिनके जवान बार्डर पर शहीद हुए हैं। मैं वित्त मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूंगा कि जो डिफेंस के लिए आपने अपनी समर्थता के अनुसार एलोकेशन किया है, लेकिन लोगों ने आपकी सरकार पर विश्वास किया था और आपने कहा था कि

डॉ. मनमोहन सिंह पाकिस्तान को लव लैटर लिखते हैं, इसलिए पाकिस्तान रोज इनट्रूजन कर रहा है, घुसपैठ करवाता है।

मेरी एक ही विनती है। इस पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए इंदिरा जी ने दो पार्ट किए, बांग्लादेश सबूत है। आप लव लैटर लिखो, चाहे उनको चौड़ी छाती दिखाओ, चाहे नोटबंदी करके आपने घुसपैठ की हो, यह हुई या नहीं हुई। मैं यह चाहूंगा कि उन घरों में एक क्लियर मैसेज जाए। उन शहीदों और जो जवान लड़ रहे हैं, उनके हक इस सरकार में पूरी तरह सुरक्षित हैं। मैं आखिरी बात कहूंगा। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब आखिरी बात करनी है। आखिरी बात हो गई है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब एक शेर सुनाओ कि हो गया।

...(व्यवधान)

श्री सुनील कुमार जाखड़ : जवान के लिए आप ओआरओपी का क्रेडिट लेते हैं, पर जिनके घरों में शहीद की लाश आती है। एक सुझाव है, दुबे साहब एक सुझाव है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या हो रहा है? समय हो रहा है।

...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : मैडम, एक्सपंज करना पड़ेगा। रूल 352 ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वह नाम हो गया।

...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे: मैडम, उन्होंने जो ... * की बात की। यह स्टेटमेंट का पार्ट है। उसको एक्सपंज करना पड़ेगा।

दूसरा यह कि 353 में उन्होंने कहा कि ... * ने गोली चला दी। आप ये दोनों बातें नहीं कर सकते। ...(व्यवधान) इसीलिए ... * के बारे में जो रिफरेंस है, वह 352 और 353 में एक्सपंज करना चाहिए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ठीक है, एक्सपंज कर देंगे। it's ok.

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : राधा मोहन सिंह जी, अब क्या हो गया? मैं देख लूंगी।

...(व्यवधान)

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मुझे इस बजट में बोलने का अवसर दिया है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : राधा मोहन सिंह जी क्या हो गया ?

...(व्यवधान)

कृषि और किसान कल्याण मंत्री (श्री राधा मोहन सिंह) : मैडम, माननीय सदस्य समर्थन मूल्य की चर्चा कर रहे थे और इनके एक माननीय नेता जब राष्ट्रपति अभिभाषण पर बोल रहे थे तो वह भी बता रहे थे कि उड़द की दाल का समर्थन मूल्य इतना है, जो किसानों को नहीं मिल रहा है। यूपीए की सरकार रही हो, चाहे हमारी सरकार आयी हो, जिस फार्मूले के तहत 50 फीसदी मुनाफा, डेढ़ गुना देने की बात है। दलहन पर उनके समय था और हमारे समय थोड़ा और बढ़ा, लेकिन 50 फीसदी से ज्यादा है। जिस फार्मूले के आधार पर 10 जिन्सों का तय है, उसी फार्मूले के आधार पर

* Not recorded.

50 फीसदी से ज्यादा, डेढ़ गुना है, लेकिन वह किसान को नहीं मिल पाता है । ऐसा भाषण अधिकतर माननीय सदस्यों ने दिया है । कई ऐसी फसल हैं, जिनका डेढ़ गुना नहीं है। हमारी सरकार ने बहुत साफ-साफ कहा है कि जिसका है, ठीक है, जिसका नहीं भी है, खरीद के समय हम सबका डेढ़ गुना करेंगे। उसी फार्मूले के तहत, यह भी सुनिश्चित करेंगे किसान को कैसे उसका अंतर मिले। बहुत साफ बात है। कन्फ्यूजन में न रहें और लोगों को भ्रम में न डालें। लोग कहते हैं कि खजाने पर बोझ पड़ेगा, हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि खजाने पर बोझ जरूर पड़ेगा, लेकिन राज खजाने पर सबसे पहला अधिकार किसानों का है, इसलिए यह काम सरकार करेगी ।

***श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़):** महामहिम राष्ट्रपति जी ने संसद के दोनों सदनों में अपने अभिभाषण के माध्यम से भारत सरकार द्वारा दुनिया में गौरव, गरिमा और विकास की यात्रा के एक परिदृश्य को प्रस्तुत किया। मैं आज बजट प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

देश के आम जन के समर्थन से आज देश के माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के गांव, गरीब तथा किसान के जीवन में एक अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। विगत 4 वर्षों में देश का चाहे गरीब हो, किसान हो अथवा मजदूर हो एक आशा भरी निगाह से सरकार की तरफ देखने लगा है। पहली बार किसान, गरीब और मजदूर ने आशान्वित होकर नए भारत का स्वप्न संजोया है तथा यह बताते हुए मुझे अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है कि यह सरकार इस विकास के स्वप्न को पूर्ण करने की दिशा में लगातार दिन-रात नए आयाम स्थापित करती कर रही है।

आज हम विगत 70 वर्षों के कार्यकाल से इन साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल की तुलना करें तो हमें महसूस होता है कि पहली बार विकास की राह पर देश आगे बढ़ रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक संकल्प लिया है कि आने वाले 2022 तक देश के किसानों की आमदनी दोगुनी की जाएगी तथा इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु यह सरकार लगातार प्रयत्नशील है। पहली बार किसी बजट में 50 फ़ीसदी से ज्यादा पैसा किसानों के लिए आवंटित करने का प्रस्ताव है। मेरा संसदीय क्षेत्र जो कि कृषि पर आधारित क्षेत्र में पहले कभी भी फसल खराब होने का मुआवजा नहीं मिल पाया उतना विगत 3 वर्षों में मिला है। फसलें चाहे अतिवृष्टि से खराब हुई हो, अनावृष्टि से या ओलावृष्टि से हुई हो अथवा अन्य कारण रहे हो किसान को उसकी फसल का मुआवजा मिल पाया है। अकेले मेरे संसदीय क्षेत्र में 400 करोड़ से ज्यादा का मुआवजा किसानों को वितरित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को फसलों का बीमा किया जा रहा है जिससे किसान निश्चिंत होकर अपने घर चैन की नींद सो पा रहे हैं नहीं तो पहले किसान खेत में बीज डालने से लेकर फसल के भंडारण तक आसानी से सो नहीं पाता था। अन्नदाता किसान जो अपने

* Speech was laid on the Table

खून पसीने की मेहनत करके फसल उपजाता है लेकिन यह स्थिति बनी कि किसान के पास कृषि योग्य खेत तो है लेकिन फसल के लिए खेत में पानी की कोई व्यवस्था नहीं हो पाती थी । मैं धन्यवाद देना चाहता हूं प्रधान मंत्री महोदय जी का जिन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से हर खेत में पानी पहुंचाने का लक्ष्य दिया है। उसी श्रेणी में मेरे संसदीय क्षेत्र में भी अनेकों बांध का निर्माण किया जा रहा है तथा नहरों के सुदृढ़ीकरण करके हर एक खेत तक पानी पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है । किसानों के लिए हर बार खेत में आवश्यक खाद और कीटनाशकों की जानकारी नहीं होने के कारण सही तरीके के पोषक तत्व फसल को नहीं मिल पाते थे । उसी दिशा में माननीय प्रधानमंत्री जी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना को लागू किया जिससे किसान अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण करवा सकता है तथा आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी उस किसान तक पहुंच सकेगी तथा उत्पादन में वृद्धि निश्चित है। देश में अब तक किसानों को उर्वरक भी सही रूप में नहीं मिल पाता था । किसान के लिए बनाए गए उर्वरक तथा यूरिया को अब नीम कोटेड कर दिया गया है जिससे किसान को बहुत ही आसानी से बगैर किसी के प्रोटैक्शन में यूरिया मिल पा रहा है । वर्तमान में किसानों को उसकी फसल के लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है । पशुपालकों, मछली पालकों तथा कृषि से जुड़े व्यवसाय के लिए किसान क्रेडिट कार्ड अब जारी किए जाएंगे ।

महिलाओं को घरेलू धुंए से मुक्ति के लिए प्रधानमंत्री जी की पहल उज्ज्वला योजना को प्रारंभ किया गया । इसमें आठ करोड़ महिलाओं के परिवारों को निशुल्क गैस सिलेंडर दिए जाने का प्रावधान रखा है । जिसमें मेरे संसदीय क्षेत्र में भी दो लाख परिवारों को चयनित किया गया है ।

रेलवे के क्षेत्र में लोक लुभावन वादों की बजाय धरातल पर कार्य नजर आ रहा है उसी क्रम में लोगों को झूठे आश्वासनों से कुछ करने की जगह आधारभूत और संरचना के विकास पर कार्य किया गया है । मेरे संसदीय क्षेत्र में आजादी के बाद से रेल सेवाओं से वंचित आदिवासी क्षेत्र पहली बार इस सरकार के कार्यकाल में रेल सेवाओं से जुड़ने जा रहा है। साथ ही रेलवे का विद्युतीकरण तथा दोहरीकरण कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है साथ में कंटेनर डिपो जैसी सुविधा भी मिली है

जिससे औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी, साथ ही यदि राजस्थान के कश्मीर उदयपुर से दक्षिण भारत के लिए भी ट्रेनों को चलाया जाए तो क्षेत्र का पर्यटन मानचित्र पर और उभार होगा एवं पर्यटक स्थान एवं मेवाड़ के ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर से परिचित होकर उसके गौरवमयी इतिहास को जान सकेंगे।

इसी तरह सड़क एवं परिवहन के क्षेत्र में भी वर्तमान सरकार द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं जिसके परिणाम स्वरुप राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की गति दोगुनी हो चुकी है। मेरे क्षेत्र में भी अहमदाबाद-किशनगढ़ सिक्स लेन का कार्य प्रगति पर है जिससे माल परिवहन एवं आवागमन की सुविधा में तीव्र गति से वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही केंद्रीय सड़क निधि की सड़कों का कार्य भी प्रगति पर है। साथ में गांव तक सड़कों को पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बेहतर कार्य किये जा रहे हैं।

भारत नेट योजना के अंतर्गत देश की समस्त ग्राम पंचायतों को हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्शन के द्वारा इंटरनेट से जुड़कर ग्रामीणों विशेषकर ग्रामीण युवाओं को भी आधुनिक विश्व से एकाकार होने का अवसर मिलेगा और उन्हें स्वरोजगार एवं कौशल विकास के नये-नये अवसर प्राप्त होंगे।

माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि का परिणाम है कि सरकार 2022 तक देश के प्रत्येक नागरिक को छत देने का अति महत्वकांक्षी कार्य पूर्ण करने जा रही है जो देश के करोड़ों लोगों की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता की पूर्ति में मील का पत्थर साबित होगी।

आदिवासियों तक शिक्षा का लाभ पहुंचाने के लिए इस बजट में एकलव्य विद्यालय के रूप में नई योजना माननीय प्रधानमंत्री महोदय के निर्देशन में प्रारंभ की जा रही है जिससे आदिवासियों में भी शिक्षा का प्रसार करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में एकीकृत किया जा सकेगा।

आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री महोदय ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों में बिजली से वंचित क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने के लिए दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना तथा सौभाग्य योजना के तहत ग्राम तथा ढाणियों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिससे उन्हें भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगे। मेरे संसदीय क्षेत्र में भी अनेक गांव तथा ढाणियों को पहली बार विद्युतीकृत किया गया है तथा वन क्षेत्रों में सोलर ऊर्जा के माध्यम से घरों को रोशन किया गया है।

*__श्रीमती प्रियंका सिंह रावत (बाराबंकी):__ सर्वप्रथम देश की अर्थव्यस्था और आमजन मानस के लिए शानदार बजट समर्पित करने हेतु सहृदय धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ, वर्ष 2018-19 के लिए प्रस्तुत किया गया बजट सभी वर्गों की खुशहाली और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। सरकार द्वारा देश के अन्नदाता के हितार्थ सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य की लागत से डेढ़ गुना किये जाने, छोटे उद्यमियों के लिए टैक्स में 5 प्रतिशत की छूट, देश के गरीब 10 करोड़ परिवारों को 5 लाख रूपये की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कराने, किसान भाईयों की आय सुदृढ़ करने की दिशा में खेती के कर्ज पर 1 लाख करोड़ रूपए बढ़ोत्तरी कर 11 लाख करोड़ रूपये किये जाने, नौकरीपेशा व्यक्तियों में स्टैंडर्ड डिडक्शन में छूट तथा महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए महिला स्वयं सहायता समूहों को कर्ज देकर घरेलू कामकाजी महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किये जाने को लेकर 75000 करोड़ रूपये का बजट मंजूर किया जाना, सरकार की प्रतिभा और आम नागरिकों के प्रति सेवाभाव को दर्शाता है। केद्र सरकार द्वारा जारी रेल बजट में उत्तर प्रदेश राज्य को यूपीए की तुलना में 567 प्रतिशत अधिक करीब 1923 करोड़ रूपये आवंटित किया गया जिससे रेलयाड़ियों की मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के साथ रेलवे की विस्तारवादी नीति को गति प्रदान की जा सकेगी।

मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी की निम्न ज्वलंत समस्याओं का निराकरण किया जाना नितान्त आवश्यक है, मेरे द्वारा पूर्व प्रेषित पत्राचार के माध्यम से अग्रलिखित समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है, परन्तु अभी तक उन कार्यों को स्वीकृति नहीं प्राप्त हो सकी है। जो इस प्रकार हैं-

अण्डरपास का निर्माण - बाराबंकी में उत्तर रेलवे रेल लाइन एवं पूर्वोत्तर रेलवे के बीच में 50 हजार की आबादी है, रेलवे ओवर हेड ब्रिज बनने से दोनो रेलवे लाइनों के रेल फाटकों पर दीवार खड़ी कर दी गई है, जिससे स्थानीय आबादी का शहर से सीधा सम्पर्क कट चुका है, जो व्यापारिक दृष्टिकोण से भी हितकारी नहीं तथा लोगों को आवगमन हेतु खासी परेशानियों का सामना करना

* Speech was laid on the Table

पड़ता है। अतः क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निवारण हेतु अण्डरपास का निर्माण कराया जाना नितांत आवश्यक प्रतीत होता है । इस संदर्भ में मेरे द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी से व्यक्तिगत मुलाकात कर अण्डरपास हेतु अनुरोध किया जा चुका है।

अवैध कब्जो को हटाना - बाराबंकी में सपा के भूमाफियाओं एवं गुण्डों द्वारा गैरकानूनी रूप से हड़पी गई जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करवाना।

मेंथा ऑयल की कृषि - जनपद बाराबंकी में मेंथा ऑयल की खेती भारत में सबसे अधिक होती है और यहां का तेल ज्यादातर विदेशों को निर्यात किया जाता है । परन्तु मेंथा की उन्नत किस्म के अनुसंधान का कोई संस्थान नहीं है और न ही कोई निर्यात संवर्धन के लिए निर्यात संवर्धन समिति की कोई शाखा ही है, मेंथा ऑयल जो यहां के किसानों की मुख्य नगदी फसल है, इन्हें अपनी फसल की उपज का उचित का मूल्य नहीं मिल पाता है । मेंथा ऑयल की खेती फसल बीमा योजना के अंतर्गत आच्छादित नहीं है, जिसकी वजह से प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा नहीं मिल पाता। अतः जनपद में एक अनुसंधान संस्थान एवं निर्यात संवर्द्धन समिति की शाखा खोली जाए एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण की व्यवस्था की जाए तथा मैंथा ऑयल की कृषि को फसल बीमा योजना में शामिल किया जाए। मेंथा की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किये जाने संबंध में मेरे द्वारा माननीय कृषि मंत्री जी को 13.06.2014 को पत्र भेजा गया था।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहन - जनपद में केला, आलू, टमाटर, गन्ना मुख्य फसलें है। अतः प्रसंस्करण आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाए।

नवीन रेलमार्ग का निर्माण - बाराबंकी जंक्शन से देवां-फतेहपुर, सूरतगंज होते हुए जनपद बहराइच को रेल मार्ग से जोड़ना - संसदीय क्षेत्र 53, बाराबंकी में तहसील फतेहपुर तथा सूरतगंज कृषि प्रधान क्षेत्र है परन्तु बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण इस क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है । रेल मार्ग ने होने के कारण सामान्य जनता को जिला मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई का

सामना करना पड़ता है जिससे उद्योगों का विस्तार भी नहीं हो पा रहा है। **इस क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल भी है, 1. देवां शरीफ, 2. हेतमापुर** जहां काफी बड़ी संख्या मे दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं, यदि **बाराबंकी जंक्शन से देवां, फतेहपुर होते हुए सूरतगंज तक रेल मार्ग,** जैसा कि उपरोक्त वर्णित है, सर्वे कराकर रेलवे की मुख्य धारा से जोड़ दिया जाता है तो इस क्षेत्र का त्वरित गति स विकास हो सकेगा और नये-नये उद्योग भी विकसित होगें। इसके साथ ही जनपद बाराबंकी को रेलवे मार्ग के द्वारा जनपद बहराइच से जोड़ा जा सकेगा। इस मार्ग हेतु वर्ष 2011-12 में तत्कालीन केद्रीय रेल मंत्री ने सर्वे के लिए अपनी प्राथमिकता में **क्रम-56** पर अंकित कर रखा था। इस क्रम में मेरे द्वारा भी माननीय रेल मंत्री जी भारत सरकार को पत्राचार किया जा चुका है।

राजकीय महिला महाविद्यालय - संसदीय क्षेत्र बाराबंकी महिलाओं की उच्च शिक्षा व्यवस्था में अति पिछड़ा है, यहां उच्च शिक्षा हेतु कोई भी राजकीय महिला महाविद्यालय नहीं है। विवश होकर छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु लखनऊ अथवा अन्य जनपदों में प्रवेश लेना पड़ता है अथवा निजी महाविद्यालयों में शिक्षा हेतु छात्राओं के परिजनों को काफी बड़ी मात्रा में आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है, इस विसंगति के कारण एवं सुरक्षा को देखते हुए बालिकाओं को विवश होकर प्रायः बीच में ही अपनी शिक्षा छोड़नी पड़ जाती है। उच्च शिक्षण संस्थान खोले जाने की मांग को लेकर काफी समय से अनेको संगठनों के द्वारा जनपद में आंदोलन भी किये जाते रहे हैं, परन्तु आज तक इस समस्या का स्थायी निदान नहीं हो सका है। अतः जनपद मुख्यालय एवं विकास खंड फतेहपुर में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना किये जाने की आवश्यकता है।

देवां एवं फतेहपुर शहर के निकट बाईपास का निर्माण - बाराबंकी से फतेहपुर जाने के बीच देवां कस्बा पड़ता है, फतेहपुर शहर की आबादी बढ़ जाने से अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। यही समस्या फतेहपुर से बेलहरा जाने में होती है और अक्सर फतेहपुर में लम्बा जाम लगा रहता है अतः समस्याओं के निवारण हेतु बाईपास का निर्माण आवश्यक है।

घाघरा नदी पर सेतु निर्माण - सूरतगंज में हेतमापुर से पहरूवा घाट तक 2.3 किमी पुल का आवश्यकता है, इस पुल के निर्माण से जनपद बहराइच व जनपद सीतापुर की दूरी काफी कम हो जाएगी, जिससे इस क्षेत्र का विकास त्वरित गति से होगा।

घाघरा नदी पर बंधं के अंदर बसे ग्रामीणों को बाहर बसाने की व्यवस्था - घाघरा नदी के बंधे के अंदर बसे गांववासियों को प्रतिवर्ष बाढ़ की समस्या से जूझना पड़ता है, बाढ़ के वक्त ग्रामीण अपने परिवार सहित जानवरों को लाकर बंधे पर आश्रय लेते हैं। आंधी-पानी व बाढ़ की भयावह स्थिति में कई बार जानमाल का नुकसान हो चुका है। अतः ग्रामीणों की समस्याओं के निवारण हेतु इन्हें बंधे से बाहर बसाया जाना आवश्यक है।

*श्री बीरेद्र कुमार चौधरी (झंझारपुर): माननीय वित्त मंत्री जी अरूण जेटली जी ने जो बजट पेश किये है उसका मैं भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूँ। यह बजट देश के सभी वर्गों एवं सभी क्षेत्रों के लिए एक संतुलित बजट है। भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसानों की तंगी के हालात देखते हुए माननीय वित्त मंत्री जी ने कृषि पर बहुत ध्यान दिया है, माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के किसानों, गरीब वर्ग के लोगों और समाज के सभी तबकों के लोगों को संरचनत्मक बदलाव एवं अर्थव्यवस्था की उच्च दर के लाभ को उन तक पहुंचाने तथा देश के अल्प विकसित क्षेत्र के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम बनाए है जिससे समाज के अंतिम छोर के लोगों को लाभ मिलेगा।

माननीय वित्त मंत्री जी के को मैं कोटि-कोटि धन्यवाद देना चाहता हूँ कि 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य रखा है, वित्त मंत्री जी ने कहा की रबी की अधिकांश घोषित फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य, लागत से डेढ़ गुना तय किया गया है, किसानों की सहायता के लिए सरकार ने कृषि ऋण 2014-15 के 8.5 करोड़ रूपये से बढ़ाकर वर्ष 2017-18 में 10 लाख करोड़ कर दिया है जिससे किसानों को खेती करने में काफी सहूलियत होगी। 86 प्रतिशत छोटे एवं सीमांत किसानों के हितों की रक्षा के लिए 22000 ग्रामिण हाटों को ग्रामीण कृषि बाजार के रूप में विकसित करने का प्रावधान किया गया है।

गाँव और कृषि के क्षेत्र में लगभग साढ़े 14 लाख करोड़ रूपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, 51 लाख नये घर, 3 लाख किलोमीटर से ज्यादा सड़कें, लगभग 2 करोड़ शौचालय, लगभग 2 करोड़ घरों में बिजली का कनेक्शन, इसका सीधा लाभ दलितों, शोषितों, पीड़ितों एवं वंचितों को मिल रहा है।

मेरे यहाँ किसान खेती के साथ-साथ मछली पालन, मवेशी पालन, पोल्ट्री फार्म, मखाना एवं मधुमक्खी पालन से भी जुड़ा हुआ है। इन सभी कार्यों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा लोन की व्यवस्था की गयी है जो बहुत ही प्रभावी कदम है।

---

* Speech was laid on the Table

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से देश के सभी गावों मोहल्लों को जोड़ा जा रहा है जिससे विकास का प्रशस्त हुआ है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत करीब तीन करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन मिल चुका है और 5 करोड़ महिलाओं को देने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे मांओं, बहनों को कई रोगों से छुटकारा मिल गई है और उनके अच्छे दिन आ गये है, इस उज्ज्वला योजना से देश के दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अतिपिछड़ा लोगों को भी काफी लाभ मिला है।

स्वास्थ्य के मामले में माननीय मंत्री जी ने देश के सभी बड़ी पंचायतों में, लगभग डेढ़ लाख हेल्थ वेलनेस सेंटर की स्थापना करने का प्रशंसनीय कदम उठाया है। इससे गाँव में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ होगी।

देश भर में 24 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना से लोगों को इलाज में सुविधा तो होगी ही साथ ही युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई में भी आसानी होगी। देश की हर तीन संसदीय क्षेत्रों के बीच में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की गयी है। अंत मैं इस बजट का समर्थन करते हुए माननीय प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

*__श्री हरि मांझी (गया):__ मैं माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी को इस बजट के लिए बधाई देता हूँ। ये बजट न्यू इंडिया की नींव को सशक्त करने वाला बजट है। इस बजट में देश के एग्रीकल्चर से लेकर देश के इंफ्रास्ट्रक्चर तक, पूरा ध्यान दिया गया है। अगर बजट में गरीब और मध्यम वर्ग की चिंताओं को दूर करने वाली हेल्थ की योजनाएं हैं तो देश के छोटे उद्यमियों की वेल्थ बढ़ाने वाली योजनाएं भी हैं।

फूड प्रोसेसिंग से लेकर फाइबर ऑप्टिकल्स तक, सड़क से लेकर शिपिंग तक, युवा से लेकर सीनियर सिटिजन तक, ग्रामीण भारत से लेकर आयुमान भारत तक, डिजिटल इंडिया से लेकर स्टार्ट अप इंडिया तक, ये बजट, देश के सवा सौ करोड़ लोगों की आशा-अपेक्षाओं को मजबूत करने वाला बजट है। ये देश के विकास को गति देने वाला बजट है।

ये बजट farmer friendly, common man friendly, business environment friendly और साथ ही साथ Develpment friendly भी है। इसमें Ease of doing business के साथ ही Ease of living पर फोकस किया गया है। मध्यम वर्ग के लिए ज्यादा savings 21वीं सदी के भारत के लिए New Generation Infrastrcture और बेहतर health assurance यह सभी Ease of Living की दिशा में ठोस कदम है।

हमारे देश के किसानों ने खाद्यान्न और फल-सब्जियों का रिकॉर्ड उत्पादन करके देश के विकास में ऐतिहासिक योगदान दिया है। किसानों की स्थिति को और मजबूत करने और उनकी आय बढ़ाने की दिशा में इस बजट में कई कदम प्रस्तावित हैं। गांव और कृषि के क्षेत्र में लगभग साढ़े 14 लाख करोड़ रूपए का रिकॉर्ड आबंटन किया गया है।

51 लाख नए घर, 3 लाख किलोमिटर से ज्यादा की सड़कें, लगभग 2 करोड़ शौचालय, पौने दो करोड़ घरों में बिजली का कनेक्शन, इसका सीधा लाभ दलितों, पीडितों, शोषितों, वंचितों को मिलेगा। ये ऐसे कार्य हैं जो विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में अपने साथ रोजगार के नए मौके भी लेकर

* Speech was laid on the Table

आएंगे। किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुण मूल्य दिलवाने की घोषणा की मैं सराहना करता हूं। किसानों को इस फैसले का पूरा लाभ मिल सके, इसके लिए केंद्र सरकार, राज्यों के साथ चर्चा करके एक पुख्ता व्यवस्था विकसित करेगी।

सब्जी और फल पैदा करने वाले किसानों के लिए ऑपरेशन ग्रीन्स एक कारगर कदम साबित होगा। हमने देखा है, किस तरह दूध के क्षेत्र में अमूल ने दूध उत्पादक किसानों को उचित दाम दिलवाया। हमारे देश में उद्योग के विकास के लिए क्लस्टर बेस्ड अप्रोच से हम परिचित हैं। अब देश के अलग-अलग जिलों में कृषि से संबंधित वहां के उत्पादों को ध्यान में रखते हुए कृषि क्लस्टर अप्रोच के साथ काम कया जाएगा। देश के अलग-अलग जिलों में पैदा होने वाले कृषि उत्पादों को ध्यान में रखते हुए, उन जिलों की एक पहचान बनाकर, उस विशऐा कृषि उत्पाद के लिए स्टोरेज, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था विकिसत करने की योजना का मैं स्वागत करता हूँ। हमारे देश में कॉपरेटिव सोसायटी को इनकम टेक्स में छूट है। लेकिन 'फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन' - FPO जो इन्हीं की तरह काम करते हैं, उन्हें यह लाभ नहीं मिलता है। इसलिए किसानों की मदद के लिए बने इन 'फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन' - FPO को इनकम टैक्स में सहकारी समितियों की तरह ही छूट का निर्णय प्रशंसनीय है। महिला सेल्फ हेल्प ग्रुपों को इन 'फॉर्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन' की मदद के साथ ऑर्गेनिक, एरोमैटिक और हर्बल खेती के साथ जोड़ने की योजना भी किसानों की आय बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इसी तरह, गोबर-धन योजना, गांव को स्वच्छ रखने के साथ-साथ किसानों एवं पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगी। हमारे यहां किसान खेती के साथ-साथ उससे जुड़े और भी अलग-अलग व्यवसाय करते हैं। कोई मछली पालन, कोई पशुपालन, कोई पोल्ट्री, कोई मधुमक्खी पालन से जुड़ा है। ऐसे अतिरिव्त कामों के लिए बैंकों से कर्ज लेने में किसानों को कठिनाई होती रही है। किसान क्रेडिट कार्ड के द्वारा अब मछली पालन और पशुपालन के लिए भी लोन की व्यवस्था किया जाना, बहुत प्रभावी कदम है।

भारत के 700 से अधिक जिलों मं करीब-करीब 7 हजार ब्लॉक या प्रखंड हैं। इन ब्लॉक में लगभग 22 हजार ग्रामीण व्यापार केद्रों के इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, नवनिर्माण और गांवों से उनकी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर दिया गया है। आने वाले दिनों में ये केद्र, किसानों की आय बढ़ाने, रोजगार और कृषि आधारित ग्रामीण एवं कृषि अर्थव्यवस्था के नए ऊर्जा केद्र बनेंगे। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अब गांवों के ग्रामीण हाट, उच्च शिक्षा केद्र और अस्पतालों से जोड़ने का काम भी किया जाएगा। इस वजह से गांव के लोगों का जीवन और आसान होगा।

हमने Ease of Living की भावना का विस्तार उज्ज्वला योजना में भी देखा है। ये योजना देश की गरीब महिलाओं को न सिर्फ धुंए से मुव्ति दिला रही है बल्कि उनके सशक्तिकरण का भी बड़ा माध्यम बनी है। मुझे खुशी है कि इस योजना का विस्तार करते हुए अब इसके लक्ष्य को 5 करोड़ परिवार से बढ़ाकर 8 करोड़ कर दिया गया है। इस योजना का लाभ बड़े स्तर पर देश के दलित, आदिवासी एवं पिछड़ों को मिल रहा है।

अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास के लिए इस बजट में करीब-करीब एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हमेशा से निम्न मध्यम वर्ग और गरीब के जीवन की एक बड़ी चिंता रही है बीमारी का इलाज। बजट में प्रस्तुत की गई नई योजना 'आयुष्मान भारत' इन सभी वर्गों को इस बड़ी चिंता से मुव्त करेगी। इस योजना का लाभ देश के लगभग 10 करोड़ गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों को मिलेगा। यानि करीब-करीब 45 से 50 करोड़ लोग इसके दायरे में आएंगे। इन परिवारों को चिन्हित अस्पतालों में प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। सरकारी खर्चे पर शुरू की गई यह दुनिया की अब तक की सबसे बड़ी हेल्थ एश्योरेंस योजना है। देश की सभी बड़ी पंचायतों में, लगभग डेढ़ लाख हेल्थ वेलनेस सेंटर की स्थापना करने का कदम प्रशंसनीय है। इससे गांव में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं और सुलभ होंगी। देशभर में 24 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना से लोगों को इलाज में सुविधा तो

बढ़ेंगी ही, युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई में भी आसानी होगी। हमारा प्रयास है कि देश के हर तीन संसदीय क्षेत्रों के बीच में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज अवश्य हो।

इस बजट में सीनियर सिटिजन्स की अनेक चिंताओं को ध्यान में रखते हुए कई फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री व्यय वंदना योजना के तहत अब सीनियर सिटिजन 15 लाख रुपए तक की राशि पर कम से कम 8 प्रतिशत का ब्याज प्राप्त करेंगे। बैंकों और पोस्ट ऑफिस में जमा किए गए उनके धन पर 50 हजार तक के ब्याज पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। स्वास्थ्य बीमा के 50 हजार रुपए तक के प्रीमियम पर इनकम टैक्स से छूट मिलेगी। वैसे ही गंभीर बीमारियों के इलाज पर एक लाख रुपए तक के खर्च पर इनकम टैक्स से राहत दी गई है।

लंबे अरसे से हमारे देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग यानि MSME को बड़े-बड़े उद्योगों से भी ज्यादा दर पर टैक्स देना पड़ता रहा है। इस बजट में सरकार ने एक साहसपूर्ण कदम उठाते हुए सभी सूक्ष्म-लघु और मध्यम उद्योग यानि MSME के टैक्स रेट में 5 प्रतिशत की कटौती कर दी है। अब इन्हें 30 प्रतिशत की जगह 25 प्रतिशत टैक्स देना पड़ेगा। MSME उद्योगों को आवश्यक पूंजी मिले, आवश्यक वर्किंग कैपिटल मिले, इसके लिए बैंक एवं NBFC के द्वारा ऋण की व्यवस्था का और आसान कर दिया गया है। इस प्रकार Make In India के मिशन को भी ताकत मिलेगी। बड़े उद्योगों में NPA के कारण सूक्ष्म-लघु और मध्यम उद्योग तनाव महसूस कर रहे हैं। किसी और गुनाह की सजा छोटे उद्यमियों को नहीं मिलनी चाहिए। इसलिए सरकार बहुत जल्द MSME के सेक्टर में NPA और Stressed Account की मुश्किल को सुलझाने के लिए ठोस कदम की घोषणा करेगी।

रोजगार को प्रोत्साहन देने के लिए और employee को सोशल सिक्योरिटी देने की दिशा में सरकार ने एक दूरगामी सकारात्मक निर्णय लिया है। इससे informal से formal की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। अब सरकार नए श्रमिकों के EPF अकाउंट में तीन साल तक 12 प्रतिशत का योगदान खुद करेगी। इसके अलावा महिलाओं को

रोजगार के ज्यादा अवसर मिलें, और उनकी Take Home Salary बढ़े, इसके लए नई महिला कर्मचारयों का तीन वर्षों के लिए EPF में योगदान अब 12 प्रतिशत से कम करके 8 प्रतिशत किय जा रहा है। हालांकि इस अवधि में employer का योगदान 12 प्रतिशत ही रहेगा। कामकाजी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ये बहुत महत्वपूर्ण कदम है।

आधुनिक भारत के सपने को साकार करने के लिए, सामान्य लोगों की Ease of living को बढ़ाने के लिए और विकास को स्थायित्व देने के लिए भारत में Next Generation Infrastructure अत्यंत आवश्यक है। रेल - मेट्रो हाईवे - आईवे, पोर्ट- एयर पोर्ट, पावर ग्रिड- गैस ग्रिड, सागरमाला-भारतमाला, डिजिटल इंडिया से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर बजट में काफी बल दिया गया है। इनके लिए लगभग 6 लाख करोड़ रुपए की राशि का आबंटन किया गया है। ये पिछले वर्ष की तुलना में लगभग एक लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। इन योजनाओं से देश में रोजगार की अपार संभावनाएं बनेंगी।

वेतनभोगी, मध्यम वर्ग को दी गई टैक्स राहत के लिए भी मैं वित्त मंत्री जी का आभार व्यव्त करता हूँ। ये बजट हर भारतीय की आशाओं-आकांक्षाओ पर खरा उतरने वाला बजट है। इस बजट ने सुनिश्चित किया है- किसान को फसल की अच्छी कीमत, कल्याणकारी योजनाओं से गरीब के उत्थान को संबल, Tax paying citizen की ईमानदारी का सम्मान, Right tax structure से उद्यमियों की मेहनत को समर्थन, देश के लिए Senior Citizen के योगदान की वंदना।

मैं एक बार फिर माननीय वित्त मंत्री जी और उनकी टीम को Ease of living बढ़ाने वाले और न्यू इंडिया की नींव को मजबूत करने वाले, इस बजट के लिए हृदय से बधाई देता हूँ।

*SHRI B. N. CHANDRAPPA (CHITRDURGA): This budget disappointed the people of the country and failed to meet the expectation of them. Hon'ble Finance Minister raised the health and education cess, levied on all taxable income, to 4 per cent from current 3 per cent, and introduced a social welfare surcharge of 10 per cent to fund social welfare schemes. The budget has reintroduced the tax on long term capital gains of over Rs. 1 lakh made from the sale of shares.

People of the country did not expect such a disappointing budget by the NDA Government as it is full-fledged budget after the implementation of demonetization and the GST in the country. One of the aims of demonetization and the Goods and Services Tax (GST) was to increase the formalization of the economy and bring more Indians into the income tax net. It goes without saying that people desired for lower burden of the tax in the budget. So the budget has left the people disappointed.

As far the National Health Protection Scheme (NHPS), announced in the budget, to provide health cover up to Rs. 5 lakh per family for Fifty thousand poor and economically weak families. However, the allocation of Rs.2000 crore is inadequate to meet the objectives of the scheme. The allocation shows that there is nothing to celebrate as far as the health budget is concerned. There is upgradation of the district and taluk levels hospitals, other there is no use of it. So the Government must pay attention to fill up the vacancies of doctors,

* Speech was laid on the Table

nurses, para medical staff and upgrade the district and taluk level hospitals with state of the art equipments and laboratories.

Another point I would like to mention that the present NDA Government experienced a positive trends in terms of crude oil price as it has come down drastically and available about 50 to 60 dollar per barrel. It is a matter of great concern that the NDA Government has failed to meet the expectations of the people by not reducing the petrol and diesel prices.

I want to draw the attention of the Union Government that the fiscal target of 3.2 per cent could not meet for the year 2017-18. The hon'ble Finance Minister has revised Fiscal Deficit estimates for 2017-18 to 5.95 lakh crore at 3.5% of GDP and projected as Fiscal Deficit of 3.3% of GDP for the year 2018-19. This will have adverse impact on growth.

In the last four years the NDA Government unable to find solutions for the problems such as un remunerative farm incomes, unemployment, lack of social security nets. The Government has imposed variety of taxes to squeeze on the middle-class taxpayer.

The economic survey had clearly pointed out that real agricultural income and real agricultural wages were constant for four years. In such a situation the Hon'ble Finance Minister announced that he is fulfilling a promise made by his party in the election manifesto for the 2014 Lok Sabha elections-the promise of a minimum Suport price (MSP) that is 50% higher than farmers' cost of production.

I would like to state that the people of Karnataka voted for the congress party is always following the tenets of Equality and Social Justice. Several developmental and welfare measures are initiated with the objective of building a vibrant and a model State. The Congress Government has instilled confidence amongst all sections of society including the weaker sections, minorities, women and the aged. Karnataka Government has focused on People- centered development model and the person in the tail-end of the State should get food, health, education shelter and employment.

This Government has push crores of people into hardship as demonetization created chaos in the country like poor people including farmers, small traders, daily wagers, unorganized sector workers.

I would like to urge the Government to take stringent actions and to put an end to the repeated incidents of killings of poor and dalits in the name of cow vigilance and religious intolerance in the county. It is very unfortunate that the Government has failed to control its own cadres and Hindutva brigade who are disturbing the peace and harmony in our country.

*__श्री राहुल कस्वां (चुरू):__ बजट में कृषि से लेकर अवसंरचना तक सभी क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है। बजट के सभी अनुकूल है किसानों, दलितों को गरीब तबके को लाभ मिलेगा, इसमें ग्रामीण भारत की आवश्यकताओं पर ध्यान केद्रित किय गया है। सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों का जीवनयापन बेहतर करने और व्यापार को आसान बनाने पर ध्यान दे रही है। वित्तमंत्री जी ने 2018-19 के बजट में लोकलुभावन घोषणाओं की बजाय, किसानों गरीबों, महिलाओं की हालात सुधारने वाली सौगातों का ऐलान किया है। बजट की बड़ी बात यह रही कि 10 करोड़ परिवारों को पांच लाख का बीमा देने वाली दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने का ऐलान करना, इससे आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। किसानों को कर्ज देने का टारगेट 11 लाख करोड़ करने की घोषणा की गई है। कृषि सिंचाई योजनाओं के लिए 2600 करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। आगामी खरीफ फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य, मूल्य लागत से 50 फीसद ज्यादा दिलाने की घोषणा की गई है, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का भी सरकार ने दावा किया है, दो हजार करोड़ से 22 हजार ग्रामीण बाजारों का ढांचागत विकास करने, किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा, मत्सय पालन, पशुपालन आदि के लिए धनराशि प्रदान करने की वित्तमंत्री जी ने घोषणा की है। स्वामीनाथन समिति ने एक महत्वपूर्ण सिफारिश की है कि किसानों को लागत मूल्य का डेढ़ गुणा न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाए और इस बजट में ऐसी घोषणा कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। बजट में ग्रामीण भारत की आवश्यकताओं पर ध्यान केद्रित किया है। सड़क निर्माण में भारी प्रगति हुई है। रेलवे में सबसे ज्यादा जोर रेल सुरक्षा पर दिया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र ग्रामीणों के आज भी मानव सहित व मानव रहित समपार, आरयूबी के अभाव में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। 30 किलोमीटर तक रेल लाइन पर समपार नहीं होने के कारण सैंकड़ों वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र के कटानी रास्ते बन्द हो गये हैं, किसानों को मजबूरन अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना पड़ रहा है। इन रास्तों पर आरयूबी का निर्माण किया जाए। किसानों के लिए काफी कदम उठाने के बाद भी सरकार के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है कि

* Speech was laid on the Table

कृषि क्षेत्र में जो तनाव व्यापत है उसे कैसे कम किया जाए, बहुत सारी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू नहीं है, उन पर भी यह लागू किया जाए, किसानों के साथ अन्याय न हो, इसके लिए कोई तंत्र विकसित किया जाए। मेरे संसदीय क्षेत्र में इस बार जो मुंगफली की खरीद की गई है उसमें 25 क्विटंल की लिमिट तय की गई है इससे किसान का भारी नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री फसल बीमा बहुत अच्छी योजना है लेकिन इसकी पालना सही ढंग से नहीं होने के कारण किसानों को पूरा फायदा नहीं मिल रहा है। बीमा कम्पनियां मनमानी कर रही है।

*SHRIMATI POONAMBEN MAADAM (JAMNAGAR): I support for the Union Budget 2018-19. Before discussing this, it is important to focus on the macroeconomic strategy underlying the Budget 2018-19. It is my endeavour to constructively engage with the discussion and contribute to the development agenda of our Government. Last year India has emerged as a 'bright spot' in the economic forces. And this year GDP growth was steady at 6.3% in the second quarter of 2017-18; it has signalled turnaround of the economy and growth in the second half is likely to remain at 7.2% to 7.5%.

I would like to bring to the notice of the Government the policy paradigms of the present Government specifically with reference to the Union Budget, 2018-19 which will help India's growth story reach new heights in about 3 years. Out of the many crucial sectors; this year the Budget has focused on areas that were much neglected and needed to be focused on. Out of all those, I would like to talk about a few of them due to paucity of time.

The first pillar I would like to touch upon is the Health and Social Sector. I think for the first time ever in this country, a transformation in the health sector has been initiated. The Government has committed the largest government funded health care programme titled 'National Health Protection Scheme' to cover over 10 crore economically poor and vulnerable families (approximately 50 crore beneficiaries) providing coverage of up to 5 lakh rupees per family per year for secondary and tertiary care hospitalization.

---

* Speech was laid on the Table

Alongside, Rs. 1200 crore has been allocated for the National Health Policy, 2017, with which 1.5 lakh Health and Wellness Centres will bring health care system closer to the homes of people. The Government has also decided to allocate additional Rs. 600 crore to provide nutritional support to all TB patients at the rate of Rs. 500 per month for the duration of their treatment. Further, the Government will be setting up 24 new Government Medical Colleges and Hospitals by upgrading existing district hospitals in the country.

For decades, there have been a lot of criticism about the Indian healthcare but the previous Government did nothing to bring about reforms in the sector. Also, it is a fact that the sector is in such a dilapidated condition because of the negligence and indifference of the previous Government. This is the first time ever reforms have been commenced in the sector and I sincerely thank our Hon'ble FM, Shri Jaitley ji and our Hon'ble PM, Shri Narendra bhai Modi for ushering in the biggest healthcare reforms through this Budget and making this sector see the light of the day.

The present Government has not invested in suit and boot but has chosen to give a major focus on furthering the education and social sector. The 'babus' who actually belong to the culture of suit and boot should read this in the Budget. The Government has considered 'Revitalizing of Infrastructure and Systems in Education' by 2022 with a total investment of Rs. 1 lakh crore in next four years. Which Government in the past has ever thought of educational reforms? Education sector is the backbone of our country, the future of the

youth depends on this sector and the previous sectors have only contributed to degrading it. And it is a huge task to give this sector a fresh lease of life and I am thankful that this Government has taken up this challenge. Since education should reach everyone especially, the marginal sector of the society, the Government intends that by 2022, every block with more than 50 per cent schedule tribe population and at least 20,000 tribal people will have 'Ekalavya' schools, which will be at par with Navodaya Vidyalayas. Allocation of Rs. 56,619 crore for scheduled caste welfare and Rs.39,135 crore for scheduled tribe welfare.

Improving quality of education is of utmost importance and the Centre intends to work with states to provide the same. Also increasing the digital intensity in education and move gradually from blackboard to digital board is the journey ahead.

Senior Citizens have been prioritised in the Budget and it is such a kind move by the Government. They have contributed to our economy at some point and now they need our support, the Government's support. Realising this, exemption of interest income on deposits with banks and post offices are proposed to be increased from Rs. 10,000 to Rs. 50,000. TDS shall not be required to be deducted under section 194A.

Benefit will also be available for interest from all fixed deposit schemes and recurring deposit schemes. Hike in deduction limit for health insurance

premium and/or medical expenditure from Rs. 30,000 to Rs. 50,000 under section 80D.

And as a **Woman** I feel happy that the Government has always kept the interest of women a top priority. Here I take the liberty to highlight this priority across sectors. The Government has proposed to increase the target of providing free LPG connections to 8 crore economically poor women. Since, our Hon'ble PM comes from a humble background, he understands the pain of the poor mothers and daughters and he has been relentlessly trying to improve their conditions through these actions to the best of his capacity. Also for working women their EPF contributions will be brought down from 12 per cent to 8 per cent. The Government is actually trying to give more money into the hands of the women so that their savings are higher.

On the loans to Self Help Groups of women, the Finance Minister has increased to about Rupees 42,500 crore in 2016-17, growing 37% over previous year and expressed confidence that loans to SHGs will increase to Rs. 75,000 crore by March, 2019.

Further, 6 crore toilets have been constructed under Swachh Bharat Mission and the aim is to build 2 crore more toilets- this will also benefit a large number of women living in rural India and on the fringes.

'Housing for all.' यह बजट उन लोगों के लिए है जिनका बस इतना ही सपना है कि उनका एक छोटा सा अपना घर हो और उस घर में दोनों वक्त चूल्हा जले, जो आज़ादी के सत्तर बरस बाद भी नहीं हो पाया; वह हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने तीन बरस में करके दिखाया। हर

गरीब को एक सपना दिखाया और साथ ही यह हक़ दिया कि उन के पास भी अपना घर हो। To fulfil target of housing for all by 2022, more than one crore houses will be built by 2019. जब भी मैं 'Housing for all' की बात करती हूँ तो मुझे "घर नु घर" योजना याद आ जाती है... 2012 गुजरात इलेक्शन टाइम की बात है.. जब हमारे विपक्ष वालों ने गुजरात में आर्थिक रूप से कमज़ोर महिलाओं को सस्ते घर देने की घोषणा की थी। फॉर्म तो बहुत भरवाये गये और साथ ही साथ डिपोजिट कराये गये, लेकिन आज तक गुजरात में न तो वह डिपोजिट वापस दिया, और न ही किसी गरीब महिला को घर मिला। जनता भी इतनी जागरूक थी कि गुजरात में कांग्रेस की सरकार नहीं आई और वोटर्स भी उनके बहकावे में नहीं आए। उन्हें भी पता था कि Congress ruled states में उन्होंने किसी को घर नहीं दिया तो गुजरात में क्यों देंगे? देर आये पर दुरूस्त आये; 70 साल में न सही पर 3 साल में बजट के पन्नों में आखिर गरीब, किसान और मजदूर ने जगह बना ही ली।

Many a times we hear people calling the BJP supporting corporate interests. But this is the first time ever that any Finance Minister has decided to keep MSP for unannounced kharif crops atleast one and half times of their production cost after declaring the same for the majority of rabi crops. And just to remind the House, the volume of institutional credit for agriculture sector from year-to-year increased from Rs. 8.5 lakh crore in 2014-15 to Rs. 10 lakh crore in 2017-18 and is proposed to rise to a further Rs. 11 lakh crore for the year 2018-19. Fisheries and Aqua culture Infrastructure Development Fund has been prioritised with Rs. 10,000 crore for the two new funds. Never before the agriculture sector and rural economy was brought under the spotlight as much it has been done under the leadership of our Hon'ble PM.

On the lines of "Operation Flood" a new Scheme "Operation Greens" was announced with an outlay of Rs. 500 Crore to address the challenge of price volatility of perishable commodities like tomato, onion and potato with the satisfaction of both the farmers and consumers. Every year we have been debating the issue of price rise in Parliament since ages but no other Government ever considered addressing this issue. Development and upgradation of existing 22,000 rural haats into Gramin Agricultural Markets (GraMs) has been announced to take care of the interests of more than 86 % small and marginal farmers. These GraMs, electronically linked to e-NAM network and rest will be connected by this March. And in a remarkable move, the allocation of Ministry of Food Processing has been doubled from Rs. 715 crore in 2017-18 to Rs. 1400 crore in 2018-19.

Under Prime Minister Krishi Sinchai Yojana - Har Khet ko Pani, 96 deprived irrigation districts will be taken up with an allocation of Rs. 2600 crore. The Centre will work with the State Governments to facilitate farmers for installing solar water pumps to irrigate their fields. Realising India' agri-exports potential is as high as US $100 billion against current exports of US $30 billion; the Government has decided that export of agri-commodities will be liberalized. कृषि क्षेत्र जो कि पिछले सरकार के द्वारा पिछड़ गया था, बी.जे.पी. सरकार ने उसको नई रोशनी, नई उमंग दी है।

Bhartiya Janta Party is the only party which takes into the consideration the interest of all sections of the society. हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक नारा दिया

था, तब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे- "सानु साथ सानु विकास"...(गुजराती) आज भी उनका विश्वास और भारतीय जनता पार्टी का आधार वही है.. सबका साथ-सबका विकास और इसका परिणाम हम धीरे-धीरे भारत के एक-एक राज्य में देख रहे हैं.. गुजरात से लेकर हिमाचल प्रदेश तक ।

Developing infrastructure has been a non-negotiable for this Government. Considering this, an increase of budgetary allocation in infrastructure was Rs. 5.97 lakh crore in 2018-19 as against estimated expenditure of Rs. 4.94 lakh crore in 17-18. This will emphasize infrastructure growth of the economy which in turn will increase growth of GDP and connect the nation with a network of roads, airports, railways, ports and inland waterways. The Government has made an all-time high allocation to rail and road sectors and is committed to further enhance public investment. The Prime Minister personally reviews the targets and achievements in infrastructure sectors in a regular basis. Using online monitoring system of PRAGATI alone, projects worth 9. 46 lakh crore have been facilitated and fast tracked.

Around 6 lakh crore investment has been made in infrastructure which is about 45% increase than last year allocation. Under the Bharatmala Pariyojana, About 35,000 kms road construction in Phase-I at an estimated cost of Rs. 5.35 crore has been approved. Alongside, road, transport and highways major focus is given to develop other infrastructural platforms like Railways and Air Transport.

For Railways capex has been pegged at Rs. 1.48 lakh crore, up from Rs. 1.31 lakh crore last year. Redevelopment of 600 major railway stations has been taken up and a major focus will on safety, eliminating unmanned railway crossings, maintenance of railway tracks, and increase in use of technology and of safety devices has been prioritised. Work on Eastern and Western dedicated Freight Corridors is in full swing. Over 3600 kms of track renewal is targeted during the current fiscal.

The Budget proposes to expand the airport capacity more than five times to handle a billion trips a year under a new initiative- NABH Nirman and Rs. 60 cr has been announced to kickstart initiative UDAN (Ude Desh Ka Aam Naagrik) scheme will connect 56 unserved airports and 31 unserved helipad. The Government is striving hard to make this sector accessible to all sections of the society and for people who have dreamt of flying in an aircraft at some point in their life. This Government wants to fulfil the dreams and aspirations of the people and supporting the cause of people who have dared to dream, who have dared to do something differently, may it just be a small business.

The Budget also proposed to seek to provide relief to salaried tax payers by allowing a Standard Deduction of Rs. 40,000 in place of the present exemption allowed for transport allowance and reimbursement of miscellaneous medical expenses. However, transport allowance at enhanced rate is proposed to be continued for differently abled persons. Further, it is also proposed to continue medical reimbursement benefits in case of hospitalization

etc. for all employees even further in reducing their tax liabilities. It will also significantly benefit pensioners, who normally do not enjoy any allowance for transport and medical expenses. 2.5 crore salaried employees and pensioners would benefit from this proposal and the revenue cost would be approximately Rs. 8,000 crore.

Long term capital gains tax of 10 per cent on investments over Rs. 1 lakh. Short term capital tax remains at 15%. This has been done focusing on honest tax payers and transparency in payment of taxes. This would actually tax the corporate and the HNIs and the Hon'ble FM has been very categorical in declaring that the money generated through this will be invested for 'Swacch Bharat Mission.' I think this is a very welcome move where we are taxing the HNIs to generate revenue and invest it in building toilets for rural Indians and for people living on the fringes. And as the opposition says that the BJP led Government obliges corporate interest; I actually want to ask the opposition leaders how is taxing them more can oblige corporate interests? This money in turn will be invested to build a cleaner India; a dream of the Father of our Nation Mahatma Gandhi ji. The opposition claims that they are followers of Gandhi ji but they have only used him for marketing gimmicks. If someone is invested in building the India of our dreams, it is only this present Government who is fighting tooth and nail to deliver that India to our future generations.

Further, in fulfillment of the promise to reduce the corporate tax rate in a phased manner the Hon'ble FM has proposed to extend the reduced rate of 25

percent currently available for companies with turnover of less than 50 crore (in Financial year 2015-16), also to companies reporting turnover up to Rs. 250 crore in Financial Year 2016-17. This would benefit the entire class of micro, small and medium enterprises, which account for almost 99 percent of companies filing tax returns, he said. The estimated revenue forgone during Financial Year 2018-19 will be Rs. 7,000 crore. This lower corporate income tax rate would leave such companies with the higher investible surplus, which would create more jobs.

A sum of Rs. 3794 crore has been provided for giving credit support, capital and interest subsidy and for innovations to Medium, Small and Micro Enterprises (MSMEs). This will boost employment and economic growth. MUDRA Yojana launched in April, 2015 has led to sanction of Rs. 4.6 lakh crore in credit from 10.38 crore MUDRA loans. 76% of loan accounts are of women and more than 50% belong to SCs, STs and OBCs. It is proposed to set a target of Rs. 3 lakh core for lending under MUDRA for 2018-19 as against Rs. 6,000 Crore in 2016. This will give a platform to MSMEs to become more competitive against larger companies and will also enable these enterprises to generate employment. और मैं यह बताना चाहूंगी कि आज से पहले इन लोगों के बारे में सोचने के लिए कोई नहीं था । पिछली सरकार की पोलिसीस ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों को काफी फायदा दिया है लेकिन जो छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारी हैं, उनकी तरफ ध्यान भी नहीं दिया गया। इसलिए हमारे देश में छोटे इंडस्ट्रीज आज भी कमज़ोर है, ग्लोबल स्केल पे कम्पेटीटिव नहीं है.. आज जो कदम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ले रही है.. यही कदम सालों पहले लिया जाता तो आज छोटे से छोटे व्यापारियों के हाथ भी मजबूत होते।

Further, the Government recognizes that the young generation or MSMEs or education or healthcare systems cannot go any far without digital infrastructure. To address this NITI Aayog wie initiate a national programme to direct efforts in artificial intelligence.

The Budget doubled the allocation on Digital India programme to Rs 3073 crore in 2018-19. To further Broadband access in villages, the Government has proposed to set up five lakh Wi-Fi hotspots to provide net connectivity to five crore rural citizens. Also, another Rs, 10000 crore has been allocated for creation and augmentation of Telecom infrastructure.

The Government is on a constant endeavour to promote development agenda of the nation and also facilitate ease of doing business in the country. In a major push, to improve ease of doing business, India jumped up 30 notches into the top 100 rankings on the World Bank's 'ease of doing business' index. Thanks to major improvements the government for the first time brought in such reformist initiatives. Never before was any

Government concerned as much about national development and bring international business to the country.

Since, I am discussing the ease of doing business agenda, it is important to mention in this context that just 3 years back, the Road, transport and highways sector was a sick sector. There were hardly any takers for projects. Thanks to the policy paralysis and corruption of the previous Government no players intended to venture in infrastructure projects. However,

under the leadership of our Prime Minister, the sector is flourishing like never before.

सिर्फ "गरीबी हटाओ" के नारा लगाने से गरीबी नहीं हटती, गरीबी योजनाओं से हटती है.. जन-धन योजना से हटती है.. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुद्रा योजना, ग्राम सड़क योजनाओं की ज़रूरत थी, इस देश को, जो कि हमारे प्रधानमंत्री ने दिया है.. नीति-नीयत से बनती है, और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की नीयत और नीतियां गांव, गरीब और किसानों में बसती है।

As I conclude, I would like to congratulate our Hontile Finance Minister for this budget. However, I would like to seek some clarifications from the Minister with regard to the following. My first clarification would be nearly 84 million people - about 25% of India's rural workforce - need to move out of agriculture for it to be economically viable. The sector has high "disguised unemployment", which means that there are too many people trying to earn a living from agriculture. Although they seem employed, their employment is not productive, since production would not suffer if they stopped working. How does the government plan to address this problem?

On the health front, the government plans to launch a flagship scheme to cover more than 100 million poor and vulnerable families (approximately 500 million individual beneficiaries). The coverage extends up to 500,000 rupees per family per year for secondary and tertiary care hospitalization. My second question is how the government intends to pay for or implement such an ambitious scheme?

इसके साथ मैं अपनी बात यही खत्म करती हूँ और माननीय वित्त मंत्री और माननीय प्रधानमंत्री जी को हमारे देश को नयी बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए बधाई देना चाहती हूँ।

Thank You.

श्री रवीन्द्र कुमार राय: माननीय अध्यक्ष महोदया, एक संवेदनशील और गाँव, किसानों को और गरीबों के दिल को छूने वाला बजट इस बार आया है। मैं समझता हूं कि हिन्दुस्तान की आजादी के बाद भारत की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा देने का काम किया गया है। अध्यक्ष महोदया, दो दिन पूर्व माननीय प्रधान मंत्री जी का राष्ट्रपति अभिभाषण में संबोधन हो रहा है तो हमारे कांग्रेस के सभी भाई वेल में थे और उनके साथ-साथ कम्युनिस्ट मित्र भी उनके बीच में आ गए थे। मुझे यह याद आ रहा था कि जब वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हुई थी तो कांग्रेस को पता नहीं चला था कि कम्युनिस्ट मेरे कंधे पर बंदूक रखकर किसको गोली चला रहे हैं? लेकिन देश की आजादी के बाद वह इतिहास मुझे फिर से दिखाई दिया। शायद दोनों इस मामले में कन्फ्यूज्ड थे कि कम्युनिस्ट भाई कांग्रेस के कंधे पर गोली चला रहे हैं या कांग्रेसी कम्युनिस्ट के कंधे पर गोली चला रहे हैं।

मैं यह बात कहना चाहता हूँ कि लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को जिस प्रकार भंग करने का काम इस लोकतंत्र के मन्दिर में किया जा रहा है, अब आने वाले दिनों में इस बात को फिर से याद कराना पड़ेगा कि ये वही लोग हैं, जो लोकतान्त्रिक मर्यादाओं को नेस्तनाबूद करना चाहते हैं ।...(व्यवधान)

महोदया, गाँव में लोग राम कथा सुनाते हैं कि राम की तरह जीवन जियो तो शायद अच्छा जीवन जी सकोगे।...(व्यवधान) कुछ लोग जब उनकी तरह नहीं जीते हैं, तो बूढ़े-बुजुर्ग कहते हैं कि राम-राम बोलो उसी में जीवन पार हो जायेगा ।...(व्यवधान) पहली बार आदरणीय वित्त मंत्री जेटली साहब ने एक ऐसा बिल रखा, बजट रखा कि आज पूरा सदन, पूरा हिन्दुस्तान किसान-किसान-किसान-किसान बोल रहा है ।...(व्यवधान) मैं जोड़ रहा था कि इस बजट में 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष कृषि पर खर्च होने वाला है, अर्थात् कुल बजट का लगभग 23 से 24 परसेंट खर्चा कृषि क्षेत्र पर होने वाला है ।...(व्यवधान) आपने कभी ऐसा सोचा था कि कृषि को, किसानों को उनकी उपज का 1.5 गुणा मूल्य मिलेगा।...(व्यवधान) अवसर तो बहुत

मिले, लेकिन किसी ने दिया क्यों नहीं ? मैं आज यह कहना चाहता हूँ कि इस बजट के बाद किसान का जो नाम राजनीतिज्ञों की जुबान पर चढ़ा है, आने वाले इतिहास में, आने वाले भविष्य में अब किसानों को भुलाया नहीं जा सकेगा ।...(व्यवधान) इस बुनियाद को रखने का काम इस बजट में हमारे प्रधान मंत्री के नेतृत्व में हमारे जेटली जी ने किया है ।...(व्यवधान)

महोदया, आज मैं कल्पना नहीं कर सकता, मैं सुनता था कि विदेशों में कोई दवा के बिना नहीं मरता, वहाँ कोई बीमार आदमी अपने बारे में चिन्ता नहीं करता ।...(व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री बोल रहे थे, सचमुच कहूँ, मैं हृदय से अभिभूत हो गया। मैंने गाँव में देखा है, बूढ़े-बुजुर्ग अपने बेटे से कहते हैं कि बेटा मेरा इलाज कराने में दो लाख रुपये का खर्चा करोगे, उससे अच्छा है कि उसे रखो ।...(व्यवधान) मुझे आज नहीं तो, पन्द्रह दिन बाद या पाँच महीने बाद मरना है ।...(व्यवधान) ये दो लाख रुपये रखो, ये बेटी की शादी में काम आयेंगे।...(व्यवधान) यह दृश्य मैंने गाँव में देखा है।...(व्यवधान) मैंने कुई बुजुर्गों को ऐसा बोलते हुए सुना है कि बाबू अब यह गोयठे में घी क्यों सुखाए ।...(व्यवधान) मुझे मरने दो, आने वाले बाल-बच्चों के लिए पैसा बचाकर रखो, तुम्हारे काम आयेगा ।...(व्यवधान) वैसी संवेदनाओं पर जिस प्रकार का मरहम लगाने का काम आदरणीय मोदी जी ने, आदरणीय जेटली जी ने किया है, वह अद्भुत है ।...(व्यवधान) हमारा न्यायालय कहता है कि सौ दोषी छूट जायें तो छूट जायें, परन्तु एक निर्दोष को दण्डित नहीं होना चाहिए ।...(व्यवधान) यदि एक भी बीमार आदमी, एक भी गरीब आदमी हमारे बजट के कारण अपनी जिन्दगी की रक्षा करने में सफल होता है तो मैं समझता हूँ कि लोक कल्याणकारी राज्य की जो सरकार की जिम्मेदारी होती है, उसे पूरा करने में हम सफल होंगे ।...(व्यवधान) हमने पवित्र संविधान के प्रति जो शपथ ली है, उसे पूरा करने में हम सफल हो रहे हैं । गाँव का भारत, किसान का भारत, गरीब का भारत, बेरोजगारों का भारत यह सिर्फ आपके नारे में था, हमारे विरोधी दल की जो भी सरकारें चलीं, उसने उनके लिए योजना क्यों नहीं बनायी ? आप क्यों नहीं मुद्रा योजना लाये ?

महोदया, पिछले दिनों मैंने यहाँ प्रवासी झारखंडी समाज का एक सम्मेलन किया था। गाँव से हमारे बेरोजगार लड़के, अनपढ़ लड़के, पढ़े-लिखे लड़के मजदूरी करने के लिए दिल्ली आते हैं, बॉम्बे जाते हैं, सूरत जाते हैं, अहमदाबाद जाते हैं, कोलकाता जाते हैं। रहने के लिए, सिर छुपाने के लिए उनके पास कोई जगह नहीं होती है। उनके पास दस रुपया नहीं होता है, जिससे एक शाम खाकर वे मजदूरी कर सकें। आज वैसे लोगों के लिए मुद्रा योजना में जगह बने, मैं अपने वित्त मंत्री महोदय से इसका अनुरोध जरूर करना चाहता हूँ। आधार कार्ड के आधार पर पूरा हिन्दुस्तान एक हो रहा है। गाँव में निवास करने का जो हमारा स्थायी पता है, उसके आधार पर, हमारे आधार कार्ड के आधार पर उस मुद्रा योजना में गाँव से आये हुए विस्थापित, गाँव से आये हुए गरीब व्यक्ति को भी लोन मिल रहा है।

अध्यक्ष महोदया, मैंने देखा है कि एक नौजवान बैरा का काम करने के लिए मुम्बई गया और आज वह इतना बड़ा कैटरर बना कि 500 लोगों को नौकरी दे रहा है। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि आज एक नज़रिया बदला है।

अध्यक्ष महोदया, मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। मैं एक मिनट में सभी सुझाव दे दूंगा। एक तो यह कि सिंचाई योजना 'प्रधान मंत्री सिंचाई योजना' के रूप में बहुत प्रभावित हुआ है, लेकिन उसका एक ठोस स्वरूप देश भर में दिखाई दे, इसके लिए मैं अनुरोध करूंगा।

अध्यक्ष महोदया, मैं एक अनुरोध और करना चाहता हूं कि जीवन सुरक्षा बीमा और 'प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना' में थोड़ी और गति आए, इसके लिए राज्य सरकारों से बात करके जो पंचायत सेवक है, जो पंचायत समिति है, पंचायत के जो प्रतिनिधि हैं, उनको इसमें इंवॉल्व करने पर हमें विचार करना चाहिए।

महोदया, मैं एक अनुरोध करना चाहता हूं। हमारे राज्य झारखण्ड में एक रेलवे जोनल ऑफिस की जरूरत है, क्योंकि चार-चार रेल मंडलों से वह राज्य प्रशासित है। मेरा अनुरोध होगा कि झारखण्ड में एक रेल जोनल ऑफिस खोला जाए। मेरे क्षेत्र गिरीडीह से राँची तक, जिसमें लगभग आठ जिले प्रभावित होते हैं, उसके बीच एक ई.एम.यू. ट्रेन चलाने का मैं आग्रह करना चाहता हूं।

धन्यवाद।

*श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चम्पा): वर्ष 2018-19 का प्रस्तुत बजट माननीय वित्त मंत्री जी ने राजनीतिक लाभ-हानि पर विचार किए बिना - किसानों, गांवों, गरीबों एवं समाज के अन्य कमजोर तबकों को विकास की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया है। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के साथ, हर वर्ग के लोगों की आशाओं को मजबूती देने वाला भारत निर्माण की मजबूत आधारशिला वाला बजट है।

छत्तीसगढ़ राज्य घोर नक्सल प्रभावित है। यहां पुलिस आधुनिकीकरण योजना, पूर्वोत्तर राज्यों की तरह "ए" श्रेणी में रखने, पुलिस कर्मियों के आवास हेतु विशेष पैकेज, नक्सल उन्मूलन में तैनात केद्रीय बलों की तैनाती व्यय को केद्र सरकार 100 प्रतिशत वहन करने, घोर नक्सल प्रभावित 8 जिलों में राष्ट्रीय बैंकों की शाखाएं खोलने, रायपुर में इंटिग्रेटेड कार्गो टर्मिनल, अन्तर्देशीय परिवहन अनुदान की अनुमति कृषि आधारित उद्योगों के विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग की सबला योजना एवं एकीकृत राष्ट्रीय बागवानी मिशन को प्रदेश के सभी 27 जिलों में लागू करके बजट में प्रावधान किया जाए।

मेरे संसदीय क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा जो कि 80 प्रतिशत कृषि सिंचित क्षेत्र है, में बी.जी.आर.एफ. योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, शीतगार, खाद्य-प्रसंस्करण उद्योग स्थापना, अकलतरा सी.सी.आई. जो बंद कर दी गई है का पुनरूद्धार नए सिरे से करने, बजट में प्रस्तावित गुणवत्तायुव्त चिकित्सा शिक्षा जिसे जिला अस्पतालों को अपग्रेड करके प्रत्येक तीन संसदीय क्षेत्रों के लिए कम से कम एक चिकित्सा कॉलेज की स्थापना प्रस्तावित है, मेरे संसदीय क्षेत्र के जांजगीर-चाम्पा में स्थापित करने की मांग करती हूँ।

गोंडवाना एक्सप्रेस जो छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से निजामुद्दीन तक चलती है रायगढ़ से बिलासपुर के बीच केवल सव्ती व जांजगीर-नैला, जो कि जिला-मुख्यालय भी है, में ठहराव नहीं है तथा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए मात्र यही गाड़ी है अतः इसका परिचालन सक्ती व जांजगीर-

* Speech was laid on the Table

नैला में अप/डाउन ठहराव देते हुए रायगढ़ से विलासपुर तक सुपरफास्ट ट्रेन के रूप में चलाई जाए।

साउथ-बिहार एक्सप्रेस अप/डाउन का ठहराव जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में वाणिज्यिक दृष्टिकोण से उपयुक्त पाए जाने के बाद भी नहीं हो पाया है, शीघ्र इस ट्रेन का ठहराव जांजगीर-नैला में दी जाए।

अकलतरा, जांजगीर-नैला, चाम्पा, बाराद्वार व सव्ती स्टेशनों में मात्र एक-एक पैदल पुल है और वह भी काफी पुराना है। इन स्टेशनों में तीन रेल लाइनें कार्यरत हैं, चौथी निर्माणाधीन है, अधिकांश यात्रा गाड़ियां प्लेटफॉर्म नं. 02, 03 या 04 पर ठहरती हैं। अतः इन स्टेशनों में एक दूसरा पैदल पुल बनाया जाए। प्लेटफॉर्मों में शेड बोगियों की तुलना में नगण्य है, शेड विस्तार करने हेतु बजट में प्रावधान किए जाने की मांग करती हूँ।

*श्रीमती रमा देवी (शिवहर): जैसा कि हम सब जानते है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जहाँ पर 67 प्रतिशत लोग खेती बाडी के सहारे अपने परिवारों का लालन पालन कर रहे है। भारत में किसानों को आ रही समस्याओं का निदान करने के लिए आदरणीय श्री नरेद्र मोदी जी की अगुवाई में माननीय वित्त मंत्री जी ने कृषि अवसंरचना का दृढ़ करने हेतु 2018-19 का किसान हितैषी और ग्रामीण विकास वाला बजट पेश किया है इसके लिए मैं सरकार का आभार व्यव्त करती हूँ। यह प्रस्तुत बजट आर्थिक गतिविधियों, रोजगार तथा किसानों की आय बढ़ाने वाला बजट है जिसकी देश के लोगों को अपेक्षा थी। माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत 24,42,213 रुपये करोड़ का बजट देश के बुनियादी बदलाव एवं देश के विकास की राह को मजबूत करेगा और दूसरी और देश की वर्तमान समस्याओं के समाधान, विकास गुणवत्ता पूर्ण जीवन जीने के लिए रास्ता दिखाएगा। थोड़े शब्दों में, माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट भारत को एक नई दिशा में ले जाने वाला बजट है जिसको हिन्दी के शब्दों में समझने लायक हिन्दी मधुर बजट कहा जा सकता है।

हमारे देश में बड़ा तबका महंगे इलाज के कारण दम तोड़ रहा है, इलाज में लोगों को घर एवं जमीन बिक जाती है। इस बजट में केद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 10 हजार रुपये की मिलने वाली इलाज सुविधा को बदल कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना यानि आयुष्मान भारत की घोषणा की है जिसके तहत 50 करोड़ गरीब और कमजोर व्यक्ति यों को 5 लाख रुपये तक का इलाज दूसरे और तीसरे दर्जे के अस्पतालों में सरकारी खर्च पर मिलगा। देश में 10 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवार को इसका लाभ मिलेगा। देश में गरीब और कमजोर परिवार के लोगों को अपने इलाज पर लाखों रुपये खर्च करने पड़ते थे। बजट में टी बी जैसी फैलने वाली बीमारी में रोगियों को सहायता पहुँचाने के लिए प्रति माह 500 रुपये की सहायता, पौष्टिक आहार के लिए बजट में 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जिससे गरीब व्यक्ति को इस बीमारी के इलाज के दौरान पौएिटक आहार लेने में सुविधा हो और वे इस भंयकर बीमारी से बच सके आज से 20 साल पूर्व टी बी का रोगी मौत के मुँह से बच नहीं पाता था। देश में

* Speech was laid on the Table

पिछड़े एवं दूर दराज क्षेत्रें में कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है इस बजट में तीन संसदीय क्षेत्रों को कम से कम एक मेडिकल कॉलेज दिए जाने का प्रावधान किया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अंतर्गत तीन जिलों शिवहर, सीतामढ़ी एवं पश्चिम चम्पारण में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं है जिसके कारण लोगों को इलाज के लिए पटना या दिल्ली आना पड़ता है। स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूँगी कि मेरे शिवहर संसदीय क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा करे।

इस देश में शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है परन्तु अभी ऐसे कई क्षेत्र है जहां पर अन्य क्षेत्रों की तुलना में साक्षरता कम बढ़ी है क्योंकि यहाँ पर शिक्षा संस्थानों का अभाव है। मेरे संसदीय क्षेत्र में महिला साक्षरता अन्य क्षेत्रों से कम है जिस पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस बजट में सरकार ने एक लाख करोड़ की व्यवस्था की है और 13 लाख शिक्षकों को प्रशिक्षण दिये जाने का ऐलान किया है। शिक्षा गुणवत्ता, रिसर्च और बुनियादी ढांचे को मजबूती दिये जाने की बाते बजट में है। जिन क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से जनजाति वर्ग की आबादी है वहां पर आदिवासी बच्चों के होस्टल सहित एकल्वय स्कूल खोले जाएंगे और उनके शिक्षा वातावरण में अच्छा वातावरण स्थापित करने के लिए बुनियादी कदम उठाये जायेगे। सर्व शिक्षा अभियान के तहत गांव के बच्चों में स्कूल जाने की रुचि बढ़ी है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता का स्तर बढ़ाने में मदद मिली है इस सर्व शिक्षा अभियान को प्री नर्सरी से 12 कक्षा तक बढ़ाने का प्रस्ताव किया है जिसकी हर तरफ प्रशंसा की जा रही है।

मैं आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेद्र मोदी एवं श्री अरुण जेटली जी का धन्यवाद करती हूँ क्योंकि यह बजट महिलाओं में सशक्तिकरण बढ़ाने में काफी लाभदायक है साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के सम्मान को भी ध्यान में रखा गया है। अब तक 1 करोड़ 88 लाख देश में शौचालय बनाये गये है और 2 करोड़ शौचालय बनाये जाने की घोषणा की है इससे महिलाओं की जीवन शैली को बहुत अधिक लाभ पहुंचा है इसके लिए देश की महिलाएं माननीय प्रधानमंत्री जी के

प्रति आभार व्यक्त कर रही है। उज्ज्वला योजना के द्वारा 8 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन मुहैया करवाकर धुं से मुव्त कराने का काम इस सरकार ने किया है। महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बजट में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए गोबर धन योजना नाम से एक नये कार्यक्रम का प्रस्ताव किया है। इस बजट से महिलाओं पर सकरात्मक असर, बालिका शिक्षा और महिला समग्र स्वास्थ्य प्रभाव पर अनुकूल असर पड़ेगा। यह बजट किसानों के विकास, उनके जीवन, उनकी समस्याओं के निदान एवं उनकी आय बढ़ाने वाला बजट है। किसानों की फसल लागत से उपजी फसल को 50 प्रतिशत अधिक दिये जाने का ऐलान किया है। जिसमें किसानों की फसल लागत को पूरा करते हुए अलग से 50 प्रतिशत अतिरिव्त मूल्य दिये जाने के साथ उनको अपने उत्पादन को बेचने के आसान तरीके बनाये गये है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का डेढ़ गुणा किया गया है जिससे किसानों को अब दुगनी आय हो जाएगी। सरकार ने 2000 करोड़ का प्रावधान कृषि हॉटो के लिए एवं 22 हजार हॉटो को कृषि बाजार में तब्दील करने की योजना है जो किसानों के उनकी फसल का लाभकारी मूल्य दिलाने में सहायता प्रदान करेंगे। देश में कृषि विकास 2 प्रतिशत के लगभग है कृषि विकास के लिए 10 प्रतिशत कृषि ऋण को बढ़ाया गया है। देश में अच्छी कृषि नीति के चलते 275 मिलियन टन का खाद्यान्न उत्पादन और 300 मिलियन टन फल और सब्जी का रिकार्ड तोड़ उत्पादन हो रहा है। सरकार ने 500 करोड़ ऑपरेशन ग्रीन्स के लिए दिये है। देश में अभी भी कई हजार करोड़ का अनाज, सब्जी एवं फल बिना उपयोग के खराब हो रहे है सब्जी एवं फलों का समूचित उपयोग करने के लिए खाद्य प्रस्सकरण उद्योग मंत्रालय के लिए 1400 करोड़ रुपये दिये है एवं देश में 42 फूड पार्क बनाने का प्रस्ताव किया है। सरकार का लक्ष्य है कि कृषि उत्पादों का 100 अरब डालर का कृषि निर्यात किया जाये। इससे रोजगार बढ़ाने में सहायता मिलेगी। फसल ऋण सीमा को 10 लाख करोड़ से बढ़ाकर 11 लाख करोड़ किये जाने का प्रस्ताव किया है। सरकार ने योजना एवं प्रावधानों का संचालन अच्छे ढंग से किये जाने के संकेत दिये है जिससे सभी योजनाओं का पूरा-पूरा फायदा किसानों को मिल सके।

माननीय वित्तमंत्री जी ने किसानों, महिलाओं, एवं आदिवासी लोगों के साथ गरीब वर्ग के लिए बजट में कई प्रावधान किये है। 2020 तक सभी गरीब लोगों को घर दिये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है । प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना की शुरुआत का ऐलान किया है इस योजना के तहत 16000 करोड़ रुपये की लगात से 4 करोड़ परिवारों को बिजली पहुंचाने का प्रस्ताव किया है । स्वरोजगार एवं रोजगार के लिए 3 लाख करोड़ का आवंटन मुद्रा योजना के लिए किया है । सरकार ने बजट के माध्यम से यह भी वायदा किया है कि युवाओं को 70 लाख रोजगार दिया जाएगा । सरकार के निरन्तर प्रयास युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए किये जाएंगे ।

देश के विकास और परिवहन के क्षेत्र में रेलवे अभूतपूर्व भूमिका निभा रहा है । देश के पिछड़ेपन और देश के सन्तुलित विकास में रेल सराहनीय कार्य कर रहा है सरकार का प्रयास भी है कि पिछड़े क्षेत्रों में रेल लाईने बिछायी जाएं । मैं वित्त मंत्री और रेल मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर की जनता को रेलवे की सुविधा का कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है और रेलवे नेटवर्क से बाहर है। इस शिवहर जिले में एक भी रेलवे लाईन नहीं है। शिवहर जिले में सरकार लाईन बिछाने, रेल सुख प्रदान करने के कार्य को प्राथमिकता दे । देश में सभी नेरोगेज लाईनों को ब्राडगेज लाईनों में बदलने का निर्णय लिया गया है । देश में 3600 किलोमीटर लाईन बिछाने का प्रस्ताव है। 18000 किलोमीटर डबल लाईन बिछाई जाएगी। 4000 किलोमीटर लाईन के ट्रेक पर 3 या 4 लाईन बिछाने के लिए सरकार ने बजट के माध्यम से घोषणा की है इससे ज्यादा रेल चलाई जा सकती है और लोगों को आसानी से कन्फर्म टिकट मिल सकेगा। सरकार ने किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं की है । रेलवे के विस्तार कार्य में 1 करोड़ 48 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जाने का ऐलान किया है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित मोहनी मंडल रेलवे हॉल्ट को रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया जाये । इसके लिए तत्काल घोषणा की जाये । जनहित में रेल सेवा 15228 एवं 15227 को मुजफ्फरपुर से रक्सौल वाया सीतामढ़ी चलाया जाये । रक्सौल एवं सीतामढ़ी के बीच चलने वाली दो गाड़ियों में

से एक को इस तरह से चलाया जाये कि रेल सेवा 10 बजे से पूर्व सीतामढ़ी पहुंच सके। लोगों की भावना के देखते हुए बापूधाम मोतीहारी से दक्षिण भारत एवं मुम्बई के लिए नई रेल सेवा चलाई जाये। इस बजट का हार्दिक दिल से समर्थन करती हूँ।

*__श्री निहाल चन्द (गंगानगर):__ देश में एक समान कर प्रणाली वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) लागू करने के बाद ये एक नए भारत (न्यू इंडिया) का बजट है और इसके लिए मैं, आदरणीय प्रधानमंत्री जी व वित्त मंत्री महोदय को बधाई देता है। वर्ष 2018-19 का बजट सही मायनों में एक नए भारत, किसान, मजदूर, छोटे उद्यमियों, गरीब व दलित वर्ग के उत्थान का बजट है। गाँव, किसान, मजदूर, लघु व मध्यम उद्योगपतियों व पिछड़े तबके का विकास केद्र सरकार की प्रतिबद्धता रही है और समय-समय पर इनके विकास हेतु विभिन्न योजनाओं को आरंभ व नियोजित क्रियान्वयन कर सरकार ने ये सिद्ध भी किया है। आर्थिक सुधारों की दिशा में सरकार ने एक चुनौतीपूर्ण समय बिताया है और उसके सकारात्मक परिणाम देश के सामने है - देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है, भारत में व्यवसाय पहले से ज्यादा आसान हो गया है, भ्रष्टाचार पर नकेल कसी है, नई कर व्यवस्था से कर प्रणाली में पारदर्शिता आई है, बैंकिंग व्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर बैंक विकास की गति को बढ़ाया गया है। आगामी वर्ष के दौरान भारत की विकास दर 7.4 प्रतिशत होगी। देश आठ प्रतिशत से अधिक की उच्च विकास दर को प्राप्त करने के पथ पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2018 में विनिर्माण क्षेत्र में भी विकास तीव्रता के साथ आगे बढ़ते हुए आठ प्रतिशत से अधिक की उच्च दर से वृद्धि कर रहा है। निर्यात में 15 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान है।

- पिछले तीन वर्षों में इस देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर आने वाली है। देश में विकास की दर 7.2 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत होने जा रही है।
- भारत में व्यवसाय (Ease of Doing Business) करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है, इस मामले में भारत का विश्व में 42वां स्थान है।

* Speech was laid on the Table

- उज्ज्वला योजना के अंतर्गत देश के गरीब परिवारों (महिलाओं) को 4 करोड़ गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। सरकार ने देश में और 8 करोड़ अन्य परिवारों को इस योजना के तहत कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा है।
- देश के लगभग 4 करोड़ गरीब परिवारों के घरों को रोशन करने हेतु सरकार द्वारा निशुल्क बिजली कनेक्शन देने हेतु लगभग 16 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान है।
- 2016-17 के दौरान कृषि उत्पादन में 275 मिलियन टन अनाज और लगभग 300 मिलियन टन फलों व सब्जियों का ऐतिहासिक उत्पादन हुआ है, जोकि अब तक का सबसे अधिक है।
- सरकार ने तय किया है कि नीति आयोग सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर न्यूनतम समर्थन मूल्य (Minimum Support Price) पर एक साथ काम करेगा और जो किसानों और व्यापारियों के अंतर की भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी। सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन लागत से डेढ़ गुना करने का फैसला लिया है, जो किसानों के लिए ऐतिहासिक फैसला है।
- 42 मेगा फूड पार्क बनाये जाएंगे। कृषि क्षेत्र में संस्थागत कर्ज के लिए 2018-19 में 10 लाख करोड़ से बढ़ाकर 11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
- कृषि उत्पादन से जुड़ी कंपनियों को टैक्स में राहत प्रदान की गई है। पशुपालन व मछली पालन के लिए भी किसान क्रेडिट की व्यवस्था की गई है।
- ऑर्गेनिक खेती के लिए 200 करोड़ रुपये का अलग से प्रावधान है।
- नारी की गारिमा के लिए सरकार द्वारा देश में 6 करोड़ शौचालय बनाये गए है और अगले वित्त वर्ष में 2 करोड़ नए शौचालय बनाने का प्रावधान किया गया है।

- देश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लगभग 10 करोड़ से ज्यादा परिवारों को 5-5 लाख रुपये की राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा स्कीम से जोड़ा जाएगा, जिससे लगभग 50 करोड़ लोगों को लाभ होगा।
- 24 नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। हर तीन लोक सभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी।
- शिक्षकों की गुणवत्ता को सुधारने की दिशा में इनके लिए प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा व एकीकृत बी.एड. की शुरूआत की जाएगी।
- आयुष्मान भारत के तहत 2 योजनाओं हेल्थ वैलनेस सेक्टर स्कीम हेतु 1200 करोड़ रुपये व दूसरा बेहतर स्वास्थ्य हेतु 1.05 लाख स्वास्थ्य सेंटरों के स्थापना की जाएगी।
- वर्ष 2022 तक आदिवासी इलाकों में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल बनाये जाएंगे।
- प्री-नर्सरी से 12वीं तक शिक्षा में सुधार किया जायेगा। स्कूलों के मॉडर्न किया जाएगा, ब्लैकबोर्ड की जगह डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की जाएगी।
- बड़ोदरा में रेलवे यूनिवर्सिटी का गठन किया जाएगा। आईआईटी के तहत 18 प्लानिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर स्कूल खोले जाएंगे।
- रेलवे के लिए इस बार 1 लाख 48 हजार 528 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले बार 1 लाख 31 हजार करोड़ रुपये था।

बजट में संसदीय क्षेत्र हेतु सुझाव-

- भारत-पाक सीमा पर लगी कंटीली तार के पास भूमि का मुआवजा किसानों को सरकार दे क्योंकि वहां पर किसान खेती कर नहीं सकते।
- राजस्थान के हिस्से का पानी 06 एमएएफ राजस्थान को पंजाब से दिलवाया जाए।

- भाखड़ा व्यास मैनेजमेंट बोर्ड में राजस्थान का एक बार भी सदस्य नामित नहीं हुआ, सदस्य नामित किया जाए।
- पंजाब का गंदा पानी कैमिकल युव्त पानी जीएनपी नहर में आ रहा है जिससे हजारों लोग कैंसर से पीड़ित है उसके रोका जाए तथा श्रीगंगानगर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए।
- उड़ान (उड़े आम आदमी) योजना के अंतर्गत 56 अनारक्षित एअरपोर्ट और 31 अनारक्षित हेलीपेड्स को जोड़ा जायेगा।

देश को प्रत्येक क्षेत्र में विकास के पथ पर ले जाने के उद्देश्य से आवंटित इस बजट में देश के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। देश के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखना इस बजट का आधार है।

मेरे संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर (राजस्थान) के लिए 2018-19 के बजट में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के पूरे क्षेत्र को विद्युतीकरण से जोड़े जाने हेतु 116.17 करोड़ रुपए, हनुमानगढ़ - श्रीगंगानगर - सरुपसर -सूरतगढ़ रेलमार्ग हेतु 228.87 करोड़ रु. व सूरतगढ़ - लालगढ़ - फलौदी के 331 किमी. रेलखंड के विद्युतीकरण हेतु 288.09 करोड़ के आवंटन हेतु मैं, आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय, वित्त मंत्री श्रीमान अरुण जेटली जी व रेल मंत्री श्रीमान पीयुष गोयल जी को बहुत-बहुत धन्यवाद व उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

***श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):** मैं आम बजट 2018-19 पर हो रही चर्चा में अपनी बात रखना चाहता हूँ। इस ऐतिहासिक बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को समर्पित बजट पेश करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी का कोटिशः अभिनन्दन है। यह बजट नये भारत (New India) के निर्माण की नींव को सशक्त बनायेगा।

यह बजट **लोगों का जीवन सुखमय बनाने के लिए** न्यू इण्डिया का बजट है। सर्वेभवन्तु सुखिना सर्वे संतु निरामया सरकार का मार्गदर्शक सिद्धांत है। केवल स्वस्थ भारत ही समृद्ध भारत बन सकता है। आयुष्मान भारत के तहत लगभग 10 करोड़ परिवारों को पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। देश के 10 करोड़ गरीब एवं निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए सरकारी खर्च पर स्वास्थ्य देखरेख के लिए दुनिया की, अबतक की सबसे बड़ी हेल्थ एश्योरेंस योजना लागू की गई है। इस योजना का लाभ 50 करोड़ आबादी को मिलेगा। गरीब परिवारों की बीमारी के ईलाज के लिए 1.5 लाख स्वास्थ्य एवं आरोग्य केद्र खोले जायेंगे। इसके लिए बजट में "आयुष्मान भारत" योजना लाई गई हैं तथा 2000 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है। टीबी के ईलाज के लिए 600 करोड़ रुपयों की अतिरिक्त राशि आवंटित की गई हैं।

इस बजट में देश में उज्ज्वला योजना का विस्तार करते हुए लक्ष्य को 5 करोड़ परिवार से बढ़ाकर 8 करोड़ कर दिया गया है। इस योजना का लाभ झारखण्ड के पिछड़े जिलों सहित बड़े स्तर पर देश के दलित-पिछड़ों को मिल रहा है।

देश के हर गरीब के घर में रोशनी पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना की शुरूआत की गई हैं। इस योजना के तहत 16 हजार करोड़ रुपयों का आवंटन किया गया है। जिससे झारखण्ड के चतरा, लातेहार एवं पलामू सहित देश के 4 करोड़ गरीब घरों में बिना कोई शुल्क लिए बिजली कनेक्शन से जोड़ा जायेगा। स्वच्छ भारत योजना के तहत 2 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया जायेगा।

---

* Speech was laid on the Table

किसान हितैषी है न्यू इण्डिया का बजट ; बजट में किसान भाईयों को उनकी उत्पादन की लागत से कम-से-कम डेढ़ गुना दाम मिले यह सुनिश्चित किया गया है। सरकार इस संकल्प के प्रति संवेदनशील रही है। सरकार ने किसानों क लिए यह ऐतिहासिक घोषणा बजट में की है। आगामी खरीफ से सभी अधिघोषित फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन लागत के कम-से-कम डेढ़ गुना करने का फैसला लिया है। यह ऐतिहासिक निर्णय किसान भाईयों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। साथ ही किसानों की फसल खरीद में यदि बाजार में दाम MSP से कम होने पर सरकार द्वारा एम.एस.पी. पर खरीद की व्यवस्था की जायेगी। बजट में प्रावधान है कि देश के प्रत्येक जिले में कृषि उत्पादों को चिंहित कर क्लस्टर मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा। अब देश के अलग-अलग जिलों में कृषि से संबंधित वहाँ के उत्पादों को ध्यान में रखते हुए कृषि क्लस्टर अप्रोच के साथ काम किया जायेगा। देश के अलग-अलग जिलों में पैदा होने वाले कृषि उत्पादों को ध्यान में रखते हुए उन जिलों की एक पहचान बनाकर उस विशेष कृषि उत्पाद के लिए स्टोरेज, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था विकसित करने की योजना बनाई गई है। इसका लाभ अब तक कृषि के क्षेत्र में पिछड़े जिलों को मिलेगा। टमाटर, प्याज और आलू जैसी सब्जियों के लिए "ऑपरेशन ग्रीन्स" योजना शुरू की जायेगी। ऑपरेशन ग्रीन्स किसान उत्पादक संगठनों, कृषि संभारतंत्र, प्रसंस्करण सुविधाओं तथा व्यावसायिक प्रबंधन को प्रोत्साहित करेगा। इसके लिए 500 करोड़ रुपये बजट में दिये गये हैं। जिसका झारखण्ड के किसानों को लाभ मिलेगा। 22000 ग्रामीण कृषि बाजारों तथा 585 एपीएमसी में कृषि बाजार अवसंरचना के विकास तथा उन्नयन के लिए 2000 करोड़ रुपये की स्थायी निधि के साथ एक कृषि बाजार अवसंरचना कोष की स्थापना की जाएगी। बजट में कृषि क्षेत्र के संस्थागत ऋण की राशि में बढ़ोतरी करते हुए 11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जानवरों के गोबर और ठोस अपशिष्ट को कम्पोस्ट, उर्वरक, बायो गैस और बायो सीएनजी के रूप में बदलने के लिए "गोबर-धन" नामक योजना शुरू की जायेगी।

बांस "हरित सोना" है। वन क्षेत्र से बाहर उगे बांस को पेड़ों की परिभाषा से अलग कर दिया है। बांस क्षेत्र को एक सम्पूर्ण रूप में बढ़ावा देने के लिए 1290 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन शुरू किया जाएगा। इसका लाभ झारखण्ड राज्य के बांस की खेती वाले क्षेत्रों क्रमशः चतरा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम इत्यादि को होगा। मत्सय क्रांति अवसंरचना विकास कोष एवं पशुपालन हेतु आधारभूत सुविधा विकास कोष के लिए बजट में 10000 करोड़ रुपये दिये गये हैं। सरकार भू-स्वामियों के अधिकारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना पट्टाधारी किसानों को ऋण सुलभ कराने के लिए उपयुक्त तंत्र बनायेगी। बटाईदार किसानों के लिए बैंक से कर्ज दिलाने की घोषणा अत्यन्त महत्वपूर्ण है। बटाईदार किसानों की अपनी जमीन नहीं होने कारण बैंक अभी तक उन्हें कर्ज नहीं देते थे। इसमें बदलाव आने से निश्चित रूप से सम्पूर्ण कृषि क्षेत्र होने का परिदृश्य बदल जायेगा। भू-जल सिंचाई स्कीम, सिंचाई से वंचित 96 जिलों में शुरू की जायेगी। इसके लिए 2600 करोड़ रुपये आवंटित किय गये हैं। इसका लाभ झारखण्ड के असिंचित जिलों को मिलेगा। इस प्रकार ग्रामीण विकास एवं कृषि के लिए 14.34 लाख करोड़ रुपये का रिकार्ड आवंटन किया गया है। साथ ही कृषि के लिए संस्थागत ऋण को बढ़ाकर 11 लाख करोड़ किया गया है।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि झारखण्ड राज्य के चतरा, लातेहा, पलामू और गढ़वा जिले में दाल की खेती को विशेष प्रोत्साहन देने की दृष्टि से निर्णायक कदम उठाया जाये। साथ ही इस क्षेत्र में लाह की खेती बहुत बड़े पैमाने पर होती रहीं है। परन्तु सरकारी उदासीनता एवं वन विभाग के मनमाने निर्णयों के कारण इसकी स्थिति मरणासन्न है। मेरा आग्रह है कि गरीब, शोषित, पीड़ित, दलित, आदिवासी और पिछड़े किसानों के हित में लाह की खेती सहित वन उत्पादों पर विशेष ध्यान दिया जाये। यह पूरा क्षेत्र फल एवं सब्जी, दुग्ध उत्पादन, मत्सय उत्पादन, पोल्ट्री और मधुमक्खी पालन इत्यादि के दृष्टि से काफी संभावनाओं भरा हो सकता है। इसको पुनर्जीवित करने की दिशा में अविलम्ब निर्णय लेने की आवश्यकता है।

नए अवसरों के लिए है न्यू इण्डिया का बजट ; यह बजट हमारे युवाओं को रोजगार की दृष्टि से जहां हुनरमंद बनाने में सफल होगी वहीं रोजगार सृजन के लिए अनेकों बजटीय प्रावधान किये गये हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 3 लाख करोड़ रुपये की राशि लोन के तौर पर देने का लक्ष्य रखा गया है। मुद्रा योजना से देश में स्वरोजगार के नये अवसर उत्पन होगें। भारत का युवा स्वरोजगार के तहत अपने साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर प्रदान करने में सक्षम होगा। सरकार अगले तीन वर्षों तक सभी सेक्टर के नये कर्मचारियों के ईपीएफ में उनके वेतन का 12 प्रतिशत का योगदान करेगी। सरकार के इस प्रावधान से रोजगार के सृजन में तीव्र वृद्धि होगी। साथ ही 250 करोड़ के टर्न ऑवर वाले छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए टैक्स दर घटाकर 25 प्रतिशत की गई है। सरकार एनपीए और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) के स्ट्रेस्ड अकाउंट्स की समस्या से निपटने के लिए विभिन्न कदमों की घोषणा करेगी। सरकार का यह निर्णय भी युवाओं को रोज़गार के नए अवसर उपलब्ध कराने में कारगर होगा। सरकार ने बजट 2018 के माध्यम से 70 लाख लोगों को रोजगार देने का ऐलान किया है। 1000 बीटेक छात्रों को आईआईटी और आईआईएससी में पीएचडी करने को अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फैलोशिप योजना की घोषणा की गई है।

देशभर में 24 नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से लोगों के इलाज में जहां सुविधा बढ़ेगी वहीं युवाओं को मेडिकल की पढ़ाई में भी आसानी होगी। हर तीन संसदीय क्षेत्रों के बीच में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की घोषणा की गई है।

बजट में लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत 50 लाख युवाओं को सहायता राशि (स्टाइपेंड) के साथ प्रशिक्षण दिया जायेगा। महिलाओं के लिए स्व- सहायता समूहों की ऋण राशि बढ़ाकर 75000 करोड़ रुपये कर दी गई हैं। कपड़ा और चमड़ा तथा फुटवियर जैसे क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

2022 तक नवोदय स्कूलों की तर्ज पर अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए एकलव्य स्कूलों की स्थापना की जायेगी । 50 प्रतिशत से अधिक जनजाति वाले क्षेत्रों और 20 हजार आदिवासी लोगों वाले प्रत्येक ब्लॉक में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जायेगी। यह विद्यालय नवोदय विद्यालयों का हिस्सा होंगे । और यहां खेल और कौशल विकास में प्रशिक्षण देने के अलावा स्थानीय कला और संस्कृति को भी बढ़ावा दिया जायेगा । मैं माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि चतरा लोक सभा क्षेत्र के लगभग सभी ब्लॉक इस आहर्ता को पूरा करते हैं । अतः एकलव्य विद्यालयों की स्थापना हेतु प्रथम चरण में चतरा लोक सभा क्षेत्र को शामिल करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने की कृपा करेंगे ।

माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह है कि चतरा लोक सभा क्षेत्र अत्यन्त पिछड़ा एवं वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र है । इस क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों की भारी कमी है। आपसे आग्रह है कि माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के संस्थानों की स्थापना इस दूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस संबंध में सरकार से निर्णायक पहल का आग्रह है । साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था के मामले में स्थिति अत्यन्त दयनीय है । नये अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ भौगोलिक क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज की स्थापना चतरा लोक सभा क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक है ।

नए आधारभूत संरचना के लिए है न्यू इण्डिया का बजट; आधारभूत सरंचना के लिए लगभग 6 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में एक करोड़ से अधिक घरों का निर्माण किया जायेगा । माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है कि वर्ष 2022 तक देश के हर गरीब के पास उनका घर हो इसके लिए बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के तहत 51 लाख से ज्यादा घर निर्माण इलाकों में तथा 37 लाख शहरी क्षेत्र में बनाने का प्रावधान किया गया है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पूरा होने का लक्ष्य 2019 तक रखा गया है, रेलवे को कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए 1,48,528 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है । पूरे नेटवर्क को ब्रॉड गेज

में बदलने का लक्ष्य है। हवाई यात्रा को सरल और सुगम बनाने के लिए एयरपोर्ट्स की संख्या 5 गुना से ज्यादा बढ़ाई जाएगी। 5 करोड़ ग्रामीण नागरिकों को इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 5 लाख वाई फाई हॉट स्पॉट बनाए जाएंगे।

चतरा लोक सभा क्षेत्र में अनेक सड़कों का उन्नयन राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में वर्तमान सरकार ने किया है। उसके लिए बजटीय प्रावधान कर कार्य प्रारम्भ कराने का आग्रह मैं माननीय मंत्री जी से करता हूँ। साथ ही सिंचाई की दृष्टि से चतरा लोक सभा में सिंचित भूमि का रकबा कुल भूमि के 10 प्रतिशत से कम है। अतः यहाँ की लम्बित सभी सिंचाई परियोजना को पूर्ण कराने की दिशा में निर्णायक पहल की मांग करता हूँ और नई लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाएं प्रारम्भ की जाए।

बरवाडीह - अम्बिकापुर (चिरीमिरी) रेलवे लाईन परियोजना, चतरा - गया - टोरी रेलवे लाईन परियोजनाएं बजट में स्वीकृत होने के बाद भी दशकों से लम्बित है। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मेरा आग्रह है कि पर्याप्त बजट आवंटित किया जाए।

सामान्य जन हितैषी है यह न्यू इण्डिया का बजट; बजट में सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर भारत की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत किया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए जमा राशि पर ब्याज से होने वाली आय की छूट 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 50 हजार की गई है। सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा प्रीमीयम और चिकित्सा पर खर्च के लिए प्रति वर्ष 50,000 रुपये की छूट दी गई है। 8 प्रतिशत निश्चित रिटर्न वाली प्रधानमंत्री व्यय वंदना योजना को मार्च 2020 तक बढ़ा दिया गया है और निवेश सीमा बढ़ाकर 15 लाख की गई है। वेतनभोगी वर्ग के लिए परिवहन भत्ते और चिकित्सा खर्च संबंधी दावे के लिए 40,000 रुपये की मानक कटौती की गई है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि 2014 से जब से वर्तमान सरकार ने कार्यभार संभाला है अब तक मध्यम वर्ग एवं टैक्स भुगतान करने वाले नागरिकों के लिए लगातार प्रतिवर्ष बजट में राहत देने

के लिए अनेकों प्रावधान किये हैं। हमारी सरकार ने सामान्य जन का ध्यान रखते हुए जो टैक्स में छूट दी है उसका संकलित विश्लेऐाण होना चाहिए।

विकासोन्मुखी है न्यू इण्डिया का यह बजट। सरकार अंत्योदय के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है। अंत्योदय का मतलब है विकास की पंक्ति में आखिर में खड़े व्यक्ति को अग्रिम पंक्ति में खड़े लोगों के बराबर करना। हमारी सरकार किसी भी विषय को टुकड़ों - टुकड़ों मे नहीं समग्रता में सुलझाने के मार्ग पर काम करती है। इसी दृष्टि से सरकार ने 2022 तक प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी के नेतृत्व में New India (नया भारत) बनाने का संकल्प लिया है। इसी दृष्टि से सरकार ने समावेशी समाज का सपना पूरा करने के लिए विकास के विभिन्न आयामों को ध्यान में रखते हुए ऐसे 115 महत्वकांक्षी जिलों की पहचान की है जो अब तक विकास की यात्रा में पीछे छूट गये थे। सरकार ने इन जिलों के संभावनाओं को पहचान कर इन्हें विकसित जिलों के समकक्ष खड़ा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन जिलों में झारखण्ड के चतरा, लातेहार एवं पलामू जिलों को शामिल किया गया है। इन जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषाहार, कौशल उन्नयन, वित्तीय समावेशन जैसी सामाजिक सेवाओं तथा सिंचाई, ग्रामीण विद्युतीकरण, स्वच्छ पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाओं तथा तीव्र गति व समयबद्ध तरीके से शौचालयों तक पहुंच में निवेश करते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास के लिए इस बजट में एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

यह बजट गरीबी को कम करने, आधारभूत सुविधाओं के सृजन की गति में तेजी लाने तथा एक मजबूत, आत्म विश्वास से परिपूर्ण नवभारत के निर्माण का बजट है। माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली को ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण और पुर्ननिर्माण व नवभारत निर्माण वाले केन्द्रीय बजट के लिए बहुत-बहुत बधाई। यह बजट नये भारत (New India) के निर्माण की नींव के सशक्त बनायेगा। 2022 तक प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी के नेतृत्व में New India (नया भारत) बनाने का संकल्प लिया है। इस संदर्भ में सकात्मवाद के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने कहा है-

हम तो भारतीय जनसंघ के माध्यम से राष्ट्र को सबल, समृद्ध और सुखी बनाने का संकल्प लेकर चले हैं। अतः इस अधिऐठान पर हमें राष्ट्र रचना का व्यावहारिक प्रयत्न करना होगा। हमने अपनी प्राचीन संस्कृति का भी विचार किया है। किन्तु हम कोई पुरातत्वेत्ता नहीं है। हम किसी पुरात्व संग्रहालय के संरक्षक बनकर नहीं बैठना चाहते। हमारा ध्येय संस्कृति का संरक्षण नहीं अपितु उसे गति देकर सजीव व सक्षम बनाना है। उसके आधार पर राष्ट्र की धारणा हो और हमारा समाज स्वस्थ एवं विकासोन्मुखी जीवन व्यतीत कर सके, इसकी व्यवस्था करनी है। इस दृष्टि से हमें अनेक रूढ़ियां खत्म करनी होगी, बहुत से सुधार करने होंगे। जो हमारे मानव्य का विकास और राष्ट्र की एकात्मता की वृद्धि में पोषक हो, वह हम करेंगे और जो बाधक होगा उसे हटाएगें। ..... हम ऐसा भारत निर्माण करेगें जो हमारे पूर्वजों के भारत से अधिक गौरवाशाली होगा। जिसमें जन्मा मानव अपने व्यक्तित्व का विकास करता हुआ सम्पूर्ण मानव ही नहीं अपितु सृष्टि के साथ एकात्मता का साक्षात्कार कर 'नर से नारायण' बनने में समर्थ होगा। यह हमारी संस्कृति का शाश्वत, दैवी और प्रवाहमान रूप है। चौराहे पर खड़े विश्व - मानव के लिए यही हमारा दिग्दर्शन है। भगवान हमें शक्ति दे कि हम इस कार्य में सफल हो, यही प्रार्थना है। (25 अप्रैल 1965, पुणे) वन्दे मातरम।

यह बजट विकास अनुकूल है, न्यू इंडिया के विजन को मजबूत करेगा। इसके साथ ही मैं पुनः वित्त मंत्री जी का धन्यवाद देते हुये अपनी बात समाप्त करता हूँ।

धन्यवाद।

***श्री देवजी एम. पटेल (जालौर):** मैं आम बजट 2018-19 पर हो रही चर्चा मे अपनी बात रखना चाहता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का आम बजट संसद में 01 फरवरी 2018 को प्रस्तुत किया। यह ऐतिहासिक बजट है। यह बजट गाँव, गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को समर्पित बजट है। यह बजट भारत में आमूल परिवर्तन लाने, शक्ति का संचार करने एवं स्वच्छ भारत बनाने का रोडमैप है। जिसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी का कोटिषः अभिनंदन है। बजट बनाने का एक मानक नुस्खा यह होता है कि पैसा एक जगह से निकालकर दूसरी जगह डाल दिया जाए। सभी बजट पैसों को इधर से उधर करने का अभ्यास ही होते हैं या तो अमीर से गरीब और या फिर इसका उलटा, लेकिन हम इस सिद्धांत में विश्वास करते हैं कि सरकार का पैसा जनता का होता है और हमारा कर्तव्य है कि हम उसे समझदारी से खर्च करें खासकर गरीबों और वंचितों के लिए।

बजट में वर्णित दस विशिष्ट स्तम्भ सशक्त भारत के निर्माण में मददगार होंगे। 1. किसान - सरकार किसानों की आय को अगले पांच वर्षों में दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, 2. रोजगार एवं बुनियादी अवसंरचना उपलब्ध कराना, 3. युवा - युवाओं को शिक्षा, कौशल एवं रोजगार उपलब्ध कराकर इनमें शक्ति का संचार करना, 4. गरीब तथा विशेष सुविधाओं से वंचित वर्ग - सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा प्रणालियों तथा वहनीय आवास सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना, 5. अवसंरचना - दक्षता, उत्पादकता तथा जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए, 6. वित्तीय क्षेत्र - सुदृढ़ संस्थाओं के माध्यम से विकास एवं स्थायित्व को बढ़ावा देना, 7. डिजिटल अर्थव्यवस्था - गति, उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता के लिए, 8. सार्वजनिक सेवा - जनता की भागीदारी के जारिए प्रभावी शासन एवं दक्ष सेवा सुपुर्दगी की व्यवस्था करना, 9. विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन - संसाधनों का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित करना तथा राजकोषीय स्थायित्व को बनाए रखना ओर 10. कर प्रशासन - ईमानदार व्यक्तियों को सम्मान देना।

---

* Speech was laid on the Table

बजट 2018 मुख्यतः कृषि एवं किसान कल्याण विषयों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के प्रण को परिलक्षित करता है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का बजटीय आवंटन वर्ष 2017-18 में 51,576 करोड़ था, जिसे इस वर्ष बढ़ाकर 58,080 करोड़ कर दिया गया है। यह उल्लेखनीय है कि अगर हम कांग्रेस सरकार के वर्ष 2009 से 2014 तक के कृषि बजट को देखें तो यह 1,21,082 करोड़ था जो कि मोदी सरकार के 5 वर्षों (2014-19) में बढ़कर 2,11,694 करोड़ हो गया है। यह 74.5 प्रतिशत की वद्धि दर्शाता है।

हमारी सरकार जहां विभिन्न फसलों की उत्पादकता तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयासरत है वहीं किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य मिल सके, इसके लिए भी कटिबद्ध है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में इस दिशा में निम्नांकित घोषणाएं की गई हैं :-

(क) अब से विभिन्न कृषि जींसों पर MSP किसानों को उनकी लागत मूल्य पर डेढ़ गुना दिया जाएगा। इस निर्णय के साथ मोदी सरकार ने अपने चुनाव घोषणा पत्र (Manifesto) में किसानों के लिए किए गए सबसे महत्वपूर्ण वायदे को भी पूरा किया है।

(ख) हमारी सरकार द्वारा समय-समय पर यह स्पष्ट किया गया है हम सिर्फ MSP की घोषणा करना नहीं चाहते वरन् MSP का लाभ किसानों तक पहुंचाने का भी कार्य कर रहे हैं। मोदी सरकार के विगत 4 वर्षों में दाल, तिलहन एवं फसलों की खरीदारी में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए इस बजट में घोषणा की गई है कि नीति आयोग, केंद्र एवं राज्य सरकार के साथ मिलकर नई व्यवस्था का निर्माण करेगा जिससे MSP सभी किसानों को प्राप्त हो सके।

(ग) सरकार द्वारा लंबी अवधि में आयात-निर्यात नीति के लिए संस्थागत तंत्र (Institutional Mechanism) भी बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके माध्यम से वर्ष 2022-23 तक 100 बिलियन

US डॉलर के महत्वाकांक्षी निर्यात लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए सभी 42 मेगा फूड पार्कों में अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाएं भी स्थापित की जाएगी।

(घ) इसके साथ ही बजट में Price and Demand Forecasting के लिए एक संस्थागत तंत्र (Institutional Mechanism) की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से किसान ससमय निर्णय ले सकेंगे कि उन्हें कितनी मात्रा में कौन सी फसल उगाना अधिक लाभप्रद होगा।

यह बजट किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलवाने के उद्देश्य से कृषि मंडियों के लिए नए सुधारों की शुरूआत करता है। इस बजट में 2000 करोड़ के Agri&Market Development Fund की घोषणा की गई है जो कि कृषि विपणन में खुदरा बाजार की अहमियतता दर्शाता है। इन बाजारों को ग्रामीण खुदरा कृषि बाज़ार (Gramin Retail Agriculture Market) का नाम दिया गया है। इसके माध्यम से 22,000 ग्रामीण हाट एवं 585 APMC मण्डियों की आधारभूत संरचना का विकास हो सकेगा। पूरे भारत वर्ष में टमाटर, प्याज, आलू का उपयोग साल भर किया जाता है। विगत 70 वर्षों में किसान और उपभोक्ता दोनों को ही नुकसान उठाने/झेलने पड़े हैं। मोदी सरकार के इस बजट में पहली बार किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य तथा उपभोक्ताओं को ये उत्पाद वाजिब दामों में उपलब्ध हो सकेंगे। इस कार्य के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कृषि प्रक्षेत्र में उच्च विकास दर प्राप्त करने के लिए पूंजीगत निवेश को बढ़ाना होगा। विगत 2 वर्षों के बजटों में किए जा रहे सुधारों को इस बजट में जारी रखते हुए Fishery & Aquaculture Infrastructure Development Fund, and Animal Husbandry Infrastructure Development Fund 10,000 करोड़ की राशि के साथ प्रावधानित किया गया है। इस योजना के माध्यम से राज्य सरकारों, कॉपरेटिव्स तथा व्यक्तिगत निवेशकों को मात्सियिकी तथा पशुपालन आधारभूत संरचनाओं के लिए सस्ता ऋण

उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें Fish Landing Centre [Cold Stroage] Ice Plant, यातायात सुविधाएं, प्रसंस्करण ईकाइयां तथा हेचरिज इत्यादि के निर्माण को गति प्राप्त होगी।

किसानों को ससमय ऋण उपलब्ध कराना भी अति आवश्यक है। इसके लिए बजट में कृषि क्षेत्र के कुल क्रेडिट जो विगत वर्ष में 10 लाख करोड़ था, को इस वर्ष बढ़ाकर 11 लाख करोड़ किया गया है। पशुपालन एवं मात्सियिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाले किसानों को भी किसान क्रेडिट द्वारा यह ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

कृषि तथा गैर कृषि क्रियाकलापों को बढ़ाने के लिए इस वर्ष बजट में National Bomboo Mission को नए अवतार मे 1290 करोड़ रुपये की निधि के साथ प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से न सिर्फ छोटे उद्योगों की स्थापना की जा सकेगी वरन् नए रोजगार भी पैदा हो सकेंगे।

इस बजट में सभी प्रकार के FPO जिसमें Farmer Producer Company भी सम्मिलित है को इनकम टैक्स छूट का लाभ दिया गया है। इसका लाभ लघु एवं सीमांत किसान FPO/FPC बनाकर उठा सकेंगे। वहीं दूसरी ओर छोटी जोतों जमीन के बंटवारे की समस्या से भी निजात मिल सकेगा।

इस बजट में Model Land License Cultivator Act की भी घोषणा की गई है। जिसके माध्यम से बंटाईदार तथा जमीन को किराए पर लेकर खेती करने वाले छोटे किसानों को भी संस्थागत ऋण व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए नीति आयोग राज्य सरकारों के साथ मिलकर आवश्यक कार्रवाई करेगा।

हमारे देश में औषधीय तथा सुगंधित पौधों की खेती के लिए भी अनुकूल कृषि जलवायु क्षेत्र उपलब्ध है। इस बजट में इस प्रकार की खेती को भी बढ़ावा दिए जाने की घोषणा की गई है। इससे न सिर्फ किसानों को वरन् लघु एवं सीमांत उद्योगों का विकास भी हो सकेगा। इसके लिए बजट में

200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस बजट में बड़ी मात्रा में Organic Farming की घोषणा की गई है। इसके सफल कार्यान्वयन के लिए की जाएगी तथा इसे बाजारों से भी जोड़ा जाएगा। इस योजना का विशेष लाभ पूर्वोत्तर तथा पहाड़ी राज्यों को प्राप्त हो सकेगा। जिले वार बागवानी फसलों के लिए भी Cluster Based Farming को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए खाद्य प्रसंस्करण एवं वाणिज्य मंत्रालय के साथ भी समन्वय स्थापित किया जाएगा।

स्वास्थ्य क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा 1.5 लाख स्वास्थ्य और कल्याण केद्रों के लिए 1200 करोड़ रुपये का आवंटन, 10 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवारों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना बनाई गयी है। गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य देखरेख की पहुंच में वृद्धि करने के उद्देश्य से देश में मौजूदा जिला अस्पतालों को अपग्रेड करके 24 नए सरकारी चिकित्सा कॉलेजों और अस्पतालों की स्थापना की जाएगी। इस कदम से सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक 3 संसदीय क्षेत्रों के लिए कम से कम एक चिकित्सा कॉलेज और देश के प्रत्येक राज्य में कम से कम एक सरकारी चिकित्सा कॉलेज उपलब्ध हो।

हमारी सरकार देश में ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका के साधन, कृषि और सबंद्ध कार्यकलापों और ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं के निर्माण पर और अधिक धन राशि खर्च करेगी ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों। वर्ष 2018-19 में ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका और आधारभूत सुविधाओं के सृजन के लिए मंत्रालयों द्वारा 14.34 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें 11.98 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजटीय और गैर-बजटीय संसाधन शामिल हैं। खेती से जुड़े कार्यकलापों और स्व-रोजगार के कारण रोजगार के अलावा, इस खर्च से 321 करोड़ मानव दिवस के रोजगार, 3.17 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों, 51 लाख नए ग्रामीण मकानों, 188 करोड़ शौचालयों का सृजन होगा। उन्होंने बताया कि इससे कृषि को प्रोत्साहन मिलने के अलावा 1.75 करोड़ नए परिवारों को बिजली के कनेक्शन प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री कृषि

योजना-हर खेत को पानी के अंतर्गत भू-जल सिंचाई योजना को मजबूत बनाने के लिए सिंचाई से वंचित 96 जिलों में शुरू होगी इसके लिए 2600 करोड़ रुपये को आबंटन किया गया है।

वित्त मंत्री ने बताया कि महिलाओं की स्व-सहायता समूह को ऋण का पिछले वर्ष के मुकाबले 37 प्रतिशत बढ़ाकर वर्ष 2016-17 में लगभग 42,500 करोड़ रुपये किया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार को आशा है कि मार्च 2019 तक स्व-सहायता समूहों की ऋण राशि बढ़ाकर 75,000 करोड़ रुपये कर दी जाएगी। 2018-19 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम के आबंटन को पर्याप्त रूप से बढ़ाकर 5750 करोड़ रुपये किया गया है।

सरकार के इस बजट से महंगाई कम होगी, डिजिटल लेनदेन बढ़ेगा, भ्रष्टाचार एवं कालाधन पर रोक लगेगी। गरीबों में, खुशहाली आयेगी, युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बेघर लोगों को आवास मिलेगा। महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। छोटे व्यापारियों को लाभ होगा। यह सड़क, बिजली, पानी, घर, खेती आदि मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने वाला बजट है जिसमें सभी को फायदा पहुंचाने का काम किया है। यह बजट जालौर सिरोही सांचौर जैसे अब तक विकास की दौड़ में पिछड़े क्षेत्रों को विकास की ओर बढ़ायेगा। जहां इस बजट से वित्तीय संस्थानों को मजबूती मिलेगी वहीं सरकारी कामकाज में वित्तीय अनुशासन बढ़ेगा। यह ऐतिहासिक है। विद्या और कौशल से युक्त भारत का यह बजट आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ देश के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। भारत के विकास दर में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी।

***श्री जुगल किशोर (जम्मू):** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी द्वारा देश हित में बजट पेश किया है मैं उनका आभार प्रकट करता हूँ।

इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है जिससे आम आदमी गरीब आदमी और किसान भाई सब इस बजट से खुशी ज़ाहिर कर रहे हैं। इस बजट में किसानों के हित में, आम आदमी के हित में व्यापारियों के हित में कदम उठाए गए हैं। हम सब जानते हैं कि किसान हमारे देश की रीड की हड्डी है और देश के विकास में इन किसानों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मोदी सरकार ने इस बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये हैं जिनमें मुख्य तौर पर किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुणा मूल्य दिलाना शामिल है। देश के साथ-साथ जम्मू कश्मीर राज्य के किसानों को भी इसका लाभ होगा यहाँ तक कि फल सब्जी पैदा करने वाले किसानों के लिए "ऑपरेशन ग्रीन्स" कारगर सिद्ध होगा।

नरेगा में जो धांधलियां पहले होती थी उससे भ्रष्टाचार तो बड़ा ही था देश का भी भारी नुक्सान हो रहा था अब नरेद्र भाई मोदी जी की सरकार इस में पारदर्शिता लाई है। प्रधानमंत्री सड़क योजना से सड़क मुख्य केद्र तक जाएगी जैसे मुख्य शिक्षा केद्र, अस्पतालों से जोड़ने का काम भी किया जायेगा इससे गाँवों के लोगों का जीवन और आसान होगा ओर लोग गाँव से शहर की ओर पलायन नहीं करेंगे तथा भारत माला प्रोग्राम से पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया जायेगा जिससे कोई ऐसा गाँव नहीं रहेगा जहाँ रोड नहीं होगी।

उज्ज्वला योजना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है ये योजना देश की गरीब महिलाओं को न सिर्फ धुएं से मुक्ति दिला रही है बल्कि उनके सशक्तिकरण का भी बड़ा माध्यम बनी है और वह अपने आप में सम्मानित महसूस करती हैं। यह अति प्रसन्नता की बात है कि इस योजना का विस्तार करते हुए अब इसके लक्ष्य को 5 करोड़ परिवार से बढ़ाकर 8 करोड़ कर दिया

* speech was laid on the Table

गया है । इस योजना का लाभ बड़े स्तर पर देश के दलित, गरीब आदिवासी एवं पिछड़ों को मिलेगा।

सरकार ने आम आदमी और गरीब आदमी के लिए एक बड़ी चिंता को दूर किया है अक्सर गरीब आदमी अपनी बीमारी का इलाज करवाने के लिए दर बदर की ठोकरे खाता था और इलाज के लिए पैसे न होने के कारण कई परिवार परेशान रहते थे और तबाह भी हो जाते थे। अब सरकार द्वारा बजट में प्रस्तुत की गई योजना आयुष्मान भारत के माध्यम से गरीब आदमी भी 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज करवा सकेगा इससे आम आदमी और गरीब आदमी को राहत मिलेगी। इससे 50 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा।

सरकार द्वारा देश भर में 24 नए मेडिकल कालेज से क्षेत्र में क्रांति आएगी और गरीब को इलाज के लिए अपने प्रदेश से बाहर नहीं जाना होगा नए मेडिकल कालेज की स्थापना से लोगों को इलाज की सुविधा तो मिलेगी ही नौजवानों को पढ़ाई में भी असानी होगी और रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के माध्यम से हर घर में रौशनी मिलेगी और जिनको पिछले 70 वर्षों में बिजली नहीं मिली उनकों भी बिजली दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना योजना गरीबों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है और इसका भरपूर लाभ गरीब आदमी उठा रहा है। 2022 तक हर गरीब परिवार के पास अपना-अपना घर होगा।

मैं सरकार का ध्यान जम्मू कश्मीर राज्य की ओर ले जाना चाहता हूँ। जम्मू कश्मीर के विकास के लिए आदरणीय नरेद्र मोदी जी की सरकार ने खुले दिल से सहयोग किया है । कई ऐतिहासिक कदम उठाये हैं जैसे एम्स, आई आई टी, मेडिकल कालेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग, टनल आदि।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि सीमा पर रहने वाले लोगों के लिए जल्द से जल्द किसी सुरक्षित स्थान पर 5 मरले का प्लाट हर परिवार को दिया जाये यह उनकी बहुत बड़ी मांग है या (शेल्टर शेड) आश्रय गृह बनाये जाएं ताकि फायरिंग के दिनों में लोग अपने परिवार और अपने बच्चों के साथ कुछ दिनों के लिए आश्रय ले सकें।

मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूँ कि जब तक एम्स का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता तब तक जनता को राहत देने के लिए OPD सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल जम्मू में शुरू की जाए ताकि जम्मू के लोगों को इलाज के लिए अन्य राज्यों में न जाना पड़े। मैं जम्मू संभाग के तीर्थ स्थलों की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ। जम्मू संभाग में बहुत से ऐतिहासिक तीर्थ स्थल है अतः मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि इन तीर्थ स्थलों के विकास के लिए विशेष पैकेज दिया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग वहां पर तीर्थ पर्यटन के लिए जा सकें।

मैं सरकार का ध्यान जम्मू कश्मीर राज्य के जम्मू रेल की ओर दिलाना चाहता हूँ। उत्तर सम्पर्क क्रंति एक्सप्रेस जो माता वैऐणो देवी कटरा से दिल्ली के बीच चलती है इस ट्रेन का मनवाल रेलवे स्टेशन पर 2 मिनट ठहराव का मांग करता हूँ यह क्षेत्र की जनता के लिए अति आवश्यक है।

***श्री जगदंबिका पाल (डुमरियागंज)** सन् 2014 में हमारी सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के प्रति समर्पण से कार्य करने के लिए सेवा में आयी थी यदि आप 2014 में जब से नरेद्र भाई मोदी जी की सरकार ने कार्यभार संभाला तब से अब तक इस सरकार के कार्यों का ठीक से अवलोकन करेंगे तो उस समर्पण भाव को सरकार के कार्यों में पाएंगे।

इस सरकार की अनेकों योजनाओं ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को सशक्त करने का कार्य किया है। चाहे वो जन-धन योजना हो, या सौभाग्य, या उज्ज्वला, या स्किल इंडिया या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी अनेको योजनाएं नरेंद्र भाई के नेतृत्व वाली इस सरकार ने आरम्भ की है।

मैं हमारे वित्त मंत्री माननीय अरुण जेटली जी का अभिनन्दन करता हूँ कि उन्होंने इस बजट में भी गरीबों और किसानों को ध्यान में रख कर कई ऐसे कदम उठाये है जो उनको सुंदर एवं सुनहरे भविष्य का भरोसा देते है। यदि मैं ये कहूँ कि यह बजट गरीबों को बेहतर सुंदर स्वस्थ देने वाला बजट है तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह बजट स्वस्थ्य भारत की दिशा में लाया गया बहुत महत्वपूर्ण कदम है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री का सपना है कि ऐसा भारत जहाँ सभी स्वस्थ हो, एक ऐसा भारत जहाँ पैसो के अभाव में गरीबों को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहना पडे, एक ऐसा भारत जहाँ सरकार गरीबों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का खर्चा सीधे सीधे उठाये। इस सोच और इस जज्बे के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी जी एवं वित्त मंत्री जेटली जी को बधाई देना चाहता हूँ। आयुष्मान भारत के तहत सरकार आम जनता को घर के निकट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 1.5 लाख केद्र खोलने जा रही है जिसके लिए 1200 करोड़ रुपए आवंटित किये गए है, मैं जिसका अभिन्नदन करता हूँ। इस बजट में सरकार ने दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य योजना "नेशनल हेल्थकेयर प्रोटेक्शन स्कीम" की घोषणा की, जो कि भारत के लगभग

* Speech was laid on the Table

50 लाख गरीबों को लाभान्वित करेगी इसके लिए माननीय मोदी जी एवं माननीय अरुण जेटली जी का अभिन्नदन करता हूँ और अपना समर्थन व्यक्त करता हूँ।

ऐसे अनेको कदम इस सरकार ने अपने पहले दिन से उठाये है जिससे गरीब किसानों को फायदा एवं सम्मान से जीने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस बजट के द्वारा सरकार ने किसानों को लाभ मिले इस मंशा से पैसा सही दशा, दिशा और मात्रा में आवंटित किया है। आज मोदी नेतृत्व वाली इस सरकार के अथक प्रयासों एवं सूझ-बूझ भरी नीतियों का नतीजा है कि आज भारत का कृषि उत्पाद रिकॉर्ड स्तर पर है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने ये सुनिश्चित किया है कि किसान अपने पैदावार मूल्य से डेढ़ गुना ज्यादा कमाए और सरकार ने खरीफ फसल का न्यूनतम बिक्री मूल्य पैदावार मूल्य से डेढ़ गुना तय किया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा अब मछली पालन एवं पशुपालन पर निर्भर रहने वाले भारतीयों के लिए भी उपलब्ध कर दी है इससे उन अनेको भारतीयों को फायदा मिलेगा जिनका जीवन निर्वाह इस व्यवसाय पर निर्भर है।

उज्ज्वला योजना ने करोड़ो गरीब महिलाओं को फायदा दिया है, इस योजना ने भारत की आज़ादी के 70 साल बाद भी जो महिलाए आभाव में अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए अपने जीवन की धीरे धीरे आहुति दे रही थी, आज उन्हें प्रधानमंत्री मोदी ने राहत प्रदान कि एवं भारत में आज़ादी के इतने सालो बाद भी मौजूद इतने बड़े अंतर को (जहाँ बड़े शहरों कि महिलाएं गैस से मॉडर्न चूल्हे पर खाना पकाती थी, एवं गांवों की महिलाएं कोयले, लकड़ी से कच्चे चूल्हे पर खाना पकाती थी) उनको एक भारत में एक सामान अधिकार देने का काम किया है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने इस उज्ज्वला योजना में जिसमें पहले 6 करोड़ महिलाओ को LPG कनेक्शन दिए जाने थे, उस आकड़े का बड़ा कर 8 करोड़ कर दिया है, जिस कदम की जितनी तारीफ़ की जाए कम ही होगी। भारत की आज़ादी के इतने सालों बाद भी भारत के शहरों में रहने वाले व्यक्ति तो अपना जीवन तो बिजली के उजियारे में बिता रहे थे, परन्तु गांव देहात के लोग आज भी अपना जीवन अँधेरे में काट रहे थे। प्रधान मंत्री सौभाग्य योजना के तहत मोदी सरकार गरीबों

को उनके घर पर मुफ्त बिजली कनेक्शन देने का काम कर रही है। इस योजना के तहत 4 करोड़ गरीबों को मुफ्त कनेक्शन दिए जाने है। इस योजना के लिए सरकार ने 16000 करोड़ रुपये आवंटित किए है।

बजट के लिए गए अन्य जितने भी निर्णय हो जैसे की स्वच्छ भारत मिशन के तहत और 2 करोड़ शौचालय बनाने का निर्णय हो या "बैम्बू मिशन" के लिए 1,200 करोड़ का आवंटन करने का निर्णय हो, पशुपालन के लिए 10,000 करोड़ का आवंटन करने का निर्णय हो, नेशनल लाइवलीहुड स्कीम के लिए 5,750 करोड़ का आवंटन करना, ग्रामीण भारत में रोजगार सृष्टि के लिए 14.34 लाख करोड़ का आवंटन, मैं सभी निर्णयों के लिए माननीय मोदी जी एवं माननीय अरुण जेटली जी का अभिनन्दन करता हूँ और अपना समर्थन व्यक्त करता हूँ।

प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना के तहत 5.22 करोड़ भारतीय परिवारों लाभान्वित हुए। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 1.26 करोड़ खाते खोले गए। सरकार ने अनुसूचित जाति के सामाजिक समावेशन कार्यों एवं योजनाओं के लिए 52,719 करोड़ रुपए आवंटित किए। वही अनुसूचित जनजाति के सामाजिक समावेशन कार्यों एवं योजनाओं के लिए 39,139 करोड़ रुपए आवंटित किए।

मेरी मांग है कि-

मेरा जिला बहुत पिछड़ा जिला है एवं हमारे इलाके में प्रतिवर्ष इन्सेफेलाइटिस की वजह से हज़ारो बच्चो की जान जाती है एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के आभाव में अनेक नागरिकों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है अतः माननीय वित्तमंत्री महोदय एवं माननीय प्रधानमंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि सिद्धार्थनगर में एक बहुसुविधा अस्पताल खोलने कि कृपा करे जिससे सिद्धार्थनगर एवं आसपास के बच्चे एवं नागरिक लाभान्वित हो सके।

*SHRI ANURAG SINGH THAKUR (HAMIRPUR): The budget of 2018-19 presented this year will easily be one of the watershed budgets this country has ever seen. Government's focus on strengthening the agricultural and rural economy will mark the ushering of New India by 2022. I would like to thank Finance Minster to increase MSP for all unannounced Kahrif crops at least one and half times of their production cost after declaring the same for the majority of Rabi crops. Moreover, the setting up of a Fisheries and Aqua culture Infrastructure Development Fund (FAIDF) for fisheries sector and an Animal Husbandry Infrastructure Development Fund (AHIDF) for financing infrastructure requirement of animal husbandry sector with a total corpus of Rs. 10,000 crore for the two new funds. I am certain this brilliant move will certainly double our farmers income by 2022. While, the previous governments had never focussed on the common Indian's everyday requirements with "Operation Greens" vegeTables as important, but often ignored, such as tomato, onion and potato, has been taken care of to ensure they remain always affordable. For my state of Himachal Pradesh, which is primarily an agricultural state, each of the initiatives will pave the way towards higher prosperity of farmers.

The allocation of Ministry of Food Processing has been doubled from Rs. 715 crore in 2017-18 to Rs. 1400 crore in 2018-19. This shows the government's acting on the intentions. While India has been producing a large amount of fruits, vegeTables and also, other perishables, we lose a lot of them.

* Speech was laid on the Table

India is said to lose Rs. 50,000 crores of food as wastes. In this context, it was only appropriate that we focused on food processing.

Women of this country deserve a fair share of the wealth created in this country. Women of this country are as much a participant in our country's workforce as much as they are Citizens of our Nation. Then no wonder our Finance Minister focused significant portion of budget on them. Loans to women SHGs has been increased to about Rs. 42,500 crore in 2016-17, growing 37% over previous year and expressed confidence that loans to SHGs will increase to Rs. 75,000 crore by March, 2019. Under Ujjwala Scheme distribution of free LPG connections will be given to 8 crore poor women. I am taking several social initiatives in my constituency of Hamirpur to empower women. One such is to end the stigma and whispers around sanitary napkins. Women's health and hygiene are of immense importance, hence I will be helping women SHGs in distributing cheap and safe sanitary napkins.

I am immensely happy that the Government focussed on improving educational outcomes. It was only high time that it was taken into governmental consideration. The phenomenal move by Government to launch the "Prime Minister's Research Fellows (PMRF)" Scheme this year will be a game changer. To provide, 1000 best B.Tech students with facilities to do Ph.D in IITs and IISc, with a handsome fellowship will increase research output in India. We will have a new movement of R&D in India. I thank the Finance Minister to setup a science city in Himachal Pradesh. This will help in making my Himachal Pradesh contribute significantly to country's R&D output.

However, the budget for 2018-19 may be remembered as the door that will pave the way for a healthy India. The heralding of world's largest Government funded health care programme titled National Health Protection Scheme will be a Happy India Scheme. To cover over 10 crore poor and vulnerable families (approximately 50 crore beneficiaries providing coverage up to 5 lakh rupees per family per year for secondary and tertiary care hospitalization is a big step towards universal health care.

Government has given a big thrust to Medium, Small and Micro Enterprises (MSMEs) to boost employment and economic growth. Allocating Rs.3794 crore for giving credit support, capital and interest subsidy and for innovations; MUDRA Yojana launched in April, 2015 has led to sanction of Rs. 4.6 lakh crore in credit from 10.38 crore MUDRA loans; 76% of loan accounts are of women and more than 50% belong to SCs, STs and OBCs. It is proposed to set a target of Rs. 3 lakh crore for lending under MUDRA for 2018-19 after having successfully exceeded the targets in all previous years. Himachal Pradesh, with just over 60 lakhs population, had got Rs. 1202 crores of MUDRA loans and led to creation of hundreds of new jobs in MSME sector in 2017-18.

Railways has been allocated Rs. 1,48,528 crore. Over 3600 kms of track renewal is targeted during the current fiscal. Redevelopment of 600 major railway stations is being taken up. All this shows that Government is serious upon not just improving safety of passengers, but also their comfort during the rail journeys. I am greatly indebted to the Government for allocating Rs. 442

crores worth of railway projects to my constituency of Hamirpur, Bilaspur and Una.

Under the Regional connectivity Scheme Ude Desh Ka Aam Nagrik (UDAN) initiated by the Government last year, 56 unserved airports and 31 unserved helipads would be connected. It is significant that the Government has considered setting up helipad services across Himachal Pradesh, which will not just kick start higher tourism revenues, but will be helpful in evacuating accident victims in emergencies.

By allocating funds towards establishing two defence corridors, Government is focussing on indigenization of weapon system development.

Every provision of this budget will nudge the India today for the India tomorrow - The New India, which our Prime Minister asks us to spire for , while he is busy building it. I wholly endorse the budget presented by the Finance Minister and congratulate him for presenting such a common India's budget. Jai Hind!

***श्री धर्मवीर (भिवानी-महेद्रगढ़):** माननीय वित्तमंत्री श्री अरुण जेटली जी ने 2018-19 का बजट पढ़ा जिसका मैं समर्थन करता हूँ। रेलवे व सडक के काम को लेकर हमारी सरकार बहुत तेज गति से काम कर रही है, सडक पर रोजाना 30 कि.मी. प्रतिदिन के हिसाब से कार्य चल रहा हे जो अपने में एक ऐतिहासिक कदम है। इसके लिए मैं, माननीय श्री नितिन गडकरी जी व उसकी टीम को बधाई देता हूँ। दूसरा रेलवे के कार्य भी तेज गति से चल रहे हैं।

मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र भाई मोदी जी से जनहित के कुछ कार्यों को संज्ञान में लाते हुए इस बजट में शामिल करने की मांग करता हूँ जो निम्नलिखित है;

आज किसान कि हालत कितनी दयनीय इसके बारे में बताने की जरूरत नही है इस बात को सभी लोग जानते है। इस पर हमेशा संसद से लेकर सडक तक चर्चा होती है लेकिन किसान के उत्थान के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। सरकार से देश को बहत उम्मीद हैं क्योंकि आप इतने जल्द व बेबाक निर्णय लेने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री है। सरकार बनाने के बाद आपका सपना है कि किसान को ढ़ेढ गुना लागत मूल्य दिया जाए। जिसकी इस बजट में माननीय वित्तमंत्री श्री अरुण जेटली ने घोषणा भी की है। लेकिन फिलहाल के MSP का तरीका है वो ठीक नहीं है। डेढ़ गुना लागत मूल्य का मतलब किसान जो समझता है और जिसका असल मतलब भी है कि सरसों का भाव किसान को 5000 रुपए व गेहँ 2500 रूपए प्रति क्विंटल सीधे तौर पर मिले। किसान किन्तु-परन्तु की भाषा नहीं जानता। लेकिन जो फिलहाल MSP दिया जा रहा है उससे किसान को यह सब कीमत नहीं मिलने वाली इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि MSP को दोबारा से रिव्यु किया जाए।

सरकार का सपना है कि हर खेत को पानी पहुँचाया जाए व सभी नदियों को जोड़ा जाए इसके लिए सरकार ने 99 परियोजनाओं को अपने हाथ में लिया हुआ है उन पर कार्य भी चल रहा है। इसलिए मैं सरकार के संज्ञान में हरियाणा से संबंधित पानी की समस्या को लाना चाहता हूँ

* Speech was laid on the Table

अगर यह प्रोजेक्ट सुचारू रूप से चल जाए तो हरियाणा सहित कई राज्यों के पानी की समस्या का समाधान आसानी हो सकता है। मैं चाहता हूँ कि हरियाणा का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट जिसके लिए अपने प्रधानमंत्री बनने के बाद नेपाल दौरे के समय नेपाल से समझौता भी किया था वह है शारदा-यमुना प्रोजेक्ट जो हरियाणा-उत्तर पद्रेश-राजस्थान-गुजरात-महाराष्ट्र को जाता है, को भी 99 प्रोजेक्ट के साथ जोड़ा जाए। दूसरा कई प्रोजेक्ट जैसे रावी-व्यास जिसका सरप्लस पानी SYL के जरिए हरियाणा आना था व हांसी-बुटाना लिंक नहर जिन पर लगभग पूरा पैसा खर्च हो चुका है लेकिन अभी तक चैनल चालू नहीं किए गए। मेरा सरकार से निवेदन है कि इन चैनलों को जल्द से जल्द चालू करवाया जाए ताकि माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना साकार हो सके।

हमारी सरकार ने मेरी लोकसभा क्षेत्र भिवानी-महेद्रगढ़ के लिए रेलवे के कई प्रोजेक्ट मंजूर किए व कई सारे अभी पेंडिंग है जिनमें कई ROB अंडर पास, कई रेल गाड़ियों के ठहराव जिनके लिए मैंने मंत्रालय को बहुत बार पत्र लिखे है व बहुत बार मंत्रालय जाकर अधिकारियों से मिला हूँ। लेकिन इस बजट में बहुत से जनहित के कार्य छोड़ दिए है उनके लिए मेरा माननीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन है कि इस बजट में रेलवे से संबंधित मेरी सभी मांगों को मंजूर करके जुडवाया जाए व मंजूर किए गए प्रोजेक्ट्स जैसे लोहारू से भिवानी व फरुखनगर से दादरी तक नई रेल लाइनों जिनके लिए 50 प्रतिशत केंद्र सरकार को पैसा देना है व 50 प्रतिशत पैसा हरियाणा सरकार को। हरियाणा सरकार अपनी एक कंपनी से सर्वे वगेरह करवा रही है। अतः मेरा आपसे निवेदन है कि इन रेलवे के सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।

मेरी लोकसभा क्षेत्र भिवानी-महेद्रगढ़ के जिला भिवानी-महेद्रगढ़-दादरी के लिए माननीय श्री नितिन गडकरी जी ने कई राष्ट्रीय राजमार्गों को मंजूर किया है जिनमें कुछ पर कुछ कार्य हो चुका है, बाकी अधूरा है मेरा निवेदन है कि अधूरे रह चुके कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएः

क. राष्ट्रीय राजमार्ग राय मिल्कपुर से भिवानी के कुल 5 ग्रुप है जिनमें 2 ग्रुप पर कार्य चालू है लेकिन तीन पर नहीं, मेरा निवेदन है कि बाकी तीन ग्रुप्स पर भी काम चालू करवाया जाए।

ख. राष्ट्रीय राजमार्ग रेवाडी-नारनैल-चिढ़ावा के फोर लाइन बनाने हेतु कार्य जल्द से जल्द चालू करवाया जाए।

